
लोक दर्पण
खुशियों का पर्व होली
बदलते दौर की होली
फागुन, होरी के खिलैया यार, जाय मत रे!
स्वाधीनता आंदोलन में होली गीत

इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, बदलते दौर की होली व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।


☞ www.amritvichar.com

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

फाल्गुन शुक्ल पक्ष चतुर्दशी विक्रम संवत 2080


# अमृत विचार


वर्ष -2, अंक -213, पृष्ठ -16+4, मूल्यः -5 रुपये

एक सम्पूर्ण अखबार




**आज का मौसम** 34.0° अधिकतम तापमान | 21.0° न्यूनतम तापमान | आसमान में हल्के बादल छाए रहेंगे | सूर्योदय 06 : 08 सूर्यास्त 18 : 22


कानपुर, रविवार, 24 मार्च 2024



कंगना बोलीं- जानवरों की तरह ट्रीट करता था बॉलीवुड...2




**होली है...**

रंगपर्व होली को लेकर हर ओर उल्लास है। इसी क्रम में मथुरा के पास वृन्दावन में श्री राधा वल्लभ मंदिर में गुलाल से होली खेलते श्रद्धालु।

# रूस में आतंकी हमले में 143 मौतें, आईएस ने ली जिम्मेदारी

**मॉस्को, एजेंसी**

- 100 से अधिक लोग हुए हैं घायल, 4 आतंकियों सहित 11 संदिग्ध गिरफ्तार
- हमले में गोला-बारूद के साथ हमलावरों ने स्वचालित हथियारों का भी किया इस्तेमाल

रूस की राजधानी मॉस्को में एक कॉन्सर्ट हॉल में शुक्रवार को हुए आतंकवादी हमले में मरने वालों की संख्या बढ़कर 143 हो गई है जबकि 100 से अधिक लोग घायल हैं। रूस की जांच समिति ने शनिवार को यह जानकारी दी। समिति ने कहा कि आपातकालीन सेवाएं आतंकवादी हमले स्थल-मॉस्को ओब्लास्ट में क्रोकस सिटी हॉल से मलबे को हटाने का काम जारी था क्योंकि वहां से और शव पाए गए थे। प्रारंभिक निरीक्षण के बाद समिति ने कहा कि आतंकवादियों ने कॉन्सर्ट हॉल में छोड़े गए गोला-बारूद के साथ-साथ स्वचालित हथियारों का भी इस्तेमाल किया। समिति ने कहा कि बैलिस्टिक, जेनेटिक और फिंगरप्रिंट जांच की जा रही है। समिति ने यह भी कहा है कि यह भी स्थापित हो गया है कि आतंकवादियों ने परिसर में आग लगाने के लिए ज्वलनशील तरल पदार्थ का इस्तेमाल किया था। रूस की खुफिया एजेंसियों ने मास्को के क्रोकस सिटी हॉल पर हमले के मामले की जांच के संबंध में 11 लोगों को हिरासत में लिया है जिसमें चार आतंकवादी बताए जा रहे हैं। माना जा रहा है कि ये सभी हमले में सीधे तौर पर शामिल थे। समिति ने कहा कि यूक्रेन की सीमा के पास ब्रांस्क क्षेत्र में चार संदिग्धों को हिरासत में लिया गया। आतंकवादी संगठन इस्लामिक स्टेट (आईएसआईएस) ने हमले की जिम्मेदारी ली है।



मॉस्को में कॉन्सर्ट हॉल में हमले के बाद लोगों को वहां से बाहर निकालते रूसी सैनिक।

### जांच एजेंसी को मिले महत्वपूर्ण साक्ष्य

प्रारंभिक आंकड़ों के अनुसार, कई हथियारबंद लोगों ने कॉन्सर्ट स्थल में गोलीबारी की। रूस की जांच समिति ने आतंकवादी हमले में एक आपराधिक मामला दर्ज किया है। समिति ने कहा कि क्रोकस सिटी हॉल में घटनास्थल से हथियार और गोला-बारूद सहित महत्वपूर्ण साक्ष्य मिले हैं जिसकी जांच चल रही है और कैमरा रिकॉर्डिंग का अध्ययन किया जा रहा है। आतंकवादी संगठन इस्लामिक स्टेट ने अपनी अमाक समाचार एजेंसी द्वारा पोस्ट किए गए एक बयान में हमले की जिम्मेदारी ली और कहा कि उसके लड़ाकों ने मॉस्को के बाहरी इलाके पर हमला किया था।

# आप दफ्तर सील, धारा 144 लागू

## निर्वाचन आयोग कार्यालय के समक्ष आज पार्टी कार्यकर्ता करेंगे प्रदर्शन

**नई दिल्ली, ब्यूरो**

**अमृत विचार :** दिल्ली के मुख्यमंत्री एवं आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के विरोध में शुक्रवार को हुए प्रदर्शन के बाद आप का कार्यालय सील कर दिया गया है। आसपास धारा 144 लागू कर दी गई है। विरोध में आप कार्यकर्ताओं ने निर्वाचन आयोग के समक्ष रविवार को प्रदर्शन करने का एलान किया है। आम आदमी पार्टी का कार्यालय दीनदयाल उपाध्याय मार्ग पर है और वहीं पर भाजपा का भी कार्यालय है। केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक भाजपा कार्यालय में शनिवार को बुलाई गई थी जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भी आना था। पुलिस को जानकारी मिली थी कि आप कार्यकर्ता प्रधानमंत्री के समक्ष विरोध प्रदर्शन कर सकते हैं। इसी आशंका के तहत गृह मंत्रालय ने सुरक्षा की दृष्टि से दीनदयाल उपाध्याय मार्ग पर भारी पुलिस बल तैनात कर दिया था। पुलिस को यह जानकारी मिली कि आप कार्यालय में शनिवार को एक बड़ी बैठक बुलाई गई है।

दिल्ली पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि प्रधानमंत्री के कार्यक्रम को देखते हुए आप कार्यालय को सील किया गया और दिल्ली सरकार के मंत्री आतिशी सिंह एवं सौरभ भारद्वाज सहित कई पदाधिकारी को प्रवेश करने से रोक दिया। आप ने रविवार को निर्वाचन आयोग के समक्ष प्रदर्शन का एलान किया है, इससे पहले आप के नेताओं ने चुनाव आयोग से मुलाकात का समय मांगा है। भाजपा केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक की वजह से प्रेस क्लब ऑफ इंडिया के बाहर खड़े सभी वाहनों को भी हटवा दिया गया है। प्रेस क्लब अध्यक्ष गौतम लहरी ने क्लब के सामने से वाहन हटवाने के लिए दिल्ली पुलिस की निंदा की है।

### कोई जेल मुझे ज्यादा दिन कैद नहीं रख सकती : केजरीवाल



दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल ने शनिवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की हिरासत से भेजे गए उनके संदेश को पढ़ा, जिसमें आम आदमी पार्टी (आप) प्रमुख ने कहा है कि उन्हें ज्यादा दिन तक जेल में नहीं रखा जा सकता और लोगों को किए अपने वादे पूरे करने जल्द बाहर आएंगे। आईआरएस की पूर्व अधिकारी सुनीता द्वारा दिए गए वीडियो बयान का आप ने सीधा प्रसारण किया। केजरीवाल को उद्धृत करते हुए उनकी पत्नी ने कहा कि अंदर रहूं या बाहर रहूं, मेरी जिंदगी का हर क्षण देश की सेवा को समर्पित है। मेरे खून का एक-एक कतरा देश को समर्पित है। मुख्यमंत्री ने अपने संदेश में कहा कि ऐसी सलाखें नहीं जो आपके भाई, बेटे को ज्यादा दिन अंदर रख सके।

### कविता की ईडी हिरासत 26 मार्च तक बढ़ी

राजधानी की एक विशेष अदालत ने शनिवार को दिल्ली आबकारी नीति मामले में गिरफ्तार भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) नेता एवं तेलंगाना के पूर्व मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव की बेटी के कविता की प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की हिरासत 26 मार्च तक बढ़ा दी। विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा ने ईडी और बचाव पक्ष के वकील की दलीलें सुनने के बाद कविता की हिरासत को तीन और दिनों के लिए 26 मार्च तक बढ़ा दी।

### केजरीवाल की याचिका पर तत्काल सुनवाई से इनकार

**नई दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को दिल्ली हाईकोर्ट से झटका लगा है। सीएम ने अपनी गिरफ्तारी और ईडी रिमांड को चुनौती दी थी, जिसके लिए उन्होंने 24 मार्च को तत्काल सुनवाई की मांग की थी। लेकिन हाईकोर्ट ने इससे इनकार कर दिया। कोर्ट ने मामले को बुधवार (27 मार्च) के लिए सूचीबद्ध कर दिया है। सीएम केजरीवाल ने ईडी द्वारा अपनी गिरफ्तारी और 22 मार्च, 2024 को ट्रायल कोर्ट द्वारा पारित रिमांड के आदेश को शनिवार को दिल्ली हाईकोई में चुनौती दी थी। उनके वकील ने मुख्य न्यायाधीश से तत्काल सुनवाई की मांग की थी। केजरीवाल को दिल्ली शराब नीति के धनशोधन मामले में गुरुवार को गिरफ्तार किया गया था। शुक्रवार को कोर्ट ने उन्हें 28 तक के लिए ईडी को रिमांड दे दिया था।

## प्याज के निर्यात पर प्रतिबंध अगले आदेश तक बढ़ाया

**नई दिल्ली।** सरकार ने घरेलू उपलब्धता बढ़ाने और कीमतों को नियंत्रण में रखने के लिए प्याज के निर्यात पर प्रतिबंध को अगले आदेश तक बढ़ा दिया है। वाणिज्य मंत्रालय ने इस संबंध में एक अधिसूचना जारी की है। इससे पहले इस साल 31 मार्च तक प्याज के निर्यात पर रोक लगाई गई थी। विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) ने 22 मार्च को एक अधिसूचना में कहा कि प्याज के निर्यात पर 31 मार्च 2024 तक लगाए गए प्रतिबंध को अगले आदेश तक बढ़ा दिया गया है।

# बेंगलुरु के रामेश्वर कैफे विस्फोट में आईएसआईएस का मिला हाथ

**बेंगलुरु, एजेंसी**

- राष्ट्रीय जांच एजेंसी के हाथ लगे महत्वपूर्ण सुराग

राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) को कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु में स्थित रामेश्वरम कैफे में हुए बम विस्फोट के संबंध में महत्वपूर्ण सुराग मिले हैं। इस घटना में कम से कम 10 लोग घायल हुए थे। एनआईए ने एक मार्च को हुए बेंगलुरु विस्फोट और चेन्नई की गतिविधियों के बीच संबंध स्थापित किया है। दो संदिग्धों की पहचान की है। जो जनवरी और फरवरी के महीनों में चेन्नई में रहे थे। एक संदिग्ध हमलावर द्वारा पहनी गई टोपी के माध्यम से साक्ष्य की खोज की गई, जिसे चेन्नई के एक मॉल से खरीदा गया था। कर्नाटक के शिवमोग्गा जिले के तीर्थहल्ली का रहने वाला संदिग्ध, जिसकी पहचान मुसाविर हुसैन शाजिब के रूप में हुई है, जनवरी से एक महीने से अधिक समय से चेन्नई में रह रहा था। उसके साथी, अब्दुल मतीन ताहा, जो तमिलनाडु इंस्पेक्टर के विल्सन की हत्या के लिए वांछित था, ने चेन्नई के आरके सलाई मॉल में टोपी खरीदी। जांच से पता चला है कि दोनों व्यक्ति एक महीने से अधिक समय तक चेन्नई के ट्रिप्लिकेन में रहे। ताहा भी तीर्थहल्ली का निवासी है और शिवमोग्गा में आईएसआईएस मॉड्यूल का हिस्सा है।

एनआईए के अधिकारियों को सीसीटीवी फुटेज मिला, जिसमें ताहा को चेन्नई के अन्ना सलाई मॉल से टोपी खरीदते हुए दिखाया गया था। यह टोपी हमलावर ने रामेश्वरम कैफे पर बमबारी के बाद कुछ किलोमीटर दूर छोड़ दी थी। जांच अधिकारियों ने टोपी पर सीरियल नंबर देखने के बाद टोपी का चेन्नई में पता लगाया, जिसे जनवरी के अंत में खरीदा गया था। ताहा और शाजिब 2020 के मामले में एनआईए द्वारा वांछित थे।


वर्ल्ड कप विजेता श्री कपिल देव द्वारा होम्योपैथिक रत्न अवार्ड से सम्मानित किए गए डॉक्टर अतुल मिश्रा



बर्निट कम्पनी के सीएमडी डॉ. नितीश चन्द्र दुबे, डॉक्टर राम जी सिंह (सीसी एच प्रेसिडेंट), डिप्टी सीएम श्री ब्रजेश पाठक जी, राज्य सभा सांसद पूर्व डिप्टी सीएम दिनेश शर्मा जी, श्री दया शंकर मिश्रा दयालू (आयुष मिनिस्टर), 1983 वर्ल्ड कप विजेता भारतीय क्रिकेट टीम के भूत पूर्व कप्तान श्री कपिल देव जी, क्रिकेटर मदन लाल, केंद्रीय मंत्री अश्वनी चौबे जी, कैलाश खेर, हरिओम पवार जी (राष्ट्रीय कवि) डॉक्टर कुमार विश्वास जी, (राष्ट्रीय कवि) और आजतक न्यूज़ चैनल के एंकर विक्रांत गुप्ता जी, जर्मनी से आए डॉक्टर शेर गिल की विशेष उपस्थिति में एक शानदार समारोह में डॉक्टर अतुल मिश्रा जी को होम्योपैथिक चिकित्सा रत्न सम्मान से कपिल देव जी ने सम्मानित किया।



सबका साथ सबका विकास सबका इलाज

रोगोन्मूलनम् डा0 अतुल मिश्रा जर्मन होम्यो क्लीनिक दीर्घजीवनम्

डॉ. अतुल मिश्रा
B.Sc., B.H.M.S., R.N.S.H.M.C. (Gwalior)
M.D. (German Homoeo Gastro Liver Hospital)
& Dr. Herring German Homoeo Clinic
गेस्ट्रोलीवर एवं गुप्त रोग विशेषज्ञ

सर्वे भवन्तु सुखिनः सर्वे सन्तु निरामयाः

डॉ. प्रीति मिश्रा
B.Sc., B.H.M.S. Indore
Mob.: 7800006601, 7800005505

त्वचा रोगः खुजली, मुँहासे, सफेद दाग, सोराइसिस, छाजन, मस्से, झाईंया एक्जिमा दाद। श्वास रोगः छींक आना एलर्जी, जुकाम, अस्थमा, साइनोसाइटिस। पेट रोगः जलन गैस, अपचन, छाले, एसीडिटी, फैटी लीवर, कब्ज, गैस, बवासीर भगन्दर, मस्से। पथरीः गुर्दे की पथरी, पित्त की थैली की पथरी। मूत्र रोगः पेशाब में जलन, प्रोस्टेट। हड्डी रोगः गठिया, कमर दर्द, जोड़ों का दर्द, सरवाइकल, साइटिका। पुरुषों में रोगः शीघ्र पतन, स्वप्न दोष नपुंसकता, धातु रोग।



अटल अरोग्य®
जर्मन होम्यो क्लीनिक
आधुनिक मशीन द्वारा पूरे शरीर की निःशुल्क जाँच
अब नहीं कराना होगा आपरेशन, जटिल एवं असाध्य रोगों को जर्मन होम्योपैथिक दवाओं द्वारा सफल इलाज

बाल झड़ना एवं गंजापनः डैंड्रफ बालों का झड़ना व सफेद होना। मस्तिक का रोगः सर दर्द, अधकपारी, ट्यूमर, याददास्त में कमी, चिड़चिड़ापन। स्त्री रोगः बच्चे दानी की गाँठ, स्तन में गाँठ, बाँझपन, अनियमित महावारी, सफेद पानी। अन्य रोगः पैरालिसिस, मिर्गी, कमजोरी, नींद न आना, दाँतों की बीमारी पार्किन्सन, डिप्रेशन, एलाजाइमर, बी.पी., थॉयराइट, हार्निया, डायबटीज, हाथ पैरों में झनझनाहट व सुन्न होना।



उप मुख्यमंत्री एवं स्वास्थ मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार श्री बृजेश पाठक जी द्वारा डॉ. अतुल मिश्रा एवं डॉ. प्रीति मिश्रा को चिकित्सा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान हेतु सम्मानित किया गया।

विधान सभा अध्यक्ष मा. सतीश महाना जी का स्वागत एवं अभिनन्दन करते डा. अतुल मिश्रा



लखनऊ में एक कार्यक्रम के दौरान श्री केशव प्रसाद मौर्य (उपमुख्यमंत्री, उ0प्र0 सरकार) द्वारा डॉ. अतुल मिश्रा एवं डॉ. प्रीति मिश्रा को चिकित्सा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया।



माननीय सांसद साक्षी महाराज जी से आशिर्वाद लेते हुए डॉ. अतुल मिश्रा

कैबिनेट मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता "नन्दी" से एक्सीलेंस अवार्ड प्राप्त करते हुए अटल आरोग्य जर्मन होम्यो क्लीनिक के एमडी डा. अतुल मिश्रा व डा. प्रीति मिश्रा।



माननीय दयाशंकर मिश्र (दयालु) राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) आयुष, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन को स्मृति चिन्ह भेंट करते डॉ. अतुल मिश्रा

माननीय दयाशंकर मिश्र (दयालु) राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) आयुष, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन से सम्मान प्राप्त करते डॉ. अतुल मिश्रा

माननीय दयाशंकर मिश्र (दयालु) राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) आयुष, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन से सम्मान प्राप्त करते डॉ. प्रीति मिश्रा

फ्री परामर्श व जांच सुविधा
30 जून 2024 तक उपलब्ध
मुफ्त जाँच मुफ्त परामर्श

कानपुर

घन्टाघर चौराहे के पास गणेश मन्दिर के सामने
(बृहस्पतिवार अवकास) अपरान्ह 3.00 से 4.00 बजे तक

मरियमपुर चौराहे के पास शनि मन्दिर के सामने नियर फजलगंज चौराहा
डॉ अतुल मिश्रा
प्रातः 8.00 बजे से 11.00 बजे तक सायं 6.00 बजे से 8.30 बजे तक
डॉ प्रीति मिश्रा
पूर्वाहन 11.00 बजे से अपरान्ह 3.00 बजे तक (बृहस्पतिवार अवकाश)

ग्वालटोली- 12/226, ग्वालटोली, स्टेट बैंक के बगल में
(प्रत्येक बृहस्पतिवार) प्रातः 9.00 से 10.00 बजे तक

लाल बंगला-हरिजन्दर नगर चौराहा खालसा स्कूल के सामने बैंक ऑफ बड़ौदा वाली बिल्डिंग
(बृहस्पतिवार अवकास) अपरान्ह 01.00 से 02.00 बजे तक

इसमें निःशुल्क जांच व निःशुल्क परामर्श दिया जायेगा

9889970047, 7052873333
8299527940, 6389040009


### एक नजर

### बीजापुर में मुठभेड़ दो नक्सली मारे गए

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित बीजापुर जिले में सुरक्षाबलों ने शनिवार को मुठभेड़ में दो नक्सलियों को मार गिराया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जिले के पीडिया गांव कें जंगल में सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में दो नक्सलियों को मार गिराया। शनिवार की सुबह लगभग साढ़े आठ बजे पीडिया गांव के जंगल में गस्त लगा रहे जवानों पर नक्सलियों ने गोलीबारी शुरू कर दी। जवानों ने भी जवाबी कार्रवाई की। बाद में वहां से दो नक्सलियों के शव और हथियार मिले। इससे पहले शुक्रवार को रात लगभग 10 बजे सुकमा जिले के जगरगुंडा थाना क्षेत्र के अंतर्गत डोडीतुमनार गांव के जंगल में नक्सलियों द्वारा लगाए गए प्रेशर बम की चपेट में आने से दो जवान घायल हो गए।

### बिना केवाईसी वाले फास्टैग 1 अप्रैल से बंद

**नई दिल्ली।** अगर आपने अपनी कार के फास्टैग की बैंक से केवाईसी अपडेट नहीं कराई है तो आज ही करा लें। क्योंकि 31 मार्च के बाद बिना केवाईसी वाले फास्टैग को बैंक डीएक्टिव या ब्लैकलिस्ट कर देंगे। इसके बाद फास्टैग में बैलेंस होने के बावजूद पेमेंट नहीं होगा। एनएचएआई ने फास्टैग उपभोक्ताओं से फास्टैग के लिए केवाईसी प्रक्रिया को पूरा करने को कहा है ताकि कोई परेशानी न आए। उपभोक्ता अब एक गाड़ी में सिर्फ एक फास्टैग ही इस्तेमाल कर सकेंगे। एनएचएआई के अनुसार फास्टैग यूजर्स को एक वाहन, एक फास्टैग नीति का पालन करना होगा और पहले जारी किए गए सभी फास्टैग को अपने संबंधित बैंकों को वापस करना होगा। अब सिर्फ नए फास्टैग अकाउंट एक्टिव रहेंगे। फास्टैग से टोल वसूलने के लिए टोल प्लाजा के वेटिंग टाइम को कम करने और पारदर्शिता लाने के लिए यह अभियान शुरू किया गया है।

# महुआ मोइत्रा के परिसरों पर सीबीआई का छापा

**नई दिल्ली/कोलकाता, एजेंसी**



- पैसे लेकर लोकसभा में सवाल पूछने का मामला

केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने पैसे लेकर सवाल पूछने के मामले में शनिवार को कोलकाता समेत विभिन्न स्थानों पर तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) की पूर्व सांसद महुआ मोइत्रा के परिसरों की तलाशी ली। अधिकारियों ने बताया कि सीबीआई की एक टीम शनिवार तड़के कोलकाता और पश्चिम बंगाल में नदिया जिले के कृष्णानगर स्थित मोइत्रा के अपार्टमेंट में तलाशी ली। वह कृष्णानगर लोकसभा सीट से सांसद थीं। केंद्रीय बलों की एक बड़ी टीम के साथ सीबीआई अधिकारियों ने शहर के दक्षिणी हिस्से के अलीपुर इलाके में एक अपार्टमेंट पर छापा मारा, जहां मोइत्रा के पिता दीपेंद्र लाल मोइत्रा कई वर्षों से रह रहे हैं। उन्होंने बताया कि कृष्णानगर में मोइत्रा द्वारा इस्तेमाल किए गए एक अन्य अपार्टमेंट में भी तलाशी ली जा रही है। शनिवार तड़के शुरू हुई छापेमारी खबर लिखे जाने तक जारी थी। उन्होंने बताया कि सीबीआई ने लोकपाल के निर्देश पर गुरुवार को मोइत्रा के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की थी।

## राष्ट्रपति पास नहीं कर रहीं चार बिल

**नई दिल्ली।** केरल सरकार ने एक असामान्य कदम उठाते हुए राज्य विधानसभा से पारित चार विधेयकों को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा मंजूरी न दिये जाने के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। राज्य सरकार ने राष्ट्रपति द्वारा बगैर किसी कारण के विधेयकों को मंजूर न करने को असंवैधानिक कदम घोषित करने का कोर्ट से अनुरोध किया है। इन विधेयकों में विश्वविद्यालय कानून (संशोधन) (नंबर 2) विधेयक 2021, केरल सहकारी सोसायटी (संशोधन) विधेयक 2022, विश्वविद्यालय कानून (संशोधन) विधेयक 2022 और विश्वविद्यालय कानून (संशोधन) (नंबर 3) विधेयक 2022 शामिल हैं।

# हिप्र में कांग्रेस के छह बागी भाजपा में

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- तीन निर्दलीय विधायकों ने भी ज्वॉइन की भाजपा

हिमाचल प्रदेश में लगातार बढ़ते राजनीतिक संकट के बीच कांग्रेस के छह अयोग्य विधायक और इस्तीफा दे चुके तीन निर्दलीयों समेत नौ पूर्व विधायक शनिवार को भाजपा में शामिल हो गए। पूर्व विधायकों ने मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार की आलोचना करते हुए कहा कि उसके सत्ता में आने के बाद से विकास कार्य बाधित हो गए हैं। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर, हिमाचल प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर, राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह और भाजपा की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष राजीव बिंदल की उपस्थिति में पूर्व विधायक पार्टी में शामिल हुए। इन पूर्व विधायकों का पार्टी में स्वागत करते हुए ठाकुर ने कहा कि उनकी उपस्थिति से भाजपा और मजबूत होगी।

उन्होंने राज्य में कांग्रेस सरकार पर अपने वादों को पूरा न करने का आरोप लगाया जिससे लोगों के बीच आक्रोश है। ठाकुर ने कहा कि इन नेताओं ने हाल में हुए राज्यसभा चुनाव में भाजपा का समर्थन किया था जो कांग्रेस के खिलाफ जन आक्रोश को दर्शाता है। कांग्रेस के जो छह बागी विधायक भाजपा में शामिल हुए हैं उनमें सुधीर शर्मा, रवि ठाकुर, राजेंद्र राणा, इंद्र दत्त लखनपाल, चैतन्य शर्मा और देवेंद्र कुमार भुट्टो शामिल हैं। इन्हें बजट के दौरान सरकार के पक्ष में मतदान करने के पार्टी के एक व्हिप की अवज्ञा करने के लिए 29 फरवरी को अयोग्य करार दिया गया था। तीन निर्दलीय विधायकों - आशीष शर्मा, होशियार सिंह और के एल ठाकुर ने शुक्रवार को अपने इस्तीफे सौंपे थे और वे भी भाजपा में शामिल हो गए हैं।

### मिलेगा उचित सम्मान

भाजपा नेताओं ने कहा कि इन पूर्व विधायकों को भाजपा में उचित सम्मान दिया जाएगा। जयराम ठाकुर ने कांग्रेस के छह पूर्व विधायकों के भाजपा में शामिल होने को ऐसे छोटे राज्य के लिए बड़ा राजनीतिक घटनाक्रम बताते हुए कहा कि इनमें से कई नेता पार्टी में वरिष्ठ पदों पर थे।

# करेन का अर्धशतक, वापसी पर पंत को नहीं मिली जीत

## पंजाब किंग्स ने दिल्ली कैपिटल्स को चार विकेट से हराकर अभियान की शुरुआत की

**मोहाली, एजेंसी**

सैम करेन के अर्धशतक और इंग्लैंड के अपने साथी ऑलराउंडर लियाम लिविंगस्टोन के साथ उनकी 67 रन की साझेदारी की मदद से पंजाब किंग्स ने शनिवार को यहां दिल्ली कैपिटल्स को चार विकेट से हराकर इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में अपने अभियान की शानदार शुरुआत की और ऋषभ पंत को 14 महीने बाद मैदान पर वापसी का जश्न जीत से नहीं मनाने दिया।

दिल्ली ने पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किए जाने के बाद 'इंपैक्ट प्लेयर' के रूप में नौवें नंबर पर बल्लेबाजी के लिए उतरे अभिषेक पोरेल की 10 गेंद पर नाबाद 32 रन की पारी की मदद से नौ विकेट पर 174 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया। करेन ने 47 गेंद पर छह चौकों और एक छक्के की मदद से 63 रन बनाए जबकि लिविंगस्टोन ने 21 गेंद पर नाबाद 38 रन बनाए जिसमें दो चौके और तीन छक्के शामिल हैं। इसमें सुमित कुमार पर अंतिम ओवर में जमाया गया विजयी छक्का भी शामिल है जिससे पंजाब ने 19.2 ओवर में 6 विकेट पर 177 रन बना कर जीत दर्ज की। दिसंबर 2022 में सड़क दुर्घटना में घायल होने के बाद अपना पहला मैच खेल रहे पंत ने 13 गेंद पर 18 रन बनाए जिसमें दो आकर्षक चौके शामिल हैं। दिल्ली के कप्तान पंत भी हालांकि अपने अन्य बल्लेबाजों डेविड वार्नर (21 गेंद पर 29 रन), मिशेल मार्श (12 गेंद पर 20), शाई होप (25 गेंद पर 33) और अक्षर पटेल (13 गेंद पर 21) की तरह अच्छी शुरुआत को बड़े स्कोर में नहीं बदल पाए। ऐसे में पोरेल को इंपैक्ट प्लेयर के रूप में उतारा गया और वह टीम प्रबंधन के फैसले पर खरा उतरे। उन्होंने अपनी पारी में चार चौके और दो छक्के लगाए। बाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने हर्षल पटेल (47 रन देकर दो विकेट) के पारी के अंतिम ओवर में तीन चौकों और दो छक्कों की मदद से 25 रन बटोर कर उनका गेंदबाजी विश्लेषण बिगाड़ दिया। पंजाब की तरफ से अर्शदीप सिंह (28 रन देकर दो विकेट) सबसे सफल गेंदबाज रहे। उनके अलावा कागिसो रबाडा, हरप्रीत बराड़ और राहुल चाहर ने एक-एक विकेट लिया। शिखर धवन (16 गेंद पर 22 रन) और जॉनी बेयरस्टो (09) ने खलील अहमद के पहले ओवर में दो-दो चौके लगाकर अच्छी शुरुआत की थी। धवन अधिक आक्रामकता दिखा रहे थे और इसी प्रयास में इशांत शर्मा की गेंद अपने विकेटों पर खेल गए। इंपैक्ट प्लेयर के रूप में उतरे प्रभसिमरन सिंह (17 गेंद पर 26 रन) में इशांत और खलील पर दो-दो चौके लगाए लेकिन कुलदीप यादव (21 देकर दो विकेट) ने उन्हें जल्द ही पवेलियन भेज दिया। इस स्पिनर ने इसके बाद जितेश शर्मा (09) को पंत के हाथों स्टंप आउट कराकर पंजाब का स्कोर 4 विकेट पर 100 रन कर दिया। कुलदीप को करेन का विकेट भी मिल जाता अगर ट्रिस्टन स्टब्स ने लॉन्ग ऑन पर उनका कैच नहीं छोड़ा होता।



सैम करेन    लियाम लिविंगस्टोन

**दिल्ली 174/9** — 20 ओवर, अतिरिक्त : 10

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| डेविड वॉर्नर का शर्मा बो पटेल | 29 | 21 | 3/2 |
| मिचेल मार्श का चाहर बो अर्शदीप सिंह | 20 | 12 | 2/2 |
| शाई होप का हरप्रीत बो रबाडा | 33 | 25 | 2/2 |
| ऋषभ पंत का बेयरस्टो बो पटेल | 18 | 13 | 2/0 |
| रिकी भुई का शर्मा बो हरप्रीत बरार | 03 | 07 | 0/0 |
| ट्रिस्टन स्टब्स का शशांक सिंह बो चाहर | 05 | 08 | 0/0 |
| अक्षर पटेल रन आउट | 21 | 13 | 2/1 |
| सुमित कुमार का शर्मा बो अर्शदीप सिंह | 02 | 09 | 0/0 |
| अभिषेक पोरेल नाबाद | 32 | 10 | 4/2 |
| कुलदीप यादव रन आउट | 01 | 02 | 0/0 |

**गेंदबाजी** : सैम करन 1-0-10-0, अर्शदीप सिंह 4-0-28-2, कागिसो रबाडा 4-0-36-1, हरप्रीत बरार 3-0-14-1, राहुल चाहर 4-0-33-1, हर्षल पटेल 4-0-47-2

**पंजाब 177/6** — 19 .2 ओवर, अतिरिक्त : 08

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| शिखर धन का बोल्ड ईशांत | 22 | 16 | 4/0 |
| जॉनी बेयरस्टो रन आउट ईशांत | 09 | 03 | 2/0 |
| प्रभसिमरन का वार्नर बोल्ड कुलदीप | 26 | 17 | 5/0 |
| सैम करेन बो अहमद | 63 | 47 | 6/1 |
| जितेश स्टंप पंत बोल्ड कुलदीप | 09 | 09 | 1/0 |
| लियाम लिविंगस्टोन नाबाद | 38 | 21 | 2/3 |
| शशांक सिंह का पंत बो अहमद | 00 | 01 | 0/0 |
| हरप्रीत बरार नाबाद | 02 | 02 | 0/0 |

**गेंदबाजी** : खलील अहमद 4-0-43-2, इशांत शर्मा 2-0-16-1, मिचेल मार्श 4-0-52-0, अक्षर पटेल 4-0-25-0, कुलदीप यादव 4-0-20-2, सुमित कुमार 1.2-0-19-0

# रसेल की पारी से केकेआर 200 पार



आंद्रे रसेल

**कोलकाता, एजेंसी**

- रिंकू सिंह ने आंद्र रसेल के साथ मिलकर तेज गति से रन बटोरते हुए 81 रनों की साझेदारी की
- सनराइजर्स हैदराबाद की ओर से टी नटराजन ने 32 रन देकर तीन विकेट झटके

आंद्रे रसेल (64) और रमनदीप सिंह (35) के अलावा फिल साल्ट (54) की तेज तर्राक पारियों की मदद से कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने शनिवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 के मुकाबले में सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) के खिलाफ सात विकेट पर 208 रन बना लिये।

ईडन गार्डन मैदान पर केकेआर के चार शीर्ष बल्लेबाज 51 रन बनाकर पवेलियन लौट चुके थे मगर एक छोर पर डटे साल्ट ने संयमपूर्ण बल्लेबाजी का मुजाहिरा करते हुये न सिर्फ अपना अर्धशतक पूरा किया बल्कि रमनदीप के साथ मिल कर टीम को मुश्किलों के भंवर से निकाल लिया। रमनदीप की पारी का अंत पैट कमिंस ने किया जबकि अगले ही ओवर में साल्ट भी मारकंडे की गेंद पर जानसन के हाथों लपके गये। बाद में क्रीज पर आये यूपी के धाकड़ बल्लेबाज रिंकू सिंह (23) ने आंद्र रसेल (64 नाबाद) के साथ मिल कर तेज गति से रन बटोरने शुरु किये और दोनो बल्लेबाजों ने 32 गेंदों की पार्टनरशिप में महत्वपूर्ण 81 रन जोड दिये। रिंकू पारी के आखिरी ओवर में नटराजन का शिकार बने वहीं रसेल ने अपने दमदार छक्कों से स्टेडियम को हिलाते हुये टीम के स्कोर को 208 रन पर पहुंचा दिया। टी नटराजन तीन विकेट लेकर हैदराबाद के सबसे सफल गेंदबाज कहलाये जबकि मयंक मारकंडे ने दो और शाहबाज अहमद ने एक विकेट झटका।



फिल सॉल्ट

**कोलकाता नाइट राइडर्स :**

| | |
|---|---|
| सॉल्ट का यानसेन बो मार्कंडेय | 54 |
| सुनील नरेन रन आउट | 02 |
| वेंकटेश का यानसेन बो नटराजन | 07 |
| श्रेयस का कमिंस बो नटराजन | 00 |
| नीतिश का त्रिपाठी बो मार्कंडेय | 09 |
| रमनदीप का मार्कंडेय बो कमिंस | 35 |
| रिंकू का मार्कराम बो नटराजन | 23 |
| आंद्रे रसेल नाबाद | 64 |
| मिचेल स्टार्क नाबाद | 06 |

**अतिरिक्त** : 08

**कुल** : 20 ओवर में सात विकेट पर 208 रन

**विकेट पतन** : 1-23, 2-32, 3-32, 4-51, 5-105, 6-119, 7-200

**गेंदबाजी** :

| | |
|---|---|
| भुवनेश्वर कुमार | 4-0-51-0 |
| मार्को यानसेन | 3-0-40-0 |
| टी नटराजन | 4-0-32-3 |
| पैट कमिंस | 4-0-32-1 |
| मयंक मार्कंडेय | 4-0-39-2 |
| शाहबाज अहमद | 1-0-14-0 |

## खेल डायरी

### पीसीबी के पूर्व अध्यक्ष शहरयार खान का निधन

**लाहौर।** भारत के साथ 2000 के दशक के शुरुआती वर्षों में क्रिकेट रिश्ते बहाल करने में अहम भूमिका निभाने वाले पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के पूर्व अध्यक्ष शहरयार खान का शनिवार को निधन हो गया। वह 89 वर्ष के थे। पूर्व भारतीय कप्तान मंसूर अली खान पटौदी के रिश्तेदार शहरयार खान लंबे समय से बीमार थे। उनका जन्म भोपाल में हुआ था। वह 1990 से 1994 के बीच पाकिस्तान के विदेश सचिव रहे।

### श्रीकांत स्विस ओपन सेमीफाइनल में

**बेसल।** भारत के स्टार शटलर किदांबी श्रीकांत ने स्विस ओपन सुपर 300 टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन करते हुए शनिवार को यहां क्वार्टर फाइनल में चीनी ताइपे के चिया हाओ ली को 21-10, 21-14 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। श्रीकांत ने शुरू से ही मैच पर अपना दबदबा बनाए रखा और शुरुआत में ही 7-1 की मजबूत बढ़त बना ली और पहला गेम जीतने से पहले दोनों गेम में अपनी लय बरकरार रखी। श्रीकांत के ड्रॉप और स्मैश के मिश्रण का चीनी ताइपे के खिलाड़ी के पास कोई जवाब नहीं था।

### सकामोटो ने जीता फिगर स्केटिंग विश्व खिताब

**टोक्यो।** जापान की काओरी सकामोटो वर्ष 1968 के बाद से फिगर स्केटिंग विश्व चैंपियनशिप में लगातार तीन खिताब जीतने वाली पहली महिला बन गईं हैं। 2022 ओलंपिक कांस्य पदक विजेता ने शुक्रवार को यहां कई ट्रिपल जंप के साथ बेहतरीन प्रदर्शन किया और अपने फ्री स्केट में 222 .96 के कुल स्कोर के साथ 149 .67 अंक हासिल किए, जो 17 वर्षीय अमेरिकी इसाबेउ लेविटो से 10 अंक अधिक थे। दक्षिण कोरिया की किम चाए-योन ने 203 .59 अंकों के साथ कांस्य पदक जीता। सकामोटो ने सीज़न में अपना दबदबा बनाया है।

# लखनऊ सुपर जाइंट्स और राजस्थान रॉयल्स के मैच में राहुल पर रहेगी नजर

**जयपुर, एजेंसी**

लखनऊ सुपर जाइंट्स और राजस्थान रॉयल्स के बीच रविवार को यहां होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मैच के दौरान भारतीय बल्लेबाज केएल राहुल की फॉर्म और फिटनेस पर सभी की नजर टिकी रहेगी। राहुल चोटिल होने के कारण इंग्लैंड के खिलाफ अंतिम चार टेस्ट मैच में नहीं खेल पाए थे। लखनऊ का कप्तान न सिर्फ एक बल्लेबाज बल्कि नेतृत्वकर्ता के रूप में भी अच्छा प्रदर्शन करना चाहेगा।

लखनऊ की टीम उनकी अगुवाई में पिछले दो सत्र में प्लेऑफ में जगह बनाने में सफल रही थी। आईपीएल के शुरुआती चरण में राहुल विशुद्ध बल्लेबाज के रूप में खेल सकते हैं लेकिन विकेटकीपिंग की अतिरिक्त जिम्मेदारी लेने से उनकी टी20 विश्व कप के लिए भारतीय टीम ने जगह बनाने की संभावना बढ़ जाएगी। राजस्थान रॉयल्स के कप्तान संजू सैमसन भी आईसीसी टूर्नामेंट के लिए विकेटकीपर के रूप में भारतीय टीम में जगह बनाने के दावेदार हैं और वह भी शुरू से अच्छा प्रदर्शन करने की कोशिश करेंगे। रॉयल्स की टीम 2022 में फाइनल में पहुंची थी जहां उसे गुजरात टाइटंस से हार का सामना करना पड़ा था। पिछले सत्र में भी उसने शुरू में अच्छा प्रदर्शन किया था लेकिन आखिर में पांचवें स्थान पर रही थी। रॉयल्स की बल्लेबाजी काफी मजबूत है जिसमें कप्तान सैमसन के अलावा बेहतरीन फॉर्म में चल रहे यशस्वी जायसवाल और जोस बटलर शामिल हैं। टीम के पास ध्रुव जुरेल के रूप में अच्छा फिनिशर है जिन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला में प्रभावशाली प्रदर्शन किया था। सैमसन वेस्टइंडीज के शिमरोन हेटमायर और रोवमैन पॉवेल को टीम में रखकर मध्यक्रम मजबूत करने की कोशिश कर सकते हैं। जहां तक लखनऊ का सवाल है तो उसकी बल्लेबाजी का दारोमदार कप्तान राहुल के अलावा क्विंटन डी कॉक, मार्कस स्टोइनिस और निकोलस पूरण पर टिका रहेगा।



## करूणारत्ने का अर्धशतक, श्रीलंका की 211 रन की बढ़त

**सिलहट (बांग्लादेश)।** सलामी बल्लेबाज दिमुथ करूणारत्ने (52 रन) के अर्धशतक की मदद से श्रीलंका ने शनिवार को यहां बांग्लादेश के खिलाफ श्रृंखला के शुरूआती टेस्ट मैच में शिकंजा कस दिया। श्रीलंका ने दूसरे दिन स्टंप तक पांच विकेट पर 119 रन बनाकर अपनी कुल बढ़त 211 रन तक पहुंचा दी। पहली पारी में 280 रन पर सिमटने वाली श्रीलंकाई टीम ने तेज गेंदबाज विश्व फर्नांडो (48 रन देकर चार विकेट) की बदौलत बांग्लादेश को 188 रन पर समेटकर 92 रन की बढ़त बनायी थी। लेकिन बांग्लादेश के तेज गेंदबाज नाहिद राणा ने दो झटके देकर दूसरी पारी में श्रीलंका का स्कोर दो विकेट पर 32 रन कर दिया। इसके बाद करूणारत्ने ने टिककर खेलते हुए श्रीलंका की बढ़त 200 रन से पार करायी।

# रोहित शर्मा की विरासत बढ़ाएंगे हार्दिक पंड्या

**अहमदाबाद, एजेंसी**

हार्दिक पंड्या रविवार को यहां जब अपनी पूर्व टीम गुजरात टाइटंस के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में पहली बार मुंबई इंडियंस की कप्तानी करेंगे तो उनका लक्ष्य अपने पूर्ववर्ती रोहित शर्मा की विरासत को आगे बढ़ाना होगा। हार्दिक की अगुवाई में टाइटंस ने अपने पदार्पण सत्र में ही खिताब जीता था जबकि पिछली बार वह उपविजेता रहा था। यह ऑलराउंडर हालांकि इस सत्र में वापस मुंबई से जुड़ गया जहां उन्हें रोहित के स्थान पर कप्तान नियुक्त किया गया है।

हार्दिक इसके साथ ही वनडे विश्व कप में चोटिल होने के बाद किसी टूर्नामेंट में खेलेंगे। अमेरिका और वेस्टइंडीज में जून में होने वाले टी20 विश्व कप को ध्यान में रखते हुए हार्दिक के बल्लेबाजी और गेंदबाजी दोनों विभाग में प्रदर्शन पर सभी की नजर टिकी रहेगी। टाइटंस ने हार्दिक की जगह शुभमन गिल को अपना कप्तान नियुक्त किया है जिन्हें कप्तानी का बहुत कम अनुभव है।। मुंबई की टीम फिटनेस से जुड़े मुद्दों से जूझ रही है। उसके स्टार बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव को अभी तक खेलने की मंजूरी नहीं मिली है। मुंबई के एक अन्य खिलाड़ी ईशान किशन के प्रदर्शन पर भी सभी की नजर रहेगी।



## बॉलीवुड हलचल

# फिल्म निर्माता अनुराग कश्यप से मिलने के लिए अब देने होंगे रुपये



**मुंबई, एजेंसी।** गैंग ऑफ वासेपुर जैसी बेहतरीन मूवी देने वाले फिल्म निर्माता अनुराग कश्यप की हालिया सोशल मीडिया पोस्ट ने उनके फैंस और फॉलोवर्स को थोड़ा हैरान कर दिया है। निर्देशक ने घोषणा की है कि अब से, वह हर उस व्यक्ति से फीस लेंगे जो उनका दिमाग खाएगा। एक इंस्टाग्राम पोस्ट में अनुराग ने लिखा कि उन्होंने "नए लोगों की मदद करने की कोशिश में बहुत समय बर्बाद किया है।"अनुराग ने इंस्टाग्राम पर फिल्म इंडस्ट्री में आने के लिए उनसे मिलने वाले लोगों से फीस लेने को लेकर एक नोट साझा किया है। उनके नोट में लिखा है : "मैंने नए लोगों की मदद करने की कोशिश में बहुत समय बर्बाद किया और ज्यादातर औसत दर्जे की बकवास के साथ समाप्त हुआ। तो अब से मैं उन नए लोगों से मिलकर अपना समय बर्बाद नहीं करना चाहता, जो सोचते हैं कि वे क्रिएटिव हैं। तो अब मेरे पास मिलने की दरें होंगी। अगर कोई मुझसे 15 मिनट के लिए मिलना चाहता है तो मैं एक लाख रुपये, आधे घंटे के लिए 2 लाख रुपये और 1 घंटे के लिए 5 लाख रुपये चार्ज करूंगा। यही दर है। मैं लोगों से मिलकर समय बर्बाद करने से थक गया हूं। यदि आप वास्तव में सोचते हैं कि आप इस खर्च को उठा सकते हैं, तो मुझे कॉल करें या बकवास से दूर रहें।" अनुराग ने इस बात पर जोर दिया कि वह इस बारे में गंभीर हैं, जैसा कि उन्होंने अपने पोस्ट को कैप्शन दिया, "और मेरा मतलब यह है। मुझे टेक्स्ट या डीएम या कॉल न करें। भुगतान करें और आपको समय मिलेगा। मैं कोई चैरिटी नहीं हूं और मैं शॉर्टकट ढूंढने वाले लोगों से थक गया हूं।"



# अंकिता लोखंडे के बर्ताव को लेकर भड़क गए यूजर्स

**मुंबई, एजेंसी।** अंकिता लोखंडे अपने एटीट्यूड के कारण ट्रोलिंग का शिकार हो गई हैं। दरअसल 22 मार्च को उनकी फिल्म 'स्वातंत्र्य वीर सावरकर' रिलीज हुई। वह अपने पति विक्की जैन, दोस्तों और परिवार के साथ इसकी स्क्रीनिंग के लिए पहुंची थीं। वहां पैपराजी ने तस्वीरें कैप्चर करने की कोशिश की और वह भड़क गईं। इसका वीडियो इंटरनेट पर तेजी से वायरल हो रहा है और जिसमें लोगों को अंकिता का बर्ताव पसंद नहीं आ रहा है। वीडियो में अंकिता के साथ बिग बॉस फेम खानजादी और अभिषेक कुमार थिएटर के दरवाजे से अंदर जाते दिख रहे हैं। पैपराजी उन्हें कैप्चर कर रहे हैं और अंकिता इसपर भड़कती दिख रही हैं। अंकिता कह रही हैं, "सुनिए फिल्म चल रही है बाहर चलिए। प्लीज, ये सही नहीं है यार। सच में बहुत गलत बात है। फिल्म चल रही है अंदर यार। थोड़ा सा रख लो यार क्या बात है ये।" ये कहते हुए अंकिता अंदर चली जाती हैं। लेकिन सोशल मीडिया यूजर्स इस वीडियो को देख भड़क गए हैं। एक यूजर ने कमेंट में लिखा, "लगता है ज्यादा ओवरएक्टिंग हो गई।" अन्य यूजर ने लिखा, "ज्यादा ही एटीट्यूड आ गया।" एक यूजर ने लिखा, "अंकिता लोखंडे में बिग बॉस के बाद घमंड आ गया है।"

# कंगना बोलीं- जानवरों की तरह ट्रीट करता था बॉलीवुड

**मुंबई, एजेंसी।** अपने दमदार अभिनय और बेबाकी के लिए जानी जाने वाली बॉलीवुड एक्ट्रेस कंगना रनोट 37 साल की हो गई हैं। कंगना अपनी फिल्मों के लिए कम, विवादों के चलते ज्यादा सुर्खियों में रहती हैं। उन्होंने कहा था कि जब वो बॉलीवुड में नई थीं तो उन्हें जानवरों की तरह ट्रीट किया जाता था। अब कंगना को बॉलीवुड की कॉन्ट्रोवर्शियल क्वीन कहा जाता है और इस छवि से उनके करियर को कहीं न कहीं नुकसान भी हुआ है। फिल्ममेकर्स उन्हें अपनी फिल्मों में लेने से कतराने लगे हैं। कंगना ने बीते दस सालों में केवल एक सुपरहिट, एक हिट और एक एवरेज फिल्म दी है। पिछले साल वो फिल्म 'तेजस' में नजर आई थीं, जो कि फ्लॉप रही। इससे पहले रिलीज हुई 'धाकड़' ने तो सिर्फ तीन करोड़ ही कमाए थे। वैसे, फ्लॉप फिल्मों के बावजूद कंगना अब भी बॉलीवुड की सबसे मंहगी एक्ट्रेसेस में से एक हैं। उनकी एक फिल्म की फीस 15-17 करोड़ रुपए तक है। पिछले कुछ सालों में कंगना के करियर में डाउनफॉल देखने को मिला है। 10 सालों में उनकी सिर्फ एक फिल्म 'तनु वेड्स मनु रिटर्न्स' ही सुपरहिट हुई है। इससे पहले 2014 में आई क्वीन हिट साबित हुई थी। 2019 में आई उनकी फिल्म 'मणिकर्णिका : द क्वीन ऑफ झांसी' एवरेज साबित हुई थी। मणिकर्णिका के बाद पिछले पांच साल में कंगना की पांच फिल्में रिलीज हुई हैं और सभी फ्लॉप रही हैं। कंगना की अपकमिंग फिल्मों की बात की जाए तो इसमें फिल्म 'इमरजेंसी' का नाम सबसे ऊपर है। फिल्म में कंगना इंदिरा गांधी के किरदार में नजर आएंगी। फिल्म पिछले साल रिलीज होने वाली थी, लेकिन ये टल गई। अब इसे 14 जून, 2024 को रिलीज किया जाएगा। इसके अलावा कंगना के पास एक अनटाइटल्ड फिल्म है जिसमें वो आर . माधवन के साथ नजर आएंगी।



स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 14/76-एल सिविल लाइन्स, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित।
**संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी,** 0512-2548300 (कार्यालय), **ईमेल-** amritvicharkanpur@gmail.com. **आर.एन.आई नं0**-UPHIN/2022/85730 (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

## एक नजर

### ट्रेन की चपेट में आकर अज्ञात व्यक्ति की मौत

**रूरा।** रेलवे स्टेशन पर शुक्रवार की देर रात्रि प्लेटफार्म नंबर एक पर एक अज्ञात व्यक्ति ट्रेन की चपेट में आकर घायल हो गया। इसकी सूचना चालक ने स्टेशन मास्टर को दी। आरपीएफ प्रभारी खजन सिंह ने घायल को सीएचसी रूरा भेजा। जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। यहां उसकी मौत हो गई। जिला अस्पताल से मेमो भेजकर पुलिस को सूचना दी गई। रूरा थाना पुलिस ने मृतक की शिनाख्त के प्रयास शुरू किए हैं।

### कार देने से मना करने पर रॉड से हमला

**कानपुर।** कार देने से मना करने पर आरोपी ने साथियों के साथ मिल कर युवक पर लोहे की रॉड से हमला कर घायल कर दिया। पीड़ित ने नजीराबाद थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। दर्शनपुरवा, रामनगर निवासी अर्पित शर्मा ने बताया कि परिचित सुगंध जायसवाल ने कार मांगी थी, पर उन्होंने मना कर दिया था। जिसके बाद से वह उनसे खुन्नस रख रहा था। आरोप है कि बीते 15 मार्च को मोतीझील में सुगंध ने अपने साथी आदित्य व एक अन्य के साथ उन पर लोहे की रॉड से हमला कर दिया। क्षेत्रीय लोगों के एकत्रित होने पर आरोपी फरार हो गए। थाना प्रभारी नजीराबाद कौशलेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

# जिले में 1825 स्थानों पर होलिका दहन आज

## 20 से 30 रुपये में बिका गन्ना, गेहूं की बालियों और उपले की रही मांग, पिचकारियों की खरीदारी हुई

कार्यालय संवाददाता कानपुर देहात

**अमृत विचार।** रविवार देर शाम जिले भर में करीब 1825 स्थानों पर धूमधाम से होलिका दहन किया जाएगा। इसके लिए लोगों ने पूजन आदि के लिए गेहूं की बाली, टेशू के फूल और गोबर के उपले खरीदे। अब कल अबीर-गुलाल के साथ फागुन मास का रंगोत्सव जिलेभर में मनाया जाएगा।

होली की तैयारी पिछले करीब एक पखवारे से चल रही हैं। इसके लिए लोगों ने गेहूं की बाली, टेशू के फूल और गोबर के उपले खरीदे। त्योहार को लेकर दस रुपये की आठ बाली और दस उपले बिके। जबकि होलिका दहन में जौ की वाली गन्ने में बांध कर होली में भूनने की परंपरा के चलते रविवार को अकबरपुर, रूरा, शिवली, रसूलाबाद, रनियां, मूसानगर, डेरापुर, संदलपुर, पुखरायां, सिकंदरा समेत अन्य स्थानों पर किसान अपने खेतों से गन्ना ट्रैक्टर में लाद कर कस्बों में लाए। आमतौर पर दस रुपये में बिकने वाला गन्ना बीस से तीस रुपये तक में बिका।



रूरा में सजी होलिका। अमृत विचार

**09:54** बजे सुबह से भद्रा प्रारंभ

**11:14** बजे रात तक रहेगा भद्राकाल

**11:14** बजे रात के बाद होलिका दहन

होलिका दहन बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है और कहा जाता है कि इससे समृद्धि और खुशियां आती हैं। साथ ही सभी नकारात्मकता और बीमारियां नष्ट हो जाती हैं। अकबरपुर क्षेत्र के पतारी निवासी आचार्य प्रियंक दीक्षित बताते हैं कि इस वर्ष होलिका दहन 24 मार्च को किया जाएगा, लेकिन होलिका दहन के दिन भद्रा का साया रहेगा। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार भद्राकाल को शुभ नहीं माना जाता है। इस दौरान किसी भी तरह का पूजा-पाठ व शुभ काम करना वर्जित होता है। पंचांग के मुताबिक 24 मार्च की सुबह से भद्राकाल लग जाएगी। इस दिन भद्रा का प्रारंभ सुबह 09:54 बजे से हो रही है, जो रात 11:14 बजे तक रहेगी। इस तरह से भद्राकाल की समाप्ति के बाद ही होलिका दहन किया जा सकता है। होलिका दहन को लेकर एसपी बीबीजीटीएस मूर्ति ने सभी सीओ व थाना प्रभारियों को सतर्कता बरतने के निर्देश दिए हैं।



राजपुर में दुकान से पिचकारी व मुखौटे खरीदते लोग। अमृत विचार

### सौ साल बाद होली व चंद्र ग्रहण एक साथ

आचार्य प्रियंक दीक्षित बताते हैं कि इस वर्ष होली पर चंद्र ग्रहण का भी साया रहेगा। चंद्र ग्रहण 25 मार्च को सुबह 10 .23 बजे शुरू होगा और दोपहर 03 .02 बजे तक रहेगा। हालाकि यह चंद्र ग्रहण भारत में दिखाई नहीं देगा। इसलिए इसका सूतक काल भी मान्य नहीं होगा।

### बच्चों को लुभा रहे रंग-बिरंगे मुखौटे

राजपुर। होली का पर्व नजदीक आते ही राजपुर कस्बे में कई तरीके की पिचकारी व रंगों से बाजार सज गए हैं। बाजारों में दुकानों पर गुलाल और पिचकारी के साथ अन्य सामानों की खरीदारी के लिए भीड़ उमड़ रही है। दुकानदार होली पर अच्छे कारोबार की उम्मीद जता रहे हैं। इसके अलावा गुझिया और मेवा की दुकानें भी सजी हुई हैं। बच्चे भी होली के मूड में आ गए हैं। लोगों की भीड़ से दुकानों पर चहल–पहल बनी रही। गुलाल, रंग और पिचकारी विक्रेता मोहसिन, आशीष कटियार, तेजा आदि दुकानदारों ने बताया कि पिछली बार होली पर कारोबार काफी मंदा रहा था। इस बार बढ़ने की उम्मीद है। कई तरह के रंगों और पिचकारियों की वैरायटी बाजार में उपलब्ध हैं। रंग–बिरंगे मुखौटे बच्चों के लिए आकर्षण बने है।

# प्रोजेक्ट आई से स्मार्ट बनेंगे स्कूलों के बच्चे

कार्यालय संवाददाता कानपुर देहात

- मंगलवार को गणित तो शुक्रवार को विज्ञान विषय पर आधारित वीडियो के लिंक जारी

**अमृत विचार।** प्रोजेक्ट आई स्मार्ट के तहत कक्षा छह से आठ तक के छात्रों के भाषा, गणितीय दक्षता एवं लीडरशिप विकास के लिए पाठ्यक्रम तैयार किए गए हैं। यह पाठ्यक्रम कक्षा की किताबों पर ही आधारित हैं। जिससे शिक्षक बच्चों को आसान भाषा में समझा सकेंगे। प्रत्येक लिंक पर दो से चार मिनट के वीडियो अपलोड किए गए है। हर मंगलवार को गणित विषय तो शुक्रवार को विज्ञान विषय पर आधारित वीडियो के लिंक जारी किए जा रहे हैं। प्रत्येक शिक्षकों को अधिक से अधिक छात्रों के परिजनों को लिंक शेयर करने के निर्देश दिए गए हैं।

बेसिक शिक्षा के विद्यालयों में शिक्षा की गुणवत्ता को सुधारने के लिए डिजिटल कंटेंट पर फोकस किया गया है। प्रोजेक्ट आई शॉर्ट वीडियो के माध्यम से पूरे साल का पाठ्यक्रम तैयार किया गया है। इससे छात्रों को विषय और पाठ समझने में आसानी होगी। इस बावत महानिदेशक स्कूल शिक्षा कंचन वर्मा ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किए हैं। इस स्मार्ट क्लास में विज्ञान और गणित की कक्षाएं चलेंगी। फिर उसके बाद बीएसए, एबीएसए, डायट, एसआरजी और एआरपी को इसका अवलोकन करने की जिम्मेदारी दी गई है। प्रोजेक्ट आई स्मार्ट के अंतर्गत प्रत्येक सप्ताह मंगलवार और शुक्रवार को गणित, विज्ञान और भाषा विषयों के मासिक पाठ्यक्रम विभाजन के आधार पर पाठ्यक्रम का संबंधित शॉर्ट लर्निंग कंटेंट और एसेसमेंट दीक्षा एप के माध्यम से लिंक्स के माध्यम से उपलब्ध कराए जाएंगे। बीएसए रिद्धी पांडेय ने बताया कि प्रोजेक्ट आई स्मार्ट के तहत साल भर के मासिक शिक्षण कैलेंडर के अनुरूप बनाए गए हैं। लर्निंग कंटेंट का सहयोग लेते हुए शिक्षक अगले दिन पढ़ाए जाने वाले पाठ को और अधिक व्यवस्थित शैली में पढ़ाएंगे।

# सीएचसी में हो रहा राजनीतिक प्रचार



डेरापुर सीएचसी की होर्डिंग में जनप्रतिनिधियों की फोटो।



डेरापुर ब्लाक की होर्डिंग में प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री की फोटो।

संवाददाता, संदलपुर

- जिम्मेदारों की अनदेखी से आचार संहिता तार-तार

**अमृत विचार।** आदर्श आचार संहिता लागू होते ही सार्वजनिक स्थानों पर प्रचार सामग्री प्रतिबंधित कर दी गई है। इसके बावजूद डेरापुर तहसील क्षेत्र के गांव की दीवारों पर राजनीतिक दलों की होर्डिंग लगी हुई हैं और जिम्मेदार इन्हें हटवाने की जेहमत नहीं उठा रहे हैं।

लोकसभा चुनाव को देखते हुए सभी राजनीतिक दलों ने नगर से लेकर गांव तक घर की दीवारों से लेकर हर एक सार्वजनिक स्थान पर अपना प्रचार कराया गया था।

कहीं होर्डिंग, झंडे और बैनर लटकाए गए थे तो कहीं वाल पेंटिंग के जरिए वोट देने की अपील की गई थी। आदर्श आचार संहिता लागू होते ही जिला प्रशासन ने मुख्य रास्तों पर लगी सभी प्रकार की प्रचार सामग्री को हटवा दिया गया था। बावजूद इसके अभी भी कई स्थान ऐसे हैं, जहां से आचार संहिता का खुलेआम उल्लंघन हो रहा है।

मौजूदा समय में डेरापुर सीएचसी व ब्लॉक के अंदर लगे राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के होर्डिंग व पोस्टर चस्पा है। यह सब जिम्मेदारों की नाक के नीचे हो रहा है। इस बावत एसडीएम डेरापुर भूमिका यादव ने कहा कि अभी उन्हें मामले की जानकारी नहीं है। जानकारी कर होर्डिंग और वॉल पेंटिंग को हटाया जाएगा। आचार संहिता का सख्ती से पालन होगा।

## महाकालेश्वर मंदिर से दूज पर निकलेगी शिव-उमा बारात

**शिवली।** कस्बा के आजाद नगर स्थित प्राचीन शिव मंदिर महाकालेश्वर में होली के बाद दूज पर अनोखी शिव बारात निकलती है। 47 साल से यहां लगातार शिव-उमा परिणय समारोह का आयोजन लगातार किया जा रहा है। बग्घी पर बैठकर दिन में शिव नाचते गाते चल रहे बारातियों के साथ में उमा को ब्याहने निकलते हैं। रात में धनुष भंग के साथ राम-सीता का विवाह होता है। इस अनोखी शिव बारात में बड़ी संख्या में लोग आते हैं।

वर्तमान में शिवली नगर पंचायत के मोहल्ला आजाद नगर के प्राचीन शिव मंदिर महाकालेश्वर में 47 साल पहले शिव-उमा परिणय के नाम से शिव बारात होली के बाद दूज के दिन निकलना शुरू हुई। वह परंपरा अभी भी कायम है। बारात महाकालेश्वर मंदिर से कस्बे के विभिन्न मंदिरों से होकर जागेश्वर मंदिर पहुंचती है।

# ट्रेनों में लंबी वेटिंग घर आना मुश्किल

कार्यालय संवाददाता कानपुर देहात

- टिकट कंफर्म न होने के चलते लोग परेशान हो रहे हैं

**अमृत विचार।** होली के त्योहार में दिल्ली सहित दूसरे महानगरों से घर लौटना लोगों के लिए मुश्किलों भरा साबित हुआ। ट्रेनों में लंबी वेटिंग रही और किसी भी श्रेणी में टिकट उपलब्ध नहीं हुए। टिकट कंफर्म न होने के कारण लोग वेटिंग टिकट पर ही यात्रा करने को विवश हैं।

होली त्योहार हर कोई अपने परिवार के साथ मनाना चाहता है, लेकिन रोजी-रोटी और जीविकोपार्जन की तमाम परेशानियों के चलते बहुत से लोग अपने घर से दूर रहते हैं। होली के मौके पर सबकी तमन्ना होती है कि वह भी अपने परिवार के साथ यह त्योहार मनाएं, लेकिन आमतौर पर इस मौके पर सबसे बड़ी परेशानी रेल टिकटों को लेकर होती है।

हालाकि त्योहार पर रेलवे ने कई होली स्पेशल ट्रेनों का परिचालन शुरू किया है, लेकिन भारी भीड़ के कारण किसी भी ट्रेन में बर्थ खाली मिल पाना असंभव है।

होली में दिल्ली-हावड़ा रेल रूट के झींझक स्टेशन पर रुकने वाली अप व डाउन की आगरा-लखनऊ इंटरसिटी, रूरा स्टेशन पर रुकने वाली मुरी एक्सप्रेस व कानपुर-झांसी रेल रूट के पुखरायां स्टेशन पर रुकने वाली गोरखपुर-बांद्रा लोकमान्य टर्मिनल एक्सप्रेस समेत अन्य ट्रेनों में बर्थ भर चुके हैं। ऐसे में यात्रियों को काफी असुविधा हो रही है। ऐसे में कुछ लोग घर तक पहुंचने के लिए निजी टैक्सी व बसों का सहारा ले रहे हैं, सबसे अधिक समस्या लंबी दूरी में रहने वालों को उठानी पड़ रही है।

## सार-संक्षेप



मूसानगर थाने में पीस कमेटी की बैठक करते थाना प्रभारी व मौजूद लोग।

### होली में नहीं बर्दाश्त किया जाएगा हुड़दंग

मूसानगर। होली त्योहार के मद्देनजर थाना परिसर में पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। थानाध्यक्ष दिनेश गौतम ने लोगों से प्रेम, सौहार्द्र व शांति के साथ त्योहार मनाने की अपील की। कहा कि होली में किसी भी प्रकार की हुड़दंग बर्दाश्त नहीं की जाएगी। प्रेम से गले मिलकर एक दूसरे के अबीर गुलाल लगाएं। जबरदस्ती किसी भी व्यक्ति पर रंग न डालें। सुरक्षा के दृष्टिगत नाबालिक बच्चों को वाहन ना दें। त्योहार सद्भाव प्रेम के साथ मनाएं और झगड़ा ना करें। नशीले मादक पदार्थों का सेवन न करें। बिना परमिशन के डीजे बजाने की इजाजत नहीं होगी। बैठक में नीरज पांडेय, राजेंद्र अग्रवाल, नसरुद्दीन कुरैशी, नसीम, कल्लू सोनकर, अजमेरी कुरैशी, सूरज सिंह चौहान, मोइनुद्दीन आदि लोग उपस्थित रहे।



संदलपुर ब्लाक में प्रशिक्षण देते प्रशिक्षक। अमृत विचार

### आउट ऑफ स्कूल बच्चों की बनेगी सूची

**संदलपुर।** आउट ऑफ स्कूल बच्चों के चिंहांकन एवं उन्हें मुख्य धारा से जोड़ने के लिए विकासखंड संदलपुर में तीन दिवसीय प्रशिक्षण प्रारंभ हुआ। जिसकी शुरुआत खंड शिक्षा अधिकारी अशोक कुमार सिंह ने माता सरस्वती के सामने दीप प्रज्ज्वलित कर की। प्रशिक्षण के लिए संदर्भदाता के रूप में गौरव सिंह राजपूत, बृजेश राजावत, उपेंद्र कटियार, राजेंद्र सिंह आदि ने बारी–बारी से अपने विचार प्रस्तुत किए। खंड शिक्षा अधिकारी ने सभी प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापकों को बताया कि ऐसे बच्चे जो 45 दिवस विद्यालय से अनुपस्थित रहते हैं। उनका चिंहांकन करते हुए उन्हें मुख्य धारा से जोड़ना है तथा सभी बच्चों के समान अवसर प्रदान करना है।



महाविद्यालय में होली खेलते शिक्षक व छात्र– छात्राएं। अमृत विचार

### महाविद्यालय में छात्र- छात्राओं ने खेली होली

**पुखरायां।** स्थित रामस्वरूप ग्रामोद्योग परास्नातक महाविद्यालय में शनिवार को विद्यार्थियों ने भारतीय संस्कृति एवं परंपराओं को आत्मसात करते हुए होली की पूर्व संध्या पर एक–दूसरे को रंग–गुलाल लगाकर तथा फाग गायन कर होलिकोत्सव की बधाई दी। इस मौके पर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर रामेश्वर प्रसाद चौबे, डॉ हेमेंद्र सिंह, डॉ पर्वत सिंह, डॉ जितेंद्र कुमार, डॉ अंशुमन उपाध्याय, डॉ निधि अग्रवाल, संजय सिंह, अवनीश कुमार, सुनील कुमार, ज्ञान सिंह व अमित त्रिपाठी आदि ने एक–दूसरे को गुलाल लगाकर होली के पावन पर्व की शुभकामनाएं प्रेषित की।

# शोपीस बना महोई का सामुदायिक शौचालय

संवाददाता डेरापुर

**अमृत विचार।** खुले में शौच सामाजिक बुराई है और इसके खिलाफ सालों से अभियान भी चलाया जा रहा है। इसका असर भी देखने को मिला है और लोगों में जागरूकता आई है, लेकिन डेरापुर क्षेत्र के महोई गांव में चार साल पहले बना सामुदायिक शौचालय का अभी तक प्रयोग नहीं किया गया है।

डेरापुर तहसील क्षेत्र के ग्राम महुआ महोई में कई साल पहले सामुदायिक शौचालय निर्माण होने के बावजूद एक भी दिन शौचालय का प्रयोग नहीं किया गया है।



सामुदायिक शौचालय में फैली गंदगी व टूटी टोटी।

ग्रामीणों ने बताया कि सामुदायिक शौचालय का निर्माण लगभग चार वर्ष पूर्व किया गया था। गांव किनारे सामुदायिक शौचालय होने के कारण वहां लगी बिजली की मोटर अराजक तत्व खोल कर ले गए। ऊपर रखी पानी की टंकी भी टूट गई है।

# संदलपुर क्षेत्र में अघोषित बिजली कटौती होने से किसान परेशान

संवाददाता संदलपुर

- सिंचाई न होने से सूख रही फसलें, रोस्टर के अनुसार बिजली देने की मांग

**अमृत विचार।** संदलपुर ब्लॉक क्षेत्र के गांवों में बमुश्किल एक दिन में दस से बारह घंटे ही बिजली आपूर्ति की जा रही है। कटौती की वजह से सब्जी समेत अन्य फसलों की सिंचाई नहीं हो पा रही है। ऐसे में किसान परेशान हैं। किसानों ने रोस्टर के अनुसार बिजली आपूर्ति की मांग की है।

मार्च माह के आखिरी में तापमान लगातार बढ़ रहा है। ऐसे में बिजली की आंख-मिचौली भी शुरू हो गई है। ऐसे में किसानों की परेशानी भी बढ़ने लगी है। बिजली कटौती होने से ट्यूवबेल नहीं चल पा रहे हैं। जिससे खेत में पानी के अभाव में फसल सूख रही हैं। जबकि यह ऐसा समय है, जब कई फसल और सब्जियों में फल-फूल लगने का समय है। ऐसे में अगर समय में पानी नहीं मिलता है तो चना समेत अन्य फसलों को नुकसान हो सकता है। डबरापुर निवासी



रमेश चंद्र कुशवाहा।



मनोज कटियार।

रमेश चंद्र कुशवाहा, खालागांव के शिवम तिवारी, मनोज कटियार समेत अन्य किसानों का कहना है कि संदलपुर विकासखंड क्षेत्र के आसपास गेहूं और सब्जियों की खेती बड़े पैमाने पर प्रभावित हो रही है। समय पर खेतों की सिंचाई न होने के कारण खेत में फसल मुरझा रही है। किसानों ने बताया कि ग्रामीण इलाकों दिन के समय पांच से सात घंटे तथा रात में 12 बजे के बाद ही बिजली रहती है।

## दुकानदारों ने किया फुटपाथ तक कब्जा रोज लगता जाम

**संदलपुर।** संदलपुर कस्बा चौराहा रोड में ओवरलोड ट्रक व सड़क किनारे दुकानदारों के अतिक्रमण से आए दिन जाम की समस्या रहती है। जिसमे वाहन घंटों फंसे रहते हैं और लोगों को परेशान होना पड़ता है। शाम को करीब आधा घंटे तक तक लगे जाम में एंबुलेंस भी फंसी रही। संदलपुर कस्बा रोड पर बड़ी संख्या में हर रोज वाहनों का आवागमन होता है। इसी मार्ग पर कई स्कूल भी हैं। जहां पर सैकड़ों छात्र वाहन और पैदल जाते हैं। दोपहर में स्कूलों की छुट्टी होती हैं तो उस समय इस मार्ग पर वाहनों की संख्या बढ़ जाती है। वहीं कस्बा में दुकानदारों ने फुटपाथ तक अतिक्रमण कर रखा है।

दिए निर्देश | सरवनखेड़ा बीआरसी में प्रबंध समिति के सदस्यों को दिया गया प्रशिक्षण

# 'सुनिश्चित करें समुदाय की सहभागिता'

कार्यालय संवाददाता कानपुर देहात

**अमृत विचार।** समग्र शिक्षा अभियान के तहत ब्लॉक सरवनखेड़ा के परिषदीय विद्यालयों की विद्यालय प्रबंध समितियों के सदस्य व पदाधिकारियों का एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें उनके कार्य, अधिकारों व शिक्षा की गुणवत्ता आदि के संबंध में प्रशिक्षित किया गया।

शनिवार को विद्यालय प्रबंध समिति के सचिव एवं अध्यक्ष के एक दिवसीय प्रशिक्षण में संदर्भदाता राहुल श्रीवास्तव ने बताया कि निशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा के अधिकार अधिनियम 2009 की धारा 21 के अंतर्गत प्रत्येक विद्यालय में एक विद्यालय प्रबंध समिति गठित होगी। समुदाय एवं माता-पिता को यह अवसर प्राप्त है




विद्यालय प्रबंध समिति की बैठक में मौजूद अध्यक्ष व सदस्य। अमृत विचार

कि वह अपने बच्चों के विद्यालय की विद्यालय प्रबंध समिति में शामिल होकर विद्यालयों में समुदाय की सहभागिता सुनिश्चित करें। शिक्षा के अधिकार अधिनियम में विद्यालय प्रबंध समिति एवं स्थानीय प्रधिकारी की महत्वपूर्ण भूमिका है। संदर्भदाता अजय तिवारी ने कहा कि प्रदेश मे निशुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा अधिकार नियमावली 2011 के अनुसार समिति मे कुल 15 सदस्य होंगे। जिसमे से 11 सदस्य विद्यालय में दाखिला प्राप्त बच्चों के माता-पिता या अभिभावक होते हैं और 4 नामित सदस्य होते हैं। समिति के कुल सदस्यों में से कम से कम 50 फीसदी महिलाएं अनिवार्य रूप से होगी। समिति का कार्यकाल दो वर्ष का होता है। इसके बाद समिति का पुनर्गठन किया जाता है। संदर्भदाता शशि प्रभा सचान ने प्रतिभागियों को विद्यालय प्रबंध समिति के कार्य एवं दायित्व से परिचित कराया। एआरपी संजय शुक्ला ने कहा कि बालिकाओं को सबल बनाने और समाज में व्याप्त लिंग भेद को समाप्त करने के उद्देश्य से विभिन्न कार्यक्रम संचालित हैं। बीईओ अजीत प्रताप सिंह ने कहा कि समुदाय के निष्ठावान और उत्साही सदस्यों को समिति में शामिल किया जाए। इसका सरकारी विद्यालयों की कार्य प्रणाली पर सकारात्मक और रचनात्मक प्रभाव पड़ता है। प्रशिक्षण में उमेश राठौर, विनोद शर्मा, निरुपम तिवारी, अभिषेक द्विवेदी, गोरेंद्र सचान, जफर अख्तर, प्रभा शुक्ला, विजया बनर्जी, अनिता, वंदना सिंह, बृजेंद्र गौतम, पायल चोपड़ा, अलका सिंह, सुरेश गुप्ता, प्रतिभा कटियार, अनुपम सचान, शाहीन आदि उपस्थित रहे।

# आचार संहिता तोड़ी तो चुनाव में लगेगा वाहन

कार्यालय संवाददाता कानपुर देहात

- आयोग ने मनमानी करने वालों पर शिकंजा कसने का निकाला अनूठा तरीका

**अमृत विचार।** आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करने वाले वाहनों को जिला निर्वाचन कार्यालय से चुनावी ड्यूटी में लगा लिया जाएगा। ऐसे वाहनों को चुनाव संपन्न होने के बाद ही उनके स्वामी को वापस लौटाया जाएगा। भारत निर्वाचन आयोग ने इस बार मनमानी करने वालों पर शिकंजा कसने का यह अनूठा तरीका निकाला है। अनुमति विहीन व विपरीत संचालित ऐसे लग्जरी समेत प्रत्येक वाहनों पर अधिकारियों की पैनी नजर होगी।

चुनाव में वाहनों का काफिला लेकर चलने वालों की मनमानी का दंड देने में आयोग ने अपना लाभ तलाश लिया है। आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करते मिलने पर वाहनों को सीज करते हुए जिला निर्वाचन कार्यालय को सौंप देने के निर्देश दिए गए हैं। मजिस्ट्रेट द्वारा पकड़े गए वाहनों को जिला निर्वाचन कार्यालय व पुलिस द्वारा पकड़े गए वाहनों को पुलिस विभाग भी चुनाव कार्यों में उपयोग के लिए अधिग्रहीत करेगा। आचार संहिता का उल्लंघन करने वाले ऐसे वाहन स्वामियों पर विधिक कार्रवाई भी की जाएगी। चुनावी कामकाज निपटाने में जिला निर्वाचन कार्यालय को वाहनों की तलाश में कठिनाई होती है। ऐसे में फिलहाल आसानी से वाहन मिल जाएंगे। कार्रवाई की जद में टैक्सी वाहन से लेकर लग्जरी वाहन समेत बाइक आदि वाहन भी आएंगे। जिला निर्वाचन कार्यालय के अनुसार आचार संहिता के अनुपालन में किसी को कोई कठिनाई नही होगी।

### नमाज व रोजे के साथ जकात करना भी फर्ज



मौलाना नियामत उल्लाह।

**राजपुर।** पवित्र रमजान महीने के दूसरे अशरे में गुनाहों से मगफिरत के लिए रोजेदार खुदा को राजी करने के लिए इबादतों में मशगूल हैं। शनिवार को बारहवें रोजे पर रोजेदारों ने मस्जिद व घरों में इबादत कर खुदा से गुनाहों की माफ़ी मांगी। साथ ही मुल्क में बेहतरी की दुआ मांगी। राजपुर की पुरानी जामा मस्जिद के मौलाना नियामत उल्लाह ने कहा कि पवित्र रमजान में रोजे की बड़ी फजीलत यह है कि इसके जरिये बंदों को गुनाहों से माफी और मगफिरत हासिल होती है। रोजा ऐसी इबादत है, इसका बेशुमार सबाव है। रमजान में खुदा की पाबंदी से इबादत करने पर कयामत के दिन रोजा रोजेदार की मगफिरत और जन्नत में दाखिल करने की सिफारिश करेगा। मौलाना बताते हैं कि हदीस में है कि माहे रमजान अल्लाह का महीना है। इस महीने में बेशुमार और खुदा की रहमतों की बारिश होती है।

अब घर बैठे आपके जीवन की जटिल समस्याओं का 100% पक्का समाधान
फ्री सलाह
अभी फोन करें :
GURU AADIL JI
9717810465
1% विश्वास आप करें
99% विश्वास हम बनाएंगे
स्पेशलिस्ट – प्रेम विवाह, पति–पत्नी में अनबन, दुश्मनों से छुटकारा, कारोबार में रुकावट, मनचाहा प्यार, रूठे प्रेमी को मनाना, वशीकरण आदि।

# सर्वार्थ सिद्धि योग में आज होगा होलिका दहन

## शुभ मुहूर्त रहेगा रात 11:13 से 12:27 बजे तक, चंद्र ग्रहण का सूतक नहीं

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** होली का पर्व हर वर्ष फाल्गुन मास की पूर्णिमा को मनाया जाता है। होली का पर्व हंसी-ठिठोली, आपसी मतभेद भूलाकर प्रेम-सद्भाव से रहने का संदेश देता है। होली नकारात्मक ऊर्जा को दूर कर सकारात्मक ऊर्जा लाती है। इस बार होलिका दहन जहां 24 मार्च की रात को होगा वहीं 25 मार्च को रंगों की होली खेली जाएगी।

आचार्य भृगुनंदन शुक्ला का कहना है कि फाल्गुन पूर्णिमा को होलिका दहन और इसके अगले दिन रंग खेला जाएगा। इस साल फाल्गुन पूर्णिमा तिथि 24 मार्च को सुबह 09 बजकर 54 मिनट से शुरू होगी। वहीं इस तिथि का समापन अगले दिन 25 मार्च को दोपहर 12 बजकर 29 मिनट पर होगा। होलिका दहन के दिन भद्रा सुबह 09:54 से लग जाएगी और रात 11:13 बजे तक रहेगी। भद्रा में होलिका दहन शुभ नहीं माना जाता है। भद्रा होने के कारण इस साल प्रदोष काल में होलिका दहन नहीं हो पाएगा।



होलिका दहन की तैयारी। अमृत विचार

### इस समय रहेगा रवि योग

आचार्य ने बताया कि 24 मार्च को सुबह 6 :20 बजे से 11 :21 बजे तक रवि योग रहेगा, जबकि सर्वार्थ सिद्धि योग सुबह 7 :40 बजे से रात 12 :35 बजे तक रहेगा। इसी दिन रात 8 :34 बजे से वृद्धि योग शुरू होगा, जो अगली रात 9 :30 बजे तक रहेगा। वहीं उत्तर फाल्गुनी नक्षत्र रात 10 :40 बजे तक रहेगा। इसके बाद हस्त नक्षत्र शुरू हो जाएगा।

### चंद्र ग्रहण आज लगेगा

पूर्णिमा चंद्र ग्रहण भी लगेगा, लेकिन इस बार यह ग्रहण भारत में दृश्य नहीं होगा। ऐसे में इसका सूतक नहीं लगेगा। जब सूतक नहीं लगेगा तो मंदिरों के पट भी बंद नहीं होंगे और न ही पूजन- अर्चन में किसी तरह का विघ्न आएगा।

# होली पर किया हुड़दंग तो जाएंगे हवालात, नशा तस्करों पर भी नजर

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** रंगों के त्योहार होली को लेकर पुलिस प्रशासन ने अपनी तैयारियां पूरी कर ली है। कानून व्यवस्था बरकरार रखने के लिए संवेदनशील इलाकों में भी फोर्स की तैनाती की गई है। पर्व पर शराब के नशे में हुड़दंग करते पाए जाने पर हवालात की हवा भी खानी पड़ सकती है।

होली व धुलहेंडी पर्व को देखते हुए जिले में पुलिस की चप्पे-चप्पे पर नजर रहेगी। पुलिस कप्तान द्वारा सभी थाना व चौकी प्रभारियों को सतर्कता के साथ अपने-अपने क्षेत्र में कार्य करने के आदेश जारी किए गए हैं। जिसमें बताया गया है कि होली पर शरारती तत्व व अफवाहों की गतिविधियों पर कड़ी नजर रखें। स्वयं अपने-अपने इलाके में पड़ने वाले मुख्य बाजार, चौक-चौराहे, होटल-ढाबा, धर्मशाला, मस्जिदों



- एसपी ने सभी थानेदारों को दिए सख्त निर्देश

व भीड़-भाड़ वाले इलाकों पर पैनी नजर बनाए रखें। सुनिश्चित करें कि इन जगहों पर कोई संदिग्ध व्यक्ति न ठहरे। वहीं जिला पुलिस से नशा तस्करों पर भी कड़ी नजर रखने के लिए सभी थाना प्रभारियों को कड़े निर्देश दिए गए हैं। लोग नशा बेचने वालों की सूचना स्थानीय थाना के सीयूजी नंबर पर दें सकते हैं। सूचना देने वालों का नाम गुप्त रखा जाएगा।

# पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधरोपण ही विकल्प

**फतेहपुर।** शहर के पनी मोहल्ले में स्थित लाल बहादुर शास्त्री बालिका इंटर कॉलेज व विपिन राज कान्वेंट स्कूल में पर्यावरण के प्रति छात्र-छात्राओं को जागरूक किया गया। वनों और पेड़ों के संरक्षण एवं रखरखाव पर प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में डीएफओ रामानुज त्रिपाठी एवं जेल पर्यवेक्षक विपिन बिहारी शरण मौजूद रहे।

डीएफओ ने पर्यावरण में हो रहे अप्रत्याशित बदलाव पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि पर्यावरण को स्वच्छ रखने के लिए पौधरोपण ही एक विकल्प है। वहीं जेल पर्यवेक्षक विपिन बिहारी शरण ने कहा कि ज्यादा से ज्यादा वृक्ष तैयार कर हम पर्यावरण को सुरक्षित एवं संरक्षित कर सकते हैं। कमल चंद्र वर्मा, रामकिशोर गुप्ता, आशीष मिश्रा, अंशुमान सिंह, लीना श्रीवास्तव, जुवेरिया खातून, शिवानी श्रीवास्तव, शबनम खातून, प्रियंका, शीबा, अमीना, विनीता, एकता गुप्ता, सर्वेश श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

# याद किए गए भगत सुखदेव व राजगुरु

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** देश की आजादी की लड़ाई में अहम योगदान देने वाले भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु को 23 मार्च 1931 को अंग्रेजों ने फांसी की सजा दी थी। जिसके बाद उन्होंने हंसते-हंसते अपने प्राण देश पर न्यौछावर कर दिए थे।

शनिवार को शहीद दिवस के मौके पर शाम 4 बजे नगर पालिका परिषद के बाहर लगे राष्ट्रीय ध्वज के नीचे इंडियन रेडक्रास सोसाइटी व डॉ. सत्यनारायण सेवा फाउंडेशन के संयोजकत्व में चेयरमैन यूथ आईकान डॉ. अनुराग श्रीवास्तव के नेतृत्व में श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। इसमें सभी ने आरती की एवं मोमबत्ती जलाकर श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

वहीं स्वीप कार्यक्रम तहत सभी सदस्यों को मतदाता शपथ दिलाई। दिलीप कुमार श्रीवास्तव, आजीवन सदस्य शैलेंद्र रस्तोगी, लालजी श्रीवास्तव, सुनीत सिंह, डॉ. तारक नाथ, वेदप्रकाश गुप्ता, सुरेश चंद्र श्रीवास्तव, प्रवीण अवस्थी एडवोकेट, मनीष कुमार, चैतन्य कुमार, सुरेश कुमार, रामगोपाल कश्यप, रामप्रकाश मौर्य, अंगद सिंह, आचार्य रामनारायन आदि मौजूद रहे।


भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु को दी गई श्रद्धांजलि। अमृत विचार

# निरंजन ज्योति भी रंगों से सराबोर



होली मिलन समारोह में जुटीं सांसद-विधायक व अन्य। अमृत विचार

संवाददाता, धाता फतेहपुर

**अमृत विचार।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद एवं राष्ट्रीय कालामंच द्वारा सामाजिक सद्भाव और प्रेम का प्रतीक रंगोत्सव के अवसर पर एक मैरिज हाल में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय राज्यमंत्री साध्वी निरंजन ज्योति उपस्थित रहीं।

उन्होंने ने कहा कि विद्यार्थी परिषद व्यक्तित्व निर्माण की पहली कड़ी है। परिषद के कार्यकर्ता प्रत्येक क्षेत्र में शीर्ष पर देश के लिए सेवाकार्य कर रहे हैं। संघ के सह कार्यवाह दत्तात्रेय होसबोले, अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख सुनील आंबेकर एवं प्रधानमंत्री व दर्जनों केंद्रीय मंत्री सहित देश के सभी राज्यों के अधिकतर मुख्यमंत्री विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता रहे हैं।

केंद्रीय राज्यमंत्री ने कार्यक्रम में फाग भी सुनाया। होली मिलन समारोह को संबोधित करतेविद्यार्थी परिषद बांदा विभाग संगठन मंत्री बृजनंदन राय ने कहा कि होली सिर्फ त्योहार ही नहीं है, बल्कि पाप पर पुण्य की विजय और अधर्म पर धर्म की विजय का भी त्योहार है।

जिला संयोजक अभय राज मिश्रा, क्षेत्रीय विधायक कृष्णा पासवान, जिला संगठन मंत्री आकर्ष मिश्रा, राजेश द्विवेदी, राजनरायण शुक्ला, नगर पंचायत अध्यक्ष रेखा सरोज, ज्ञान चंद्र केसरवानी, सुरेंद्र सोनकर, जोगेंद्र पाल, अक्षय त्रिपाठी, वैभव केशरवानी, आदित्यांश सिंह, राज पांडेय, शौर्य श्रीवास्तव, अनूप सिंह, नितिन सिंह, भाजयुमो जिला अध्यक्ष मधुराज विश्वकर्मा, मंडल अध्यक्ष देवेश त्रिपाठी, हिमांशु त्रिपाठी, विमलेश पांडेय, उत्कर्ष जायसवाल, विजय प्रताप सिंह, विनय सिंह कटियार, विनय गुप्ता आदि शामिल रहे।

# मारपीट कर जहर पिलाने से हुई थी युवक की मौत

संवाददाता, फतेहपुर

- तीन माह पूर्व हुई घटना, कोर्ट के आदेश पर आधा दर्जन लोगों के खिलाफ मामला दर्ज

**अमृत विचार।** पारिवारिक भाई की ससुराल गए युवक को भाई और ससुराली जनों ने मिलकर जबरन मारपीट कर जहर पिला दिया था। जिससे उसकी मौत हो गई थी। मामले में कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने तीन माह बाद आधा दर्जन लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है।

किशनपुर थाना क्षेत्र के कुम्हारन डेरा मजरे रायपुर भसरौल गांव निवासी बबुली देवी पत्नी रामकिशोर ने कोर्ट में शिकायती पत्र देकर बताया था कि उसका पुत्र नरेंद्र निषाद (21) तीन माह पूर्व दिसंबर माह में पारिवारिक भाई परमिंदर की ससुराल क्षेत्र के ही मदद अलीपुर मजरे रामपुर गांव गया था। जहां पर पुरानी रंजिश में परमिंदर निषाद व उसकी पत्नी ललिता देवी, रजकलिया पत्नी रामप्रताप, फूलचंद्र निषाद, कुंवारियां पत्नी फूलचंद्र और फूलचंद्र की पुत्री ममता देवी निवासी मदद अलीपुर मजरे रामपुर ने बेटे के साथ मारपीट की थी और नगदी जेवरात छीन लिए थे। इसके बाद जबरन जहर पिला दिया। जिससे नरेन्द्र की इलाज के दौरान मौत हो गई थी।

मामले की शिकायत के बाद पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की तो उसने कोर्ट में मामले की शिकायत की। प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार सिंह ने बताया मामले में कोर्ट के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। उन्होंने कहा कि जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे उनके आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# आधुनिकता के दौर में गुम हो रहा फाग

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** हाईटेक युग में लोग 21वीं सदी में चल रहे हैं। कई क्षेत्र में हम आगे बढ़ रहे हैं, लेकिन हमारी प्राचीन परंपरा दूर होती जा रही हैं। होली पर फाग की विधा युवाओं के लिए अनसुनी पहेली बनती जा रही है। मोबाइल व डीजे के युग में अब लोग ढोलक झांझ और मजीरा वाद्य यंत्रों से होने वाले फाग गीतों को पूरी तरह भूलते जा रहे हैं। बुजुर्ग ही इस परंपरा को जीवित किए हुए हैं।

पहले काफी पहली होली की हंसी ठिठोली शुरू हो जाती थी। करीब दो दशक पूर्व होली आने के कई दिन पहले ग्रामीण क्षेत्रों में फाल्गुन की आहट सुनाई देने लगती थी। ढोलक की थाप और मजीरों पर फगुआ गीतों से सजने वाली महफिलें जमने लगती थीं। इस दौरान गायन मंडली के साथ-साथ ग्रामीण बच्चों में उत्साह और आनंद का वातावरण देखने को मिलता था। वर्तमान भाग-दौड़ भरी जिंदगी और आधुनिकता की अंधी दौर में परंपराएं पीछे छूटती जा रही हैं। होली का रंग बेरंग होता जा रहा है।


फाग गाते लोग। अमृत विचार

फाग गायकों का कहना है शासन की ओर से उनका उत्साहवर्धन न होने से वह भी मायूस होते जा रहे हैं। युवा पीढ़ी फाग विधा को सीखना नहीं चाहती। इतना ही नहीं, नई पीढ़ी पुराने लोगों के पास बैठना भी पसंद नहीं करती है। फाग होने पर पूरा गांव एकजुट दिखाई देता था। छोटे बड़े सभी के दरवाजे पर फाग की टोली पहुंचती थी। लोग उनका सम्मान करते थे। जलपान के बाद उन्हें विदा किया जाता था। समय फाग गायन की कुछ लोग बचे हैं। कुछ ग्रामीण क्षेत्रों में वही लोग फाग की विधा को बचाए हैं।

# पशु चोरी करने वाले गिरोह का खुलासा

संवाददाता फतेहपुर

- गैंग के पांच सदस्यों को पुलिस ने किया गिरफ्तार
- तमंचा-कारतूस और बोलेरो कार बरामद हुई

**अमृत विचार।** पुलिस ने अंतर्जनपदीय पशु चोरी करने वाले गिरोह का खुलासा किया है। साथ ही गैंग के पांच सदस्यों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मौके से तमंचा कारतूस, बोलेरो गाड़ी व चोरी के आठ बकरे बरामद किए हैं।

पुलिस अधीक्षक उदय शंकर सिंह ने बताया कि थाना प्रभारी हथगांव अभिलाष तिवारी इदरीश पुलिया के पास वाहन चेकिंग कर रहे थे। तभी मुखबिर ने सूचना दी कि ग्रामीण क्षेत्र में बकरी चोरी करने वाले गैंग के कुछ लोग बोलेरो गाड़ी से जा रहे हैं। पुलिस ने बोलेरो गाड़ी को रोकने का प्रयास किया तो गाड़ी में बैठे पांच लोग भागने का प्रयास करने लगे। सभी को घेराबंदी करते हुए पकड़ा गया।

गाड़ी के अंदर आठ जिंदा बकरे, दो तमंचा और कारतूस बरामद किया गया। पकड़े गए गैंग के कमल सिंह उर्फ ननचू, तौसीफ अहमद, शनि, अर्जुन और मुख्य सरगना शेर मोहम्मद के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जेल भेजने की कार्रवाई की जा रही है। एसपी ने बताया कि यह लोग बकरा, बकरी की चोरी करने के बाद फोटो भेजकर बकरी-बकरा को बेचने का काम करते थे। इनमें से दो बकरों की फोटो जब बेचने के लिए भेजा तो उसमें से गिरोह के एक सदस्य को पीड़ित ने पहचान लिया।

# चार ओवरलोड ट्रक पकड़े गए

**बिंदकी।** शनिवार की सुबह नायब तहसीलदार रवि कुमार ने नगर के ललौली चौराहे पर एक ओवरलोड गिट्टी से भरा ट्रक पकड़ा। जिसके पास अनुमति पत्र भी नहीं था। इसी तरह तहसीलदार ने शनिवार की सुबह थाना कल्याणपुर क्षेत्र के रेलवे ओवरब्रिज के ऊपर मोरंग से लोड दो ओवरलोड ट्रक पकड़े। इन ट्रकों के पास भी अनुमति पत्र नहीं थे।

इसी प्रकार दोपहर में नायब तहसीलदार अमरेश कुमार सिंह ने नगर के ललौली चौराहे में मोरंग से भरा एक ओवरलोड ट्रक पकड़ लिया। इस में भी अनुमति पत्र नहीं था। ललौली चौराहे में पकड़ी गई दोनों गाड़ियों को कोतवाली के पास, जबकि बिन्दकी रोड रेलवे ओवरब्रिज में पकड़ी गई दोनों गाड़ियों को चौडगरा चौकी के पास खड़ा कराया गया। अधिकारियों ने बताया कि मामले की जानकारी उच्चाधिकारियों और खनिज विभाग को दी गई है।

# 25 हजार का इनामी मुठभेड़ में गिरफ्तार

संवाददाता, फतेहपुर

- पैर में गोली लगने से घायल जिला अस्पताल में भर्ती
- शहर के महर्षि रोड पर रात में हुई मुठभेड़

**अमृत विचार।** शनिवार भोरपहर 11 मार्च को कचहरी लॉकप से भागे शातिर हिस्ट्रीशीटर को पुलिस ने घेराबंदी कर मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार कर लिया। मुठभेड़ के दौरान हिस्ट्रीशीटर के पैर में गोली लगी है। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया है।

शनिवार भोरपहर करीब साढ़े चार बजे एक बदमाश के भागने की सूचना कंट्रोल रूम से पुलिस को मिली। इसके बाद प्रभारी निरीक्षक कल्यानपुर ने थाना मलवां की पुलिस को भी सूचना दी। महर्षि रोड पर बाइक से आया बदमाश पुलिस गाड़ी देखकर खेतों की तरफ भागा और पुलिस पर फायरिंग करने लगा। जवाबी कार्यवाही में बदमाश के गोली लग गई।

घायल बदमाश के पास जाकर नाम पता पूछा गया तो उसने अपना


मुठभेड़ स्थल पर जांच-पड़ताल करती पुलिस। अमृत विचार

- 11 मार्च को कचहरी लॉकप से भाग निकला था शातिर

नाम अंकित उर्फ शेरा पुत्र वीर सिंह निवासी बसावनपुर थाना औंग बताया। बताया कि वह कचहरी परिसर में बने लॉकप से 11 मार्च को भागा था। मामले में पुलिस ने रिपोर्ट भी दर्ज की थी। बताया कि पूर्व में 25 हजार रुपश् का इनाम भी घोषित किया गया था। घायल बदमाश को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने बताया कि आरोपी के खिलाफ फतेहपुर के अलग-अलग थानों समेत कानपुर के भी थानों में कुल 15 मामले दर्ज हैं। शातिर टाप टेन अपराधियों में शामिल है।

## सार-संक्षेप

### युवक ने कोटेदार पर लगाया घटतौली का आरोप

**खागा फतेहपुर।** धाता थाना क्षेत्र के अहमदपुर कुसुंभा गांव में एक युवक ने गांव के ही कोटेदार पर घटतौली का आरोप लगाया है। युवक के मुताबिक वह सरकारी राशन की दुकान में राशन लेने के लिए गया था। सरकारी राशन की दुकान अरविंद सिंह पुत्र मन्नू सिंह के नाम है। मामले में कोटेदार ने बताया कि इस बार शासन से राशन तौलने के लिए नई मशीन दी गई है। जिसको राशन रख कर सही तौल देख रहा था। जिससे किसी भी तरह की तौलने में दिक्कत न हो। वहीं पर उक्त युवक आया और दबाव बनाकर अधिक गेहूं मांगने का दबाव बनाने लगा। जिसको मना करने पर वह युवक भड़क गया और धमकी देने लगा कि अगर मुझे अधिक गेहूं नहीं दिया गया तो मैं तुम्हारी शिकायत कर दूंगा। कोटेदार ने आरोप लगाया कि वह निजी तौर पर खुन्नस रखता है। जिला पूर्ति अधिकारी से बात करने पर कहा कि जांच के बाद मामला सामने आएगा।

### तीन भाई-बहनों ने दूध समझकर पीया केमिकल

**बिंदकी।** दूध को संरक्षित करने वाले केमिकल को तीन सगे मासूम भाई बहनों ने दूध समझकर पी लिया। केमिकल के पीने के बाद मासूम बच्चों की हालत बिगड़ी तो परिजनों में हड़कंप मच गया। इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां ने प्राथमिक उपचार बाद हालत गंभीर देख जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।कोतवाली बिंदकी क्षेत्र के रैपुरवा गांव में राम भवन के घर में दूध को संरक्षित करने वाला एक केमिकल रखा हुआ था। शनिवार को राम भवन की चार वर्षीय पुत्री माही देवी, छह वर्षीय पुत्री आयुषी और आठ वर्षीय पुत्र रवि ने दूध के धोखे केमिकल पी लिया। इसके बाद तीनों मासूम बच्चों की हालत बिगड़ी तो परिजनों में हड़कंप मच गया। माही और आयुषी के मुंह से खून भी निकलने लगा। तीनों बच्चों को निजी वाहन से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया, जहां से डॉक्टर ने उन्हें सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। बताया कि राम भवन पहले दूध डेयरी का काम करता था, मौजूदा समय में डेयरी बंद है। केमिकल का उपयोग दूध को संरक्षित करने के लिए किया जाता है। वही केमिकल घर में रखा हुआ था जिसे बच्चों ने धोखे से पी लिया।

# सार्वजनिक अवकाश पर भी खुलेंगे उप निबंधक कार्यालय

**फतेहपुर।** वर्तमान वित्तीय वर्ष समाप्त होने से पूर्व अधिक से अधिक राजस्व वसूलने को लेकर सार्वजनिक अवकाशों में भी उप निबंधक कार्यालय खुले रहेंगे।

सहायक महानिरीक्षक निबंधन रईस अहमद खां ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2023-24 समाप्ति की ओर है। स्टांप एवं रजिस्ट्रेशन विभाग राजस्व प्राप्ति का एक मुख्य श्रोत है। शासन द्वारा निर्धारित राजस्व लक्ष्य की शत-प्रतिशत प्राप्ति के लिए बीते दिनों गूगल मीट के माध्यम से महानिरीक्षक निबंधन, उत्तर प्रदेश द्वारा अवकाश के दिनों में कार्यालय खोलकर अधिकाधिक राजस्व प्राप्ति के लिए निर्देश दिए गए हैं। इसलिए 29 मार्च को गुड फ्राई डे एवं 31 मार्च रविवार को सार्वजनिक अवकाशों में भी सभी उप निबंधन कार्यालय खोले जाएंगे।

होली की मिठास | स्वीट्स हाउस में बिक्री के लिए रखी गईं गुझिया, बच्चों के लिए बॉस्केट पकवान भी बाजार में उपलब्ध

# शहर के बाजारों में बिखरने लगी गुझिया की खुशबू, जमकर खरीदारी

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** होली पर जायके वाली गुझिया न हो तो सब सूना लगता है। शहर की बाजार में गुझिया की खुशबू बिखरने लगी है। दुकानों पर कई तरह की मिठाई भी सजी है। इसके अलावा अलग-अलग तरह के गिफ्ट पैक भी ग्राहकों को लुभा रहे हैं। बच्चों के लिए बॉस्केट पकवान भी बाजार में उपलब्ध हैं। जिले में होली 25 मार्च को खेली जाएगी।

शहर के बाजार में होली की बहार नजर आने लगी है। स्वीट्स की दुकानों पर कई वैराइटी की गुझिया बनाई जा रही हैं। एक से बढ़कर एक उपहार भी तैयार किए जा रहे हैं। कई तरह की मिठाई भी दुकानों पर उपलब्ध है। हालांकि होली का पारंपरिक पकवान गुझिया है। इसलिए इसकी मांग अधिक रहती है। एक स्वीट्स के संचालक का कहना है कि ग्राहकों की संख्या में इजाफा हो रहा है। अगले दो दिनों में अच्छे व्यापार का अनुमान लगाया जा रहा है।


होली पर्व पर गुझिया खरीदते ग्राहक। अमृत विचार

### 500 से 1500 रुपये किलो तक की गुझिया

देशी घी से निर्मित मिठाइयां, मूंगदाल बर्फी, काजू कतली और सूखी स्पेशल गुझिया दुकानों पर सजी हैं। एक रेस्टोरेंट के संचालक बताते हैं कि वह शहद के जलाव में गुझिया तैयार कर रहे हैं। यह गुझिया 500 रुपये किलो से लेकर 1500 रुपये किलो तक की रेंज में उपलब्ध हैं। इसके अलावा देशी घी की गुझिया भी लोगों की पहली पसंद बन रही है।

## कचरी और पापड़ से बाजार गुलजार, मांग बढ़ी

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** होली का त्योहार सुविधा सम्पन्न लोगों के साथ आम आदमी भी अपने कम संसाधनों में खुशमिजाजी के साथ मनाता है। कचरी, नमकीन, रंगों के साथ पिचकारियों की तरह-तरह वैरायटी लोग खूब खरीद रहे हैं। शोरूम के साथ फुटपाथों पर सजीं दुकानों पर ग्राहकों की भीड़ उमड़ रही है।

त्योहार पर अबीर गुलाल से होली खेलने के साथ तरह-तरह के विशेष पकवानों बनाने के लिए महिलाएं बाजारों में जमकर खरीदारी कर रही हैं। शहर के बाजार नमकीन, कचरी, रंग, पिचकारी के स्टॉलों से सजे हैं।


होली पर्व पर तरह-तरह के पिचकारी, रंग व गुलाल से सजी दुकान। अमृत विचार

- कपड़ों की दुकानों पर भी उमड़ रहे ग्राहक

साथ ही लोग अपने पूरे परिवार के साथ रेडीमेड कपड़ों की दुकानों पर जाकर मनपसंद कपड़ों की खरीदारी कर रहे हैं।

**नमकीन की खूब हो रही बिक्री :** होली का त्योहार आम आदमी के लिए खुशियां लेकर आता है। वजह यह कि सीमित संसाधनों में भी त्योहार की पूरी खरीदारी हो जाती है। वहीं काजू नमकीन, पिस्टा नमकीन, टेस्टी नमकीन, मूंग दाल आदि नमकीन 160 रुपये किलो से लेकर 300 रुपये किलो तक बिक रही हैं। इसकी मांग भी बढ़ी है।

### मिलावट कर सस्ते दाम में बेची जा रही खाद्य सामग्री

अस्थाई दुकानों पर जहां तरह-तरह की नमकीन, रंग, कचरी आदि खुली बिक रही हैं। वहीं मॉल व शोरूम में ब्रांडेड कंपनियों की ऐसी चीजें पैकेट में मिल रही हैं। दोनों के रेट में काफी अंतर पाया जा रहा है। सूत्र बताते हैं कि नमकीन, कचरी, रंग, खोवा आदि खाने-पीने की चीजों में मिलावट करके मिलावट खोर सस्ते दामों में बेच रहे हैं। जिसको खाने से स्वास्थ्य पर असर पड़ सकता है। इसलिए चीजों को परखकर ही खरीदें।

### ट्रैफिक व्यवस्था चरमराई

त्योहार की खरीदारी करने के लिए लोग अपने परिवार के साथ निकल रहे हैं। जिससे शहर की सड़कों पर वाहनों की संख्या भी बढ़ गई है। शनिवार को लाला बाजार, चौक चौराहा, बाकरगंज समेत अन्य जगह वाहनों की कतारें लगी रहीं। लोग जाम में फंसकर परेशान हुए। यातायात विभाग के अधिकारियों का कहना है कि जाम में फंसें इसके लिए जरूरी है कि यातायात नियमों का हरहाल में पालन किया जाए।

# रंगों से गर्भस्थ शिशु के स्वास्थ्य को खतरा

## ज्यादा तेल- मसाला बिगाड़ सकता है हाजमा, सावधान रहें

संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** होली पर गर्भवती महिलाओं को कुछ खास सावधानियां बरतने की जरूरत है। इसका यह मतलब बिल्कुल नहीं है कि आप अपने त्योहार को चुपचाप बीत जाने दें। कुछ सतर्कता बरत कर आप भी सुरक्षित होली खेल सकती हैं। होली में प्रयुक्त होने वाले सिंथेटिक (कृत्रिम) रंग गर्भवती, गर्भस्थ शिशु व धात्री महिला की सेहत को नुकसान हो सकता है।

रंगोत्सव का पर्व होली नजदीकी आ गई है। गांव से लेकर शहर तक अबीर-गुलाल उड़ने लगा है। छोटे बच्चे एक-दूसरे का चेहरा सतरंगी कर होली की मस्ती शुरू कर दी है। बाजार सिंथेटिक व केमिकल युक्त रंगों से पट गए है। यह रंग गर्भस्थ शिशु, गर्भवती व धात्री महिलाओं की सेहत बिगाड सकते हैं। स्त्री रोग विशेषज्ञ की मानें तो गर्भधारण के दौरान महिलाओं की रोग प्रतिरोधक क्षमता शिथिल पड़ जाती है, जिससे उनके बीमार पड़ने और संक्रमण का शिकार होने का खतरा बढ़ जाता है। इस समय महिलाओं को रसायनयुक्त रंग काफी गंभीर असर डाल सकते हैं।


जिला अस्पताल में लगी मरीजों की भीड़। अमृत विचार

### रंग में न करें पानी का उपयोग

होली पर रंगों के साथ ही पानी का भी बहुत प्रयोग होता है। रंगीन पानी से होली खेलने में भले ही काफी मजा आता हो लेकिन इसके कारण फिसलकर गिरने का खतरा भी काफी बढ़ जाता है। इसलिए गर्भवती महिलाओं को होली के दौरान पानी से खेलने से बचना चाहिए। गर्भवती महिलाओं को सूखे रंगों और अबीर-गुलाल के साथ होली खेलना चाहिए। इसके अलावा वह पूरी आस्तीन के कपड़े पहनें और आंखों को रंगों से बचाने के लिए चश्मा लगाएं।

### इन बातों का रखें ध्यान

होली पर रंग खेलने के अलावा गर्भवती महिलाओं को खानपान का भी ध्यान रखना चाहिए। अधिक तेल और मिर्च-मसाले वाला भोजन आपका हाजमा बिगाड़ सकता है। गर्भावस्था के दौरान ठंडाई और शीतल पेयों से भी दूर रहने की जरूरत है। होली के दौरान भांग की ठंडाई का सेवन लोग जमकर करते हैं, लेकिन अगर आप गर्भवती है तो इसका सेवन बिल्कुल भी न करें। भांग का सेवन हृदय गति व रक्त चाप को बढ़ाता है, बल्कि इसके कारण आपको और आपके गर्भस्थ शिशु को परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। इसके अलावा ज्यादा मिठाइयां और कार्बोनेटेड पेय पदार्थ पीने से शरीर में शर्करा की मात्रा बढ़ जाती है। इससे गर्भावस्था के दौरान मधुमेह का खतरा बढ़ जाता है।

### सिंथेटिक रंगों में होता लेड व कॉपर सल्फेट

होली पर इस्तेमाल होने वाले तमाम रंग सिंथेटिक होते हैं। इनमें लेड ऑक्साइड, कॉपर सल्फेट, रंग (डाई) और पिसा हुआ कांच मिला होता है। इन रासायनिक रंगों के प्रभाव से नर्वस सिस्टम, किडनी और प्रजनन तंत्र को गंभीर नुकसान पहुंच सकता है। गर्भवती महिला अगर इसके संपर्क में आती है तो उसे समय पूर्व प्रसव, बच्चे का वजन कम हो सकता है। रसायनयुक्त रंगों की जगह होली खेलने के लिए हर्बल रंग सबसे अच्छे होते हैं। ऐसे में इन रंगों के बजाय हर्बल रंगों से होली खेलना चाहिए। उनका कहना है कि गर्भधारण के दौरान महिलाओं की रोग प्रतिरोधक क्षमता शिथिल पड़ जाती है, जिससे उनके बीमार पड़ने और संक्रमण के शिकार होने का खतरा बढ़ जाता है। महिलाओं को रसायनयुक्त रंग काफी गंभीर असर डाल सकते हैं।

"होली पर इस्तेमाल होने वाले तमाम रंग सिंथेटिक होते हैं। इन रासायनिक रंगों के प्रभाव से नर्वस सिस्टम, किडनी और प्रजनन तंत्र को नुकसान पहुंच सकता है। गर्भवती महिलाओं को होली के दौरान पानी से खेलने से बचना चाहिए। उन्हें सूखे रंगों और अबीर-गुलाल से होली खेलना चाहिए।
–डॉ. शिवानी बाजपेयी, स्त्री रोग विशेषज्ञ।

# डबल डेकर बस पलटी, 30 यात्री घायल

संवाददाता फतेहपुर


जिला अस्पताल में भर्ती घायल। अमृत विचार


हादसे के बाद राहत कार्य में लगे लोग। अमृत विचार

- थरियांव हाईवे पर देहुली मोड़ पर हुआ हादसा
- बस में 102 लोग थे सवार होली पर जा रहे थे घर

**अमृत विचार।** कानपुर-प्रयागराज हाईवे पर चालक को झपकी आने से तेज रफ्तार प्राइवेट बस अनियंत्रित होकर पलट गई। बस में सवार 102 यात्रियों में 30 घायल हो गए। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। एक बस यात्री ने बताया कि सभी लोग होली पर्व पर दिल्ली से झारखंड अपने अपने घर जा रहे थे।

थरियांव थाना क्षेत्र के देहुली मोड़ के पास शनिवार सुबह छह बजे के करीब कानपुर से प्रयागराज जा रही बस चालक को झपकी लगने से अनियंत्रित होकर हाईवे पर पलट गई। इसके बाद यात्रियों में चीख पुकार मच गई। स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने लोगों की मदद से बस के अंदर फंसे यात्रियों को बाहर निकाला।

हादसे में बस में सवार करीब 30 यात्री घायल हो गए, जिनको पुलिस ने एंबुलेंस से जिला अस्पताल में भर्ती कराया। बस यात्री राजीव सिंह ने बताया बस दिल्ली से झारखंड जा रही थी। बस में क्षमता से अधिक यात्री थे। हादसे में 30 लोग से ज्यादा घायल हुए हैं, जिसमें महिलाएं और बच्चे भी शामिल हैं। ट्रामा सेंटर में डॉक्टर ने बताया बस हादसे में जावेद, मेनकी कुमारी, मुकेश कुमार, कलावती, संजय दास, ज्ञानू, सरवन, संतोष, आनंद सिंह, मनीष गुप्ता, प्रमोद अग्रवाल, अंजली, जिज्ञासा, चनने सिंह, सुसवन्त कुमार, नेहा सिंह, शिल्पा कुमार, दीक्षा और शिखा सहित अन्य घायल हैं। सभी का इलाज किया जा रहा है। थाना प्रभारी रणजीत बहादुर सिंह ने बताया सुबह एक प्राइवेट डबल डेकर बस पलटने से बस में सवार कुछ यात्री घायल हो गए। सभी को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बताया जा रहा है कि बस में क्षमता से अधिक लोग सवार थे।

## एक नजर

### तमंचा के साथ पकड़ा

**फतेहपुर।** मलवां पुलिस ने शनिवार को सहिली गांव स्थित पेट्रोल पंप के पास चेकिंग के दौरान एक संदिग्ध व्यक्त को एक तमंचा व दो कारतूस के साथ पकड़ा है। पूछताछ में आरोपी ने अपनी पहचान औंग थाना क्षेत्र के मिराई गांव निवासी अरुण सिंह पुत्र स्व. चन्द्रशेखर चौहान के रूप में बताई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी को कोर्ट में पेश किया है।

### 66 वाहनों का हुआ चालान

**फतेहपुर।** एसपी के निर्देश पर शनिवार को चलाए गए चेकिंग अभियान के दौरान पुलिस ने 66 वाहनों का चालान करते हुए एक वाहन से एक हजार रुपये का शमन शुल्क वसूला है। वहीं नौ लोगों के खिलाफ शांतिभंग की कार्रवाई की है।

### अपहरण का आरोपी गिरफ्तार

**फतेहपुर।** राधानगर थाना पुलिस ने मुचुवापुर गांव निवासी सनी पासवान पुत्र मुन्ना पासवान के खिलाफ अपहरण का मामला दर्ज किया था। जिसके बाद से आरोपी फरार चल रहा था। शनिवार को पुलिस ने आरोपी की गिरफ्तारी करते हुए कोर्ट में पेश किया है।

### मारपीट का आरोपी गिरफ्तार

**फतेहपुर।** ललौली पुलिस ने मुत्तौर गांव निवासी विजय चमार पुत्र राममनोहर के खिलाफ मारपीट समेत कई धाराओं में मामला दर्ज किया था। जिसके बाद से आरोपी फरार चल रहा था। शनिवार को पुलिस ने आरोपी की गिरफ्तारी कर कोर्ट में पेश किया है।

### नीम के पेड़ में आग, हड़कंप

**जहानाबाद।** कस्बे के बाजार लालूगंज नई बाजार में मार्केट के पीछे खड़े नीम के पेड़ में दोपहर अचानक आग की लपटे उठने लगीं। जिसे देख व्यापारियों ने नगर पंचायत प्रशासन को सूचना दी। जिस पर नगर पंचायत प्रशासन द्वारा पानी का टैंकर भेज दहक रहे नीम के पेड़ में पानी की बौछार कराकर उठती हुई आग की लपटों को शांत कराया।

### सड़क हादसों में तीन घायल

**फतेहपुर।** गाजीपुर थाना क्षेत्र के परसदेपुर गांव निवासी धर्मेंद्र पाल बाइक से किसी काम से जा रहा था। जैसे ही वह गंभरी गांव के पास पहुंचा तभी सामने से आ रही बाइक से भिड़ंत हो गई। हादसे में धर्मेन्द्र समेत इसी गांव का संतोष भी घायल हो गया। जबकि राधानगर थाना क्षेत्र के बड़नपुर गांव निवासी राहुल बाइक से रिश्तेदारी में जा रहा था, शहर के लोधीगंज के पास वाहन की टक्कर से वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# कुकर्म के प्रयास पर हुई श्रीचंद की हत्या

**खुलासा...**

संवाददाता, फतेहपुर


हत्याकांड का खुलासा करते पुलिस अधीक्षक उदय शंकर मिश्रा। अमृत विचार

- 24घंटे में हत्या का खुलासा आरोपी को किया गिरफ्तार

**अमृत विचार।** एक दिन पहले एक 45 वर्षीय व्यक्ति के सिर पर उसके ही खेत में ईंट से हमलाकर घायल कर दिया गया था। जिसकी कानपुर में इलाज दौरान मौत हो गई थी। अपर पुलिस अधीक्षक ने खुलासे के लिए दो टीमों को लगाया गया था। पुलिस ने हत्या का 24 घंटे में खुलासा करते हुए आरोपी युवक को गिरफ्तार किया है।

जिला मुख्यालय स्थित पुलिस लाइन में हत्या का खुलासा करते हुए पुलिस अधीक्षक उदय शंकर मिश्रा ने बताया बकेवर थाना क्षेत्र के हरदासपुर गंगरावल गांव के रहने वाले श्रीचंद कुशवाहा 21 मार्च की शाम करीब सात बजे अपनी बाइक लेकर घूमने निकले थे। जिनको अज्ञात व्यक्ति के द्वारा खेत के पास मुंह और सिर पर ईंट से हमलाकर घायल कर दिया गया था। रात में 11 बजे के आसपास परिजनों ने घायल अवस्था में कानपुर में भर्ती कराया था। इलाज दौरान श्रीचंद की मौत हो गई थी।

थाना प्रभारी योगेश कुमार सिंह ने मृतक के बड़े भाई के तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू किया तो घटना स्थल पर दो अलग अलग चप्पल और काम उत्तेजना बढ़ाने वाली दवा मिली थी। मृतक की बाइक घाटमपुर सीमा के पास एक नाला से बरामद किया गया था। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे की मदद से आरोपी की पहचान कर पधारा मोड़ के पास से गिरफ्तार किया गया है।

पकड़े गए आरोपी इशू उर्फ छोटे रैदास ने पूछताछ में बताया की वह 21 मार्च के दिन बिंदकी में शराब ठेका पर शराब खरीद रहा था। वहीं पर मृतक से पहली बार मुलाकात हुई और उसने बातचीत के दौरान शराब पिलाने की बात कही। दोनों लोग मृतक के खेत में साथ बैठकर शराब पीने के बाद मृतक ने आरोपी युवक के साथ कुकर्म करने का प्रयास करने लगा। आरोपी युवक ने पास में पड़ी ईंट से सिर और मुंह पर हमला कर घायल कर मृतक की बाइक लेकर भाग गया था। जो कि एक नाला में गिरने के कारण बाइक को वही छोड़कर भाग गया था।

# होली पर जिले की एंबुलेंस सेवाएं भी रहेंगी अलर्ट पर

संवाददाता, फतेहपुर

- एंबुलेंस संचालन संबंधी दिए गए निर्देश
- 24 घंटे मरीजों को दी जाएंगी बेहतर सेवाएं

**अमृत विचार।** जिले में इमरजेंसी मामलों में सेवा देने के लिए 24 घंटे सरकारी एंबुलेंस सेवाएं उपलब्ध रहेंगी। होली के दौरान एंबुलेंस सेवाओं को हाई अलर्ट पर रहने के निर्देश दिए गए हैं। त्योहार के दौरान 108 एवं 102 एंबुलेंस सेवाएं 24 घंटे निःशुल्क उपलब्ध रहेंगी। 108 एवं 102 एंबुलेंस सेवाओं के संचालन की जिम्मेदारी ईएमआरआई ग्रीन हेल्थ सर्विसेज की है।

एंबुलेंस सेवा प्रदाता संस्था के शुभम ने बताया कि होली को लेकर विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए गए हैं। 108 एंबुलेंसचिन्हित किए गए विशेष स्थानों, दुर्घटना बाहुल्य क्षेत्रों व थानों के नजदीक मौजूद रहेगी। हर जरूरतमंद व्यक्ति को कम से कम समय में एंबुलेंस सुविधा उपलब्ध कराकर उसकी जान बचाना हमारी प्राथमिकता है।

उन्होंने ने बताया कि सड़क या अन्य कोई दुर्घटना होने, जलने, हार्ट, सांस, लिवर, किडनी, पेट दर्द, स्किन से संबंधित या अन्य कोई भी समस्या होने पर 108 नंबर पर तत्काल सूचना दी जा सकती है। 108 एंबुलेंस जल्द से जल्द मौके पर पहुंचकर सेवा देगी। सभी एंबुलेंस में जीवन रक्षक दवाओं के साथ इमरजेंसी सुविधाएं व प्रशिक्षित स्टाफ उपलब्ध है। होली के त्योहार के दौरान गर्भवती महिलाओं व दो साल तक बच्चों को सेवाएं देने के लिए 102 एंबुलेंस सेवा 24 घंटे उपलब्ध रहेगी।

## सार-संक्षेप

### विजिलेंस टीम ने एसडीओ को रिश्वत लेते पकड़ा

**फतेहपुर।** जाफरगंज क्षेत्र के अंगदपुर निवासी हरिनाम सिंह ने उत्तर प्रदेश सतर्कता अधिष्ठान प्रयागराज में कनेक्शन जोड़ने के नाम पर उपखंड दफ्तर चौडगरा में तैनात एसडीओ अंशुल कुमार शर्मा द्वारा रिश्वत मांगे जाने की शिकायत की थी। रामपुर चौडगरा में संचालित शत्रुघ्न की एसपी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड डेवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड में आठ किलो वॉट का कामर्शियल कनेक्शन कराया गया था। फैक्ट्री की देखरेख हरिनाम सिंह द्वारा की जा रही है। करीब तीन माह पूर्व कनेक्शन काट दिया गया। जिसे जुड़वाए के लिए एसडीओ द्वारा 15 हजार रुपये की मांग की जा रही थी। शिकायत एक्सईएन बिंदकी से 18 जनवरी को की गई पर कनेक्शन नहीं जुड़ सका। आरोप लगाया कि एसडीओ द्वारा उससे कनेक्शन जोड़े जाने के नाम पर 25 हजार रुपये की मांग की जा रही थी। 20 मार्च को मिलने पर उससे एसडीओ ने 15 हजार रुपये की मांग की। शिकायत पर पहुंची विजिलेंस टीम ने एसडीओ को रंगे हाथ पकड़ लिया और प्रयागराज के लिए रवाना हो गई। एसपी विजिलेंस प्रयागराज ज्ञानवती तिवारी ने बताया कि उपभोक्ता की शिकायत पर एसडीओ के खिलाफ कार्रवाई की गई है।

### मधुमक्खियों के हमले में कई घायल

**फतेहपुर।** खागा क्षेत्र में सड़क के किनारे लसोहरा के पेड़ में बड़ी वाली मधुमक्खी का छत्ता लगा था। अचानक बाज के झपट्टा मार देने से मधुमक्खियों का छत्ता टूट गया फिर सड़क पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। इस दौरान कोई सड़क पर लेट कर तो कोई खेतों में घुस कर व कई लोगों ने तो रास्ते के किनारे सरपत में आग लगाकर जान बचाने का प्रयास करने लगा। इसमें म राहगीर, ज्ञान सिंह, अजय सिंह निवासी बबुरार, सन्तोष कुमार, सम्भू में मधुमक्खियों के हमले से बेहोश हो गए। सूचना पर निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अन्य राहगीरों को लोग अलग अलग अस्पतालों में भर्ती कराया गया है।

### बिजली पोल में करंट से दिहाड़ी मजदूर की मौत

**फतेहपुर।** सदर कोतवाली के ज्वालागंज चौराहा के पास बिजली पोल पर बिना सेफ्टी किट के चढ़ कर काम करते समय मजदूर करंट की चपेट में आ गया, जिससे वह जिंदा जल गया। मृतक मजदूर विभाग के एक ठेकेदार के यहां काम करता था। ज्वालागंज चौराहा के पास एक ठेकेदार के अंडर में काम करने वाले दिहाड़ी बिजली मजदूर विनोद कुमार पुत्र पूरन रैदास निवासी पहाड़ीपुर मजरे सनगांव को बिना किट के पोल पर चढ़ कर काम करने को कहा गया। उसका साथी नीचे था। शनिवार को दोपहर में वह पोल पर चढ़ कर काम करने लगा। इस बीच वह हाईटेंशन लाइन दौड़ रहे करंट की चपेट में आ गया। उसके शरीर से धुआं उठ कर आस-पास छा गया, जब तक लोग कुछ समझ पाते उसकी मौत हो चुकी थी। प्रभारी निरीक्षक कोतवाली सदर राजेन्द्र सिंह ने बताया कि मृतक बिजली ठेकेदार के अंडर में दिहाड़ी मजदूर था। उन्होंने कहा कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। परिजनों की ओर से फिलहाल कोई तहरीर नहीं मिली। तहरीर और पीएम रिपोर्ट के अनुसार कार्रवाई की जायेगी।

### ट्रेन में यात्री की मौत

**फतेहपुर।** गाजीपुर थाना क्षेत्र के लमहेटा गांव निवासी दिनेश अपने परिवार के साथ मुंबई में काम करता था। बताते हैं कि होली के पर्व पर सभी लोग ट्रेन से फतेहपुर आ रहे थे। जब ट्रेन ने झांसी स्टेशन पार किया तो दिनेश की हालत बिगड़ने लगी और कुछ देर बाद उसकी ट्रेन में ही मौत हो गई। परिजनों ने इसकी जानकारी किसी को नहीं दी। जब ट्रेन फतेहपुर स्टेशन पहुंची तो परिजनों ने इसकी जानकारी जीआरपी को दी। जिस पर जीआरपी ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। घटना की जानकारी मृतक के बाबा दीपक ने दी।

# चुनाव में 23 हजार युवा वोटर निभाएंगे निर्णायक भूमिका

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

- 18 से 19 साल के मतदाता पहली बार करेंगे मतदान
- सभी राजनीतिक दलों की युवा मतदाताओं पर विशेष नजर

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव में प्रत्याशियों की हार-जीत में जिले के 31 हजार युवा मतदाता भी अहम भूमिका निभाएंगे। इनको अपने पक्ष में करने के लिए राजनीतिक दलों द्वारा तमाम उपाय किए जा रहे हैं। पहली बार मतदाता बने 18 से 19 साल के इन वोटरों में भी मतदान को लेकर उत्साह है।

हर चुनाव में युवाओं की भूमिका काफी अहम रहती है। इस बार भी जनपद में युवा मतदाताओं की तादाद काफी अच्छी है। जिले में पहली बार मतदान करने वालों की संख्या 31 हजार है। जो इस बार प्रत्याशियों की हार जीत में अहम भूमिका निभाएंगे। अब देखना यह है कि किस प्रत्याशी और पार्टी का जादू इन युवा मतदाताओं पर चलता है। इसके अलावा 18 से 19 साल के मतदाता पहली बार वोट डालेंगे और उनमें भी मतदान को लेकर काफी उत्साह दिखाई दे रहा है। यहां पर कुल 31000 मतदाता चुनाव में पहली बार वोट की चोट करेंगे। जबकि जिले में कुल 19.35 लाख मतदाता वोट डालेंगे। जिसमें 08.57 लाख महिला मतदाता शामिल हैं। हर चुनाव में सभी राजनीतिक दलों एवं प्रत्याशियों का विशेष फोकस युवा मतदाताओं पर रहता है। राजनीतिक दलों द्वारा उनको लुभाने के लिए तमाम वादे भी किए जा रहे हैं। अब देखना है कि युवाओं का रुख किस राजनीतिक दल एवं प्रत्याशी की तरफ होता है।

# परिवहन के लिए तैयार कर लें रूट चार्ट

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

- सीडीओ ने लोकसभा चुनाव के मतदान एवं मतगणना को लेकर दिए निर्देश
- सभी विधानसभाओं के एआरओ को व्यवस्थाएं दुरुस्त करने को कहा

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव की तैयारियां जोरों पर हैं। शनिवार को कलेक्ट्रेट के महात्मा गांधी सभागार में मतदान एवं मतगणना की तैयारियों के संबंध में मुख्य विकास अधिकारी पवन कुमार मीना ने सभी नोडल अधिकारियों के साथ बैठक की। इसमें निर्देश दिए गए।

सीडीओ ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश के तहत नियुक्त किए गए नोडल अधिकारी मतदान, मतगणना को लेकर आयोग द्वारा निर्धारित मानक के अनुसार अपने-अपने दायित्वों का माइक्रोप्लान समय पर बना कर रिपोर्ट से अवगत कराएं। परिवहन के लिए रूट चार्ट तैयार कर वाहनों का निर्धारण कर लें। साथ ही ईंधन, पार्किंग, रिजर्व वाहनों आदि की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश भी संबंधितों को दिए।


महात्मा गांधी सभागार में निर्देश देते सीडीओ। अमृत विचार

उन्होंने कहा कि जनपद की सभी छह विधानसभा के लिए नामित एआरओ अपने-अपने क्षेत्र के बूथों का निरीक्षण कर सभी मूल व्यवस्थाएं दुरुस्त कर लें। मतदान एवं मतगणना का प्रशिक्षण की तैयारी पूरी कर लें। साथ ही पोस्टर बैलेट पेपर, स्टेशनरी आदि की व्यवस्थाएं कर ली जाएं। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व डॉ. अविनाश त्रिपाठी, अपर जिलाधिकारी न्यायिक धीरेंद्र प्रताप, उपजिलाधिकारी सदर, खागा, बिन्दकी, जिला विकास अधिकारी, परियोजना निदेशक डीआरडीए, उप निदेशक कृषि, प्रभारी मुख्य चिकित्सा अधिकारी समेत सभी सम्बंधित मौजूद रहे।

**होली आई रे** | जिला पंचायत राज अधिकारी ने नामित किए नोडल अफसर

# गांवों में चलाया जाएगा विशेष सफाई अभियान

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** होली पर्व पर गांव स्तर पर भी सफाई को लेकर विशेष सफाई अभियान चलाया जा रहा है। इसके लिए सभी ब्लाकों में नोडल अधिकारी नामित कर दिए गए हैं। जो विशेष अभियान पर अपनी नजर रखेंगे।

जिला पंचायत राज अधिकारी उपेन्द्र राज सिंह ने बताया कि जिलाधिकारी के निर्देश पर होली पर्व को लेकर जनपद की सभी ग्राम पंचायतों में विशेष सफाई अभियान चलाया जा रहा है। सभी खंड विकास अधिकारियों एवं सहायक विकास अधिकारियों को विकास खंड के अंतर्गत ग्राम पंचायतों में तैनात सफाई कर्मचारियों के माध्यम से विशेष सफाई अभियान चलाने के निर्देश दिए गए हैं। होलिका दहन की स्थलवार सफाई कराने के लिए कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। बताया कि ग्राम पंचायतों में साफ-सफाई, कूड़े का निस्तारण, नाली की सफाई, फागिंग, चूना छिड़काव एवं एंटीलार्वा आदि कार्य कराए जाने है। विशेष सफाई अभियान के लिए ग्राम पंचायतों में 1416 सफाई कर्मचारियों की टीम बनाकर एवं 363 अतिरिक्त मजदूरों को लगाकर सफाई का कार्य कराया गया। अब तक ग्राम पंचायतों में नालियों की साफ-सफाई, 1823 कूड़े के ढेर, 1733 होलिका दहन स्थल तथा गड्ढों में जल भराव की एवं सार्वजनिक स्थल, रास्तों की साफ-सफाई करायी गई है। इसके साथ ही मच्छर जनित बीमारियों की रोकथाम के लिए नालियों में एन्टी लार्वा, चूना आदि का छिडकाव भी कराया गया।


गांव में हो रहा चूने का छिड़काव।

### ये हैं ब्लाकवार नोडल अधिकारी

- राज कुमार सिंह, धाता : 9628614203
- कौशलेन्द्र सिंह, हसवां : 7007044025
- संजय कुमार श्रीवास्तव, ऐरायां : 7379592225
- अनुपम शर्मा, हथगाम : 8057078000
- अनुपम शर्मा, भिटौरा : 8057078000
- मो हारून, विजयीपुर : 8630292528
- योगेन्द्र सिंह, तेलियानी : 9412139486
- राजेश कुमार, बहुआ : 9450228022
- राम शंकर वर्मा : 7007786597
- अशोक कुमार सरोज, असोथर : 9455907334
- राकेश कुमार पुष्कर, मलवां : 6396737191
- विनोद कुमार, अमौली : 9719279003
- श्रीष त्रिपाठी, देवमई : 9415676894
- दिनेश कुमार, खजुहा : 9918725106

# जिला स्तरीय पड़ोस युवा संसद कार्यक्रम आयोजित

संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के स्वायत्त संगठन नेहरू युवा केंद्र फतेहपुर की ओर से जिला स्तरीय पड़ोस युवा संसद व मतदाता जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन शनिवार को औंग क्षेत्र के एक निजी कॉलेज में किया गया।

युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के स्वायत्त संगठन नेहरू युवा केंद्र फतेहपुर की ओर से जिला स्तरीय पड़ोस युवा संसद कार्यक्रम का आयोजन शनिवार को औंग क्षेत्र के एक निजी कॉलेज में किया गया। जिला युवा अधिकारी गोपेश पाण्डेय ने राष्ट्रीय युवा नेता कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की। युवा भारत पोर्टल के बारे में युवाओं को जानकारी प्रदान करते हुए कहा कि राजनैतिक सहभागिता से युवा देश की आर्थिक प्रगति को नई गति प्रदान कर सकते

औंग थानाध्यक्ष कांति सिंह ने कहा कि युवाओं को कौशल के माध्यम से 2047 के नए भारत की परिकल्पना को साकार करना है। विकासशील किसान वीरेन्द्र पटेल ने मोटे अनाज की विशेषता बताते हुए युवाओं के समक्ष बाजरे के कुछ उत्पाद बनाने का जीवंत प्रस्तुतीकरण किया। सुशील बाजपेई ने युवाओं को जल संरक्षण करने के लिए प्रेरित किया। युवा विकास समिति अध्यक्ष ज्ञानेंद्र मिश्रा ने सदन की कार्यवाही का संचालन किया। कार्यक्रम में स्कूल प्रबंधक समर पटेल, सतीश, मुकेश, प्रेम शंकर तिवारी समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

प्रवेश प्रारम्भ
प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

# सरकार बनने पर लगेगी अंवतीबाई की प्रतिमा

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- लोधी समाज समेत कई वर्गों के लोग लखनऊ पहुंचकर सपा में शामिल हुए
- अखिलेश ने कन्नौज जिले से पहुंचे कार्यकर्ताओं से मुलाकात की

**अमृत विचार।** प्रदेश में समाजवादी पार्टी की सरकार बनते ही तिर्वा के पैरामेडिकल कॉलेज परिसर में वीरांगना रानी अंवतीबाई लोधी की विशाल प्रतिमा लगाई जाएगी। यह बात पूर्व मुख्यमंत्री व सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कही है। गुरुवार को उन्होंने कन्नौज लोकसभा क्षेत्र के कार्यकर्ताओं से मुलाकात की। इसमें लोधी समाज का भी प्रतिनिधिमंडल शामिल रहा। कई दलों व वर्गों से पहुंचे लोगों ने सपा की सदस्यता भी ग्रहण की।

भाजपा किसान मोर्चा के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष रामशंकर सिंह लोधी ने भाजपा छोड़कर सपा की नीतियों पर आस्था जताई। उन्होंने कहा कि लोधी-राजपूत समाज का इतिहास गौरवशाली रहा है। इस समाज ने लगातार भाजपा को मजबूत किया लेकिन पिछले कुछ समय में बदले राजनीतिक माहौल में लोधी-राजपूत समाज को अपमानित किया जा रहा है। इसलिए आगामी लोकसभा क्षेत्र के चुनाव में वह अपने समर्थकों के साथ सपा मुखिया को मजबूत करेंगे। रामशंकर लोधी वर्ष 2012 में पूर्व मुख्यमंत्री कल्यान सिंह की राष्ट्रीय क्रांति पार्टी से तिर्वा विस क्षेत्र से चुनाव भी लड़ चुके हैं।


लखनऊ में पार्टी कार्यकर्ताओं से मुलाकात करते सपा मुखिया अखिलेश यादव।

### पिछड़े वर्ग का हक खत्म कर रही भाजपा

सपा प्रदेश सचिव आकाश शाक्य ने शुक्रवार को कन्नौज पार्टी कार्यालय में कहा कि रामशंकर सिंह लोधी ने लोधी–राजपूत समाज के सम्मान व स्वाभिमान के खातिर जो निर्णय लिया है वह सराहनीय है। उन्होंने कहा कि भाजपा लगातार पिछड़े समाज के हक अधिकारों को खत्म करने का काम कर रही है। तिर्वा के इंदरगढ़ तिराहे व छिबरामऊ के सौरिख तिराहे पर मूर्तियां लगाने के दौरान जो अपमान किया गया है उससे कई वर्गों के लोग नाराज हैं। इस मौके पर बिधूना विधायक रेखा वर्मा, पूर्व मंत्री तोताराम यादव, रामसेवक राजपूत, अंशूपाल, हसीब हसन, प्रवल प्रताप सिंह बघेल, नेम सिंह यादव, राजेंद्र यादव, शरद यादव, श्याम सिंह यादव, अंशुल दोहरे, पंकज यादव व लालू यादव मौजूद रहे।

## गोली मारने की रिपोर्ट पंद्रह दिन बाद दर्ज

**तिर्वा, कन्नौज।** मारपीट के बाद युवक को गोली मारकर घायल करने की घटना के 15 दिन बाद पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

फर्रुखाबाद के नदौरा गाव निवासी रामनरेश व उसका युवा पुत्र प्रवेश तिर्वा से 6 मार्च की देर शाम को घर जा रहे थे। वह लोग ईशन नदी पुल पास पहुंचे तो रामनरेश को गोली मारकर घायल कर दिया गया। पुलिस ने उसे चिकित्सा महाविद्यालय में भर्ती कराया। यहां से उसे कानपुर रेफर कर दिया गया। इलाज के बाद 22 मार्च को पाड़ित के पुत्र प्रवेश ने पुलिस को दी गई तहरीर में चितापुर्वा गाव निवासी जयवीर सिंह, फर्रुखाबाद के नदौरा निवासी गुलाब, कोतवाली के बिलंदापुर निवासी अखिलेश, विशुनगढ़ के बहादुरपुर निवासी राकेश यादव को आरोपी बनाया।

# शिक्षक संगठनों के दावे थोथे निकले

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की कुल 42,660 उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन
- शनिवार को दोनों केंद्रों पर 830 परीक्षक व डीएचई गैरहाजिर रहे

**अमृत विचार।** माध्यमिक शिक्षा विभाग से जुड़े कुछ शिक्षक संगठनों ने शनिवार को मूल्यांकन न करने का ऐलान किया था। इसको लेकर शीर्ष स्तर पर बैठक भी हुई थी। इसके उलट जनपद के दोनों केंद्रों पर हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की 42,660 उत्तरपुस्तिकाएं जांची गईं। हालांकि कुल 830 परीक्षक व उप प्रधान परीक्षक गैरहाजिर भी रहे।

शहर के दोनों मूल्यांकन केंद्रों पर 1822 परीक्षक व डीएचई के सापेक्ष 992 शिक्षकों ने कॉपियां जांचीं। एसबीएस इंटर कॉलेज के उप नियंत्रक एसएल सिंह ने बताया कि कुल एक लाख 97 हजार 681 कॉपियों के सापेक्ष अब तक एक लाख 38 हजार 744 कॉपियां जांची जा चुकीं हैं। शनिवार को 28,228 कॉपियों का मूल्यांकन हुआ। कुल 525 परीक्षक और 20 उप प्रधान परीक्षक गैरहाजिर रहे। केके इंटर कॉलेज के उप नियंत्रक एके शर्मा ने बताया कि एक लाख 43 हजार 116 उत्तरपुस्तिकाओं के सापेक्ष अब तक 1,12,866 कॉपियां जांची जा चुकीं हैं। कुल 628 परीक्षक में 344 शामिल हुए और 284 गैरहाजिर रहे। 69 डीएचई के सापेक्ष 68 उपस्थित हुए और एक गैरहाजिर रहे। शनिवार को 14,432 कॉपियां जांची गईं। एसबीएस इंटर कॉलेज के उप नियंत्रक ने बताया कि कुछ परीक्षकों ने फोन कर मूल्यांकन की जानकारी जरूर ली थी। उन्होंने उत्तरपुस्तिकाएं जांचने का क्रम जारी रखने को कहा।

### तीन दिन नहीं जंचेंगी बोर्ड परीक्षा की कॉपियां

**कन्नौज।** शहर के दो केंद्रों पर यूपी बोर्ड परीक्षा की कॉपियों का मूल्यांकन चल रहा है। होली की वजह से 24, 25 व 26 मार्च को हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की उत्तरपुस्तिकाएं नहीं जांची जाएंगी। डीआईओएस डॉ. पूरन सिंह ने बताया कि शहर स्थित केके इंटर कॉलेज में इंटरमीडिएट की कॉपियों का करीब 70 फीसदी मूल्यांकन हो गया है। एसबीएस इंटर कॉलेज मूल्यांकन केंद्र पर हाईस्कूल की 55–60 फीसदी उत्तरपुस्तिकाएं जांच दी गईं हैं। परीक्षकों की गैरहाजिरी उनका असर मूल्यांकन पर नहीं पड़ रहा है। परीक्षकों की संख्या बढ़ा दी गई है और कॉपियां समय से जांची जा रहीं हैं। 31 मार्च तक कॉपियां जांचने का समय माध्यमिक शिक्षा परिषद प्रयागराज की ओर से दिया गया है।

## एक नजर

### बाइक व साइकिल की टक्कर, दो घायल

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** ग्राम सराय प्रयाग निवासी रंजन तिवारी शनिवार की सुबह लगभग 08 बजे साइकिल से दूध लेकर घर जा रहा था। तभी अंडरपास के सामने रोड पार करते समय विपरीत दिशा से आ रहे जसोदा के ग्राम कुल्हापुर निवासी राहुल कुमार की बाइक साइकिल से टकरा गई। इससे दोनों लोग घायल हो गए। घायलों को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया।

### रस्से में फंसी बाइक, दो युवक घायल

**तालग्राम, कन्नौज।** ग्राम बनियानी निवासी शैलेश उर्फ शीलू (16) गांव के रिषभ (20) के साथ शनिवार को बाइक से त्योर जा रहा था। तालग्राम–छिबरामऊ मार्ग पर स्थित ग्राम हिम्मतनगला के पास भूसा लदी पिकअप से लटक रहे रस्से में बाइक फंसकर गिर गई। इससे दोनों युवक घायल हो गए। घायलों को कस्बा के सीएचसी में भर्ती कराया गया। शीलू को गंभीर हालत में मेडिकल कालेज तिर्वा रेफर कर दिया गया। यहां से कानपुर हैलट अस्पताल भेज दिया गया।

# जिले का 'ईपी रेशियो' बढ़ा तो बढ़ेगा मतदान का प्रतिशत

## 'इलेक्टोरल टू पॉपुलेशन' : अनुपात बढ़ने से बदल जाते राजनीतिक समीकरण, जिले की आबादी के 63.73 प्रतिशत मतदाता, तिर्वा में सबसे अधिक वोटर

अमृत विचार विशेष

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज



**अमृत विचार।** इस बार ईपी (इलेक्टोरल टू पॉपुलेशन) अनुपात बढ़ने से मतदान की रफ्तार भी बढ़ेगी। पहली बार जिले का ईपी रेशियो 63.73 प्रतिशत पर पहुंच गया है। जानकारों की मानें तो जब ईपी रेशियो बढ़ता है तो राजनीतिक समीकरण भी बदल जाते हैं। विशेष मतदाता पुनरीक्षण अभियान में इस बार जिले में सबसे अधिक वोट बनाए गए हैं, जिसमें विधानसभा क्षेत्रवार ईपी रेशियो बढ़ गया है।

जिले में मतदाता का अंतिम प्रकाशन हो चुका है। इसी के साथ मतदाता व आबादी का अनुपात भी तय हो गया है। जिले में लोकसभा चुनाव के लिए तय हुआ अनुपात 64:36 का है, जिसमें 63.73 प्रतिशत अर्थात् 12,86,784 मतदाता हैं। वहीं शेष 36.27 प्रतिशत में 7,01,141 की आबादी है, जो गैर मतदाता हैं। वोटर्स की बढ़ती संख्या जिले के लिए खुशी की बात होती है। मतदाता सूची पुनरीक्षण के बाद जो ईपी रेशियो निकलकर आया है वह अफसरों को भी राहत दे रहा है। ईपी रेशियो बढ़ने से राजनीतिक समीकरण भी बिगड़ जाते हैं तो फर्जी मतदान की चिंता भी बढ़ जाती है। हालांकि भारत निर्वाचन आयोग के मानक के अनुसार जिले का ईपी रेशियो इस समय सही है।

### डुप्लीकेट मतदाताओं की संख्या में आई कमी

उप जिला निवार्चन अधिकारी आशीष कुमार सिंह ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के नियमों के मुताबिक वोटर की संख्या और शेष आबादी के 62 :38 का अनुपात आदर्श रेशियो माना जाता है। हालांकि जिले में इसका दो प्रतिशत अधिक है, जो आयोग की दृष्टि के खतरे से बाहर है। गौरतलब है कि यदि वोटर प्रतिशत में आयोग से तय नियमों से अधिक वृद्धि होती है तो ईपी डिस्टर्ब माना जाता है। इसका सीधा सा मतलब होता है कि मतदाता सूची से डुप्लीकेट वोटर की संख्या में कमी नहीं आई है। मतदाता सूची में एक से अधिक बार नाम होने वह मतदाता डुप्लीकेट की श्रेणी में आता है। इस बार के पुनरीक्षण अभियान में डुप्लीकेट मतदाओं की संख्या में कमी आई है।

"जिले में ईपी रेशियो निर्वाचन आयोग के मानक के अनुसार निर्धारित किया गया है। डोर टू डोर अभियान चलाकर डुप्लीकेट वोटरों का नाम काटा गया है। लोकसभा चुनाव में जिले का ईपी रेशियो बढ़ने से इस बार मतदान प्रतिशत भी बढ़ेगा।

–बिनीत कटियार, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी



### जिले की स्थिति

| | | |
|---|---|---|
| कुल आबादी | 19,87,925 | 100 प्रतिशत |
| कुल मतदाता | 12,86,784 | 63 .73 प्रतिशत |
| गैर मतदाता | 7,11,041 | 36 .27 प्रतिशत |

### विधानसभा क्षेत्रवार ईपी रेशियो

| विधानसभा क्षेत्र | कुल मतदाता | ईपी रेशियो |
|---|---|---|
| छिबरामऊ | 4,76,207 | 62 .98 प्रतिशत |
| तिर्वा | 3,80,814 | 64 .25 प्रतिशत |
| कन्नौज सदर | 4,29,763 | 64 .11 प्रतिशत |
| योग | 12,86,784 | 63 .73 प्रतिशत |

### 26 मार्च को स्थानीय अवकाश घोषित

**कन्नौज।** होली का अवकाश 24 को रविवार, 25 को रंगोत्सव व 26 मार्च को स्थानीय अवकाश घोषित कर दिया गया। बीएसए ने जारी किए आदेश में कहा है कि सभी बोर्ड के स्कूलों में कक्षा एक से आठ तक स्थानीय अवकाश है।

## राजनीतिक व आपत्तिजनक पोस्ट करने पर नपेंगे शिक्षक

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- सोशल मीडिया पर साझा की जाने वाली पोस्ट पर रहेगी शिक्षा विभाग की नजर
- लोकसभा चुनाव को लेकर लागू है आदर्श आचार संहिता

**अमृत विचार।** कई शिक्षक, शिक्षामित्र, अनुदेशक व कर्मचारी सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर सक्रिय रहते हैं। इनमें से कुछ ऐसे भी लोग हैं जो राजनीति की पोस्ट डालते हैं। साथ ही आपत्तिजनक टिप्पणी भी करते हैं। इसको लेकर शिकंजा कसा जाएगा। संबंधितों पर कार्रवाई की जाएगी। इसको लेकर बेसिक शिक्षा महकमा भी निगरानी कर रहा है।

बीएसए उपासना रानी वर्मा ने जारी किए आदेश में कहा है कि लोकसभा क्षेत्र के चुनाव का ऐलान हो जाने की वजह से आदर्श आचार संहिता लागू है। इसका पालन करना जरूरी है। सोशल मीडिया पर होने वाली सभी पोस्टों की निगरानी की जा रही है। विषम परिस्थितियों में संबंधित का उत्तरदायित्व निर्धारित किया जाएगा। उस पर विभागीय कार्रवाई की जाएगी। बीएसए ने इसको लेकर बीईओ, नगर शिक्षा अधिकारी सहित सभी शिक्षकों व कर्मचारियों को पत्र भेजा है।

# 22वें दिन मंजूर हुई विमल की जमानत

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- बीएसए कार्यालय में 29 फरवरी को रिश्वत के आरोप में पकड़ा गया था
- सदर कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज होने के बाद पहली मार्च को भेजा गया था लखनऊ

**अमृत विचार।** एंटी करप्शन टीम कानपुर ने बीएसए कार्यालय में 29 फरवरी को वरिष्ठ लिपिक विमल पांडेय को रिश्वत लेने के आरोप में पकड़ा था। सदर कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज होने के अगले दिन पहली मार्च को लखनऊ जेल भेज दिया गया था। 22 मार्च को प्रदेश की राजधानी की अदालत ने जमानत याचिका मंजूर कर ली।

बताया गया है कि एंटी करप्शन टीम ने जो कहानी गढ़ी थी उसमें काफी झोल निकले। सीसीटीवी कैमरों की फुटेज ने सारी सच्चाई बयां कर दी थी। वरिष्ठ लिपिक की ओर से पैरवी करने वाले अधिवक्ता ने फुटेज, फोटो, वायरल वीडियो समेत काफी साक्ष्य अदालत में लगाए। उसके बाद पैरवी की गई। बताया यह भी गया है कि कुछ दिनों से जमानत याचिका में तारीखें लग रहीं थीं।

21 मार्च को भी सुनवाई होनी थी जो उस दिन नहीं हुई। अगले दिन सुनवाई के दौरान जमानत मंजूर हो गई। मार्च का चौथा शनिवार, 24 को रविवार व 25 को होली का अवकाश है। इस वजह से 26 मार्च को विमल पांडेय घर आ जाएंगे।

### एएसपी की जांच रिपोर्ट का सभी को इंतजार

एंटी करप्शन टीम के सदस्य की ओर से वरिष्ठ लिपिक की पिटाई करने का सीसीटीवी फुटेज वायरल हुआ था। उससे पहले उन्नाव के शिक्षक ने भी विमल पांडेय पर जबरन रुपये गिराकर पिटाई की थी। साथ ही बीएसए कक्ष में लगा एनवीआर चोरी हो गया। इन सबके बाद मामले की जांच एंटी करप्शन लखनऊ के एसपी राजेश कुमार ने एएसपी इंदु प्रभा सिंह को दी थी। दो दिनों तक उन्होंने मामले की जांच कर साक्ष्य एकत्र किए। साथ ही डीएम शुभ्रान्त शुक्ल व एसपी अमित आनंद से भी मुलाकात की थी। लोगों को इंतजार है कि आखिर एएसपी की जांच रिपोर्ट में क्या है और उस पर क्या कार्रवाई हुई। हालांकि चर्चाएं हैं कि एक अधिकारी अपनी टीम पर कार्रवाई शायद ही करे। पुराने रिकार्ड को देखा जाए तो ज्यादातर अधिकारी बचाव ही करते हैं। हालांकि यह समय बताएगा कि एएसपी ने की जांच दिखावा थी या हकीकत की रिपोर्ट दी गई है।

# शिक्षक पर कक्षा दो के छात्र को फेंकने का आरोप, हाथ टूटा

संवाददाता, तिर्वा-कन्नौज

- परिजन बोले, लिखने का पैड खोने पर भड़के
- पुलिस ने जांच के बाद मामला बताया झूठा


अस्पताल में मां के साथ बैठा पीड़ित छात्र। अमृत विचार

**अमृत विचार।** एक्जाम पैड खोने की शिकायत पर आक्रोशित शिक्षक ने छात्र को उठाकर फेंक दिया। इससे उसका हाथ टूट गया जिसे चिकित्सा महाविद्यालय में भर्ती कराया गया है। छात्र के पिता ने शिक्षक पर कार्रवाई के लिए पुलिस को तहरीर दी। हालांकि थानाध्यक्ष ने जांच के बाद मामला झूठा होने की बात कही।

थाना ठठिया के कौलेपुर्वा गाव निवासी नीरज पुत्र रामविलास का सात साल का पुत्र किशन कुमार गाव के ही परिषदीय स्कूल में कक्षा दो का छात्र है। वह 21 मार्च वह परीक्षा देने स्कूल गया था। वहां किसी तरह उसका हाथ टूट गया। उसे चिकित्सा महाविद्यालय में भर्ती कराया गया। पिता ने स्कूल के एक शिक्षक पर आरोप लगाया कि उसके पुत्र का एक्जाम पैड खो गया था जिसकी शिकायत करने वह शिक्षक के पास गया। शिकायत को सुनकर शिक्षक आक्रोशित हो गया और पुत्र को उठाकर फेंक दिया। जमीन पर गिरने से बेटे का हाथ टूट गया।

सूचना मिलते ही उसने स्कूल पहुंच अपने पुत्र को चिकित्सा महाविद्यालय में भर्ती कराया। यहां पुत्र का आपरेशन किया गया। पीड़ित छात्र के पिता ने आरोपी शिक्षक के खिलाफ कार्रवाई के लिए पुलिस को तहरीर दी।

थानाध्यक्ष किशन पाल ने बताया कि तहरीर के आधार पर जांच की गई तो जानकारी हुई कि छात्र स्कूल में झूला झूलते समय गिर पड़ा और उसका हाथ टूट गया। अन्य छात्रों ने भी इस बात की जानकारी दी। मामला गलत है।

## सार-संक्षेप


छात्रा को प्रतीक चिह्न व रिपोर्ट कार्ड देते प्रबंधक। अमृत विचार

### मेहनत व लगन से शिक्षा ग्रहण करें बच्चे

**तेराजाकेट, कन्नौज।** शनिवार को ग्रमा मिश्रापुर स्थित चौधरी जयवीर सिंह इंटर कॉलेज में रिपोर्ट कार्ड वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें बेहतर प्रदर्शन करने वाले तीन छात्र–छात्राओं को स्मृति चिंह व प्रमाण देकर उत्साहवर्धन किया गया। इस दौरान विद्यालय के प्रबंधक प्रशांत कुमार यादव व प्रधानाचार्य राहुल भदौरिया के अलावा देवेंद्र यादव उर्फ देव, राजेंद्र सिंह यादव, आलोक यादव, अगम कुमार दुबे, संजीव मोहन शर्मा, संगम यादव, सचिन, रिंकी, प्रियंका, शिवानी, शीलू, जगमोहन सिंह आदि मौजूद रहे।

### पुलिस ने एक और आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**तिर्वा, कन्नौज।** अमृत विचार। दस दिन पहले पुरानी रंजिश के चलते ठठिया थाना क्षेत्र के मलगई गांव निवासी शमशुल खां ओर आसिफ खां के बीच मारपीट के मामले में पुलिस ने एक और आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। दस दिन पहले हुए संघर्ष में पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर के आधार पर 42 लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर की थी। पुलिस ने घटना में शामिल फखरुल खां को पकड़कर जेल भेज दिया था। शुक्रवार की देर रात को थानाध्यक्ष किशनपाल सिंह की अगुवाई में पुलिस ने घटना में शामिल रब्बानी खान को भी पकड़ लिया है। आरोपी को न्यायालय पेशकर जेल भेज दिया है। पुलिस ने अभी तक दो को जेल भेज चुकी है।

### शहीदों की याद में किया रक्तदान

**कन्नौज।** समाजसेवी संस्था मानव सेवा समिति ने शहीद दिवस के मौके पर शनिवार को संयुक्त जिला अस्पताल परिसर स्थित ब्लड बैंक में नौवा स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित किया। मुख्य अतिथि संजय कुमार गुप्ता ने शिविर आयोजित करने वाली संस्था मानव सेवा समिति की सराहना की। शिविर में वरिष्ठ उपाध्यक्ष मोहम्मद शान उर्फ शानू ने रक्तदान किया। संस्था के अध्यक्ष ललित मेहरोत्रा व सदस्य अरुण कुमार गुप्ता के अलावा दीपक कटियार भी महादानी बने। रक्तदान करने वाले सभी रक्त दानियों को सीएमएस डॉ. शक्ति बसु के साथ ब्लड बैंक प्रभारी डॉक्टर विभांशु चतुर्वेदी, लैब टेक्नीशियन डॉक्टर सुनील पाठक, काउंसलर मिथिलेश ने डोनर कार्ड व प्रमाण पत्र प्रदान किए।

### गोवंश से टकराकर पलटा टेंपो, दो घायल

**छिबरामऊ, कन्नौज।** फर्रुखाबाद चौराहे से छह सवारियों को लेकर टेंपो चालक बेवर जा रहा था। प्रेमपुर बार्डर पर टेंपो गोवंश से टकराकर पलट गया। हादसे में लालपुर निवासी आकाश (18) पुत्र बालकिशन व गौरव (20) पुत्र विनोद घायल हो गए।

### घर के सामने खड़ी कार चोरी

**तिर्वा, कन्नौज।** घर के बाहर खड़ी सफारी कार चोरी हो गई। मामले में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। रानी अबंतीबाई नगर निवासी कुलदीप राजपूत ने पुलिस को बताया कि उसके पास हरियाणा नंबर की एक टाटा सफारी कार थी। इसे 21 मार्च की शाम को उसने अपने घर के बाहर खड़ी कर दी। रात में कार चोरी हो गई। रिपोर्ट दर्ज हो गई है।

### ट्रक व डंपर चालकों से लूटपाट

**सौरिख।** एक्सप्रेस वे पर शनिवार को लुटेरों ने ट्रक व डंपर चालकों से लूटपाट की। पीड़ितों ने पुलिस से शिकायत की। मध्यप्रदेश के भिंड जिले के सिमराव निवासी चालक विश्राम सिंह व संतोष नगर निवासी ट्रक मालिक विशाल शाक्य लखनऊ से इटावा जा रहे थे। शनिवार सुबह तीन बजे के करीब आगरा लखनऊ टोल प्लाजा के आगे अपना ट्रक खड़ा किए थे। आगे दो डंपर और खड़े थे। उसी दौरान चार लुटेरे ट्रक पर चढ़ गए और मारपीट कर विश्राम से 15 हजार और विशाल से 4 हजार रुपए लूटकर फरार हो गए। इसके बाद डंपर चालकों से भी लूटपाट की। विशाल ने कुछ दूरी पर खड़ी यूपी 112 पुलिस को घटना की जानकारी दी तो पुलिस ने भगा दिया। डंपर चालक तो मौके से चले गए लेकिन विश्राम ने सौरिख पुलिस और यूपीडा को दी।

श्रद्धांजलि — डॉ. राम मनोहर लोहिया की 114 वीं जयंती पर मूर्ति की सफाई कर अर्पित किए पुष्प

# डॉ. लोहिया ने लोगों को अधिकार दिलाने की लड़ी लड़ाई

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** समाजवाद के चिंतक डॉ. राम मनोहर लोहिया की जयंती सफाइयों ने धूमधाम से मनाई। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि डॉ. लोहिया ने हमेशा जरूरतमंदों को हक दिलाने की लड़ाई लड़ी। उनके दिखाए रास्ते पर चलना ही उनको सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

यह बात पूर्व ब्लॉक प्रमुख नवाब सिंह यादव ने उनकी 114वीं जयंती पर लोहिया चौराहे पर स्थित मूर्ति पर माल्यार्पण करने के बाद कही। इससे पहले कार्यकर्ताओं के सहयोग से मूर्ति की साफ सफाई की गई। नवाब ने युवाओं से आह्वान किया कि आज डॉ. लोहिया के जन्मदिन पर ये संकल्प लें कि डॉ. राम मनोहर लोहिया ने जिस तरह असमानता की लड़ाई लड़ने का काम किया हम समाजवादी कार्यकर्ता उनके बताए मार्ग चलने का काम करेंगे। इस मौके पर संजय दुबे, विनोद यादव, विश्वनाथ कुशवाहा, प्रतोष पाण्डेय, अमित मिश्रा, उदय वीर, धर्म वीर पाल, सत्येन्द्र यादव, मनोज कठेरिया सभासद, वीर पाल सभासद, संजीव मिश्रा, दीपेन्द्र यादव, गौतम कुशवाहा, अतुल मौर्य, प्रमोद यादव, गौरव यादव एडवोकेट, बबलू यादव, संजय यादव, दीपक यादव, इंतजार खान, सुरेन्द्र कुमार कुशवाहा साहित कई लोग मौजूद रहे।


तिर्वा क्रासिंग पर डॉ. लोहिया की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते नवाब सिंह यादव।


छिबरामऊ में जयंती मनाते सपा के पदाधिकारी व कार्यकर्ता। अमृत विचार

### समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय में भी आयोजन

**कन्नौज :** समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय पर डॉ. राममनोहर लोहिया की जयंती का कार्यक्रम जिलाध्यक्ष कलीम खान की अध्यक्षता में एवं लोहिया वाहिनी जिलाध्यक्ष अंशु पाल के संचालन में हुआ। पूर्व ब्लाक प्रमुख इंद्रेश यादव, विधानसभा अध्यक्ष प्रवल प्रताप सिंह बघेल ने संबोधित किया। उनके अनुमोदन पर विधानसभा महासचिव आनंद बाबू यादव सहित 51 सदस्यी कमेटी को मनोनयन पत्र वितरित किए गए। प्रदेश सचिव आकाश शाक्य, सयुस प्रदेश उपाध्यक्ष हसीब हसन, बजरंग सिंह चौहान, राजेश यादव, श्याम सिंह यादव, यश दोहरे अंशुल, सुधीर कश्यप, राकेश कठेरिया, कौसर खान, सुनील दिवाकर, जिला प्रवक्ता शकील अहमद, दरोगा कटियार, मुकुट सिंह, कमलेश कटियार, टंकू पाल, गुफरान अहमद, राकेश कटियार, अशुतोष यादव, शुभम मिश्र आदि साथी उपस्थित रहे। छिबरामऊ प्रतिनिधि के अनुसार नगर के कालिका देवी मंदिर के सामने डॉ.लोहिया की 114 वीं जयंती मनाई गई। सलोवा के पूर्व जिला अध्यक्ष योगेंद्र सिंह यादव के अलावा अशोक चौहान, मेजर सिंह यादव, नरेंद्र शर्मा आदि रहे।

## परिषदीय स्कूलों में 27 को समाप्त हो जाएगी परीक्षा

**कन्नौज।** जिले में 20 मार्च से परिषदीय स्कूलों की गृह परीक्षाएं शुरू हो गईं थीं जो 27 मार्च को समाप्त होंगी। होली से पहले 23 मार्च को पेपर संपन्न हुआ। तीन दिन अवकाश के बाद अब अंतिम पेपर ही कराया जाएगा। बीएसए उपासना रानी वर्मा की ओर से जारी परीक्षा कार्यक्रम के मुताबिक कक्षा एक में मौखिक परीक्षा होगी। कक्षा दो, तीन, चार व पांच में दोनों पालियों में सभी विषयों की मौखिक परीक्षा कराई जाएगी।

कक्षा छह, सात व आठ में सुबह सवा नौ से पौने 11 बजे तक पहली पाली में बेसिक क्राफ्ट, संबंधित कला, कृषि व गृह शिल्प विषयों की परीक्षा होगी। दूसरी पाली में कक्षा छह से आठ तक खेल एवं शारीरिक शिक्षा व स्काउटिंग की परीक्षा होगी। बेसिक शिक्षा परिषद के आदेश के मुताबिक 31 मार्च से पहले उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन व रिपोर्ट कार्ड का वितरण हो जाएगा। हालांकि किसी भी परीक्षार्थी को फेल नहीं किया जाएगा।

# आज आखत डालेंगे, रंगोत्सव की रहेगी धूम

कन्नौज। होलिकोत्सव आज से प्रारंभ होगा। रात्रि में होलिका दहन के बाद आखत डाले जाएंगे और रंगोत्सव की धूम होगी। इससे पहले शनिवार को बाजार में चारों तरफ होली की रौनक दिखाई दी और पकवानों के साथ रंगों की खुशबू से बाजार सराबोर हो गया। लोगों ने त्योहार के लिए जमकर खरीदारी की। पर्व मनाने के लिए लोगों ने मिठाईयां, नमकीन और पकवान खरीदे तो घरों में भी महिलाएं तैयारियों में जुटीं रहीं। महंगाई होने के बाद भी खरीददारों के उत्साह में कमी नहीं रही और बाजार में खूब धनवर्षा हुई। अपेक्षित फायदा होने से दुकानदार भी उत्साहित नजर आए।

### होलिका दहन : आज रात्रि 11.02 से 12.08 बजे तक मुहूर्त

- सोमवार को ब्रह्ममुहूर्त में डाले जाएंगे आखत, फिर रंगोत्सव
- भद्रा का साया प्रदोष समाप्त होने पर दहन


ज्योतिषाचार्य वीरचंद्र त्रिपाठी।

कन्नौज। इस बार होलिका दहन पर चंद्रग्रहण और भद्रा का साया रहेगा, जिससे होलिका दहन प्रदोष समाप्त होने के बाद ही किया जाएगा। हालांकि इस बार होली पर कई ग्रहों में उथल-पुथल रहेगी, जिससे इस वर्ष राजनीतिक हलचल और अतिवृष्टि व अनावृष्टि का भी योग है। जिले के प्रख्यात ज्योतिषाचार्य पं. वीरचंद्र त्रिपाठी ने बताया कि होलिका दहन का शुभ समय फाल्गुन पूर्णिमा को प्रदोष व्यापिनी भद्रा के बाद माना जाता है। इस बार 24 मार्च रविवार को चंद्रग्रहण व भद्रा के उपरांत रात्रि 11.02 बजे से 12.08 बजे तक होलिका दहन किया जा सकेगा। हालांकि पूर्णिमा सोमवार को दोपहर 12.18 बजे तक रहेगी, लेकिन फिर भी कई स्थानों पर ब्रह्ममुहूर्त बेला में या सुबह आखत डाले जाएंगे। जिले के देहात क्षेत्रों में दोपहर बाद आखत डालने का विधान है। ऐसे में ग्रामीण इलाकों में प्रतिपदा को ही आखत डाले जाएंगे। इसके बाद रंगोत्सव प्रारंभ होगा जो मंगलवार दोपहर तक रहेगा। होलिकोत्सव का मुख्य पर्व 25 मार्च सोमवार को ही मनाया जाएगा।

### त्रेतायुग की तरह इस बार भी होलिका दहन

ज्योतिषाचार्य ने बताया कि यह संयोग है कि इस वर्ष अयोध्या में श्रीराम मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा हुई और उस दिन वही ग्रह-नक्षत्र व योग थे, जो त्रेतायुग में थे। इसी प्रकार इस साल होलिका दहन भी त्रेतायुग की तरह प्रदोष व्यापिनी भद्रा के उपरांत होगा। इससे राजनीतिक गलियारों में उथल-पुथल रहेगी और मौसम में विशेष परिवर्तन होंगे। फसलों में उत्पादन अधिक होगा, लेकिन महंगाई भी बढ़ेगी।


फुटपाथ पर लगी कचरी की दुकान। अमृत विचार

### होली पर बाजार में रही चहल-पहल

गुरसहायगंज। शनिवार को बाजार के दिन होली पर खूब चहल-पहल रही। नगर में सजी परचून, रंगों, कपडों, फुटवियर की दुकानों पर ग्राहकों का सैलाब उमड़ता दिखा और नगर सहित क्षेत्र के दर्जनों ग्रामों से आए महिला-पुरुषों ने जमकर खरीददारी की। लोगों ने बाजार में कपडे, रंगों व परचून की खरदारी की। सुरक्षा के लिए बाजार में पर्याप्त पुलिस बल भी गश्त करता रहा।

## बिजली के तारों के नीचे न जलाएं होली

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

अमृत विचार। बिजली लाइन के नीचे होली न जलायें। इससे दुर्घटना हो सकती है। आग से जल कर तार टूटने से बिजली गुल होने के साथ ही दुर्घटना हो सकती है। अधिशाषी अभियंता ने बचाव के तौर तरीके जारी कर लाइनमैन को जागरुकता के लिये लगाया है।

अधिशाषी अभियंता मगन सिंह ने बताया कि होली पर्व महत्वपूर्ण है। इसे खुल कर मनाएं लेकिन सावधानी बरतें। होलिका दहन बिजली के तारों व अन्य उपकरण या ट्रांसफार्मर के निकट न करें। होलिका दहन से निकलने वाली आग की लपटों से एलुमीनियम के तार व केबल जलने की संभावना आधिक रहती है। गर्म हो कर यह तार टूट कर गिर सकते हैं। बिजली की लाइन प्रभावित होने की दशा में बड़ा हादसा हो सकता है। होली में लकड़ी का अधिक प्रयोग न करें। इससे आग की आंच बिजली के तारों तक न पहुंचे। रात में होलिका दहन के समय अधिकतर लाइनों में बिजली प्रवाहित हो रही होती है। यदि तार टूट कर गिरा तो बड़ी दुर्घटना हो सकती है। जिन स्थानों पर होली तारों के नीचे रखी हो उसे कुछ इधर से उधर कर सकते हैं। एक्सईएन ने जिले के लाइनमैन को इसके संबंध में आदेश जारी कर उनको गांव गांव जा कर लोगों को जागरुक करने को कहा है।

### अवकाश पर खुला रहेगा बिजली स्टोर

कन्नौज। होलिका पर्व पर अवकास घोषित है। इसके बाद भी 24 व 25 मार्च को बिजली संबंधी फाल्ट होने पर यदि किसी तरह के बिजली सामान की की पूर्ति के लिए बिजली स्टोर को खुला रखा गया है। अधिशाषी अभियंता स्टोर ने आदेश जारी कर स्टोर को दो दिन तक खुला रखने के आदेश दिये हैं।

### केमिकलयुक्त रंग बिगाड़ सकता है चेहरे की रंगत

कन्नौज। जिला अस्पताल के ईएमओ डॉ. हरि माधव का कहना है कि होली में प्रयोग होने वाले केमिकल युक्त रंगों से खुद का पूरी तरह बचाव करें। किसी तो कालिख न लगायें। जला हुआ मोविल आयल किसी को न लगायें न ही खुद को लगने दें। इन के शरीर पर पड़ने से त्वची खराब हो जाती है। खास कर हरा रंग त्वचा को पूरी तरह से काट देता है। त्वचा को बचाने के लिये शरीर पर पहले अच्छी तरह से सरसों या गरी के तेल की मालिस करें। इसके बाद रंग खेलें। हो सके तो शूखे अबीर से होली खेलें।

## आज शाम पांच बजे बंद हो जाएंगी शराब की दुकानें

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- ठेके से ही खरीदें शराब, बाहर की हो सकती है जहरीली

अमृत विचार। होली पर्व को देखते हुए जिलाधिकारी ने 24 घंटे के लिये शराब की सभी दुकानें व गोदाम बंद करने के निर्देश दिये हैं। यह दुकानें 25 मार्च की शाम पांच बजे बंद होकर 25 मार्च की शाम पांच बजे खुलेंगी।

इस वर्ष होलिका दहन 24 मार्च को तथा रंग खेलने का पर्व 25 मार्च को होना निर्धारित है। व्यवस्था बनाये रखने के उद्देश्य से आबकारी अधिनियम, 1910 की धारा 59 के तहत जिला मजिस्ट्रेट शुभ्रान्त कुमार शुक्ल ने 25 मार्च को सायं 05.00 बजे तक जिले में संचालित सभी शराब की दुकानें जिनमें देशी शराब, विदेशी मदिरा, बियर, मॉडल शाप, भांग, ताड़ी, एफ०एल०-41 व अन्य थोक एवं फुटकर मदिरा, मादक पदार्थों की बिक्री पूरी तरह से बंद रहेंगी। वहीं जिला आबकारी अधिकारी वरुण कुमार लाल ने चेतावनी जारी की है कि शराब पीने के शौकीन लोग शराब की दुकान से ही खरीदें। गोपनीय तरह से या कहीं बाहर से लाई गई शराब का सेवन न करें। कम कीमत में मिलने वाली शराब जहरीली व मिलावटी हो सकती है। इससे जान भी जा सकती है।

## घर में बनाने की जगह बाजार से खरीद रहे गुझिया

गुरसहायगंज। इस समय बाजार भी पूरी तरह रंग पिचकारी, कचरी, पापड़ की दुकानों से सजा है। रेडीमेड कपड़ा और अन्य पकवानों की दुकानें भी भिन्न-भिन्न वैरायटी से भरी हुई हैं। मंहगाई और आधुनिकता के आगे होली पर्व की परम्पराओं से जुड़ी वस्तुओं की ब्रिकी खूब हो रही है।

बाजार में रेडिमेड गुझिया, पापड़, चिप्स, सेव, कचरी आदि नमकीन मौजूद है। जबकि कभी यह सभी पकवान घरों में ही बनाए जाते थे। लेकिन समय और मेहनत से बचने के लिए लोग होली के पकवानों को रेडीमेड खरीद रहे है।

## नशे में वाहन चलाया तो पुलिस करेगी कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- बैरियर लगाकर पर्व पर की जाएगी चेकिंग



अमृत विचार। बैरियर लगा कर पुलिस होली पर चेकिंग करेगी। शराब के नशे में बाइक चला कर हंगामा किया तो कार्रवाई की जायेगी। होली पर शराब के नशे में मारपीट, हंगामा करने वालों व वाहन चलाने वालों पर पुलिस का चाबुक चलेगा। एसपी अमित कुमार आनन्द ने जिले की पुलिस को होली पर सतर्कता बरतने को कहा है। एसपी ने कहा कि होली पर जिले के सभी बैरियर पर विशेष चेकिंग की जाये। शराब के नशे में मारपीट या हंगामा करने वालों पर कार्रवाई की जाये। यही नहीं जिले के सभी बैरियर पर पुलिस चेकिंग अभियान चलायेगी। यदि शराब के नशे में वाहन चलाते पकड़े गये तो पुलिस कार्रवाई कर देगी। किसी को केमिकल युक्त रंग न डालें। यही नहीं जिसे रंग पसंद न हो उसके ऊपर रंग न डालें। इससे विवाद हो सकता है।

## होली : खरीदारी से बाजार में भीड़

संवाददाता, छिबरामऊ-कन्नौज

अमृत विचार। खाने पीने मौज मस्ती करने वाला होली का सोमवार को मनाया जाएगा। होली के त्योहार के लिए महिलाएं एक सप्ताह से पहले ही तैयारियां शुरु करने में लगी हैं। होली की खरीदारी के लिए बाजारों में कपड़ा, किराना स्टोर, चिप्स पापड़, दालमोठ के साथ-साथ रंग अबीर एंव पिचकारियों की दुकानें सजी हैं। रेडीमेड दुकानदारों ने बताया कि इस बार लोग होली पर केवल बच्चों के कपड़े ही खरीद रहे हैं। बाजारो में जगह-जगह रेडीमेड, आलू चिप्स, पापड़ की दुकानों पर खरीदारो की भीड़ लग रही है। समय के अभाव में लोग इन्हें घर बनवाने की अपेक्षा रेडीमेड खरीदने में अधिक रुचि ले रहे हैं। त्योहार के चलते नगर की रेडीमेड कपड़ों की दुकानों पर भीड़ दिखाई दी।


पिचकारी व रंगों की बिक्री करता दुकानदार। अमृत विचार

## कहीं सेहत न बिगाड़ दे मिलावटी गुझिया

संवाददाता, गुरसहायगंज-कन्नौज

अमृत विचार। होली पर्व की परंपरा में गुझिया का अपना ही एक महत्वपूर्ण स्थान है। होली पर्व पर हर घर में इसे बनाना अनिवार्य होता है। पर्व को मनाने वाले इसे हर हाल में अपनी क्षमतानुसार बनाते है। तो वही होली की अनिवार्य मिठाई गुझिया में मेवा सहित खोवा का प्रयोग भी होता है।

खोवा का उत्पादन दूध की उपलब्धता पर निर्भर करता है। जबकि मिलावट का खेल दूध से ही शुरू हो जाता है। मिलावटखोर खोवे को भी मिलावट से अछूता नहीं रखते। मिलावटी गुझिया कहीं आपकी सेहत न बिगाड़ दे।


गुझिया। अमृत विचार


संचारी रोगों की रोकथाम के लिए बैठक करते ईओ। अमृत विचार

## संचारी रोगों की रोकथाम के लिए होगा एंटीलार्वा का छिड़काव

गुरसहायगंज। शासन के निर्देशन पर 01 से 30 अप्रैल तक मच्छर जनित रोगों की रोकथाम के लिए माइक्रोप्लान तैयार कर स्वास्थ्य विभाग को उपलब्ध करा दिया गया है। इसके अनुसार वार्डवार एंटीलार्वा छिड़काव किया जाएगा।

शनिवार की दोपहर नगर पालिका सभागार में अधिशासी अधिकारी अनिल कुमार के नेतृत्व में निकाय स्तर पर बैठक की गई। इसमें अधिशासी अधिकारी ने मच्छर जनित बीमारियों पर नियंत्रण के लिए एकजुटता से कार्य करने का आह्वान किया। दिन के समय एंटीलार्वा का छिड़काव करने के साथ उसी वार्ड में शाम को फागिंग कराई जाए। इस दौरान यूनिसेफ ब्लॉक मोबिलाइजर नसीबा खान, स्वास्थ्य विभाग से एआरओ सर्वेश कुमार, प्रधान लिपिक आरपी सिंह, आकाश सक्सेना, मनोज तिवारी, राजन बाबू, अशोक कुमार आदि मौजूद रहे।

तालग्राम प्रतिनिधि के अनुसार स्वच्छ भारत मिशन जिला कोऑर्डिनेटर रक्षा चौहान के नेतृत्व में नगर पंचायत सभागार में स्वास्थ्य विभाग व पंचायत कर्मियों बैठक की गई। इसमें संचारी रोग नियंत्रण को लेकर निर्देशित किया गया।

## झपकी आने से आगे चल रहे वाहन से टकराई कार, दो जख्मी

सौरिख। झपकी आने से आगे चल रहे वाहन से कार टकरा गई जिससे दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए सूचना पर पहुंची यू पी डा की टीम ने घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा। दिल्ली के थाना दयाल बुद्ध के मोहल्ला ओल्ड मुस्तफाबाद निवासी चालक कासिम पुत्र आस मोहम्मद परिचालक साजिद पुत्र मोहम्मद महमूद के साथ लखनऊ से डीजे का सामान ले कर दिल्ली जा रहा था जैसे ही इनकी बोलेरो पिकअप आगरा लखनऊ एक्सप्रेसवे के किलोमीटर संख्या 142 पर पहुंची थी तभी चालक कासिम को नींद आ गई। इससे आगे चल रहे वाहन से टकरा गई जिससे दोनों घायल हो गए। सूचना पर पहुंची यूपीडा की टीम ने एंबुलेंस से घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा। क्षतिग्रस्त वाहन को टोल प्लाजा पर खड़ा कर दिया गया।

## छात्र-छात्राओं ने दिखाई प्रतिभा

संवाददाता, गुरसहायगंज, कन्नौज

अमृत विचार। ग्राम नदसिया स्थित सरस्वती शिशु मन्दिर मे वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सांसद सुब्रत पाठक ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया।

विद्यालय की छात्रा मान्या व दीक्षा ने गणेश वंदना से सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारंभ किया। छात्रा खुशी, आराध्या, काजल, पल्लवी, अंशिका ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। छात्रा पलक व छात्र आनंद मोहन ने शिव तांडव किया। निवेदिता, मानवी, वंशिका ने स्वागत गीत गाया।

बच्चों द्वारा प्रस्तुत सीता स्वयंवर व मां दुर्गा द्वारा महिषासुर वध की लोगों ने जमकर सराहना की। सांसद व प्रबंधक मोहित शुक्ला ने छात्र-छात्राओं को प्रतीक चिन्ह देकर उत्साहवर्धन किया। विद्या भारती जन शिक्षा समिति कानपुर प्रांत के प्रदेश निरीक्षक धीरेंद्र सिंह ने भी संबोधित किया। इस दौरान संभाग निरीक्षक विजय शंकर, जिला प्रमुख प्रताप नारायण मिश्र, प्रांतीय खेलकूद प्रमुख संतोष पाठक, प्रधानाचार्य कौशलेंद्र सिंह चौहान आदि मौजूद रहे।



सांस्कृतिक कार्यक्रम का मंचन करतीं छात्राएं। अमृत विचार

### विद्या के मंदिरों में उड़ा अबीर-गुलाल, सराबोर हुए बच्चे

कन्नौज। रंगों का त्योहार होली भले ही घरों में कल से मनाया जाएगा, लेकिन शनिवार को विद्या के मंदिर होली के रंगों से रंगे दिखाई दिए। नौनिहालों ने अपने गुरुजनों संग होली खेली तो सहपाठियों को भी गुलाल लगाया। उल्लासपूर्ण वातावरण में बच्चों ने एक-दूसरे से गले मिलकर शिकवे दूर किए तो पकवानों और मिठाइयों से एक-दूसरे का मुंह भी मीठा कराया। जिले में सभी स्कूलों में होली का पर्व धूमधाम से मनाया गया। बच्चों को रासायनिक व सिंथेटिक रंगों से होली न खेलने की नसीहत दी गई तो होली पर पानी को बचाने की अपील भी की गई।


गुरसहायगंज : रंगों में सराबोर स्कूली बच्चे। अमृत विचार


छिबरामऊ : ज्ञाना इंटरनेशनल स्कूल में होली का पर्व मनाते बच्चे।


छिबरामऊ : विशुनगढ़ रोड स्थित एसपीएल आदर्श विद्यालय में बच्चों ने होली खेली।

## सार-संक्षेप

### आठ एडीओ व 12 खंड प्रेरकों से जवाब-तलब

कन्नौज। जिले के आठ एडीओ पंचायत व 12 खंड प्रेरकों से जवाब तलब हुआ है। पंचायती राज विभाग के कार्यालय की ओर से बताया गया है कि 15वां व राज्य वित्त आयोग का खर्च प्रतिशत कम है। इस वजह से कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। नोटिस में ओडीएफ प्लस, व्यक्तिगत शौचालय व आरआरसी संचालन कराने को लेकर भी जिक्र किया गया है।

### खेत में पहुंची बकरी तो पटककर मार दिया

तिर्वा। कोतवाली के रतापुर्वा गांव निवासी कुसुमा पत्नी राधे पुत्र के साथ मृत बकरी को लेकर कोतवाली पहुंची। बताया कि गांव के एक दबंग के खेत के पास उसकी बकरी पहुंच गई तो उसने बकरी को उठाकर पटक दिया जिससे उसकी मौत हो गई। दूसरे पक्ष के सोवरन ने बताया कि उसके खेत में बकरी फसल खा रही थी। उसको भगा दिया और बकरी मालिक से उलाहना दिया। बकरी मालिक ने उसे स्वयं उठाकर पटकने के साथ उसके साथ मारपीट कर घायल कर दिया। दोनों पक्षों के लोगों ने पुलिस को एक दूसरे पर आरोप लगाकर तहरीर दी।

### सफाई व्यवस्था को लेकर सभासदों ने जताई नाराजगी

गुरसहायगंज। शनिवार की सुबह लगभग 10 बजे सभासद शिवा गुप्ता, विपिन चैरसिया, दिनेश गुप्ता, जीतू गुप्ता, वीरेंद्र गुप्ता, संतोष गुप्ता, दीपक गुप्ता, भईयालाल दुबे, सोनू सैनी, सुरेंद्र राठौर, निर्मल श्रीवास्तव, ऐनुद्दीन भूरा, आजम, कपिल यादव, परमजीत नगर के मोहल्ला अफसरी स्थित अधिशासी अधिकारी अनिल कुमार के आवास पर पहुंचे। सभासदों ने सफाई कर्मियों पर लापरवाही व मनमानी का आरोप लगाया और वार्डों में सही से सफाई कार्य न करने की बात कही। इस पर अधिशासी अधिकारी अनिल कुमार ने सफाई नायक अशोक कुमार, राजन बाबू को गलियों व सड़कों पर सही से सफाई कार्य कराने के निर्देश दिए। प्रधान लिपिक आरपी सिंह, सफाई नायक अशोक कुमार, राजन बाबू आदि मौजूद रहे।

### प्राथमिक विद्यालय में खेली गई फूलों की होली

तिर्वा। उमर्दा ब्लॉक के प्राथमिक विद्यालय महसौनापुर में होली की नई परंपरा का सूत्रपात किया गया। शिक्षकों ने बच्चों संग फूलों की होली खेली और केमिकलयुक्त रंगों से दूर रहने की सलाह दी। विद्यालय के प्रधानाध्यापक वैभव राजपूत ने छात्रों को फूलों से होली खेलने के लिए जागरूक किया। होली के गीतों पर बच्चे खूब थिरके। बच्चों को फूलों से होली खेलने के बारे में बताया गया।

व्यवस्था — इलेक्ट्रॉनिक वेइंग स्केल मशीनों से वजन चेक कर किया जा रहा सील

## नई तौल मशीनों से मिलेगा राशन

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

अमृत विचार। अगर सबकुछ ठीक रहा तो अगले महीने यानि अप्रैल से उचित दर विक्रेताओं (कोटेदार) के यहां से नई तौल मशीन व ई-पॉस से राशन बांटा जाएगा। दोनों ही तरह की मशीनें जिले में आ गईं हैं। बांट व माप विभाग वजन चेक कर उनको सील कर रहा है। जल्द ही डिवाइस के साथ डीलरों व कोटेदारों को प्रशिक्षण भी दिया जाएगा।

डीएसओ राजीव मिश्र ने बताया कि तीनों तहसील क्षेत्र की राशन दुकानों के लिए कुल 662 इलेक्ट्रॉनिक वेइंग स्केल आ चुके हैं। तिर्वा तहसील परिसर में रखीं मशीनों की बांट एवं माप विभाग की टीम स्टम्पिंग (वजन जांच कर सील) कर रही है। डीएसओ का कहना है कि उनका प्रयास है इस महीने मशीनों को सील करने की प्रक्रिया पूरी हो जाए। अप्रैल में होने वाले वितरण से पहले मशीने दुकानों तक पहुंच जाएं और उससे ही खाद्यान्न का वितरण किया जाए। अगले महीने के पहले सप्ताह में ही खाद्यान्न वितरण की बात कही गई है। कन्नौज व छिबरामऊ में मशीनें कृषि मंडी समिति में रखी हैं। तिर्वा की तहसील परिसर में मशीनें हैं। ई-पॉस को इलेक्ट्रानिक वेइंग स्केल से जोड़ने की प्रक्रिया चल रही है।

- बांट व माप विभाग की टीम है सक्रिय, जल्द दी जाएगी डिवाइस को लेकर ट्रेनिंग


तिर्वा तहसील में रखी इलेक्ट्रॉनिक वेइंग स्केल मशीन व मौजूद कर्मचारी।

## बंधुत्व और प्रेम का प्रतीक है होली

छिबरामऊ। होली या होलिका बंधुत्व और प्रेम का प्रतीक पर्व है। इस दिन राग, द्वेष और ईर्ष्या को त्यागकर समरसता को अंगीकार करें और ईश्वर के प्रति अनुराग बढ़ाएं तो होली सार्थक होगी। यह बात मंशेश्वरनाथ मंदिर में प्रवचन के दौरान आचार्य प्रशांतानंद तिवारी चंदन ने कही। उन्होंने कहा कि बसंत ऋतु के सौंदर्य को संजोए फाल्गुन मास का यह पावन पर्व होली अभिमान को त्याग कर प्रेम को स्वीकारने का पर्व है। पतझड़ के बाद वृक्षों पर नए-नए पत्ते एवं हरियाली मानो हमको संदेश देते हैं कि जिस प्रकार हमने वर्षों पुराने पत्तों को त्याग कर नए पत्तों को स्वीकार कर अपनी सुंदरता को बढ़ाया है। उसी प्रकार प्रत्येक हम अपने अहंकार का त्याग कर शीतलता, शालीनता व धैर्यता को स्वीकार कर अपने जीवन को सुंदर बना सकते हैं।

RAVI CHILDREN'S ACADEMY
Situation Vacant
Apply offline for the following posts....

| S.No | Post | Qualification |
|---|---|---|
| 1 | Principal | Post Graduate with B.Ed. , Min. 5 Years' Experience of teaching as P.G.T, Knowledge of Administration & Child pedagogy |
| 2 | Sport Teacher/ P.T.I | M.P.Ed., Achievement & Certificates in the field of Sport / Game at District/ State/ National level |
| 3 | Hindi/ Sanskrit (P.G.T) | Post Graduate with B.Ed. in relevant subject / Acharya ( Sanskrit), C.T.E.T |
| 4 | Geography (P.G.T) | Post Graduate with B.Ed. in relevant subject, C.T.E.T |
| 5 | History (P.G.T) | Post Graduate with B.Ed. in relevant subject, C.T.E.T |
| 6 | Primary Teacher ( Play Group) | Graduate & N.T.T.+ D.El.Ed. |
| 7 | Lab. Asst. | B.Sc.(Physics, Chemistry, Biology) |
| 8 | Office Asst. (Computer Operator) | B.Com with O- Level, Tally, Erp ( Preference to Female Candidate) |
| 9 | Receptionist | Female ( graduation with good communication skill in English) |
| 10 | Aaya | High School with interest in child care |

Note: Apply offline with detailed resume and relevant supportive documents till **Friday, 5 April 2024**
Date of interview: **Sunday, 7 April 2024**
Address: Ravi Children's Academy, Near Dukh Haran Nath Temple, Patel Nagar, Gonda- 271001
Contact No – 9450944999

# चेकिंग के दौरान कार में मिले 2.23 लाख रुपये

संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव के दौरान जगह-जगह की जा रही चेकिंग में एक कार से 2 लाख 23 हजार 700 रुपये बरामद हुए है।

फतेहगढ़ कोतवाली क्षेत्र में नेकपुर चौरासी के पास उड़नदस्ता टीम के मजिस्ट्रेट अविनाश, दरोगा सुबोध कुमार अपने फोर्स के साथ चेकिंग कर रहे थे। फर्रुखाबाद की तरफ से यूपी 32 डीओ4797 फोर्ड गाड़ी आ रही थी। तभी उड़नदस्ता टीम ने गाड़ी को रोका और चेकिंग की । चेकिंग के दौरान फोर्ड गाड़ी से 2 लाख 23 हजार 700 रुपये मिले । सूचना पर कर्नलगंज चौकी प्रभारी नर सिंह भारी फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। पूछताछ में बताया गया कि अंजनी पीडब्ल्यूडी अकाउंटेंट के पद पर कुशीनगर में तैनात है। उनके साथी जितेंद्र पीडब्ल्यूडी अकाउंटेंट के पद पर सुल्तानपुर तैनात हैं। पुलिस गाड़ी सहित दोनों लोगों को कर्नलगंज चौकी में ले गई। पूछताछ की जा रही है।



कार की चेकिंग करती टीम।

# गैंगस्टर की 35 करोड़ की संपत्ति कुर्क

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** गैंगस्टर के मुकदमे में शाहजहांपुर जेल में बंद बार एसोसिएशन के पूर्व महासचिव संजीव पारिया की तहसीलदार श्रद्धा पांडे ने 35 करोड़ रुपए की संपत्ति कुर्क कर ली। इसमें उनके दो कॉलेज संजीव पारिया इंटर कॉलेज और संजीव पारिया हाईस्कूल भी शामिल हैं, जिसकी कीमत 5 करोड़ 70 लाख रुपए बताई गई है।

इसे जिला विद्यालय निरीक्षक के सुपुर्द कर दिया गया है। तहसीलदार श्रद्धा पांडे ने बताया कि संजीव पारिया के विरुद्ध जिलाधिकारी ने 20 मार्च 2024 को संपत्ति कुर्क करने का आदेश जारी किया था। इनकी तहसील सदर और तहसील अमृतपुर में सम्पतियां हैं। निर्देश के अनुपालन में शनिवार को उनकी दुकानें, लोको रोड स्थिति सोनी पारिया स्कूल को कुर्क किया गया। इसके अलावा उनकी पांच जगह और संपत्तियां है जिन्हें कुर्क किया जाना है। उनके आवास में चल रही पांच दुकानों को बंद करने का दुकानदार धनीराम कन्नौजिया निवासी मसेनी, तेज प्रताप सिंह इंद्रा कॉलोनी भोलेपुर, विवेक नगला दीना, हर्ष बैटरी तथा एक अन्य को नोटिस दे दिया गया है। दुकानों को पुलिस खाली करा रही है। तहसीलदार ने बताया कि यह संपत्ति गलत तरीके से अर्जित की गई है। इस वजह से इसे कुर्क कर लिया गया है। तहसीलदार पांडे ने बताया कि अमृतपुर में इनकी जो सम्पतियां हैं उनको कल कुर्क किया जाएगा। बताते चलें कि अधिवक्ता संजीव पारिया, अनुपम दुबे और चीनू के खिलाफ अधिवक्ता राजीव वाजपेई ने जान से मार देने की नीयत से कचहरी परिसर में गोला, बारूद इकट्ठा करने का मुकदमा दर्ज कराया था। मुकदमे में अनुपम दुबे और संजीव पारिया तथा अधिवक्ता चीनू जेल में बन्द हैं। इसमें संजीव पारिया की संपत्ति की कुर्की की गई है। इस मौके पर सीओ सिटी प्रदीप सिंह पुलिस दल के साथ मौजूद रहे। वहीं फर्रुखाबाद मऊ दरवाजे में भारी पुलिस बल तैनात रहा। कार्रवाई के दौरान मौके पर भीड़ जमा हो गई।



कार्रवाई के दौरान मौजूद तहसीलदार श्रद्धा पांडे व पुलिस के अधिकारी। अमृत विचार

# कांशीराम कॉलोनी में अपात्र कर रहे कब्जा

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** कांशीराम कॉलोनियों में अपात्र नजरें जमाए हैं। हैवतपुर गढ़िया में एक लाभार्थी ने सरकारी आवास छोड़ा, तो अपात्र ने ताला तोड़कर कब्जा कर लिया। प्रभारी परियोजना अधिकारी ने आवास खाली कराए जाने के निर्देश बाबू को दिए हैं।

कांशीराम कॉलोनी हैवतपुर गढिय़ा में ब्लॉक 15 मकान नंबर 237 में रह रहे भइयालाल ने करीब एक पखवारा पहले जिला नगरीय विकास अभिकरण कार्यालय (डूडा) को आवास छोड़े जाने का पत्र भेजा था। भइयालाल ने कहा कि उन्हें प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी का लाभ मिल गया, जिससे वह आवास खाली कर रहे हैं। पत्र मिलने के बाद भी डूडा ने भइयालाल के आवास को कब्जे में लेना मुनासिब नहीं समझा। अपात्रों ने खाली किए गए भइयालाल के आवास का ताला तोड़ उसमें कब्जा कर लिया। स्थानीय लोगों ने बताया कि कॉलोनी में रहने वाले कुछ दबंगों ने भइयालाल के मकान का सौदा कर ताला तोड़ कब्जा करवा दिया। प्रभारी परियोजना अधिकारी अतुल कुमार ने बताया कि कार्यालय के बाबू गौरव कुमार को निर्देश दिए हैं कि अपात्र से आवास खाली कराकर पात्र को आवंटित किया जाए। उन्होंने कहा कि अपात्रों के कब्जे हटवाए जाएंगे।

# धमाके के साथ आसमान से गिरेगा रंग

## होली में सजा बाजार: बच्चों को खूब पसंद आ रही पीएम नरेंद्र मोदी की फोटो वाली पिचकारी और मुखौटा

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** होली पर बच्चों की पहली पसंद पिचकारियां होती हैं। जिसको लेकर बाजार पट गए हैं। रेलवे रोड, नितगंजा, घुमना बाजार, लालसराय, पक्कापुल और कोतवाल रोड फतेहगढ़ आदि बाजारों में पिचकारी की दुकानें सज गई हैं। डबल इंजन की सरकार वाली पिट्ठू पिचकारी में योगी-मोदी की फोटो भी लगी है। युवाओं को यह पिचकारी भा रही है। इसके साथ ही बाजार में स्पाइडरमैन, यूनीकॉन, डॉलफिन, पुलिस गन, डबल बैरल बंदूक, कार, पब्जी, डोनाल्ड डक व छोटा भीम आदि पिचकारियां बिक रही हैं। नितगंजा बाबा भैरवनाथ मंदिर के पास स्थित पिचकारी की दुकान पर बाबर हुसैन, अनूप कुमार और गोपाल पिचकारी पसंद कर रहे थे। अनूप कुमार का कहना था कि जब देश में डबल इंजन की सरकार है तो वह डबल इंजन की सरकार वाली पिचकारी से होली भी खेलेंगे। इसके साथ ही होली टीशर्ट, बाल व मुखौटा आदि भी बिक रहे हैं। दुकानदार विक्की अग्रवाल ने बताया कि उनके पास करीब 50 वैरायटियों की पिचकारियां हैं। दिल्ली से माल लाते हैं। डबल इंजन की सरकार वाली पिचकारी की मांग है। उनके पास 50 से लेकर 1500 रुपये की पिचकारी है। पिछले कुछ सालों से होली पटाखों की मांग बढ़ी है। इसको लेकर दुकानदारों ने भी स्टॉक कर लिया है। 16 शॉट, सेवन शॉट, स्काई शॉट के अलावा अनार, फाग, पेप्सी बम, कलर ब्लास्ट, रंग बहार, ड्रोन व मशाल आदि होली के पटाखे बाजार में उपलब्ध हैं। स्काई व 16 शॉट पटाखों से आसमान में रंग उड़ेंगे, मशाल पटाखा से पांच मिनट तक गुलाल उड़ेगा। होली पटाखा के दाम 120 से 3000 रुपये तक हैं।





खरीदारी करते लोग। अमृत विचार

### मिलावटी गुलाल, रंग से रहता है एलर्जी का खतरा

डॉ. सौरभ श्रीवास्तव कहते हैं कि मिलावटी रंगों से फंगल इंफेक्शन और एलर्जी का खतरा रहता है। इससे शरीर पर चकत्ते, दाने व खुजली आदि होने लगती हैं। रंग पड़ने के बाद तत्काल साबुन से धोएं और पूरी तरह सुखाने के बाद एंटीसेप्टिक क्रीम लगाएं।

### ब्रज की होली का फर्रुखाबाद में दिखेगा रंग

**फर्रुखाबाद।** ब्रज क्षेत्र में मनाई जाने वाली होली की तर्ज पर इसबार जिले में मां मंगला गौरी युवा सेवा समिति के तत्वावधान में फागोत्सव का आयोजन बड़ी धूमधाम से होगा। आयोजक समिति ने निर्णय लिया है कि इसबार फागोत्सव में माता रानी का भव्य शृंगार, छप्पन भोग, फूलों की होली, लट्ठमार होली, लड्डुओं की होली, गुलाल की होली इत्यादि कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रम आयोजक समिति ने 24 मार्च 2024 को सांय 5 बजे गुड़गांव देवी मंदिर प्रांगण में आकर इस कार्यक्रम में प्रतिभागिता हेतु सभी जनपदवासियों को आमंत्रित किया है। आयोजक समिति ने जनपदवासियों को मित्रों व परिवार के सदस्यों सहित कार्यक्रम में आने के अपील की है। श्यामू यादव, शिव अग्रवाल, सौरभ मिश्रा, राहुल वर्मा, मनोज अग्रवाल, अंकित पुजारी आदि कार्यक्रम की व्यवस्था देखेंगे।

### हर्बल से ज्यादा है मिलावटी गुलाल व रंग की मांग

वैसे तो बाजार में हर्बल, फ्रूट, फ्लावर गुलाल के साथ ही आर्गेनिक रंग उपलब्ध हैं, लेकिन महंगाई के चलते मिलावटी गुलाल व रंग की मांग है। हर्बल गुलाल 30 से 100 रुपये पैकेट तो फ्रूट व फ्लावर गुलाल 100 रुपये पैकेट है। आर्गेनिक रंग पांच से 200 रुपये डिब्बी है। महंगाई के चलते निचले तबके के लोग मिलावटी गुलाल व रंग ही खरीद रहे हैं। मिलावटी गुलाल 70 से 80 रुपये किलो बिक रहा है। दुकानदार नीरव अग्रवाल ने बताया कि हर्बल व आर्गेनिक रंग उनके पास हैं, लेकिन बिक्री कम है।

# गुझिया की बढ़ी डिमांड, बाजार में 350 से 600 रुपये तक बिक रही

फर्रुखाबाद कार्यालय संवाददाता

**अमृत विचार।** होली पर मिठाई की दुकानों पर गुझियां की डिमांड बढ़ गई है। 350 से लेकर 600 रुपये प्रति किलो गुझिया बिक रही है। होली के त्योहार पर घर-घर गुझिया बनाने की परंपरा है। जिस घर में गुझिया नहीं बनती वह दुकानों से रेडीमेड गुझिया खरीदते हैं। जिले में खोवा की डिमांड बढ़ गई है। आपूर्ति कम होने से मिलावटखोर त्योहार को भुनाने के लिए सक्रिय हो गए हैं और अधिक मुनाफा कमाने के चक्कर में सिंथेटिक दूध से मिलावटी खोवा तैयार कर रहे हैं। शमसाबाद, कायमगंज, नवाबगंज और मोहम्मदाबाद कसबों से बड़ी मात्रा में खोवा आ रहा है। यह खोवा हलवाइयों की दुकानों पर सप्लाई हो रहा है। जिसका गुझिया बनाने में प्रयोग हो रहा है। मिलावटी खोवा हानिकारक केमिकल मिलाकर तैयार हो रहा है, जो सेहत के लिए नुकसानदायक है। हालांकि खाद्य विभाग मिलावट खोरों को पकड़ने के लिए छापामारी कर रहा है, लेकिन, नाम न छापने की शर्त पर कुछ दूध कारोबारियों का आरोप है कि खाद्य विभाग की मिलीभगत से ही मिलावटखोर सक्रिय हैं। जबकि खाद्य विभाग का दावा है कि जिले में कहीं भी खोवा मंडी नहीं है। केवल घरों व हलवाइयों की दुकानों में ही खोवा तैयार हो रहा है। विभाग मिलावट खोरो के खिलाफ लगातार अभियान चलाकर दूध, खोवा, मिठाइयों के संदिग्ध नमूने भर रहा है। होली पर पर कारोबारियों ने मोटे मुनाफे के चक्कर में कई दिन पहले से ही भारी मात्रा में गुझिया बनाकर स्टाक कर लिया है। इसमें सभी दुकानों पर ग्राहकों की भीड़ चल रही है। कारोबारी ग्राहकों से गुझियों के मनमाने दाम वसूलकर चांदी काट रहे हैं। दुकानदारों के मुताबिक देशी घी से निर्मित गुझिया 600 रुपये प्रति किलो है। रिफाइंड से तैयार गुझिया 300 से 350 रुपये में बिक रही है।



### इस तरह करें मिलावट की पहचान

- आयोडीन की दो-तीन बूंदे डालने पर मावा हल्का बैंगनी या नीला दिखाई देने पर नकली होता है।
- खोवे को अंगूठे के नाखून पर रगड़ें, अगर असली है तो उसमें से घी की महक आएगी और खुशबू देर तक रहेगी।
- थोड़ा खाकर देखिए, असली मुंह में नहीं चिपकेगा, नकली खोवा चिपक जाएगा।
- खोवा में थोड़ी चीनी डालकर गरम करें। अगर यह पानी छोड़ने लगे तो नकली है।
- हथेली पर खोवा की गोली बनाएं, अगर यह फटने लग जाए तो नकली है।

# बाउंड्रीवॉल बनवाने से प्रधानाध्यापक का इन्कार

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद

- कटरी मानपुर के प्राथमिक विद्यालय का मामला

**अमृत विचार।** प्राथमिक विद्यालय कटरी मानपुर के प्रधानाध्यापक ने स्कूल की बाउंड्रीवॉल बनवाने से हाथ खड़े कर दिए हैं। प्रधानाध्यपक अवधेश कुमार ने आईजीआरएस के माध्यम से की शिकायत में कहा कि उनके विद्यालय में 4.42 लाख रुपये से बाउंड्रीवॉल बनाई जानी है, जिसकी धनराशि एसएमसी खाते में आ चुकी है। स्कूल की जगह ऊंची-नीची होने के कारण उन्होंने बाउंड्रीवाल बनाने में असमर्थता जताई। तत्कालीन बीईओ कमालगंज यासमीन रहमान और डीसी निर्माण भारती मिश्रा ने कहा कि हम लोग ठेकेदार से बाउंड्रीवाल का निर्माण करवा देंगे। मैंने दोनों अधिकारियों से कहा कि निर्माण में मेरी कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। आप जैसा चाहें वैसा करें। दो लाख रुपये पहले निकालने की बात कही गई। ठेकेदार ने कुछ ही हिस्से में बाउंड्रीवाल बनाई। शेष जगह पर सीमेंट के खंभे लगाकर कटीले तार लगा दिए। जब उन्होंने बिना बिल के भुगतान करने से मना किया तो बीईओ ने निरीक्षण के नाम पर प्रधानाध्यापक का फरवरी माह का वेतन रोक दिया। शिकायत के बावजूद आज तक कोई भी अधिकारी मामले की जांच करने तक नहीं आया। उन्होंने अमानक बाउंड्रीवाल की जांच प्रशासनिक अधिकारी से कराए जाने की मांग की। जिलाधिकारी ने शिकायत को गंभीरता से लेते हुए बीएसए को जांच के निर्देश दिए हैं। बीएसए गौतम प्रसाद ने बताया कि वह स्वयं मामले की जांच कर आख्या डीएम को सौंपेंगे। जो भी दोषी होगा, उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# भतीजों की प्रताड़ना से चाचा परेशान

**कायमगंज।** थाना क्षेत्र कंपिल के गांव गूजरपुर निवासी 60 वर्षीय वृद्ध बांकेलाल पुत्र धनपाल ने उप जिलाधिकारी कायमगंज यदुवंश कुमार वर्मा के सामने पेश होकर अपने भतीजों की शिकायत की। कहा कि साहब मैं अविवाहित लाचार हूं। मेरे गांव गूजरपुर में उसकी गाटा संख्या 254, 96, 977 आदि कुल 14 किता, लगभग 18 वीघा जमीन है। इस पर उसके भतीजे ओमनन्दन, नन्हें, लालाराम पुत्रगण जानकी जबरिया कब्जा किए हुए हैं।

### बाइक की टक्कर से तीन घायल

**कायमगंज।** जनपद कासगंज के बहुरा के गांव अरोरा निवासी रामजी, जसवीर अपने मामा नेमसिंह को साथ लेकर बाइक से उनके घर जा रहे थे। जहां कंपिल के पास तेज रफ्तार बाइक सवार ने टक्कर मार दी। जिसमें तीनों घायल हो गए। आसपास के लोगो ने सीएचसी में भर्ती कराया। वहीं कंपिल के पुंथर देहामाफी निवासी रामप्रकाश का 15 वर्षीय पुत्र अमर घायल हो गया।

# शिक्षकों ने किया मूल्यांकन का बहिष्कार

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** प्रांतीय नेतृत्व के आह्वान पर माध्यमिक शिक्षक संघ ने अटेवा के सहयोग से शनिवार को मूल्यांकन कार्य का बहिष्कार कर दिया। जिला विद्यालय के निर्देश पर जीजीआईसी और जीआईसी फतेहगढ़ में मूल्यांकन दोबारा शुरू कर दिया गया। मगर रस्तोगी इंटर कॉलेज में शिक्षकों ने कॉपियों का मूल्यांकन नहीं किया। प्रांतीय नेतृत्व के आह्वान पर माध्यमिक शिक्षक संघ (शर्मा गुट), राजकीय शिक्षक संघ व अटेवा पेंशन बचाओ ने संयुक्त रूप से मूल्यांकन कार्य का बहिष्कार किया। जीआईसी और जीजीआईसी में माध्यमिक शिक्षक संघ के संयुक्त मंत्री सत्येंद्र सिंह, राजकीय शिक्षक संघ की प्रदेश संयुक्त मंत्री गुलशनजहां व राष्ट्रीय शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष अवधेश कुमार के नेतृत्व में मूल्यांकन कार्य का बहिष्कार किया गया। जानकारी होने पर जिला विद्यालय निरीक्षक नरेंद्र पाल सिंह मौके पर पहुंचे और उन्होंने मूल्यांकन कार्य शुरू करने की बात कही। इस पर दोपहर करीब 12 बजे मूल्यांकन कार्य शुरू कर दिया गया। वहीं रस्तोगी इंटर कॉलेज मूल्यांकन केंद्र पर दोपहर करीब 12 बजे माध्यमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष लालाराम दुबे पहुंचे और मूल्यांकन कार्य का बहिष्कार करते हुए कॉपियों जंचवाना बंद करवा दीं। प्रधानाचार्य संतोष त्रिपाठी पहुंचे और मूल्यांकन कार्य शुरू करवाने को कहा, लेकिन जिलाध्यक्ष नहीं माने। सूचना मिलने पर जिला विद्यालय निरीक्षक भी मौके पर आ गए और उन्होंने मूल्यांकन शुरू कराने को कहा। जिलाध्यक्ष ने मूल्यांकन कार्य करने से मना कर दिया। जिला विद्यालय निरीक्षक नरेंद्र पाल सिंह ने बताया कि कुछ देर के लिए ही शिक्षकों ने मूल्यांकन कार्य का बहिष्कार किया था। जिलाध्यक्ष लालाराम दुबे ने बताया कि प्रांतीय नेतृत्व के आह्वान पर रस्तोगी इंटर कॉलेज में दोपहर 12 बजे मूल्यांकन कार्य का बहिष्कार करते हुए कॉपियां जांचना बंद करवा दी गईं। जिला मंत्री नरेंद्र पाल सिंह सोलंकी आदि मौजूद रहे।



मूल्यांकन का बहिष्कार कर गेट के बाहर खड़े शिक्षक। अमृत विचार

## सार-संक्षेप

### सपा नेताओं ने जयंती पर लोहिया को किया याद

**फर्रुखाबाद।** समाजवाद के पुरोधा डॉक्टर राम मनोहर लोहिया की जयंती समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय आवास विकास पर मनाई गई। सपा नेताओं ने डॉक्टर लोहिया की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरुआत की। इस अवसर पर पूर्व प्रदेश सचिव मोहम्मद युनुस अंसारी ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के नेतृत्व में सिर्फ तीन राज्यों में ही 100 सीटें कम कर दी जाएंगी। उत्तर प्रदेश, बिहार और बंगाल में हिटलर शाही सरकार का समापन हो जाएगा। महानगर अध्यक्ष राघवदत्त मिश्रा ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। कार्यक्रम में वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुरेंद्रसिंह गौर, पुष्पेंद्र यादव, वरिष्ठ समाजसेवी शर्मा, साजिद अली, विलंब से आए। पूर्व मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार सर्वेश अम्बेडकर, भोला यादव, सैनिक प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष सहित भारी संख्या में समाजवादी उपस्थित रहे। संचालन रजत क्रांतिकारी ने किया। कार्यक्रम के दौरान समाजवाद के जनक डॉक्टर राम मनोहर लोहिया की जयंती पर पार्टी के जिलाध्यक्ष चन्द्रपाल सिंह यादव, इलियास मंसूरी और समाजवादी पार्टी से लोकसभा के उम्मीदवार नवल किशोर शाक्य कार्यक्रम में नहीं पहुंचे, जो काफी चर्चा का विषय रहा।



डॉ. लोहिया की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते सपा नेता।

### एसडीएम ने विकास खंड मोहम्मदाबाद का किया निरीक्षण

**फर्रुखाबाद।** एसडीएम सदर गजराज सिंह ने विकास खंड मोहम्मदाबाद का निरीक्षण किया। निरीक्षण में मिली खामियों को देखकर एसडीएम ने नाराजगी जताई है। विकास खंड कार्यालय में त्रिलोकीचन्द्र शर्मा, एसडीएम गजराज सिंह मौके पर मौजूद नहीं मिले। उन्होंने वरिष्ठ लिपिक अजय कुमार को निर्देश दिये की जो भी कमियां मिलीं हैं। उनको 2 दिन में सही किया जाये। उन्होंने पानी साफ-सफाई की व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश दिये।

**दिशा- निर्देश** | निर्वाचन अधिकारी ने किया मतगणना, पोलिंग पार्टी रवाना स्थल का निरीक्षण

# चौराहे से मंडी सड़क का फुटपाथ ठीक करवाएं

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

- कक्ष के रोशनदान बंद करवाने रंग-पुताई के दिए निर्देश

**अमृत विचार।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के दृष्टिगत जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ वीके सिंह ने पोलिंग पार्टी रवाना स्थल/मतगणना स्थल नवीन कृषि उत्पादन मंडी समिति सातनपुर का निरीक्षण किया। जिला निर्वाचन अधिकारी ने अधिशासी अभियंता लोकनिर्माण विभाग को निर्देशित किया कि सेंट्रल जेल चौराहे से मंडी जाने बाली सड़क का फुटपाथ तत्काल ठीक कराया जाये।उपनिदेशक निर्माण मंडी समिति को निर्देश दिए कि सभी टिनशैडो की मरम्मत करा ली जाये ।शैडो के फर्श की रिपेरिंग करा ली जाये। किसी से भी पानी न टपके, ईवीएम रखने के लिए अधिग्रहित सभी दुकानों की मरम्मत/रंगाई पुताई करवाई जाए। किसी भी दुकान में कोई रोशनदान न हो सभी को बंद करा दिया जाये। किसी भी दुकान में विजली का कनेक्शन न हो, चारो विधानसभा के स्ट्रांगरूम पर विधानसभा वार ,विधानसभा का नाम,अंकित करा लिया जाये। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि पोलिंग पार्टी रवानगी के दिन मंडी समिति के अंदर फूड जोन, ड्रिंकिंग वाटर जोन व मेडिकल कैम्प बनाया जाये। मंडी सचिव को निर्देशित किया कि मंडी के अंदर की रोड व स्ट्रीट लाइट सही करा ली जाये। सभी व्यवस्थाये 31 मार्च तक पूर्ण कर ली जाए। उपनिदेशक निर्माण का ऑफिस रहे भवन के परिसर की रंगाई पुताई,साफ सफाई,बाथरुम सही कराने, लाइट की नई फिटिंगव गेट सही कराने के निर्देश मंडी सचिव को दिए। मंडी समिति में केवल उन्हीं फूड वेंडरों को प्रवेश दिया जाये जिन्हें अधिकृत किया गया हो। सभी फूड वेंडर अपनी वोर्ड पर रेट सूची चस्पा करें। किसी भी उत्पाद की कीमत बाजार से अधिक न हो व क्वालिटी अच्छी हो ये सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी खाद्य सुरक्षा विभाग की होगी।उप संभागीय परिवहन अधिकारी को निर्देशित किया कि पोलिंग पार्टी की रवानगी के लिए वाहनों को खड़े करने का लेआउट प्लान बना लिया जाये।इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अरविंद कुमार मिश्रा, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व सुभाष चंद्र आदि मौजूद थे।



निरीक्षण करते जिला निर्वाचन अधिकारी वीके सिंह व अन्य। अमृत विचार

# पिकअप को बचाने में पलटा टैंपो, एक युवक हुआ घायल

**क्रायमगंज।** पिकअप को बचाने में अनियंत्रित हुआ टेंपो पलट गया। जिससे उसमे बैठा एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया ।आनन फानन उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया गया । प्राप्त जानकारी के अनुसार कम्पिल थाना व कस्बा के मोहल्ला पट्टी मदारी निवासी रामआसरे (55) पुत्र दयाराम कायमगंज से टेंपो मं् मिठाई लाद कर कम्पिल जा रहे थे। जब वह सिकंदरपुर के पास पहुंचा तभी सामने से आ रही पिकअप को बचाने के चक्कर में टेंपो पलट गया हालांकि टेंपो चालक तो बाल बाल बच गया लेकिन उसमे बैठा रामआसरे गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल अवस्था में तत्काल उसे टेंपो चालक सुनील निवासी अताईपुर ने ई रिक्शा से सीएचसी कायमगंज में भर्ती कराया गया।

# होली मिलन में उभरा किसानों का दर्द

संवाददाता, फर्रुखाबाद

- भारतीय किसान यूनियन बलराज के कार्यकर्ताओं ने किया कार्यक्रम

**अमृत विचार।** भारतीय किसान यूनियन बलराज के कार्यकर्ताओं ने होली मिलन कार्यक्रम का अयोजन किया। कार्यक्रम जिलाध्यक्ष कुलदीप यादव (पवन) के सिविल लाइन स्थित आवास पर हुआ। किसान यूनियन बलराज गुट के सभी पदाधिकारी कार्यक्रम में शामिल हुए। सभी ने एक दूजे को अबीर गुलाल लगाकर बधाई दी ।इस मौके पर जिला अध्यक्ष कुलदीप यादव ने कहा कि आज किसान की पीड़ा सुनने वाला कोई नहीं है। किसान को सरकार योजनाओं का लाभ पहुंचाने की हर संभव प्रयास कर रही है। उसके बाद भी किसान भाई परेशान हैं। जिलाध्यक्ष ने सभी को मतदान करने के लिए जागरूक किया। साथ ही किसान भाइयों के लिए संदेश दिया कि किसान भाई मतदान करने अवश्य जाएं। मतदान के दौरान सरकार ऐसी चुने जो किसानों के हित में कार्य करें ।जुमलेबाजी में बिल्कुल न फंसे। किसान के दर्द को किसी भी सरकार ने अभी तक नहीं समझा ।किसानों के साथ हो रहे अत्याचार के लिए सभी किसान भाइयों को एकजुट होना पड़ेगा। जिससे किसानों पर हो रहे उत्पीड़न को लेकर मुंहतोड़ जवाब दिया जा सके। उन्होंने कहा कि किसान अन्नदाता होते हुए भी भूख हड़ताल करने को मजबूर है। इस मौके पर उपाध्यक्ष हिमांशु सिंह भूरे,जिला संगठन मंत्री सर्वेश सिंह ,जिला प्रवक्ता सत्यम राठौर ,एवं जिला मीडिया प्रभारी नूर अहमद खान, ब्लॉक अध्यक्ष पंकज यादव एवं जिला सचिव धीरेश कुमार, जिला सह सचिव उज्जलकान्त आदि मौजूद रहे।



होली मिलन समारोह में भाग ले रहे किसान नेता। अमृत विचार

# झपकी आने पर ट्रक से टकराई डीसीएम, खलासी की मौत

## एक्सप्रेस वे पर चौपुला कट के पास देर रात हुआ हादसा

कार्यालय संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार।** चौबिया थाना क्षेत्र के अंतर्गत चौपुला कट के पास शुक्रवार की देर रात आगरा लखनऊ एक्सप्रेस वे पर ड्राइवर को डीसीएम चालक को झपकी आने से डीसीएम आगे चल रहे ट्रक से टकरा गई जिससे डीसीएम की केबिन के परखचे उड़ गए । इस हादसे में डीसीएम के खलासी की मौत हो गई जबकि ड्राइवर समेत दो घायल हो गए।

चौबिया थाना क्षेत्र में चैनल नंबर 116 चौपला कट प्वाइंट के पास शुक्रवार रात डेढ़ बजे यह हादसा हुआ। आगरा से लखनऊ की जा रही डीसीएम के ड्राइवर को नींद की झपकी आ जाने से वह आगे चल रहे ट्रक से टकरा गई। इससे डीसीएम का केबिन बुरीतरह क्षतिग्रस्त हो गया ड्राइवर सहित तीन लोग उसमें फंसकर घायल होकर चीख पुकार करने लगे, सूचना पर चौबिया थाना प्रभारी मंसूर अहमद फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और उन्होंने डीसीएम की केबिन में फंसे तीन लोगों को बाहर निकलवाया लेकिन तबतक खलासी की मौत हो चुकी थी। पुलिस ने गंभीर रूप से घायल लोगों को उपचार के लिए पीजीआई भिजवाया। थाना प्रभारी मंसूर अहमद ने बताया कि डीसीएम चालक आगरा से दरी लादकर सीतापुर जा रहा था तभी हादसा हो गया। इस हादसे में डीसीएम के खलासी जिला सीतापुर के रहने वाले 43 साल के इंद्रपाल की मौके पर ही मौत हो गई जबकि व्यापारी अभिषेक तथा ड्राइवर राजेश घायल हो गए हैं। मृतक के परिजनों को हादसे की जानकारी दी गई है। क्षतिग्रस्त डीसीएम हटवाकर एक्सप्रेस वे यातायात सामान्य करा दिया गया है। बाद मे पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद परिवार के लोगों को सौंप दिया।



दुर्घटना में क्षतिग्रस्त डीसीएम । अमृत विचार

# वाहन की टक्कर से युवक की चली गई जान

कार्यालय संवाददाता, इटावा

- अन्य सड़क हादसों में पांच लोग हुए घायल

**अमृत विचार।** जिले के अलग अलग स्थानों पर हुए सड़क हादसों में एक युवक की मौत हो गई । अलग अलग स्थानों पर हुए हादसों में पांच लोग घायल हो गए।

पहली घटना : क्षेत्र के मोहल्ला घटिया अजमत अली निवासी अभिषेक कुमार 30 शनिवार रात करीब ढाई बजे बाइक सेअपने घर की तरफ जा रहा था तभी बस स्टैंड तिराे के पास अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया था । लोगों ने एंबुलेंस की मदद से उसे जिला अस्पताल पहुंचाया जहां उसकी मौत हो गई। मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने मोबाइल फोन के माध्यम से अभिषेक के परिवार के लोगों को जानकारी दी जानकारी मिलते ही परिवार कि लोग जिला अस्पताल पहुंच गए । उपचार के दौरान अभिषेक की मौत हो गई। भाई केशव ने बताया कि अभिषेक की शादी नहीं हुई थी और वह जिओ फाइबर कंपनी में काम करता था। वहीं से काम कर कर लौट रहा था। तभी किसी अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी जिससे उसकी मौत हो गई।

**दूसरी घटना** बकेवर थाना क्षेत्र के गांव परशूपुरा के पास हुई जहां पिकप के पास खडे शनि पुत्र मुन्ना लाल व जहीर पुत्र रहमत खां निवासी लखना को तेजी से आ रहे आटो ने टक्कर मार दी जिससे दोनों घायल हो गए। तीसरी घटना मलाजनी के पास हुई जहां सड़क पार कर रही रजनी पत्नी राम वीर सिंह को बाइक सवार ने टक्कर मार दी। वही कटे खेडा के पास अज्ञात वाहन की चपेट में आने से रवि निवासी डूंगरी घायल हो गया। इसके अलावा पछायगांव के पास टेंट पर काम रकने वाले सोमवीर को कार ने टक्कर मार दी। जिससे वह घायल हो गया। उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उसकी गंभीर हालत को देखते हुए पीजीआई भेजा गया है।

### रेलवे ट्रैक पर मिले शव की हुई शिनाख्त

**जसवंतनगर, इटावा।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत रेलवे स्टेशन के पास मिले शव की शिनाख्त सिसहाट गांव के रहने वाले विक्की के रूप में हुई है। परिवार के लोगों ने उसकी शिनाख्त कर ली है। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव को परिवार के लोगों को सौंप दिया। गुरुवार की रात्रि को रेलवे स्टेशन के निकट दिल्ली हावड़ा रेल मार्ग पर एक व्यक्ति की ट्रेन की चपेट में आने से मौके पर ही मौत हो गई थी। सूचना पर उपनिरीक्षक अजब सिंह ने मृतक का शव शिनाख्त हेतु 72 घंटे के लिए पोस्टमार्टम हाउस मोर्चरी में रखवा दिया था। युवक के दाएं हाथ में कलावा और कड़ा था। सिसहाट गांव निवासी आलोक ने बताया कि कचौरा रोड किनारे स्थित बांस बल्ली की दुकान कर अपने परिवार का पालन पोषण करने वाला अश्विनी उर्फ विक्की उनका चौथे नंबर का छोटा भाई था। गुरुवार रात से ही गायब था। शुक्रवार को खोज़बीन के दौरान रेलवे ट्रैक पर अज्ञात शव की सूचना मिली फिर जीआरपी चौकी पहुंचकर शव के फोटो देखे तो पता चला कि शव विक्की का ही था।

# हाई अलर्ट पर रहेंगी 108 व 102 एंबुलेंस सेवाएं

कार्यालय संवाददाता, इटावा

- जीवनरक्षक दवाओं के साथ प्रशिक्षित स्टाफ एंबुलेस में रहेगा मौजूद

**अमृत विचार।** होली के दौरान आवश्यकता पड़ने पर 108 नंबर डायल करें। इमरजेंसी एम्बुलेंस सेवा कुछ ही मिनट में आपकी मदद के लिए पहुंचेगी। होली के दौरान एम्बुलेंस सेवाओं को हाई अलर्ट पर रहने के निर्देश दिए गए हैं। त्योहार के दौरान 108 एवं 102 सेवाएं 24 घंटे निःशुल्क उपलब्ध रहेंगी।

प्रदेश सरकार ने 108 एवं 102 सेवाओं के संचालन की जिम्मेदारी ईएमआरआई ग्रीन हेल्थ सर्विसेज को दी है। सेवा प्रदाता संस्था के प्रोग्राम मैनेजर राहुल कुमार यादव ने बताया कि होली को लेकर विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए गए हैं। 108 एम्बुलेंस रूप से चिह्नित किए गए विशेष स्थानों, दुर्घटना बाहुल्य क्षेत्रों व थानों के नजदीक मौजूद रहेगी। जिससे आपात स्थिति में मरीजों को प्राथमिक इलाज उपलब्ध होने के से जल्द से जल्द निकटतम अस्पताल पहुंचाया जा सके। हर जरूरतमंद व्यक्ति को कम से कम समय में एम्बुलेंस सुविधा उपलब्ध कराकर उसकी जान बचाना हमारी प्राथमिकता है।

जीवनरक्षक दवाओं के साथ प्रशिक्षित स्टाफ रहेगा एंबुलेस में

उन्होंने बताया कि सड़क या अन्य कोई दुर्घटना होने, जलने, हार्ट, सांस, लिवर, किडनी, पेट दर्द, स्किन से सम्बंधित, या अन्य कोई भी समस्या होने पर 108 नंबर पर तत्काल सूचना दी जा सकती है। 108 एम्बुलेंस जल्द से जल्द मौके पर पहुंचकर सेवा देगी। सभी एम्बुलेंसों में जीवन रक्षक दवाओं के साथ इमरजेंसी सुविधाएं व प्रशिक्षित स्टाफ उपलब्ध है।

### 24 घंटे उपलब्ध रहेगी सेवा

होली के त्योहार पर गर्भवती महिलाओं व दो साल तक बच्चों को सेवाएं देने के लिए 102 एंबुलेंस सेवा 24 घंटे उपलब्ध रहेगी। आवश्यकता पड़ने पर एम्बुलेंस 102 या 108 पर कॉल करके नि:शुल्क एम्बुलेंस सेवा प्राप्त की जा सकती है। इस दौरान यदि कोई पैसा मांगता है तो शिकायत कंट्रोल रूम में करें।



शहीद दिवस कार्यक्रम का उद्घाटन करते अधिवक्ता । अमृत विचार

# शहीद दिवस पर अमर शहीदों को किया नमन

कार्यालय संवाददाता इटावा

**अमृत विचार।** डीबीए सभागार में शुक्रवार को युवा अधिवक्ताओं ने अमर शहीद भगत सिंह, सुखदेव व राजगुरू जी की स्मृति में शहीद दिवस का आयोजन किया ।

इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश बार काउंसिल के उपाध्यक्ष अनुराग पाण्डेय ने भाग लिया। कार्यक्रम में देवेन्द्र कुमार गुप्ता अध्यक्ष सीबीए इटावा बृजानन्द शर्मा सेवानिवृत्त प्राचार्य, संतोष कुमार सिंह चौहान व शिवकुमार शुक्ला डीजीसी क्राइम विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अनुराग पाण्डेय ने दीप प्रज्ज्वलित कर व विशिष्ट अतिथियों द्वारा भारत माता व अमर शहीदों के चित्रों पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम प्रारम्भ किया गया।

## शहीदों से प्रेरणा लेना ही सच्ची श्रद्धांजलि

**इटावा।** शहीदे आजम भगत सिंह, राजगुरू, सुखदेव के शहादत दिवस पर संयुक्त किसाना मोर्चा और जनवादी नवजवान सभा ने संयुक्त रूप से सिविल लाइन कार्यालय में कार्यक्रम का आयोजन किया। किसान सभा के राष्ट्रीय संयुक्त सचिव मुकुट सिंह ने शहीदों को श्रद्धांजली देते हुए इनसे प्रेरणा लेने की अपील करते हुए कहा कि भगत सिंह और उनके साथियों ने अंग्रेजी साम्राज्यवाद से बेखौफ लड़ते हुए देश की आजादी के संघर्षो में चार चांद लगाये थे। आज देश को कारपोरेट, साम्प्रदायिक भ्रष्ट गठजोड़ के चंगुल से मुक्त कराना ही शहीदों को सच्ची श्रद्धांजली होगी। मुकुट सिंह ने आगे कहा कि बेरोजगारी, गरीबी, महंगाई आदि से जनता जूझ रही है । मनुवादी व्यवस्था कायम कर जनता के तमाम जनतांत्रिक अधिकारों, सामाजिक न्याय को मटियामेट करने की योजना है।

# 'उठो, जागो और लक्ष्य प्राप्ति तक आगे बढ़ते रहो'

संवाददाता बकेवर, इटावा

- जनता कालेज बकेवर में रोजगार मेला का हुआ आयोजन

**अमृत विचार।** छत्रपति शाहूजी महाराज विश्विद्यालय कानपुर के प्लेसमेंट सेल एवं कैरियर काउंसिलिंग प्रकोष्ठ के तत्वावधान में जनता कॉलेज बकेवर में रोजगार मेला का आयोजन किया गया। जिसमें 1131 छात्र छात्राएं साक्षात्कार के लिए पहुंचे । उद्घाटन एसएसपी की पत्नी नीलम राय वर्मा ने किया।

कॉलेज के प्राचार्य डॉ राजेश किशोर त्रिपाठी ने छात्रों से कहा कि आपको शिक्षा से जो ज्ञान मिला है, यह ज्ञान ही आपका भविष्य तय करेगा। उन्होंने स्वामी विवेकानंद के मूल कथन उठो, जागो और तब तक ना रुको जब तक की लक्ष्य की प्राप्ति ना हो जाए से सभी विद्यार्थियों को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। विशिष्ट अतिथि कर्म क्षेत्र महाविद्यालय इटावा की अर्थशास्त्र विभाग की अध्यक्ष प्रो. पदमा त्रिपाठी ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में विद्यार्थियों के रोजगार के लिए यह प्रयास अतुलनीय है। विवि सेवायोजन प्रकोष्ठ के सह प्रभारी कानपुर डॉ प्रशांत त्रिवेदी ने कहा कि बड़ी कंपनियों ने छोटे शहरों और ग्रामीण आंचल में रोजगार के अवसर दिए हैं। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के सेवायोजन प्रकोष्ठ के सदस्य अभिषेक राठौर, सुधीर यादव, अपराजिता, सुनील द्विवेदी, मयंक राठौर, सहित कॉलेज के प्राध्यापक डॉ एम. पी यादव, डॉ पी के राजपूत, डॉ डी एन सिंह, डॉ धर्मेंद्र कुमार, डॉ एम पी सिंह, डॉ आदित्य कुमार, डॉ प्रकाश दुबे, डॉ ज्योति भदौरिया, डॉ अभिषेक प्रताप सिंह, डॉ संजीव कुमार, राष्ट्रीय कैडेट कोर के प्रभारी लेफ्टिनेंट ब्रह्मानंद, डॉ मनोज यादव, डॉ इंदु बाला मिश्रा, डॉ आनंद सिंह, डॉ संतोष चंदेल, गोपीनाथ मौर्य, सत्यार्थ प्रकाश मौर्य व एनसीसी कैडेट्स, राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों का सहयोग रहा ।



छात्रों को संबोधित करते प्राचार्य डॉ. राजेश किशोर त्रिपाठी । अमृत विचार



चयनित प्रतिभागियों के साथ प्रधानाचार्य डॉ. राजकुमार सिंह । अमृत विचार

### प्लेसमेंट ड्राइव में 24 प्रशिक्षुओं को मिली नौकरी

**कार्यालय संवाददाता, इटावा।** राजकीय आईटीआई इटावा में प्लेसमेंट ड्राइव में 40 महिला एवं पुरुष ट्रेनीज ने प्रतिभाग किया । ट्रेनीज को 10,660 रुपये अप्रेंटिसशिप योजना के अंतर्गत जॉब मिली। प्लेसमेंट प्रकिया मे सबसे पहले कंपनी के प्रतिनिधि विकास श्रीवास्तव ने कंपनी के बारे में विस्तृत टेक्निकल एवं जनरल जानकारी ट्रेनीज के बीच साझा की। जनपद में संचालित समस्त राजकीय आई टी आई एवं प्राइवेट आई टी आई के महिला एवं पुरुष ट्रेनीज ट्रेड वेल्डर, इलेक्ट्रीशियन वायरमैन इलेक्ट्रॉनिक मैकेनिक आर ए सी, प्लम्बर, टर्नर, मशीनिस्ट, मशीनिस्ट ग्राइंडर ट्रेड के ट्रेनीज ने प्रतिभाग किया। 40 ट्रेनीज में से 24 ट्रेनीज को 10,660 रुपये प्रतिमाह के लिए अप्रेंटिसशिप योजना के तहत चयन हुआ। प्रधानाचार्य डॉ राजकुमार सिंह ने चयनित ट्रेनीज को पूर्ण समर्पण के साथ मन लगाकर कार्य करने की सलाह दी। प्लेसमेंट प्रभारी ले. प्रशांत कमल ने ट्रेनीज को कंपनी के सभी नियमों का अनुपालन करने हेतु प्रेरित किया। प्लेसमेंट ड्राइव के दौरान गोगा एवं ब्रहमा शंकर ने अपना सहयोग प्रदान किया।

# 26 मार्च को घोषित हो अवकाश

कार्यालय संवाददाता, इटावा

- पीएसपीएसए ने प्रभारी बीएसए को सौंपा ज्ञापन
- होली के बाद भाई दूज पर मिलना ही चाहिए अवकाश

**अमृत विचार।** प्राथमिक शिक्षक प्रशिक्षित स्नातक एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष सर्वजीत सिंह भदौरिया होली की दूज पर अवकाश घोषित करने के संबंध में प्रभारी जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन मां संगठन ने मांग की कि हिन्दू संस्कृति के अनुसार 26 मार्च को होली की दूज का विशेष महत्व है। इस दिन ग्रामीण और कस्बा क्षेत्रों में रंगोत्सव मनाया जाता है। ऐसे में अध्यापकों एवं बच्चों का विद्यालय तक पहुंचना बहुत दुष्कर होगा। विगत वर्षों में भी होली की दूज के महत्व के दृष्टिगत अवकाश होता आया है तथा अन्य कई जिलों में अवकाश घोषित भी हो चुका है ।



प्रभारी बीएसए को ज्ञापन देते जिला अध्यक्ष सर्वजीत सिंह । अमृत विचार

इस अवसर पर जिला महामंत्री उपेंद्र सिंह तोमर, प्रदेश संगठन मंत्री नीरज सिंह, ज़िला संयुक्त मंत्री रमेश चन्द्र राजपूत अध्यक्ष बढ़पुरा रामेंद्र चौहान , अध्यक्ष सैफई राजीव तिवारी धनंजय भदौरिया अभय यादव , आलोक यादव शैलेन्द्र यादव अध्यक्ष भरथना अनिल यादव अमित तिवारी अमित राजौरिया राम नरेश पवन यादव देवेंद्र यादव राजेन्द्र सिंह मनीष कुमार आदि लोग सम्मलित हुए।

## विटामिन युक्त आहार लें किशोरियां

**महेवा, इटावा।** बाल विकास परियोजना के अंतर्गत ग्राम बहेड़ा के जूनियर हाईस्कूल में किशोरियों को जागरूक करने के उद्देश्य से कार्यशाला का आयोजन किया गया। प्रभारी बाल विकास परियोजना अधिकारी मनोरमा पांडेय ने बताया कि किशोरियो को प्रतिदिन आयरन और विटामिन युक्त आहार का सेवन करना चाहिए। महिला आरक्षी कीर्ति कुमारी ने किशोरियों को 1090 ,112 ,102 ,108 ,सायबर अपराध 1930 आदि के बारे में विस्तार से बताया। बेझिझक 1090 पर शिकायत करनी चाहिए जिससे उनकी पहचान गुप्त रहेगी । इस अवसर पर महेवा चौकी के कांस्टेबल रोहित तोमर ,नरेंद्र कुमार , अल्पना बाथम , प्रवीण पाण्डेय ,शिक्षिका ऋच्चा भदौरिया आदि रहीं।

# भंडारे में रामगोपाल ने ग्रहण किया प्रसाद

संवाददाता बकेवर, इटावा

**अमृत विचार।** सपा के राष्ट्रीय महासचिव सांसद प्रो रामगोपाल यादव ने ग्राम धर्मशाला में आयोजित श्रीमद्भागवत भंडारा में पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया और वहां पर मौजूद लोगों से मुलाकात करते हुए बातचीत भी की तथा सभी का हाल चाल लिया।

सांसद प्रो रामगोपाल सपा प्रदेश सचिव गोपाल यादव के साथ पहुंचे। आयोजक जयराम सिंह यादव, राजेश यादव, धर्मवीर यादव, सीताराम व परीक्षित अंगद सिंह यादव , यज्ञाचार्य केपी सिंह यादव ,बृजेश यादव से मुलाकात की और कथा पंडाल में बैठकर प्रसाद ग्रहण किया। इसके बाद परिजनों व ग्रामीणों व अन्य गांवों से आये लोगों से भी मुलाकात की।



ग्राम धर्मशाला में ग्रामीणों के बीच बैठे प्रो. रामगोपाल यादव । अमृत विचार

### लोहिया के विचारों पर चलने का लिया संकल्प

**इटावा।** सपा कार्यालय पर समाजवादी चिंतक डॉ. राममनोहर लोहिया की जयंती मनायी गयी। जिलाध्यक्ष प्रदीप शाक्य बबलू की अध्यक्षता में विचार गोष्ठी आयोजित हुई। जिसमें सभी ने अपने विचार रखे। इस मौके पर लोहिया पार्क में लोहिया जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। यहां महामंत्री वीरू भदौरिया, जितेंद्र दोहरे, सर्वेश शाक्य, ब्रजेन्द्र यादव, अनवार हुसैन, उदयभान सिंह यादव, राजपाल यादव, चच्चू शुक्ला, आलोक दीक्षित, विक्की गुप्ता, कमलेश यादव, प्रवीन कुशवाह, प्रदीप सोनी, फराह नाज, मीरा गुप्ता, मंजू यादव, रामबेटी गोयल, शशि यादव, किशन यादव, नरेन्द्र पाल, अखिलेश प्रधान, अंकुर यादव, रेशू चौधरी, अतुल आदि रहे।

## 48 घंटे बाद भी नहीं लिखी रिपोर्ट

**बकेवर, इटावा।** लवेदी थाना क्षेत्र के ग्राम चन्द्रपुरा निहाल सिंह में 48 घंटे पूर्व दो भाइयों के मकान में हुई चोरी का मुकदमा तहरीर देने के बावजूद आज तक दर्ज नहीं की।

विदित हो कि बीते गुरुवार की रात को चन्द्रपुरा निहाल सिंह निवासी हरपाल सिंह व रजपाल सिंह के घर को अज्ञात चोरों ने निशाना बनाकर लाखों रुपये के सोने व चांदी के जेवर व 12 हजार रुपये की नकदी चोरी कर ले गये थे जब रजपाल सिंह बाथरुम के लिए उठे तो बक्सों व दरवाजों को खुला देखकर दंग रह गये इसके बाद थाना पुलिस को भी सूचना दी तो पुलिस ने पहुंचकर गांव में लगे सीसी टीवी फुटेज भी चेक किये लेकिन 48 घंटे बीत जाने के बाद भी अभी तक चोरी का मुकदमा दर्ज नहीं किया है।

सम्मान | सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के कर्मचारियों को सम्मानित किया, कहा– मेहनत और लगन से मिलेगा लक्ष्य

# कायाकल्प योजना में चयनित पीएचसी को मिला पुरस्कार

संवाददाता महेवा, इटावा

**अमृम विचार।** स्थानीय सीएचसी महेवा एवं उनसे संबंधित पीएचसी का कायाकल्प योजना के तहत प्रदेश स्तर पर मिले पुरस्कारों का वितरण एवं सीएचसी कर्मियों को सम्मानित किया गया। बहादुरपुर, उरेग ,लखना ,बिजौली ,अहेरीपुर पीएचसी सहित महेवा सीएचसी को कायाकल्प योजना में प्रतिभाग के चलते चयन हुआ है।

मुख्य अतिथि सीएमओ डॉ गीताराम , एसीएमओ डॉ बी एल संजय,डॉ शिवचरण ,डिप्टी सीएमओ बलराज ,डॉ रहासुद्दीन ,प्रदीप कुमार ने चिकित्सकों एवं कर्मियों को शील्ड व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। सीएमओ डॉ गीताराम ने कहा कि नये जोश के साथ हम सब एक जुट होकर अपने विभाग को इससे भी अधिक उचाइयों पर पहुंचायेंगे। अधीक्षक डॉ गौरव त्रिपाठी ,डॉ सैफ अली खान ने अतिथियों का माल्यार्पण कर व प्रतीक चिह्न देकर स्वागत किया गया। समाजसेवी घनश्याम तिवारी ने अंग वस्त्र और प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया । मुख्य रूप से डॉ मोहित श्रीवास्तव ,डॉ अभिषेक वर्मा ,डॉ राघव गुप्ता , डॉ अंकिता वर्मा , डॉ अनीता ,अश्वनी सचान ,दया ,शंकर सिंह , पवन कुमार , नीतीश मिश्रा , विजय गुप्ता , उपासना एएनएम , अनुराधा , उषा ,शशि तिवारी , सुरेश चंद्र शर्मा , निर्मल पोरवाल ,गोलू सविता ,भोलू तिवारी आदि शामिल रहे ।



पीएचसी प्रभारियों को सम्मानित करते सीएमओ डॉ. गीता राम । अमृत विचार

### पोषण मेला में दी गई जानकारियां

**महेवा, इटावा।** विकास खंड महेवा के सभागार में पोषण मेला का आयोजन किया गया। गर्भवती महिलाओं को गर्भवस्था के समय पर्याप्त मात्रा में पोषण एवं समुचित भोजन के प्रकार एवं मात्रा के बारे में बताया गया। कुपोषण को दूर करने के उद्देश्य से मेले में हरी सब्जी फल आदि के स्टाल लगा कर इनके नियमित प्रयोग करने के लिए भी प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में महिलाओं को प्रधानमंत्री मातृत्व योजना, जननी बाल सुरक्षा योजना, प्रसव पूर्व व जांच कराए जाने के बारे में जानकारी दी। गोद भराई एवं अन्न प्राशन कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया । प्रभारी बाल विकास परियोजना अधिकारी मनोरमा पांडेय, क्षेत्रीय सुपरवाइजर कमला पाल, फूलमती मौजूद रही ।

## चोरी की तीन बाइकों के साथ गिरफ्तार

**इटावा।** ऊसराहार थाना पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर कर्री पुलिया के पास से एक युवक को गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से तमंचा कारतूस के अलावा चोरी की तीन बाइकें बरामद हुईं। एसओ ऊसराहार बेचन सिंह अपनी टीम के साथ कछपुरा पुलिया के पास वाहनों की चेकिंग कर रहे थे। तभी उन्हें बाइक से आता एक युवक दिखा। पुलिस के टोकने पर उसने भागने का प्रयास किया। पुलिस ने दौड़ाकर उसेदबोचा। तलाशी में उसने पास से तमंचा कारतसू बरामद हुए। बाइक के कागजात मांगने पर वह दिखा नहीं सका। बाद में उसने बताया कि बाइक चोरी की है। बाद में पुलिस ने उसकी निशान देही पर दो और चोरी की बाइक बरामद की। पकड़े गए युवक ने अपना नाम मोहन यादव पुत्र सर्वेश यादव निवासी नगला मंगदथाना किशनी बताया।

## सार-संक्षेप

### 101 मोबाइल फोन बरामद कर मालिकों को सौंपे

**इटावा।** एसओजी व सर्विलांस की टीम ने अलग अलग स्थानों से लोगों के 101 मोबाइल फोनों को बरामद कर शनिवार को उनके असली मालिकों को बुलाकर उनके सुपुर्द कर दिए। खोये मोबाइल पाकर लोगों ने पुलिस की टीम को बधाई दी है। एसएसपी संजय कुमार वर्मा ने बताया कि लोगों ने अपने खोये हुए मोबाइलों के संबंध में प्रार्थनापत्र दिए थे। जिसके संबंध में संज्ञान लेते हुए उन्होंने एसओजी व सर्विलांस टीम को मोबाइलों का पता लगाने के लिए कहा था। इसी क्रम में सर्विलांस टीम ने अथक मेहनत करते हुए इलेक्ट्रानिक एवं मैनुअल साक्ष्य संकलित कर खोये हुये जनता के 101 मोबाइल फोन को तलाश किया । शनिवार को बरामद हुए मोबाइल फोनों को उनके मालिकों के सुपुर्द कर दिया गया। बरामद किए गए मोबाइलों की कीमत करीब 25 लाख के आसपास बताई गई है। बरामद किए फोनों में ओप्पो कंपनी के 15 वीवो कंपनी के 21 रियलमी के 28 रेडमी के 16 सैमसंग के 9 इनफिनिक्स के 4 अलावा अन्य कंपनी के मोबाइल शामिल थे। अपने गुमशुदा मोबाइलों को पाकर मोबाइल मालिकों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए पुलिस को धन्यवाद दिया है।

### कार की सीट के नीचे से साढ़े सात लाख रुपये पकड़े गये

**इटावा।** लोकसभा चुनाव को सकुशल एवं शांतिपूर्ण माहौल में कराने के लिए चलाये जा रहे अभियान के अंतर्गत चेकिंग के दौरान कार की तलाशी में कार की सीट के नीचे छिपाकर ले जाए जा रहे साढ़े सात लाख रुपये बरामद किए गये। एसएसपी ने बताया कि जनपद की सीमा पर विशेष चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था। शनिवार को सिविल लाइन थाना पुलिस एवं सचल दस्ता की टीम संयुक्त रूप से सराय भूपत के पास चेकिंग कर रही थी । इसी दौरान एक कार इटावा की ओर आ रही थी । पुलिस टीम ने उक्त कार को रोक कर चेक किया तो गाड़ी की सीट के नीचे से साढ़े सात लाख रुपये बरामद हुये । पुलिस टीम द्वारा गाड़ी चालक से उक्त धन राशि के संबंध में पूछताछ की गयी तो वह उसके बारे में तथ्यात्मक जानकारी नहीं दे सका । बरामद राशि को कोषागार इटावा में जमा कर दिया गया ।

# वसंतोत्सवों का चरम होली



हृदय नारायण दीक्षित
पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उ.प्र.

होली मधु विद्या का मधु प्रसाद है। यह लोक महोत्सव है। भारत की भू-सांस्कृतिक आस्था का नर्तन, दर्शन दिग्दर्शन है। यहां लोक अभिव्यक्ति है, राष्ट्रीय एकत्व है और सांस्कृतिक समरसता है। लोक आनंद की अनुभूति है। होली सबकी प्रीति है, राष्ट्र की रीति है। भारत की उमंग और भारत के मन की रंग तरंग है।

प्रकृति नित्य नूतन है। चिरन्तन और आनंदरस से परिपूर्ण। इसके अन्तः पुर में आनंदरस का महास्रोत है। भारतीय चिन्तन में इस स्रोत का नाम है-उत्स। उत्सव इसी आनंद रस का आपूरण है। यूरोप और अमेरिकी समाजों के उत्सव बाजार तय करता है और भारत के उत्सव तय करता है देश-काल। प्रकृति दर्शनीय है। नदियां हंसती नृत्य करती गति करती हैं। नदियों के तट पर उत्सव और नृत्य। काल सबका नियंता है। भारतीय उत्सवों में प्रकृति और मुहूर्त की जुगुलबन्दी है। होली भारत के मन का सामूहिक उल्लास है। द्यावा-अंतरिक्ष मदनरस, आनंदरस और प्रीतिरस का वातायन। होली वसंतोत्सवों का चरम है और वसन्त है प्रकृति का अपनी परिपूर्णता में खिलना। प्रकृति सदाबहार नायिका है। प्रकृति में नियमबद्धता है। वैदिक ऋषियों ने सृष्टि के इस संविधान को ऋत कहा, ग्रीष्म, वर्षा, शिशिर, हेमंत, पतझड़ और बसंत इसी ऋत के ऋतु-रूप हैं। बसंत परिपूर्ण प्राकृतिक तरूणाई है। भारतीय उत्सवों का अन्तः प्रेरण यह भरी पूरी प्रकृति है।

प्रकृति की अंग-अंग उमंग का नाम है बसंत। वसंत ऋतु राज है। पृथ्वी सगंधा है। सो फूलों से सुगंध उड़ती है, मरुदगण इस सुगंध को दशों दिशाओं तक पहुंचाते हैं। धरती आकाश गंध आपूरित होते हैं। तिक्त नीम अशोक हो जाती है और बेहया हो जाती है मौलश्री। तब गुलाब रातरानी जैसी सुगंध देने लगता है और रातरानी कमलगंध में हहराती प्रीति। प्रकृति के सभी रूप रसवन्त हो जाते हैं। नदियां नर्तन करती हैं, झीले गीत गाती हैं, वनस्पतियां झूम उठती हैं। शरद् और ग्रीष्म गलमिलौवल करते हैं। पक्षी गीत गाते हैं। वे नियम बंधन में रहते हैं। लेकिन बसंत और होली में शास्त्रीयता का कोई बंधन नहीं। होली आनंद का अतिरेक है। अतिरेक प्रायः शास्त्रीय नहीं होता। होली में लोक अपने छन्द स्वयं गढ़ता है। ऊर्जा का अतिरेक उत्सव बनता है। मनुष्य की तरह समाज का भी मूल-उत्स होता है। भारतीय समाज का मूल-उत्स संस्कृति है। होली भारत का मधुरस है, मधुछन्द है, सामगान है, लोकनृत्य है और लोक संस्कृति का चरम है। भारतीय उत्सव है प्रकृति का प्रसाद। होली महाप्रसाद है। होली पूरे बरस भर की मधुऊर्जा है। परिपूर्ण उत्सव है। होली संपूर्ण मानव समाज को अंगांगी भाव से अंगीकृत करने का नेह निमंत्रण है।" आधुनिक मानस विदेशी पर मोहित है, परदेशी रंग के कारण रंग में भंग है। नेह निमंत्रण है कि "आओ चढ़ा ले रंग देशी कि रंग परदेशी उतर जाये। चहुदिश, दिक्काल, लाल गुलाल, सबके गाल। एक मुट्ठी गुलाल आपके भी गाल।

होली मधु विद्या का मधु प्रसाद है। यह लोक-महोत्सव है। भारत की भू-सांस्कृतिक आस्था का नर्तन, दर्शन दिग्दर्शन है। यहां लोक अभिव्यक्ति है, राष्ट्रीय एकत्व है और सांस्कृतिक समरसता है। लोक आनंद की अनुभूति है। होली सबकी प्रीति है, राष्ट्र की रीति है। भारत की उमंग और भारत के मन की रंग तरंग है। देश के उत्तर, दक्षिण और पूरब, पश्चिम होली सबकी प्यारी है। होली विश्ववारा हिन्दू संस्कृति का मनआनंद है। होली गीता गाता नृत्य मगन अध्यात्म है। धरती, आकाश, वन और सम्पूर्ण उपवन, का गीत, संगीत है। होली जाति, पंथ उम्र से परे जीवन्त महाउल्लास है। होली की तमाम कथाएं हैं। महाभारत में भविष्य पुराण का उल्लेख है। कथा के अनुसार कृष्ण ने युधिष्ठिर को बताया कि राजा रघु के पास ढोण्ढा राक्षसी की शिकायत हुई, यह बच्चों को तंग करती थी। रघु को ज्योतिषियों ने बताया कि शिव वरदान के अनुसार उसे खेलते बच्चों से डरना चाहिए। फाल्गुन पूर्णिमा को लोग-बच्चे हंसे, ताली बजाएं तीन बार अग्नि के चक्कर लगाएं, पूजा करें। गीत गायें। ऐसा ही किया गया, वह मर गयी। प्रहलाद की कथा दूसरी है। हिन्दुस्थान के उत्तर पूर्व में दैत्यों दानवों का क्षेत्र पूर्व ईरान, एशियाई, रूस का दक्षिणी पश्चिमी हिस्सा और गिलगिट तब इलावर्त था। बेबीलोनिया की प्राचीन गुफाओं के भित्ति चित्रों में विष्णु हिरण्याक्ष से युद्धरत हैं। हिरण्याक्ष हिरण्याकश्यप का भाई था। प्रहलाद हिरण्याकश्यप का पुत्र था। वह पिता की दैत्य परमपरा का विरोधी था। तब उसे आग में झोंका गया, कथा के अनुसार वह बच गया। प्रहलाद भारतीय सत्याग्रही चेतना का प्रतिनिधि था। ढेर सारी कथाएं हैं। ऐसी कथाओं के सत्य सांस्कृतिक स्रोत होते हैं।

होली भारत का अपना सांस्कृतिक आयोजन है। यह सम्पूर्ण भारतीय जन का उल्लास है लेकिन कुछ स्वयंभू भौतिकवादी विद्वानों ने इसे मिस्र या यूनान से आयातित बताया है। होली जैसा उत्सव बेशक मिस्र में था, यूनान में भी था। ऐसे क्षेत्रों से भारत के व्यापारिक संबंध थे। सत्यकेतु विद्यालंकार ने 'वैदिक युग' (पृष्ठ 232) में बताया कि वर्तमान ईराक और तुर्की राज्य क्षेत्रों से प्राप्त भग्नावशेषों व प्राचीन सभ्यताओं से ज्ञात होता है कि उनका भारत के साथ घनिष्ठ व्यापारिक संबंध था। ऋग्वेद (1.25.4) में पक्षियों के उड़ने वाले आकाश मार्ग और समुद्री नौका मार्ग के उल्लेख हैं। जैमिनि ने होलाका पर्व का उल्लेख (400-200 ईसा पूर्व) किया और लिखा कि होलाका सभी आर्यों का उत्सव था। आचार्य हेमाद्रि (1260-70 ई.) ने पुराण उद्धरणों से होली की प्राचीनता दर्शाई है। वात्स्यायन के कामसूत्र (1.4.42) में यह एक बसंतोल्लास क्रीड़ा पर्व है। ऋग्वेद में अग्नि को अन्न समर्पित करने और तमाम वाद्य यंत्रों के साथ गीत गाने के उल्लेख हैं। हजारों बरस पुरानी होली की परम्परा उत्सवधर्मा भरतभूमि में ही उगी। बहुत संभव है कि मिस्र और यूनान ने भी भरतभूमि से ही ऐसी प्रेरणा ली हो।

वैदिक पूर्वजों का चित्त उत्सवधर्मा था। होली हजारों बरस प्राचीन राष्ट्र के सांस्कृतिक विकास का परिणाम है। इसके उत्सव ऋग्वेद में हैं। ऋग्वैदिक पूर्वज सृजनशील है। सृजनशीलता ही वैदिक ऋचाएं कविताएं हैं। यहां मंत्रों के साथ संगीत और नृत्य भी है। रूप, रस, गंध, स्पर्श की अनुभूति से आनंद रस का अतिरेक छलकता है। यही आनंद उत्सव बनता है। ऋषि कवि अपने खेल में देवताओं को भी साझीदार बनाते है, वे मरूतों को उत्सव 'क्रीडन्ति' बताते हैं। सोम को घोड़े के समान खेलने वाला बताते हैं। लेकिन सूर्य और अग्नि बड़े देवता है। सूर्य ऋतुएं विभाजित करता है। अग्नि ऋतु निर्माणकर्त्ता है। ऋषि अग्नि से कहते (ऋ0 5.19.5) हैं कि वह खेलता हुआ हमारी ओर आये। अग्नि खेलते हुए आने वाले अतिथि हैं। उनके स्वागत का आनंद होली में ही खेलता हुआ ही आता है। तब लोक भी खेलता है, हंसता, गीता गाता नृत्य करता है।

वैदिक परंपरा में अग्नि बड़े देवता हैं। पूर्वजों ने होली उत्सव में अग्नि को प्रधान बनाया। कृषि प्रधान राष्ट्र ने जौ-गेहूं की बालियां अग्नि देव को सौंपी, प्रसाद रूप में स्वयं भी ग्रहण की। सूर्य अग्नि का ही रूप है। उनके प्रकाश में सात रंग है। पूर्वजों ने होली उत्सव को सतरंगी बनाया। ध्वनि में सात सुर-आयाम हैं। पूर्वजों ने रंगों के साथ सात सुर भी जोड़े। यहां रंग सुर छंद है, ताल लयसंगीत हैं, नृत्य और थिरकन है। होली में मर्यादित वर्जनाहीनता है। परिपूर्ण उन्मुक्तता है। उपनिषदों में परम सत्ता को रस बताया गया है-रसौ वै सः। होली रसपूर्ण है। प्रीतिरस के साथ रीतिरस। गीत और संगीत रस। मर्यादा रस और उन्मुक्त रस साथ साथ हैं। होली आप सबको आनंदरस रंग से परिपूरित करे।

# हिरण्यकशिपु हो या होलिका : है पग-पग डेरा डाले



सलिल पांडेय
मिर्जापुर

रंग का विलोम शब्द बदरंग है। रंगों के कलात्मक संयोजन से चित्र चित्ताकर्षक हो जाते हैं,जबकि अनियोजित प्रयोग से उसी चित्र में विकृतियां झलकती है। रंगों का सबसे बड़ा खजाना आसमान के सूरज के पास है। सूरज सप्तवर्णी या सप्तरंगी किरणों वाला होता है। उदित होते सूरज के विविध रंगों से आसमान की छटा परवान चढ़ जाती है। इतना ही नहीं,बल्कि ढले शाम भी वह बतौर कुशल चित्रकार ही दिखता है। इंद्रधनुष ऐसा बनाता है, शायद पेशेवर चित्रकार को कैनवस पर उसकी नकल करने में कठिनाई हो। जबकि सूरज के पास चित्र बनाने की न तूलिका है और न दूसरे उपकरण और संसाधन।

सूरज की इस रंगकारी की तुलना रंगों के त्योहार होली से की जाए तो होली भी जीवन को रंगों से भर देने का त्योहार है। रंगीली होली की गाथा अंतहीन है। कविता में नजीर अकबराबादी 'गालों से रंग ढलकते हों तब देख बहारें होली की' के साथ महबूब नशे में छकते हों तब देख बहारें होली की' का जब उल्लेख करते है तब रंगों के नशा करने वाले किसी महबूब पर उनकी नजर दिखाई पड़ती हैं। रंगों के आपसी सामंजस्य में गहरा संदेश भी है और गहरा दर्शन भी है।

घर-परिवार से लेकर समाज और देश-दुनिया तक में जीव से लेकर प्रकृति तक में सामंजस्य ही जीवन के रंग को द्विगुणित कर देता है। यशोदा के नंदन कृष्ण के लिए गोपिकाएं 'नैन नचाय कही मुस्काय, लला फिर आइयो खेलन होली' का निहितार्थ ही है कि मन में लालित्य के लिए जीवन में जरूरत पर मुरली बजाने वाली स्थिति भी हो और आवश्यकता पड़ने पर जीवन के महाभारत में शंखनाद भी करने की सामर्थ्य हो। होली उस सुबह हो-हल्ला मचाते आ धमकती है जब उसकी पूर्व रात्रि में होलिका दहन हो चुका होता है। होलिका दहन के प्रतीकों को होलिका में पड़ने वाले विविध पदार्थों के आईने में देखा जाए तो जीवन के होलिका दहन में भी विविधता दिखाई पड़ती है। प्रथमतः पंचभौतिक शरीर के स्तर पर नित होने वाले होलिका दहन का विश्लेषण किया जाए तो इस शरीर में भी अग्नि है। सबसे महत्वपूर्ण जठराग्नि को होलिका दहन के परिप्रेक्ष्य में लिया जाए तो खाद्य पदार्थों के जरिए शरीर को आह्लाद देने वाले तत्व (मिनरल्स) को जठराग्नि बचाकर शरीर को हष्ट-पुष्ट बनाने के लिए रक्त रसायन को दे देती है और खाद्य पदार्थों में समाई होलिका को जलाकर बाहर कर देती है। लाल रक्त कण (रेड सेल्स) शरीर को स्वस्थ रखता है। इतना ही नहीं शरीर को क्षति पहुंचाने वाले हिरण्यकशिपु जैसे विषाणुओं से भी जठराग्नि लड़ती-भिड़ती रहती है।

अब चिंतन-मनन के स्तर पर होलिका दहन की विवेचना की जाए तो हिरण्यकशिपु जैसा अहंकार इस देव-दुर्लभ जीवन का सबसे बड़ा शत्रु हैं। इसी अहंकारी हिरण्यकशिपु की बदरंगी मनोवृत्तियां उसकी बहन होलिका है। होलिका मन के प्रह्लाद के उच्च भाव की घेराबंदी करती है। इसे गोद में बैठाकर काम-क्रोध की अग्नि में भस्मीभूत कर देना चाहती है, लेकिन मन की दृढ़ता की भावनाएं कुप्रवृत्तियों की होलिका की योजना विफल करती है। सत्य, सदाचार और सुनीतिपूर्ण जीवन पद्धति के संस्कारों से शिक्षित मन प्रह्लादत्व की स्थिति में है तो फिर जीवन का आह्लाद जल नहीं सकता। इससे सर्वप्रथम चेहरे का ही नहीं,बल्कि मन का भी रंग चटक होता है। मन अग्नि में तपाए हुए स्वर्ण (सोने) की तरह चमक उठता है। आत्मबल बढ़ता है,जो जीवन के रंग को कभी बदरंग नहीं होने देता है।

# होली का वैदिक स्वरूप



प्रो. विवेकानंद तिवारी
अध्यक्ष, आंबेडकर पीठ
एचपीयू, शिमला

होलिकोत्सव का वर्णन भविष्योत्तर पुराण में इस प्रकार से किया गया है "राजन! शीतकाल का अंत है। इस फाल्गुनी पूर्णिमा के पश्चात प्रातः मधुमास होगा। सभी को आप अभय दीजिए।

होली वास्तव में एक वैदिक यज्ञ है जिसका मूल स्वरूप आज विस्मृत हो गया है। वैदिक काल में इस पर्व को 'नवान्नेष्टि' कहा गया है। इस दिन खेत के अधपके अन्न का हवन कर प्रसाद बांटने का विधान है। इस अन्न को होला कहा जाता है,इसलिए इसे होलिकोत्सव के रूप में मनाया जाता था। इस पर्व को नवसंवत्सर का आगमन तथा वसंतागम के उपलक्ष्य में किया हुआ यज्ञ भी माना जाता है। कुछ लोग इस पर्व को अग्निदेव का पूजन मात्र मानते हैं। मनु का जन्म भी इसी दिन का माना जाता है। अतः इसे मन्वादितिथि भी कहा जाता है। पुराणों के अनुसार भगवान शंकर ने अपनी क्रोधाग्नि से कामदेव को भस्म कर दिया था,तभी से यह त्योहार मनाने का प्रचलन हुआ।

सूनृतावन्तः सुभगा इरावन्तो हसामुदाः। अतृष्या अक्षुध्या गृहा मास्मद् बिभीतन॥ (अथर्ववेद 7.60.6) जिन घरों में रहने वाले परस्पर मधुर और शिष्ट संभाषण करते हैं जिनमें सब तरह का सौभाग्य निवास करता है,जो प्रीति-भोजों से संयुक्त हैं,सभी हास और उल्लासमय जीवनयापन करते हैं एवं जहां न कोई भूखा है न प्यासा,उन घरों में कहीं से भय का संचार न हो। हमारी संस्कृति मे 'होली' का उत्सव तामसिक वृत्तियों के मुखर होने हेतु नियत किया गया है। इस दिन हमारी मर्यादित प्रकृति भी उन्मुक्त हो जाती है। आमोद-प्रमोद निर्बन्ध हो जाते हैं। उत्सव की इस सम्मोहनी शक्ति को हमारे द्रष्टा महर्षियों ने समझा था। उन्होंने यज्ञों में वसंत को आज्य कहकर घोषित किया था-यत्पुरुषेण हविषा देवा यज्ञमतन्वत। वसन्तो अस्यासीदाज्यं ग्रीष्मः इध्मः शरद्धवि॥ (ऋग्वेद 10.90.6) होलिकोत्सव का वर्णन भविष्योत्तर पुराण में इस प्रकार से किया गया है "राजन! शीतकाल का अंत है। इस फाल्गुनी पूर्णिमा के पश्चात प्रातः मधुमास होगा। सभी को आप अभय दीजिए। सभी रंग-बिरंगे वस्त्र पहनकर चंदन, अबीर और गुलाल लगाकर पान चबाते हुए एक-दूसरे पर रंग डालने के लिए पिचकारियां लेकर निकलें जिनके मन में जो आए सो कहें। ऐसे शब्दों से तथा हवन करने से वह पापिनी (होलिका) नष्ट हो जाती है।" होली या वसंतोत्सव का जो वर्तमान स्वरूप दिखाई पड़ता है वह हजारों वर्ष भारतवर्ष के पूर्व भाग में जो अनेक प्रकार की उद्यान-क्रीड़ाएं प्राचीनकाल में प्रचलित थीं,वे इसी होली पर्व का ही एक अंग थीं। पाणिनि का 'प्राचांक्रीणायां (6,2,72) सूत्र इनका परिचायक है। 'वात्स्यायन ने उन्हें देश परंपरागत क्रीड़ाएं कहा है। श्रीमद्भागवत (10-75-14.15) में वर्णन इस प्रकार मिलता है-"गंध, माला, भूषण तथा वस्त्रों से अलंकृत पुरुष और स्त्रियां नदी में अवभृथ स्नान करने के लिए गईं। वहां युवतियां तेल, गोरस, सुगंधित जल, हल्दी और कुमकुम आदि से एक-दूसरे को रंगने लगी। घत्तियी (चर्मयंत्र) से अपने देवरों और प्रियजनों को भिगो रही थीं।" ये घत्तियां ही आधुनिक पिचकारियों की आदिरूप थीं। महाकवि माघ (750 ई.) ने पिचकारी का वर्णन किया है। तप्त स्वर्ण के समान उज्जवल केसरिया रंग का विशाल स्नानाच्छादन, वस्त्र प्रक्षालन तथा प्रियजनों का सान्निध्य नारियों के जल क्रीड़ा के साधन थे।

प्रारंभ में उत्सवों और पर्वों का आरंभ अत्यंत लघु बिंदु से होता है जिसमें निरंतर विकास होता रहता है। सामाजिक आवश्यकताएं इनके विकास में विशेष भूमिका निभाती हैं। यही कारण है कि होली जो मूलतः एक वैदिक सोमयज्ञ के अनुष्ठान से प्रारंभ हुआ,आगे चलकर परम भागवत प्रहलाद और उनकी बुआ होलिका के आख्यान से भी जुड़ गया। गवामयन के अंतर्गत महाव्रत के इस परिवर्धित और उपबृंहित पर्व-संस्करण में 'नवशस्येष्टि (नई फसल के अनाज का सेवन करने के लिए किया गया अनुष्ठान) तथा मदनोत्सव अथवा वसंतोत्सव का समावेश भी इसी क्रम में आगे हो गया। वसंत ऋतु के आगमन के स्वागत उत्सव के कारण होली वसंतोत्सव के रूप में मनाई जाती है। मदनोत्सव के पीछे यह रहस्य है कि मानव जीवन में धर्म,अर्थ और मोक्ष के साथ काम भी एक पुरुषार्थ के रूप में प्रतिष्ठित है। 'कामस्तदाग्रे संवर्तताधि' कहकर वेदों ने भी इसे स्वीकार किया है। नृत्य-संगीत प्रभृति समस्त कलाएं, हास-परिहास, व्यंग्य-विनोद तथा आनंद और उल्लास इसी तृतीय पुरुषार्थ के नानाविध अंग हैं।

होलिकोत्सव के रूप में हिंदू समाज ने मनोरंजन को जीवन में स्थान देने के लिए तृतीय पुरुषार्थ के स्वस्थ और लोकोपयोगी स्वरूप को धर्माधिष्ठित मान्यता प्रदान की है। जैसा कि गीता में भगवान श्रीकृष्ण का स्पष्ट कथन है-धर्माविरुद्धो भूतेषु कामोऽस्मि भरतर्षभ। हे अर्जुन! मैं प्राणियों में धर्मानुकूल कामप्रवृत्ति हूं। शिवजी ने तृतीय नेत्र से फाल्गुन कृष्णाष्टमी को काम/मदन का दहन किया था। तब कामदेव की पत्नी रति की प्रार्थना पर होलाष्टक के अंतिम दिन अर्थात् धुलेंडी के दिन शिवजी ने,कामदेव का प्रद्युम्न के रूप में पुनर्जन्म होने का वचन दिया था। इसलिए होली को मदनोत्सव के रूप में मनाया जाता है।

## मूल प्रवृत्ति



डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

भूख न होती तो खेती का विकास क्यों होता? भूख लगी इसीलिए शिकार को जाना पड़ा था। भूख लगी,इसीलिए वृक्ष लगाए, फल खाया, भूख लगी इसीलिए मत्स्यपालन किया,भूख लगी इसीलिए पशुपालन किया, दूध पिया। भूख लगी इसीलिए खाद्य-पदार्थों के इतने बड़े उद्योगों का विकास हुआ। रति प्रवृत्ति न होती तो नर और नारी का सम्मिलन भी क्यों होता? सिसृक्षा पुत्रैषणा न होती तो परिवार ही क्यों बनता? रति मूल प्रवृत्ति में परस्पर सहयोग ने बहुत बाद में चल कर पति-पत्नी का संबंध विकसित किया।

रक्षा की मूल प्रवृत्ति न होती तो क्यों तो गुफा बनती,क्यों झोंपड़ी बनती और क्यों ये कोठी बनती? जंगल से गांव और गांव से नगर भी क्यों बन जाता? रक्षा की मूल प्रवृत्ति न होती तो समाज और राज्य भी क्यों बनता? रक्षा और प्रभुता की मूल प्रवृत्ति न होती तो कोई सेना क्यों बनती और यह यूक्रेन-रूस युद्ध भी क्यों होता? जिज्ञासा की मूल प्रवृत्ति न होती तो ज्ञान-विज्ञान का विकास भी क्यों होता? क्यों आदमी अंतरिक्ष में जाता? क्यों समुद्र की थाह लेता? क्यों विश्वविद्यालय बनते? क्यों पुस्तकें लिखी जातीं? जिज्ञासा की मूल प्रवृत्ति न होती दर्शन और विचारधाराओं का विकास कैसे होता? संग्रह, वित्तैषणा या तृष्णा की मूल प्रवृत्ति न होती तो एक आदमी दूसरे के हक को क्यों छीन लेता? विषमता का जन्म भी क्यों होता? बैंक क्यों बनतीं? खजाने की क्या जरूरत होती? जर-जमीन के झगड़े क्यों होते? चिड़िया के पास ही कौन सा संग्रह है? पेट तो भर ही लेती है,लेकिन मनुष्य तिजोरी और कोठार बनाता है। गौरव की मूल प्रवृत्ति (अपने को श्रेष्ठ मानने की प्रवृत्ति) न होती तो कोई अपने को श्रेष्ठ और दूसरे को हीन क्यों समझता? परनिंदा का भाव भी क्यों होता? तू छोटा मैं बड़ा,यह भाव भी कहां से आता? क्यों ऊंच-नीच का विचार बनता और वर्ग-विद्वेष भी क्यों होता?

आराम की मूल प्रवृत्ति न होती तो सभी श्रम कर लेते। श्रमिक और प्रबंधक वर्ग क्यों होते? अनुकरण की मूल प्रवृत्ति न होती तो हम कैसे संगीत सीखते? कैसे भाषा सीखते? किसी से कोई होड़ क्यों करता? आज तो अस्त्र-शस्त्र की होड़ हो रही है। मूल प्रवृत्ति न होती तो दंडविधान भी क्यों बनता? समस्त सभ्यता का विकास, समस्त संस्कृति का विकास, समस्त ज्ञान विज्ञान का विकास मूल प्रवृत्तियों की और मूल प्रवृत्तियों के संयमन, नियमन, दमन और उन्नयन की प्रणालियों की देन है।

## गुर्दे और जल संरक्षण



आर्य सागर खारी
नोएडा

पर्यावरण गोष्ठियों सोशल मीडिया आदि के माध्यम से जल संरक्षण जल की महत्ता को लेकर अनेक जागरूकता संदेश प्रचारित-प्रसारित किए जा रहे हैं। बात जब जल के बचाने को लेकर होती है तो आधुनिक वाटर कंजर्वेशन के तमाम मॉडल्स पर डिस्कशन होता है, लेकिन दुनिया का सबसे बेहतरीन अनूठा लाजवाब वाटर कंजर्वेशन मॉडल हमारे शरीर में मौजूद है। वर्ष 2003 का केमिस्ट्री का नोबेल इसी वॉटर कंजर्वेशन मॉडल जिसे एक्वापोरिन सिस्टम कहा जाता है, उसे दुनिया को समझाने के लिए पीटर एग्री को मिला था। पंचतत्व से यह शरीर बना है पृथ्वी, अग्नि, जल, वायु और आकाश सर्वाधिक प्रधानता जल तत्व की है। मानव शरीर में 60/70 फीसदी लगभग जल ही होता है। 2003 तक साइंटिस्ट नहीं जानते थे कि मानव शरीर में जल कैसे रीसायकल एक्सचेंज निष्कासित होता है। हमारे शरीर की अरबों-खरबों कोशिका में जल का आदान-प्रदान किस तरह होता था कोई जानकारी नहीं थी। हमारा शरीर जो जल हम पीते हैं उसे मिनिमम वेस्टेज के आधार पर यूटिलाइज करता है। दोनों गुर्दे 24 घंटे में 170 लीटर प्राइमरी यूरिन बनाते हैं। समझना यह है कि यदि इतनी भारी मात्रा में प्राइमरी यूरिन बनता है तो मानव कितने जल का उपयोग करेगा प्रत्येक मनुष्य की जल की खपत बढ़ जाएगी जल का अनावश्यक असीमित उपयोग होगा।

इस संकट से बचाने के लिए भगवान ने मानव गुर्दों को रीसाइक्लिंग प्लांट से लैस कर दिया है,जो 170 लीटर प्राइमरी यूरिन को घटाकर वेस्टेज के तौर पर 1 से 2 लीटर फाइनल यूरिन में तब्दील कर देता है। है न अद्भुत व्यवस्था इस काम में मुख्य भूमिका दोनों गुर्दों की विशेष क्रियात्मक सर्जनात्मक इकाई नेफ्रॉन निभाती हैं। प्रत्येक गुर्दा 10 लाख नेफ्रॉन से मिलकर बना है नेफ्रॉन बहुत ही महीन छन्नी है। हमारा शरीर पानी कैसे बचाया जाए? कैसे उसका संरक्षण किया जाए? कैसे उसका अधिकतम उपयोग किया जाए? भलीभांति जानता है, लेकिन हम नहीं जानते यह अजीब विडंबना है। हमारे शरीर की प्रत्येक कोशिका जल को बचाना जानती हैं। प्रत्येक कोशिका के बीच मिनिमम वॉटर वेस्टेज पर आधारित वाटर चैनल्स काम करता है, जो विशेष जल रोधी एक्वा प्रोटीन से काम करता है। प्रति सेकंड हमारे शरीर के इन वाटर चैनल में जल के हजारों अणु गुजरते हैं।

# बेअसर एंटीबायोटिक्स से तपेदिक नियंत्रण बना चुनौती



रणवीर सिंह फोगाट
सेवानिवृत्त अधिकारी
स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग
आईसीएमआर

अब सवाल है कि रेसिस्टेंट हो गए हैं तो पुनः इन्फेक्शन उभर आने पर इसकी डायग्नोस्टिक्स के लिए अस्पताल या मौजूदा अरम्परिक लैबोरेट्रीज क्या करें, क्योंकि लार का नमूना लेने से रेसिस्टेंट हुआ बैक्टीरिया पकड़ में नहीं आ रहा।

विश्व स्वास्थ्य संगठन और अनेक वैज्ञानिकों ने चेताया है कि आहार के लिए पाले जाने जिन जंतुओं -मुर्गी, सूअर, तीतर, बटेर, बतख, टर्की और किवी को एंटीबायोटिक खिलाने से मनुष्य में एंटी-माइक्रोबियल रेजिस्टेंस बढ़ रही है। इसकी वजह से कॉलरा, टाइफाइड, शिगेला जैसे बैक्टीरिया के विरुद्ध पारंपरिक दवाएं असरदार नहीं हो रही हैं। इलाज के दौरान भी दिक्कतें सामने आ रही हैं। कॉम्बिनेशन एंटीबायोटिक्स का असर मनुष्य देह में पलने वाले संक्रमण को खत्म करने के लिए धीरे-धीरे कम होता जा रहा है। हालांकि नयी संश्लेषित दवाओं पर काम हो रहा है, परंतु पेड़-पौधों से प्राप्त होने वाले नए एंटी-बैक्टीरियल मॉलिक्यूल्स के परीक्षणों पर खोज जारी है। साथ ही समुद्री वनस्पतियों एवं शैवाल से भी नए एंटी-बैक्टीरियल और माइक्रोबियल एजेंट्स तलाशे जा रहे हैं।

रोगकारक बैक्टीरिया इतना चालाक है कि 'म्युटेट' कर लेता है और अपना जेनेटिक मेकअप भी बदल लेता है। हैजा के बैक्टीरिया में एक मॉलिक्यूलर पंप होता है जिससे वह दवा को बाहर धकेल कर जिंदा रहकर सक्रिय बना रहता बनाए रखता है। इसलिए सलाह यह दी गई है कि फ़ार्म चिकन, अंडा, पोर्क और बीफ न खाया जाए। अगर दारू ऊपर से सेवन भी किया जाता है तो मुसीबतें और बढ़ सकती हैं। मसलन तपेदिक के प्रति एंटीबायोटिक-रेजिस्टेंस कुछ अधिक ही दिख रहा है। मरीज लोग समय पर दवा नहीं लेते या आधी-अधूरी लेकर छोड़ देते हैं और लापरवाह हो जाते हैं। अब सवाल है कि रेसिस्टेंट हो गए हैं तो पुनः इन्फेक्शन उभर आने पर इसकी डायग्नोस्टिक्स के लिए अस्पताल या मौजूदा अरम्परिक लैबोरेट्रीज क्या करें, क्योंकि लार का नमूना लेने से रेसिस्टेंट हुआ बैक्टीरिया पकड़ में नहीं आ रहा। क्या क्लिनिकल टेस्ट्स और इन्वेस्टीगेशन्स का तरीका बदला जा रहा है? सन 2015 से ऐसी कोशिश हो रही है कि बेसिलस टुबरकुलीन अर्थात् टीबी करने वाले बैक्टीरिया के नए और ड्रग रेसिस्टेंट स्ट्रेंस या विभेद और विभेदों की पहचान के लिए कुछ और किया जाए जैसे कि एक बार चीन ने टीबी इंफेक्शन पकड़ने के रक्त की जांच शुरू की थी,लेकिन रिजल्ट्स 'फाल्स नेगेटिव' या 'फाल्स पॉजिटिव' रहते थे। इस तकनीक में इंफेक्शन को पकड़ने के लिए रक्त में मौजूद 'मार्कर्स' या बायो-लॉजिकल पार्टिकल्स को ढूंढा जाता है, जो इंफेक्शन होने के बाद रक्त में घूमते रहते हैं। भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद ने इसे रिजेक्ट कर दिया और कहा कि एक्स-रे और स्पुटम टेस्ट ही 100 प्रतिशत कामयाब टेस्ट हैं। रक्त में 200 किस्म के मेटाबॉलाइट्स मौजूद होते हैं और 'मार्कर्स', या अतिसूक्ष्म जैव-पदार्थ भी,लेकिन टीबी स्पेसिफिक मार्कर्स को डिटेक्ट करने और इन्हें इंटरप्रेट करने में गलती की संभावना अधिक होती है। भारत में बहुत सी लैब यह टेस्ट करने लगी थीं, जिन्हें इससे संबंधित सीरो-डायग्नोस्टिक किट्स का चीन से आयात बंद किए जाने के निर्देश जून, 2012 में स्वास्थ्य मंत्रालय ने जारी किए थे। सरकारी तंत्र में कन्फर्मेशन के लिए एक्स-रे और स्पुटम टेस्ट ही अभी चलता है। उदाहरण के लिए शरीर में टीबी का संक्रमण सिर्फ फेफड़ों में (पल्मोनरी ट्यूबरक्लोसिस) ही नहीं होता, बल्कि अन्य अंगों जैसे कि जठरांत्र शिरा (गैस्ट्रोइंटेसटानल), हड्डियों और लिवर में, लसिका ग्रंथियों, मूत्राशय अंग, को भी प्रभावित करता है। इन्हें सिर्फ एक ही बैक्टीरिया प्रभावित करे ऐसा नहीं है,बल्कि इसका ड्रग-रेसिस्टेंट विभेद भी प्रभावित कर सकता है जिसका पितृ-जीवाणु मायको-बैक्टीरियम ट्यूबरकुलम ही है। तपेदिक का जीवाणु कैसे ड्रग रेसिस्टेंस विकसित करता है इसके मैकेनिज्म को भी समझ लिया गया है। इसे समझे बिना उक्त विभेद को निष्क्रिय या नष्ट करने के लिए नई दवा का विकास जिया जाना संभव ही नहीं था। इस वक्त देश में तपेदिक के मरीजों को 'सेकेंड लाइन ड्रग्स' अर्थात् एमिनो-ग्लाइकोसाइड्स,पॉलीपेप्टाइड्स, फ्लूरोकिनोलोंस, थायो-एमाइड्स, साइक्लोसेरीन्स,और पैरा-अमीनो सैलीसायिक्लिक एसिड केकर निरोग किया जाता है।

विश्व स्वास्थ्य संगठन की सिफारिश, नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ़ ट्यूबरक्लोसिस रिसर्च (आईसीएमआर) के शोध के मुताबिक़ अत्याधिक ड्रग रेसिस्टेंट पाए जाने पर मरीजों को नेशनल ट्यूबरक्लोसिस कण्ट्रोल प्रोग्राम के अंतर्गत केटेगरी-4 की जो नई मल्टी-ड्रग रेसिस्टेंट दवाएं दी जा रही हैं इनमें रिफम्पिसिन, एथम्बूटोल और आयसोनायाज़िड न होकर सात दवाएं संयुक्त रूप से दी जाती है। अत्यधिक मल्टी-ड्रग रेसिस्टेंट टीबी को काबू में करना दुनिया भर में एक मुश्किल काम बना हुआ है। तपेदिक को दूर करने के लिए बहु-औषधीय दवाओं का बे-असर होना पश्चिम के विकसित देशों में भी बहुत समय से अब दिखाई दे रहा है। पूर्वी यूरोप के देशों और रूस में यह व्याप्त है। यह न समझें कि रेसिस्टेंस सिर्फ अफ्रीका और साउथ एशिया के देशों की समस्या अधिक है। इस संबंध में भारत के आंकड़े प्रस्तुत करने की बजाय यह समझना जरूरी है कि टीबी के संक्रमण का शक या लक्षण प्रकट होते ही इसे चेक करवाएं और न केवल टीबी पैदा करने वालें कारकों अथवा 'रिस्क-फैक्टर्स' से दूर रहें बल्कि उन लोगों से भी जिनमें टीबी के प्रति बहुऔषधीय तीव्र अवरोध हो चुका है।

## भगत सिंह और उनके विचार



धीरेंद्र वीर सिंह धीरू
बरेली

भगत सिंह,राजगुरु और सुखदेव को फांसी पर चढ़ा दिया गया था। 23 साल के भगत सिंह की पहचान सांडर्स वध या एसेंबली में बम फेंकने या एक क्रांतिकारी के रूप में करना कमतर है। भगत सिंह एक विचारक थे,दृष्टा थे,युग परिवर्तक थे। कभी मौका लगे तो भगत सिंह को पढ़िए। भगत सिंह को पढ़ेंगे तो आप महसूस करेंगे कि उनका चिंतन और लेखन उनके कार्यकलापों से ज्यादा क्रांतिकारी था। भगत सिंह हिंदी उर्दू गुरुमुखी अंग्रेजी में समान पकड़ रखते थे।

मैंने भगत सिंह का लिखा लेख 'मैं नास्तिक क्यों हूं' पढ़ा। आर्यसमाजी धार्मिक परिवार से होने के बाद भी वह नास्तिक क्यों हुए? उनके कई साथी धार्मिक थे। शचींद्र नाथ सान्याल ईश्वर को मानते तो नहीं थे,लेकिन उसके अस्तित्व को नकारने का उनमें साहस नहीं था। रामप्रसाद बिस्मिल कट्टर आर्यसमाजी थे। राजेन्द्र लाहिड़ी साम्यवादी के बावजूद उपनिषद और गीता का पाठ करते थे।

भगत सिंह शायद इसलिए नास्तिक हुए की आस्तिक प्रयास कम और ईश्वर पर निर्भर ज्यादा रहता है। अपने ऊपर हो रहे जुल्म को वह पूर्वजन्मों के पाप-पुण्य से जोड़ लेता है। भगत सिंह को पढ़िए अगर आप पढ़कर भगत सिंह जिंदाबाद बोलेंगे तो एक नई ऊर्जा आपके शरीर में प्रवाहित होगी। भगत सिंह के विचार हैं -'अध्ययन करो। स्वयं को विरोधियों के तर्कों का सामना करने लायक अध्ययन करो। अपनी बात के समर्थन में तर्कों से लैस होने के लिए अध्ययन करो। मैं महत्वाकांक्षा, आशा और जीवन के आकर्षण से भरा हूं,लेकिन जरूरत के समय मैं सब कुछ त्याग सकता हूं। बम और पिस्तौल से क्रांति नहीं होती। क्रांति की तलवार विचारों के पत्थर पर तेज होती है। लोग स्थापित चीजों के आदी हो जाते हैं, इसलिए परिवर्तन के विचार से कांपते हैं। इस सुस्ती की भावना को क्रांतिकारी भावना द्वारा प्रतिस्थापित करने की आवश्यकता है। किसी ने सच ही कहा है कि सुधार बूढ़े आदमी नहीं कर सकते। वे तो बहुत ही बुद्धिमान और समझदार होते हैं। सुधार तो होते हैं,युवकों के परिश्रम, साहस, बलिदान और निष्ठा से जिनको भयभीत होना आता ही नहीं और जो विचार कम और अनुभव अधिक करते हैं।"

# महिला के चार हत्यारोपियों को किया गिरफ्तार, तमंचा व कारतूस बरामद

## पांच दिन पहले घर में घुसकर गोली मारने का मामला, एक घायल महिला का चल रहा है इलाज

कार्यालय संवाददाता, औरैया

**अमृत विचार।** घर में घुसकर जानलेवा हमला कर हत्या कर देने, गाली-गलौज मारपीट कर धमकी देने सहित अन्य धाराओं में दर्ज मुकदमे के चार नामजद आरोपियों को सदर कोतवाली पुलिस ने 23 मार्च को गिरफ्तार कर लिया। उनके पास से दो तमंचे व कारतूस 315 बोर बासमद किया। बता दें कि, गोलीकांड में रूबी नामक महिला की मौत हो गई, जबकि एक अन्य महिला घायल हो गई थी जिसका इलाज चल रहा है।

एसपी चारू निगम ने घटना का खुलासा करते हुए बताया कि 19 मार्च को रामबाबू पुत्र नरेश पांडेय द्वारा कोतवाली औरैया पर दी तहरीर के आधार पर जानलेवा हमला, सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया था। इसके अलावा



घटना का खुलासा करतीं एसपी चारू निगम। अमृत विचार

धारा 34 की बढ़ोतरी की गई है।

आरोपियों राजेश कुमार उर्फ राजू, सोनू तिवारी, अंकित उर्फ कल्लू तिवारी व अशोक तिवारी को नरोत्तमपुर नहर पुलिया के पास से गिरफ्तार किया गया, आरोपियों की निशादेही पर घटना में प्रयुक्त दो अदद देशी तमंचे 315 बोर व 04 अदद जिन्दा कारतूस व 03 अदद खोखा कारतूस 315 बोर व दोनों मोटर साइकिल उनके गांव कबीरपुर में ट्यूबवेल के पास गेहूं के खेत से बरामद की गई।

पूछताछ पर चारों आरोपियों ने बताया कि विष्णु की मृत्यु के बाद उसकी पत्नी लक्ष्मी ने जमीन के बंटवारे को लेकर हम लोगों को काफी परेशान कर रखा था, रोज पुलिस व उच्चाधिकारियों से शिकायत करके हम लोगों को परेशान करती रहती थी। इसी बात से परेशान होकर बीते 19 मार्च की रात समय करीब 8.30 बजे हम सभी लोग दो मोटर साईकिलों से लक्ष्मी को जान से मारने के लिए उसके घर मोहल्ला पढीन दरवाजा औरैया गये थे, जहां पर लक्ष्मी पास में ही अपनी बहन रुबी के घर पर बैठी थी। हम लोग राजू उर्फ राजेश तिवारी व कल्लू उर्फ अंकित तिवारी ने घर में घुस कर जाने से मारने की नियत से फायर कर भाग निकले।

आरोपियों ने बताया कि पकड़े जाने के डर से हम लोगों ने दोनों तमंचे व बचे कारतूस ट्यूबवेल के पास गेहूं के खेत में छिपा दिये थे। हम लोग पुलिस से बचने के लिये किसी दूसरे स्थान पर छिपने के लिए जा रहे थे, तभी पुलिस ने घेरकर हम लोगों को पकड़ लिया।

## निबंधक कार्यालय रहेंगे खुले, होगी भूमि भवन की रजिस्ट्री

**औरैया।** जिलाधिकारी नेहा प्रकाश ने निर्देशित किया है कि स्टांप एवं रजिस्ट्रेशन विभाग को आवंटित निर्धारित लक्ष्य की शत-प्रतिशत प्राप्ति के लिए 29 मार्च 2024 (गुड फ्राइडे) एवं 31 मार्च को सार्वजनिक अवकाशों में भी जनपद औरैया मंड स्थित समस्त उप निबंधक कार्यालयों को खुलवाकर रजिस्ट्रीकरण की कार्यवाही की जाएगी। जिससे शासन की मंशा के अनुरूप स्टांप एवं रजिस्ट्रेशन विभाग को आवंटित निर्धारित लक्ष्य की शत-प्रतिशत प्राप्ति सुनिश्चित की जा सके। सहायक महानिरीक्षक निबंधन ने बताया कि स्टांप एवं रजिस्ट्रेशन विभाग राजस्व प्राप्ति का एक मुख्य स्रोत है। शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है कि शासन द्वारा निर्धारित राजस्व लक्ष्य की शत-प्रतिशत प्राप्ति सुनिश्चित की जा सके इस हेतु उक्त अंकित अवकाश के दिवसों में भी उपनिबंधक कार्यालयों में रजिस्ट्री की कार्यवाही की जाएगी।

# गुलाल से खेलें होली : सीएमएस


डॉ. विजय आनंद। अमृत विचार

संवाददाता, ककोर, औरैया

**अमृत विचार।** दिबियापुर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा अधीक्षक विजय आनंद ने होली के समय संयम सुरक्षा बरतने की सलाह दी है। दिबियापुर के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के डॉ. विजय आनंद ने बताया इस समय बाजार में तरह-तरह के कलर बिक रहे है। जिनको लगाने से त्वचा में जलन होने लगती है। फिर थोड़ी देर में इन्फेक्शन की शिकायत भी आती हैं। जिससे कई प्रकार की समस्याएं उत्पन्न हो जाती हैं।

अतः बाजार में बिकने वाले इन रंगों का प्रयोग करने से बचें। इन रंगों का प्रयोग खुद भी ना करें। आपको यदि होली खेलनी है तो बाजार में बिक रहे गुलाल का प्रयोग करें। जिसका ज्यादा हानिकारक इफेक्ट नहीं है।

यदि आपकी त्वचा में जलन की समस्या हो रही है तो त्वचा को साबुन से अच्छी तरह धुल लें। होली के समय अधिक मात्रा में होली खेलने से यदि कलर आपकी आंखों में चला जाता है तो आंखों में इन्फेक्शन होना स्वाभाविक है। आंख का लाल होना लगातार आंख से आंसू आना।

आप इसके बचाव के लिए ठंडे पानी से धीरे-धीरे आंखों को धो लें तब थोड़ी देर बाद राहत मिलेगी इसके बाद चिकित्सक से उचित सलाह लें। अन्यथा कुछ दिन बाद आंखों से रोशनी या कम देखने से शिकायत भी उत्पन्न हो जाती है। इसलिए जहां तक संभव हो केवल गुलाल से ही होली खेलें।

### शिक्षण संस्थाओं में धूमधाम से मनाई गई होली

**बिधूना।** शनिवार को नगर एवं क्षेत्र की शिक्षण संस्थाओं सहित सरकारी गैर सरकारी संस्थानों में होली का त्योहार धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर एक दूसरे को रंग अबीर गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी गयीं। ज्ञानस्थली एकेडमी विद्यालय में होली पर्व से पूर्व ही होली के रंग उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन ज्ञान स्थली एकेडमी, बिधूना विद्यालय के प्रधानाचार्य सजीमोन जोसेफ के द्वारा माँ सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर विद्यालय की उप प्रधानाचार्या कल्पना वर्मा ने कहा कि साम्प्रदायिक सौहार्द बनाये रखने के साथ आपसी गिले शिकवे दूर कर हमें होली का पर्व मनाना चाहिए। उन्होंने सभी को सुरक्षित तरीके से होली खेलने के लिए जागरूक किया। प्रधानाचार्य सजी मोन जोसेफ आई ने बच्चों को अबीर गुलाल से होली मनाने की सीख दी। कार्यक्रम में नन्हें मुन्ने बच्चों ने (बलम पिचकारी, राधे राधे, मैने पायल है छनकायी, बोलो हर हर, राधा तेरी चुनरी) आदि गीतों पर प्रस्तुत नृत्य किये जिसे सभी ने सराहा। कार्यक्रम के समापन के दौरान बच्चों का गुलाल का तिलक लागाकर होली की ढेर सारी शुभकामनाए भी दी गयीं। इस मौके पर अवसर पर प्राचार्या भाविका सिंह सेंगर, विनय शुक्ला, अनूप सक्सेना, आकाश गुप्ता, अरूण झा, मोहित, शिव नाथ सिंह, सागर सक्सेना आदि शिक्षक शिक्षिकाएं मौजूद रहे। धूमधाम से मनाया गया होली उत्सव।

# कम मतदान वाले क्षेत्रों में चलाया गया अभियान

कार्यालय संवाददाता, औरैया

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए प्रशासनिक स्तर से जिले भर में जागरुकता अभियान चलाने की तैयारी की गई है। वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में जिले के कुछ मतदान स्थलों पर कम मतदान हुआ था। इस बार इन मतदान स्थलों में वोटिंग प्रतिशत बढ़ाने के लिए स्वीप विशेष जोर दे रही है।

इसी के तहत युवा कल्याण विभाग द्वारा लोगों को जागरूक करने के लिए युवाओं की रैलियों का आयोजन, नुक्कड़ नाटक, शपथ आदि कार्यक्रम कराए जा रहे हैं। निर्वाचन आयोग के सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचक सहभागिता (स्वीप) कार्यक्रम के तहत युवाओं के साथ ही अन्य लोगों को भी मतदान करने के लिए जागरूक किया जाता है।

क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी नफीस अहमद व बेसिक शिक्षा विभाग से एसआरजी सुभाष रंजन दुबे के नेतृत्व में कम मतदान वाले क्षेत्र बनारसीदास व नारायणपुर में जागरुकता अभियान चलाया गया। जिसमें स्कूली बच्चों के बीच पोस्टर व कला प्रतियोगिता भी आयोजित की गयी। क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी नफीस अहमद ने बच्चों को बताया कि वे मतदान के दिन अपनी टोली के साथ न केवल मम्मी पापा को बल्कि अपने मुहल्ले के सभी लोगों को वोट डालने के लिए बोलेंगे।

# बच्चियों के शव देख, हर आंख नम

संवाददाता, फफूंद, औरैया

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के गांव दौलतपुर में एक गड्ढे में भरे पानी में डूबने से दो मासूम बच्चियों की मौत हो गई थी। शनिवार शाम पोस्टमार्टम के बाद शव गांव पहुंचते ही परिजनों समेत गांव के अन्य लोगों में भी कोहराम मच गया। वहां पर मौजूद हर व्यक्ति की आंखें नम थीं। गमगीन माहौल में सेंगुर नदी के किनारे दोनों बच्चियों को दफना कर उनका अंतिम संस्कार किया गया।

गांव दौलतपुर निवासी रामदर्शन यादव की 11 वर्षीय पुत्री पायल और नजदीक रहने वाले अवधेश यादव की आठ वर्षीय पुत्री मीनाक्षी आपस में सहेली थी। दोनों गांव के ही प्राथमिक विद्यालय में पढ़ती थीं। गुरुवार को दोनों बालिकाएं स्कूल की छुट्टी के बाद घर पहुंची और खेलने की कहकर घर से निकल


गमगीन माहौल में बैठे परिजन। अमृत विचार

गईं। देर शाम को घर नहीं पहुंची तो परिजनों ने उनकी तलाश की लेकिन कुछ पता नहीं चला। शुक्रवार सुबह परिजनों की सूचना पर पुलिस ने गांव पहुंचकर जानकारी की और तलाश शुरू कर दी थी। अपरान्ह स्कूल के पास स्थित एक गड्ढे में बच्चियों के शव मिलने की जानकारी पर परिजन भी पहुंच गए और बेटियों के शव देख बेहाल हो गये ग्रामीणों ने उन्हें किसी तरह से संभाला। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम के लिये भेजा। शनिवार अपराह्न जैसे ही दोनों शव गांव पहुंचे तो परिजनों में कोहराम मच गया। वहां मौजूद हर किसी की आंख नम थी। मीनाक्षी की मां व पायल की मां बुरी तरह से रो रही थीं, जिससे ग्रामीण भी अपने आंसू नहीं रोक पाए।

## 25 मार्च को शाम पांच बजे तक बंद रहेंगे शराब के ठेके

**औरैया।** डीएम नेहा प्रकाश के निर्देशानुसार जनपद में होली का त्योहार शांतिपूर्वक ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से 25 मार्च को सायं पांच बजे तक के लिए के जनपद औरैया की समस्त देशी शराब, विदेशी मदिरा, बीयर एवं भांग के थोक व फुटकर अनुज्ञापनों के बिक्री की बन्दी घोषित की गयी है। उन्होंने कहा है जनपद में अगर कोई भी मदिरा की दुकान खुली मिली तो उसके खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई करते हुए उसका लाइसेंस रद कर दिया जायेगा और उस क्षेत्र के थाना प्रभारी को उसका जिम्मदार मानते हुए उस पर विभागीय कार्रवाई की जायेगी। बन्दी के लिए अनुज्ञापियो को कोई प्रतिफल देय नहीं होगा।

# भक्तों ने भंडारे में छका प्रसाद

संवाददाता, दिबियापुर, औरैया

- हवन यज्ञ व भंडारे के साथ हुआ श्रीमद्भागवत कथा का समापन

**अमृत विचार।** दिबियापुर में 16 मार्च को शुरू हुई 7 दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ शनिवार को संपन्न हो गई। कथा के समापन पर हवन यज्ञ और विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहले हवन यज्ञ में आहुति डाली और फिर प्रसाद ग्रहण कर पुण्य कमाया। भागवत कथा का आयोजन तिवारी परिवार की ओर से करवाया गया था।

कथा व्यास पंडित पुनीत मिश्रा राधे राधे ने 7 दिन तक चली। कथा में भक्तों को श्रीमद भागवत कथा की महिमा बताई। उन्होंने लोगों से भक्ति मार्ग से जुड़ने और सत्कर्म करने को कहा। संगीता कृष्ण प्रिय ने कहा कि हवन-यज्ञ से वातावरण एवं वायुमंडल शुद्ध होने के साथ-साथ व्यक्ति को आत्मिक बल मिलता है। व्यक्ति में धार्मिक आस्था जागृत होती है। कथावाचक संगीता कृष्ण प्रिय ने भंडारे के प्रसाद का भी वर्णन किया। उन्होंने कहा कि प्रसाद तीन अक्षर से मिलकर बना है। पहला प्र का अर्थ प्रभु, दूसरा सा का अर्थ साक्षात व तीसरा द का अर्थ होता है दर्शन। जिसे हम सब प्रसाद कहते हैं।

कथा समापन के दिन शनिवार को विधि विधान से पूजा करवाई गई और दोपहर तक हवन और भंडारा कराया गया। इसमें यजमान ने अपने परिवार के साथ आहुति डाली। शहर से आए श्रद्धालुओं ने भी हवन में आहुति डाली। पूजन के बाद दोपहर को भंडारा लगाकर प्रसाद बांटा गया। समाचार लिखी जाने तक भंडारा चल रहा था।

# एकता व समानता पैदा करता है रोजा

संवाददाता, फफूंद, औरैया

- रोजा अल्लाह तआला के लिए एक ऐसी खास इबादत है जिससे इंसान की दुनिया और आखिरत संवर जाती है

**अमृत विचार।** रमजानुल मुबारक का दूसरा अशरा (चरण) चल रहा है। रमजानुल मुबारक में रोजा रखना अल्लाह तआला के लिए की जाने वाली खास इबादत होती है। रमजान का दूसरा अशरा मगफिरत (माफी) का होता है। इसमें रब अपने बंदों के गुनाहों और पापों को माफ फरमाता है।

रमजानुल मुबारक पर जानकारी देते हुए शहर काजी औरैया व जामिया समदिया के प्रबंधक सैयद गुलाम अब्दुस्समद मियां चिश्ती ने बताया कि रोजा एक ऐसी इबादत है जिसमें दुनिया और आखिरत दोनों की भलाई जुड़ी हुई है। यह इस्लाम धर्म में अनिवार्य होने के साथ-साथ लोगों में वह सब गुण उत्पन्न करने का प्रयास करता है जिसकी आज सभ्य समाज में बहुत ही आवश्यकता है।

रोजा इंसान में कई खूबियां पैदा करता है जो रोजाना की जिंदगी में



उसके लिए बहुत उपयोगी होती हैं, जैसे व्यापार, प्रशासन, राजनीति, शिक्षा, तकनीकि आदि जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में सफलता का मार्ग प्रशस्त करती हैं।

रोजा आपस में एकता की भावना पैदा करता है तथा हमें समानता और सहयोग का संदेश देता है। यह मिलजुल कर काम करने को प्रेरित करता है, रमजानुल मुबारक के पूरे महीने रोजे रखना आवश्यक है। रोजे सुरक्षा का काम करते हैं। पैगंबर हजरत मुहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम ने फरमाया रोजा इंसान के लिए ढाल है, जिस तरह ढाल दुश्मनों के बार से बचाती है। उसी तरह रोजे भी बुराई, परेशानी और मुसीबतों से अपना बचाव करना सिखाते हैं।

रमजान के पहले 10 दिन को रहमत का अशरा कहा जाता है। रमजान शरीफ का दूसरा अशरा मगफिरत का है जो शुरू हो चुका है। इस अशरे में अल्लाह तआला फरिश्तों से मुनादी करवाता है कि है कोई मुझसे अपनी गलतियों की माफी मांगने वाला ताकि मैं उसके गुनाहों को माफ कर सकूं।

इन दस दिनों में नेकी और भलाई के अधिक से अधिक कामों को करने के साथ-साथ अपने रब से गुनाहों की माफी मांगते हुए तौबा अस्तगफार करते रहे रमजान के दूसरे अशरे में इस दुआ को पढ़ना चाहिए। इस अशरे में पवित्रीकरण के मार्ग पर आगे बढ़ते हुए अपने अंदर मानवीय मूल्यों को आत्मसात करने का भी प्रयास करना चाहिए।

## मानक के अनुसार सड़क न बनने पर रोष

**अजीतमल।** अजीतमल तहसील क्षेत्र अंतर्गत बाबरपुर सिकरोडी मार्ग का सड़क निर्माण मानक के अनुसार नहीं होने के कारण ग्रामीणों में आक्रोश दिखाई दिया। आज तकरीबन दो दर्जन से अधिक ग्रामीणों ने विरोध कर उप जिलाधिकारी अजीतमल राम अवतार वर्मा को शिकायती पत्र दिया। बाबरपुर सिकरोडी मार्ग पर पैचिंग का कार्यक्रम के माध्यम से कुलदीप कुमार ठेकेदार द्वारा करवाया जा रहा है जिसमें मानक के अनुरूप कार्य नहीं हो रहा है। ठेकेदार के कर्मचारी आशोक और सरवेश से बात करने की कोशिश की लेकिन कुछ भी सुनने को तैयार नहीं हुए। यहां डाबर कोडिंग के नाम पर खाना पूर्ती की जा रही है सड़क पूरी तरह ऊंची नीची है जो 6 महीना भी चलना मुशकिल दिखाई दे रहा है। ग्रामीणों ने कहा कि ठेकेदार के विरुद्ध कानूनी कार्यवाह करने की मांग की है।


प्रशिक्षण में मौजूद अध्यापक। अमृत विचार

# बच्चों के सर्वांगीण विकास पर दिया जोर

कार्यालय संवाददाता, औरैया

- शिक्षकों के तीन दिवसीय पावर एंजिल प्रशिक्षण का हुआ समापन

**अमृत विचार।** नगर स्थित ब्लॉक संसाधन केंद्र के सभागार में ब्लॉक के समस्त पूर्व माध्यमिक व कम्पोजिट स्कूलों के शिक्षकों के पावर एंजिल का प्रशिक्षण शनिवार को समापन हुआ।

इस प्रशिक्षण में विशेषकर महिला शिक्षकों की प्रतिभागिता अधिक रही। प्रशिक्षण का पर्यवेक्षण करते हुए एसआरजी सुभाष रंजन दुबे ने प्रशिक्षण से प्राप्त अनुभवों एवं ज्ञान से विद्यालय स्तर पर लागू करने व छात्राओं को उनके अधिकारों का बोध कराने की बात कही व बच्चों के सर्वांगीण विकास पर जोर दिया।

प्रशिक्षक नेहा दुबे ने कहा कि शिक्षक इस बात पर विशेष ध्यान दें कि बच्चे नियमित विद्यालय आएं। इसके लिए रुचिपूर्ण गतिविधि से बच्चों को जोड़े रखें। बच्चों के शारीरिक विकास के साथ मानसिक व संवेगात्मक विकास पर बल देना चाहिए, क्योंकि भविष्य में बच्चों को विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग करना है। ऐसे में उन्हें अभी से तैयार करें। प्रशिक्षक अरुण कुमार ने स्वच्छता के महत्व के बारे में कहा कि बच्चों के शौच के उपरांत 20 सेकेंड तक हाथ धुलाएं, रसोइयों के व्यक्तिगत स्वच्छता पर भी ध्यान दें।

विद्यालय परिसर की साफ-सफाई व घर पर भी बच्चों को व स्वजनों को सफाई के लिए प्रेरित करना चाहिए। ट्रेनिंग कार्यक्रम विशिष्ट अतिथि के तौर पर यूनिसेफ की ओर ये आये अविनाश कुमार ने भी शिक्षकों को संबोधित किया। बीईओअजय विक्रम सिंह ने बताया कि शासन के निर्देश पर बेसिक शिक्षा विभाग के सभी प्राथमिक और उच्च प्राथमिक विद्यालयों की बालिकाओं को पावर एंजिल सशक्तिकरण की ट्रेनिंग दी जानी है।

## पलिया में राधा- कृष्ण मंदिर पर हुआ भंडारा

**बिधूना।** विकास खंड क्षेत्र के ग्राम पलिया में राधा कृष्ण के प्रसिद्ध मंदिर पर आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के समापन के बाद आयोजित भंडारे में भारी संख्या में भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर भागवताचार्य सतीश कुमार शास्त्री ने कहा भागवत कथा के श्रवण मात्र से लोगों के पाप धुल जाते हैं और मोक्ष की प्राप्ति होती है। उन्होंने गाय गंगा और गीता को भारत देश की पहचान बताया। उन्होंने भारतीय संस्कृति की रक्षा का सभी को संकल्प दिलाया। सैकड़ों श्रद्धालुओं ने जमकर प्रसाद छका। इस अवसर पर मंदिर के पुजारी भमर पाल सिंह, शिवानी गुप्ता मयंक गुप्ता उमाकांत गुप्ता रमाकांत गुप्ता उर्फ गुड्डू पंकज कुमार गुप्ता बबलू सौरभ गुप्ता डायरेक्टर किडजी प्री स्कूल, गोपाल गुप्ता गौरव गुप्ता सचिन गुप्ता प्रांशु गुप्ता अंशु गुप्ता राज गुप्ता विश्वास गुप्ता आदि के अलावा भारी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे।

त्योहार

एक-दूसरे को गुलाल लगाकर दी होली की शुभकामनाएं, शिक्षकों ने भी गुलाल लगाकर दिया आशीर्वाद

# बच्चों ने जमकर उड़ाया अबीर-गुलाल

संवाददाता, ककोर, औरैया

**अमृत विचार।** जिला मुख्यालय के निकट बाल विकास स्कूल में बच्चों ने आज जमकर होली खेली। सुबह से ही बच्चे अबीर गुलाल लेकर घर से आए थे, और मौका पाते ही एक दूसरे को गुलाल लगाने लगे। लंच के बाद नन्हे मुन्ने प्यारे बच्चों ने अपने साथियों के साथ जमकर गुलाल उड़ाया। एक-दूसरों को गुलाल लगाकर होली त्योहार की बधाई दी। शिक्षकों ने भी आपस में दूसरे को गुलाल लगाकर प्रेम संदेश दिया।

स्कूल की प्रबंधक कुसुम लता अवस्थी ने सभी बच्चों को होली की कहानी सुनाई। यह कहानी हिरणाकश्यप की बहन होलिका द्वारा प्रहलाद के साथ जलाने की कोशिश में भगवान विष्णु ने होलिका


होली खेलते छात्र-छात्राएं। अमृत विचार

को ही जला दिया था। तब से पुरातन मान्यता के अनुसार उसी दिन से होली मनाई जाती है। विष्णु भक्त प्रहलाद को बुआ ने अग्नि भस्म करने का प्रयास किया। ब्रह्मा के वरदान से होलिका को चीर मिला था। जिसमे आग नहीं लगती थी विष्णु भक्त प्रहलाद के साथ होलिका आग में बैठ गई। प्रभु की महिमा से प्रहलाद बच गए और होलिका जल गई। अध्यापकों को शुभ संदेश देते हुए कहा होली का त्योहार आपसी मतभेद को भुलाकर पूरे वर्ष हम सभी को प्रेम पूर्वक रहने का संदेश देता है। हम सभी को आपस में मिलजुल कर रहना चाहिए। जिससे जीवन में खुशहाली और प्रेम बना रहे। इस मौके पर कुसुमलता अवस्थी, प्रधानाचार्य विकास, रचना त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

### बच्चों ने एक- दूसरे को रंगों से किया सराबोर

**अजीतमल।** तहसील क्षेत्र में शनिवार को आर.एस मेमोरियल इंटर कॉलेज में होली के पावन अवसर पर बच्चों ने बड़े धूमधाम से पर्व मनाया ओर एक दूसरे को रंग और गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर प्रबंधक शिव महेश दुबे ने बच्चों को बताया कि होली रंगों का त्योहार है। रंगों का त्योहार सभी के जीवन में खुशहाली लाए। समस्त बच्चों को होली का अर्थ समझाते हुए ढेरों शुभकामनाएं दी। प्रधानाचार्य मंजू ने बताया कि होली हर्ष, उल्लास एवं शांति के साथ मनाई जाती है और विद्यालय के समस्त बच्चों को समझाया गया कि केमिकल युक्त रंगों का प्रयोग न करें। इस अवसर पर विद्यालय परिवार के समस्त शिक्षक धीरेंद्र, अनुज, देवराज, राकेश, बृजेंद्र, आयुष, अनुपम, चंचल, शिवा, खुशी, आस्था आदि शिक्षक, शिक्षिका, समस्त स्टाफ व विद्यार्थी मौजूद रहे।


होली के उल्लास में बच्चियां। अमृत विचार

# क्रांतिकारियों के शौर्य का किया बखान

कार्यालय संवाददाता, औरैया

**अमृत विचार।** दिबियापुर स्थित पीबीआरपी अकादमी स्कूल में क्रांतकारियों की याद में एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी की शुरुआत में शहीदों के चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित कर किये गये।

इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षकों ने कहा कि देश आज अपने तीन अमर शहीदों को याद कर रहा है। वर्ष 1931 में आज ही के दिन शहीद-ए-आजम भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव को लाहौर के सेंट्रल जेल में फांसी दे दी गई थी। देश तीनों स्वतंत्रता सेनानियों की स्मृति में शहीद दिवस मना रहा है।

उन्होंने कहा कि ब्रिटिश सरकार ने तीनों क्रांतिकारियों को 23 मार्च के दिन फांसी के फंदे पर लटका दिया था। जिस जगह फांसी दी गई थी वह अब पंजाब में है। भगत सिंह की शहादत के बाद से ही देश में स्वाधीनता संग्राम के लिए आंदोलन


मोमबत्ती जलाकर शहीदों को श्रद्धांजलि देते शिक्षक। अमृत विचार

तेज हो गए थे। तीनों क्रांतिकारियों ने अत्याचारी अंग्रेजों के खिलाफ लड़ाई की थी। भारत माता के लिए उन्होंने अपनी जान की कुर्बानी दी थी। युवाओं के लिए भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव आज भी सबसे बड़े प्रेरणा स्रोत हैं। जनता के बीच तीनों बेहद लोकप्रिय हैं।

विद्यालय के प्रबंधक इंजी. दिनेश पाण्डेय ने कहा कि हमें इन तीनों देशभक्तों के बलिदान को व्यर्थ नहीं जाने देना है। हमको अपने देश की उन्नति में लगातार सहयोग देते जाना है।

विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ सौरव कश्यप ने कहा कि शहीद भगत सिंह, सुखदेव एवं राजगुरु ने भारत की आजादी में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। इन्होंने भारत की स्वतंत्रता के लिए अभूतपूर्व साहस के साथ शक्तिशाली ब्रिटिश सरकार का मुकाबला किया। इनसे हम सबों को प्रेरणा लेने की आवश्यकता है। इस मौके पर पूरा स्टॉफ मौजूद रहा।

## क्या होता है टेंडर वोट

यदि आप वोट डालने मतदान केंद्र पर पहुंचते हैं, और आपको पता चलता है कि आपका वोट पढ़ चुका है। तो निराश न हों आपके लिए चुनाव आयोग ने 'टेंडर वोट' व्यवस्था की है। आप इस टेंडर वोट के जरिए पुराने वोट को चैलेंज कर सकते हैं और नया वोट डाल सकते हैं। चुनाव आयोग के नियम के सेक्शन 42 के अनुसार पीठासीन अधिकारियों को पहले से इस संदर्भ में खास दिशा-निर्देश दिए जाते हैं। साथ ही उनके वोटिंग के वक्त मिलने वाले किट में टेंडर वोट भी उन्हें दिए जाते हैं। दावा पेश करते ही पीठासीन अधिकारी आपके बैलेट पेपर उपलब्ध कराएगा। इसके बाद आपका मतपत्र लिफाफे में बंद कर भेज दिया जाएगा। चुनाव अधिकारियों को मतदान खत्म होने के बाद भी इसका ब्यौरा आयोग को देना होता है।

# कन्नौज फतह के लिए अखिलेश खुद उतरेंगे मैदान में

## खोए किले को मजबूत करने के लिए पिछड़ा वर्ग को साधने में जुटे सपा मुखिया

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

### पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव व पुत्र वधु डिंपल यादव भी रह चुकी हैं कन्नौज से सांसद



**अमृत विचार।** पुराने खोए किले को वापस पाने के लिए सपा मुखिया व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव खुद लोकसभा क्षेत्र का चुनाव लड़ेंगे। इसका ऐलान होली के आसपास हो जाएगा। कन्नौज लोकसभा क्षेत्र फतह करने के लिए उन्होंने कई दलों में सेंधमारी भी की है। कहा जा रहा है कि पूर्व मुख्यमंत्री के पास पांचों विधानसभा क्षेत्रों की राजनीतिक गतिविधियों की जानकारी है।

पूर्व मुख्यमंत्री कन्नौज लोकसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ने के कई बार संकेत दे चुके हैं। बताया गया है कि 21 मार्च को लोकसभा क्षेत्र की पांचों विधानसभा क्षेत्र से कई पदाधिकारी व कार्यकर्ता सपा मुखिया से मिलने लखनऊ पहुंचे थे। कई पिछड़ा वर्ग के नेता दूसरे दलों से आकर सपा में शामिल भी हुए हैं। भरोसेमंद सूत्रों की मानें तो होली से पहले सपा मुखिया अपने घर सैफई जाएंगे। त्योहार मनाने के बाद लौटेंगे। इस बीच 24 से 27 मार्च तक वह चुनाव लड़ने का औपचारिक ऐलान कर सकते हैं। दो दिन पहले लखनऊ में जब कार्यकर्ताओं ने उनसे मुलाकात की तो चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशी का ऐलान करने की मांग रखी। कुछ लोगों ने सपा मुखिया से ही लोकसभा क्षेत्र कन्नौज से चुनाव लड़ने की बात कही।

इस पर उन्होंने कहा कि कोई और लड़ेगा क्या। मतलब वह खुद ही मैदान में उतरने वाले हैं। वर्ष 2019 में सपा ने जो सीट खोई थी, उसे वापस पाने के लिए चुनावी समर में कूदेंगे। हालांकि जीत-हार का फैसला तो जनता 13 मई को वोट से करेगा। उसका निर्णय चार जून को मतगणना में आएगा।

### चुनाव को लेकर यह है चर्चा में

वर्ष 1998 से लेकर 2014 तक लगातार कन्नौज लोकसभा क्षेत्र से सपा के ही प्रत्याशी जीतते रहे हैं। पहले प्रदीप यादव सांसद बने। उनके बाद 1999 में पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव के सिर जीत का सेहरा बंधा। उनके दो जगह से चुनाव लड़कर जीतने के बाद कन्नौज सीट से इस्तीफा देकर बेटे अखिलेश यादव को राजनीति का सफर शुरू कराया। वर्ष 2000 में उन्होंने उपचुनाव जीता। 2004, 2009 में अखिलेश यादव तीसरी बार कन्नौज क्षेत्र से सांसद चुने गए। वर्ष 2012 में जब यूपी में सपा की सरकार बनी तो मुख्यमंत्री बनने की वजह से अखिलेश यादव ने इस्तीफा देकर कन्नौज सीट से पत्नी डिंपल यादव को उसी साल निर्विरोध सांसद बनवाने में कामयाबी पाई। 2014 में डिंपल चुनाव जीत गईं। 2019 में वह भाजपा प्रत्याशी सुब्रत पाठक से चुनाव हार गईं। भाजपा ने फिर से सांसद सुब्रत पाठक को चौथी बार पार्टी प्रत्याशी बनाया है। हालांकि वह 2019 में पहली बार ही सांसद बने हैं।

### अखिलेश से मिले एक पूर्व मंत्री

भरोसेमंद सूत्रों की माने तो एक पूर्व मंत्री ने भी सपा मुखिया से मुलाकात की है। उनकी पिछड़ा वर्ग में अच्छी पकड़ मानी जाती है। कहा जा रहा है कि वह एक नेताजी से उनके व्यवहार को लेकर नाराज भी हैं। जल्द ही वह सपा में शामिल हो सकते हैं या अखिलेश यादव के लोकसभा क्षेत्र का प्रत्याशी बनने पर उनकी खुलकर मदद भी कर सकते हैं। पिछड़ा वर्ग में आने वाले लोधी-राजपूत समेत अन्य वर्गों के लोग सपा में शामिल हो चुके हैं, कई कतार में भी हैं। क्षेत्र को मजबूत करने के लिए रसूलाबाद विधानसभा क्षेत्र से कमलेश दिवाकर को भी पार्टी में तरजीह दी गई है। इससे माना जा रहा है कि पुराने किले को मजबूत किया जा रहा है।

### मेरा पहला वोट



लोकतंत्र के इस महापर्व पर मुझे भी अपने मताधिकार करने का पहली बार अवसर मिला है। मताधिकार का जो अधिकार हमें मिला है उससे हम एक अच्छे जनप्रतिनिधि का चुनाव करेंगे। दलगत राजनीति से ऊपर उठकर जाति पंथ और मजहब को दरकिनार कर एक अच्छे जनप्रतिनिधि का चुनाव करेंगे। जो शिक्षा, रोजगार, व समानता, व विकास का पक्षधर हो। मतदान से पूर्व हम वर्तमान और पूर्ववती सरकारों के काम काज को भी देखेंगे।

**सृजन शुक्ला,** विधानसभा क्षेत्र नबाबगंज, बाराबंकी

### श्रावस्ती सांसद बसपा से बाहर



**अंबेडकरनगर।** बसपा ने अनुशासनहीनता के आरोप में शनिवार को श्रावस्ती के सांसद राम शिरोमणि वर्मा और उनके भाई सुरेश कुमार वर्मा को पार्टी से निष्कासित कर दिया है। अंबेडकरनगर से बसपा के जिला अध्यक्ष सुनील सावंत गौतम ने पत्र जारी कर कहा कि सांसद राम शिरोमणि वर्मा और उनके भाई सुरेश कुमार वर्मा काफी समय से पार्टी विरोधी गतिविधियों में लिप्त थे, जिसके कारण उन्हें पार्टी से बाहर किया गया है। बसपा में राम शिरोमणि वर्मा की पहचान कुर्मी नेता के तौर पर थी। वह लोकसभा में बसपा संसदीय दल के नेता भी रहे। अंबेडकरनगर निवासी राम शिरोमणि वर्मा श्रावस्ती लोकसभा सीट से सांसद हैं।

## एक-दूसरे के रंग में भंग डालने की पूरी तैयारी कर रहे हैं राजनीतिक दल

# 2024 में किसकी जलेगी होली किसका जमेगा रंग

सतीश श्रीवास्तव, लखनऊ

### उत्तर प्रदेश में किसको कब कितनी सीट

| चुनावी वर्ष | कांग्रेस | भाजपा |
|---|---|---|
| 1984 | 415 | 02 |
| 1989 | 197 | 85 |
| 1991 | 244 | 221 |
| 1996 | 140 | 161 |
| 2004 | 145 | 138 |
| 2009 | 207 | 116 |
| 2014 | 44 | 282 |
| 2019 | 53 | 303 |





**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश में भले ही सभी लोकसभा क्षेत्रों में राजनीतिक दल उपने उम्मीदवार की घोषणा न कर सकें हों। मगर प्रदेश में एनडीए व इंडिया गठबंधन के बीच सीधा मुकाबला तय है। यह जरूर है कि कुछ क्षेत्रों में बसपा मुकाबले को त्रिकोणीय बना सकती है। चुनाव में फतेह हासिल करने के लिये दोनो प्रमुख गठबंधन हर हथकंडे अपना रहे हैं।

कल तक इंडिया गठबंधन के साथ खड़ी रालोद अब एनडीए का हिस्सा है। अपना दल कमेरावादी पार्टी की पल्लवी पटेल सपा का साथ छोड़कर रालोद के साथ जा चुकी हैं। आवाजाही का दौर जारी है। जो चुनाव को प्रभावित कर सकते हैं। ऐसे में इस चुनाव में किसकी होली जलेगी और किसका रंग जमेगा। यह तो मतदाता ही तय करेगा।

2024 का चुनाव का चुनाव इसलिए भी महत्वपूर्ण है। क्योंकि इंडिया गठबंधन के साथ एनडीए के मिशन अस्सी की भी अग्नि परीक्षा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की साख और सरकार के काम और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी कसौटी पर है। इंडिया गठबंधन के मुख्य घटक समाजवादी पार्टी को भरोसा है कि पिछड़ा दलित और अल्पसंख्यक गठबंधन के पक्ष में एकजुट होगा। जातीय जनगणना का वादा कर राहुल गांधी ने भी इस नारे को हवा दे दी है।

इंडिया गठबंधन की दूसरी घटक आम आदमी पार्टी उत्तर प्रदेश में चुनाव तो नहीं लड़ रही है लेकिन वह गठबंधन की उम्मीदवारों के पक्ष में माहौल बनाने के लिए कार्य कर रही है। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के बाद आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं में जो गुस्सा है। इसका लाभ इंडिया गठबंधन के उम्मीदवारों को उत्तर प्रदेश में भी मिलेगा।

भारतीय जनता पार्टी को टिफिन बैठकें, बूथ जनसंपर्क अभियान, अयोध्या मुद्दे को लेकर उत्पन्न माहौल तथा ढाई करोड़ लाभार्थियों पर भरोसा है। लेकिन अयोध्या की जिस सीट को लेकर भारतीय जनता पार्टी को आती हाथ में विश्वास हैं। वहां के सामान्य सीट पर भाजपा के उम्मीदवार सांसद लल्लू सिंह के मुकाबले इंडिया गठबंधन के घटक समाजवादी पार्टी ने दलित उम्मीदवार पूर्व मंत्री अवधेश प्रसाद को खड़ा कर कड़ी चुनौती उत्पन्न कर दी है।

उत्तर प्रदेश को जानने के लिए 1991 और उसके बाद हुए में उत्तर प्रदेश की राजनीति को समझना जरूरी है। यही वह साल था जहां से मंडल-कमंडल की राजनीति ने जोर पकड़ा, जब धर्म और जाति के आधार पर उत्तर प्रदेश के वोटरों का बंटना शुरू हुआ। इसके साथ ही कांग्रेस का पतन शुरू हुआ। राम मंदिर आंदोलन की राजनीति से भारतीय जनता पार्टी ने उत्तर प्रदेश में हिंदुओं का ध्रुवीकरण शुरू किया। इसी दौरान दलितों और पिछड़ों को सामाजिक न्याय दिलाने की मंडल की राजनीति से समाजवादी पार्टी और बहुजन समाज पार्टी फलने-फूलने लगी। भारतीय जनता पार्टी ने 1991 के विधानसभा चुनाव में शानदार प्रदर्शन करते हुए 221 सीटों पर जीत हासिल की थी। यहीं से कांग्रेस का उत्तर प्रदेश में राजनीतिक ग्राफ गिरने लगा। इसके बाद कांग्रेस 2004 में कांग्रेस देश में सरकार बनाने में कामयाब रही। यह नहीं 2009 के चुनाव में उसे उत्तर प्रदेश से भी 21 सीटें हासिल हुई।

लखनऊ और आसपास की सीटों पर पांचवें चरण में मतदान होना है। लेकिन माहौल जितना होली के रंग में नहीं लगा है उससे अधिक चुनावी रंग में रंग चुका है। आने वाले दिनों में होली मिलन समारोह में भी इसका चटक रंग दिखेगा।

# सियासत के सफर में कई नौकरशाहों ने पार की वैतरणी

- सेवानिवृत्त होने के बाद ज्यादातर नौकरशाहों ने भाजपा को दी तरजीह

विनय सिंह, लखनऊ

**अमृत विचार।** प्रदेश के विभिन्न जिलों में कलेक्टर और कप्तान बन जिले की कमान संभालने वाले कई अफसर शासन के शीर्ष पदों पर भी विराजमान हुए। लेकिन रिटायरमेंट के बाद भी पद का मोह कम न हुआ। कई सफल हुए तो कई असफल होकर राजनीति से किनारे हो गए। यूपी की राजनीति में नौकरशाहों की उपलब्धियों पर गौर करें तो कई केंद्रीय कैबिनेट तक पहुंचे, कई सांसद और विधायक तक बने। कई प्रसिद्ध नौकरशाह सिर्फ पार्टी के सदस्य बनकर रह गए।

### इन नौकरशाहों ने पाई सफलता

- पूर्व आईएएस पीएल पुनिया 2009 में बाराबंकी से सांसद बने व केंद्र सरकार में मंत्री पद तक पहुंचे
- पूर्व आईपीएस असीम अरुण वर्तमान में उत्तर प्रदेश सरकार में राज्यमंत्री हैं
- पूर्व पीपीएस राजेश्वर सिंह वर्तमान बीजेपी सरकार में विधायक हैं
- पूर्व आईपीएस वृजलाल वर्तमान में राज्यसभा सांसद हैं
- पूर्व आईएएस एके शर्मा वर्तमान प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री हैं
- दिवंगत आईपीएस अहमद हसन सपा सरकार में कद्दावर मंत्री रहे हैं
- मुंबई के पूर्व पुलिस आयुक्त सतपाल सिंह भारत सरकार में राज्यमंत्री तक पहुंचे

### इन नौकरशाहों ने बनाई पार्टी

- पूर्व डीजीपी सुलखान सिंह ने बुंदेलखंड लोकतांत्रिक पार्टी बनाई
- पूर्व आईपीएस अमिताभ ठाकुर ने अधिकार सेना नामक पार्टी बनाई
- पूर्व आईएएस चंद्रपाल ने आदर्श समाज पार्टी बनाई
- पूर्व आईएएस तपेंद्र प्रसाद ने बनाई सम्यक पार्टी

### चुनाव न लड़ पाने वाले नौकरशाह

- आईपीएस सूर्य कुमार शुक्ला सेवानिवृत्ति के बाद बीजेपी में शामिल हुए, लेकिन चुनाव नहीं लड़ सके
- पूर्व आईपीएस महेंद्र सिंह यादव ने कबिनेट मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में बीजेपी में सदस्यता ग्रहण की, लेकिन कोई गुल नहीं खिला सके।
- पूर्व आईएएस नीरा यादव ने भी बीजेपी की सदस्यता ली थी, लेकिन इस क्षेत्र में आगे नहीं बढ़ सकी
- पूर्व आईएएस देवी दयाल रिटायर होने के बाद कांग्रेस में शामिल हुए
- पूर्व आईएएस उमेश कुमार ने भी कांग्रेस का दामन थामा
- पूर्व आईएएस अनीस अंसारी ने 2017 में कांग्रेस का दामन थामा था
- स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति लेने वाले आईएएस अभिषेक सिंह भी चुनाव लड़ने के इच्छुक

# नितिन कर रहे चौथी पीढ़ी की राजनीति

## मधुर और अनुराग अपने परिवार की तीसरी पीढ़ी की कर रहे राजनीति

पीके गुप्ता 'बबलू' हरदोई



नितिन अग्रवाल

- हरदोई में है परिवारवाद का बोलबाला

**अमृत विचार।** जिले के सियासी परिवारों में एकमात्र राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाने वाले राजनीति के माहिर खिलाड़ी भाजपा नेता नरेश अग्रवाल के परिवार में उनके पुत्र नितिन अग्रवाल हैं। जो चौथी पीढ़ी की राजनीति कर रहे हैं। वर्तमान समय वह उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री हैं। यह अलग बात है कि जिले में बड़े-बड़े दिग्गज राजनैतिक परिवार रहे, परंतु अग्रवाल परिवार को छोड़कर किसी भी परिवार को चौथी पीढ़ी की राजनीति करने का अवसर नहीं मिला।

श्री अग्रवाल के परिवार में बाबू छेदा लाल गुप्ता ने राजनीति में कदम रखा था। वह विधायक तथा सांसद भी रहे। इसके बाद उनके भतीजे बाबू श्रीशचंद्र अग्रवाल विधायक बनने के साथ ही जिला पंचायत अध्यक्ष बने। बाबू श्रीश चंद्र अग्रवाल के पुत्र और राष्ट्रीय राजनीति में अपना दखल रखने वाले नरेश अग्रवाल कई बार विधायक उत्तर प्रदेश सरकार में मंत्री और राज्यसभा के सांसद रहे। वैसे तो जिले में पुराने नेताओं में पूर्व सांसद बुलाकी राम वर्मा, पूर्व विधायक बाबू मोहनलाल, कलारानीमिश्रा, शारदाभक्त सिंह, पूर्व सांसद धर्मराज सिंह, गंगाभक्त सिंह, किंदर लाल, मन्नी लाल, पूर्व विधायक रामलाल, गंगा सिंह चौहान, पूर्व सांसद सुरेंद्र पाल पाठक, राघवेंद्र सिंह, पूर्व विधायक आशा सिंह, राम अवतार दीक्षित, दधीचि सिंह, बाबू खां, आसिफ खान बब्बू, कमला सिंह, राज्यसभा सांसद अशोक वाजपेई पूर्व विधायक खालिद गौरी, राजकुमार अग्रवाल, विधायक अलका अर्कबंसी पूर्व विधायक राम आसरे वर्मा, सतीश वर्मा, विधायक आशीष सिंह आशू। यह सभी या तो पहली पीढ़ी की राजनीति कर चुके हैं। या अभी पहली पीढ़ी की राजनीति कर रहे हैं। वर्तमान में प्रदेश सरकार में मंत्री रजनी तिवारी अपने पति उपेंद्र तिवारी की विरासत संभाल रही हैं। वह भी पहली पीढ़ी की ही राजनीति कर रही हैं।

जिले का एक परिवार ऐसा भी है जो तीसरी पीढ़ी की राजनीति कर रहा है। माधौगंज के पं. शिवरतन लाल टाटधारी ने राजनीति में कदम रखकर माधौगंज के जिला पंचायत की कुर्सी संभाली थी। उसके बाद उनके दोनों पुत्रों क्रमशः लल्लन शर्मा और धर्मज्ञ मिश्रा ने विधानसभा और विधान परिषद में अपनी आवाज उठाई। उनकी तीसरी पीढ़ी में इन दोनों विधायकों के पुत्र क्रमशः सुखसागर मिश्र मधुर हरदोई तथा अनुराग मिश्रा माधौगंज में नगर पालिका की कुर्सी पर सत्ता सीन हैं। इसके अलावा कुछ परिवार ऐसे भी हैं जो दूसरी पीढ़ी की राजनीति कर रहे हैं इनमें पूर्व विधायक टीकाराम से शुरू हुई राजनीति उनके पुत्र वीरेंद्र वर्मा विधायक बन चुके हैं तथा आगे की राजनीति में प्रयासरत हैं। इसी तरह कुबेर लाल से शुरू हुई राजनीति उनके भाई विधायक रामपाल उनके पुत्र और भतीजे क्रमश प्रभाष् और अशोक रावत विधायक और सांसद बनकर आगे की राजनीति कर रहे हैं।

पूर्व विधायक छोटेलाल से शुरू हुई राजनीति को उनके भतीजे अनिल वर्मा ने विधायक बनाकर आगे बढ़ाया लेकिन वह अपनों से दूर होने के कारण अब संघर्ष कर रहे हैं। विधायक श्याम प्रकाश से शुरू हुई राजनीति उनके भतीजे अंशुल वर्मा ने संसद बनाकर दूसरी पीढ़ी में प्रवेश किया। श्याम प्रकाश की राजनीति बदस्तूर जारी है, वहीं पूर्व सांसद अंशुल वर्मा संघर्षरत हैं। इसी तरह परमाई लाल से शुरू हुई राजनीति उनके पुत्र विपिन और लाल बिहारी लालू ने संसद और विधायकी जीत कर दूसरी पीढ़ी पर पहुंचाया अब अपने पति की विरासत को पूर्व सांसद उषा वर्मा और पूर्व विधायक राजेश्वरी वर्मा संभाल रही हैं, वहीं सवायजपुर के मिलनसार मधुभाषी विधायक माधवेंद्र प्रताप सिंह रानू भी पूर्व विधायक राजा हरिहर बक्श सिंह की राजनीति को आगे बढ़ा रहे हैं।

## महासंग्राम-2024 : 10 वर्षों में हुए विकास के कई कार्य, फिर भी हासिए पर रह गईं जिले की अहम समस्याएं

# लोकसभा चुनाव में सिर चढ़कर बोलेंगे जनहित के मुद्दे

- मंत्री के रूप में बेल्हा को विदेश में दिलाई थी पहचान
- राजा दिनेश के अलावा किसी को नहीं मिली केंद्रीय मंत्रिमंडल में जगह

उमानाथ तिवारी, गोंडा

**अमृत विचार:** पिछले एक दशक में जिले के विकास की रफ्तार तेज हुई है। केंद्र की सत्ता संभालने के बाद भाजपा सरकार ने जिले में कई ऐसे विकास कराए हैं जो काफी समय से लंबित थी। इनमें शहर के महराजा देवी बक्श सिंह स्वशासी मेडिकल कालेज निर्माण से लेकर इटियाथोक के भवनियापुर में बने राजकीय डिग्री कालेज तक की सौगात शामिल है।

शिक्षा व स्वास्थ्य के अलावा इंफ्रास्ट्रक्चर के क्षेत्र में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। गांव गांव तक बिजली की लाइन पहुंचाने से लेकर पावर स्टेशन तक का निर्माण कराया गया है। जिले की प्रमुख सड़कों के अलावा ग्रामीण इलाकों में भी सड़क नेटवर्क मजबूत हुआ है। बावजूद इसके शहर में सीवर लाइन निर्माण से लेकर रिंग रोड निर्माण तक कई समस्याएं ऐसी हैं जिनका समाधान अभी शेष है। इन समस्याओं के समाधान के लिए ठोस पहल की दरकार है। इस बार के लोकसभा चुनाव में यही समस्याएं मुख्य चुनावी मुद्दा होंगी और जनहित के यह मुद्दे लोगों के सिर चढ़कर बोलेंगे।

### कई अहम मुद्दों पर फोकस करती यह रिपोर्ट



शहर में लगा भीषण जाम (फाइल फोटो)। अमृत विचार

### शहर के भीतर सीवर लाइन का निर्माण

**मुद्दा 1** **अमृत विचार :** शहर में सीवर लाइन न होना प्रमुख समस्या है। जल निकासी की समस्या से निजात के लिए वर्ष 2012 में तत्कालीन जिलाधिकारी डा रोशन जैकब ने शहर में सीवर लाइन निर्माण का प्लान तैयार किया था। इस सीवर लाइन को बहराइच रोड से गुरु नानक चौराहा होते हुए मेवातियान से कटहा घाट तक जोड़ा जाना था। लेकिन उनके तबादले के बाद यही प्लान ठंढे बस्ते में चला गया। कई बार स्थानीय लोगों ने जनप्रतिनिधियों से सीवर लाइन का निर्माण कराने की मांग की लेकिन इस पर अब तक कोई ठोस पहल नहीं हो सकी है। सीवर साइन न होने से हर साल बरसात में शहर जलमग्न हो जाता है। पिछले वर्ष बरसात में पूरा शहर तालाब बन गया था। शहर के गली मोहल्ले से लेकर प्रमुख सड़कें तक जलमग्न हो गयी थी। इस बार के चुनाव में सीवर लाइन निर्माण का मुद्दा मतदाताओं की जबान पर है।

### राज्य विश्वविद्यालय का निर्माण

**मुद्दा 2** **अमृत विचार :** प्रदेश की योगी सरकार ने वर्ष 2022 के विधानसभा चुनाव में जिले के राज्य विश्वविद्यालय की सौगात दी थी। विश्वविद्यालय निर्माण के लिए परसपुर ब्लाक के डोमाकल्पी गांव में प्रशासन ने जमीन भी चिन्हित कर ली थी और वर्ष 2023 में तत्कालीन जिलाधिकारी उज्जवल कुमार ने विश्वविद्यालय निर्माण के लिए भूमि पूजन भी कर दिया था लेकिन ऐन वक्त पर यह राज्य विश्वविद्यालय यहां से खिसक कर बलरामपुर चला गया।विश्वविद्यालय जिले में बने इसके लिये छात्रों, युवाओं और सामाजिक संगठनों ने सड़क पर उतरकर आंदोलन तक किया लेकिन जन प्रतिनिधि इस मुद्दे पर चुप्पी साधे रहे।

### रिंग रोड का निर्माण

**मुद्दा 3** **अमृत विचार :** शहर को जाम की समस्या से मुक्ति दिलाने के लिए सांसद कीर्तिवर्धन सिंह व सदर विधायक प्रतीक भूषण सिंह की मांग पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शहर के बाहर से रिंग रोड निर्माण कराए जाने की घोषणा की थी। सीएम की घोषणा के बाद इसके निर्माण के लिए सर्वे भी हुआ था लेकिन यह प्रस्ताव अब तक धरातल पर नहीं उतर सका है। जबकि शहर में जाम की समस्या प्रतिदिन बढ़ रही है।

### सुभागपुर रेलवे क्रॉसिंग पर ओवरब्रिज निर्माण

**मुद्दा 4** **अमृत विचार :** गोंडा बलरामपुर मार्ग पर स्थित सुभागपुर रेलवे क्रॉसिंग पर लगने वाला जाम भी जिसे की बड़ी समस्या है। क्रॉसिंग के बगल ही सुभागपुर रेलवे स्टेशन और रेलवे का माल गोदाम है। इससे प्रतिदिन यहां बड़ी संख्या में मालगाडियों का आवागमन रहता है। रेलवे गेट बंद हो जाने पर गेट के दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतार लग जाती है।आगे निकलने की होड़ में कई दफा तो वाहन चालकों के बीच मारपीट तक हो जाती है। इस गेट पर ओवर ब्रिज निर्माण की मांग काफी समय से हो रही है लेकिन अब तक इसका कोई ठोस समाधान नहीं हो सका है। स्थानीय लोगों का कहना है कि जाम की समस्या से निजात के लिए ओवरब्रिज निर्माण आवश्यक है।

### कुंदुरखी चीनी मिल के गन्ना किसानों का बकाया भुगतान

**मुद्दा 5** **अमृत विचार :** बजाज कुंदुरखी चीनी मिल में किसानों के बकाया गन्ना मूल्य का भुगतान न होना चुनाव का प्रमुख मुद्दा है। तमाम धरना प्रदर्शन करने के बनी बावजूद चीनी मिल किसानों को समय पर भुगतान नहीं कर रही है। हालांकि इस वर्ष सरकार की सख्ती के बाद चीनी मिल ने पिछले सत्र का बकाया भुगतान किया है लेकिन अभी भी चीनी पर किसानों का 2 अरब 35 करोड़ रुपये गन्ना मूल्य बाकी है।

### फैक्ट फाइल

| | |
|---|---|
| लोकसभा सीट- | गोंडा |
| विधानसभा क्षेत्र- | पांच |
| कुल मतदाता- | 1838295 |
| महिला - | 852422 |
| पुरुष- | 985846 |
| अन्य- | 75 |

### विधानसभावार मतदाताओं की संख्या

| विधानसभा | कुल मतदाता | महिला | पुरुष | अन्य |
|---|---|---|---|---|
| मेहनौन | 378547 | 175126 | 203414 | 07 |
| गोंडा सदर | 360423 | 168753 | 191639 | 31 |
| मनकापुर | 338771 | 158730 | 180035 | 00 |
| गौरा | 333641 | 154046 | 179588 | 07 |
| उतरौला | 426913 | 195767 | 231116 | 30 |
| योग- | 1838295 | 852422 | 985846 | 75 |



जिले में शिक्षा, स्वास्थ्य व इंफ्रास्ट्रक्चर के क्षेत्र में कई कार्य कराए गए हैं। इनमें राजकीय मेडिकल कालेज, अटल आवासीय विद्यालय, राजकीय डिग्री कालेज जैसे कार्य शामिल हैं। इसके अतिरिक्त मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना से तमाम निर्धन परिवारों को बेटियों का विवाह करने में सहूलियत मिली है। उज्जवल गैस योजना से महिलाओं को लाभ मिला है। बाकी के कार्यों के लिए भी प्रयास चल रहा है। सीवर लाइन व रिंग रोड का प्रस्ताव भी है।

**कीर्तिवर्धन सिंह उर्फ राजा भैया,** सांसद/प्रत्याशी 59 लोकसभा क्षेत्र, गोंडा



## चुनाव कमाल का...

- 2009 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस दोबारा सत्ता में आई। सोनिया गांधी के पीएम बनने से इंकार के बाद मनमोहन सिंह दूसरी बार प्रधानमंत्री बने। 2009 के 15वें आम चुनाव में कांग्रेस ने 206 सीटें जीतीं और भारतीय जनता पार्टी के खाते में सिर्फ 116 सीटें ही आईं। एनडीए फिर से सरकार बनाने में विफल रही। कांग्रेस ने यूपी में 21 सीटें जीतीं जबकि भाजपा के खाते में इस सूबे से सिर्फ 10 सीटें ही आईं।
- 2014 में हुए देश के 16वें आम चुनाव में पहली बार ऐसा हुआ था कि कोई गैर-कांग्रेसी सरकार प्रचंड बहुमत के साथ सत्ता में आई थी।
- 2014 में एनडीए ने कुल 336 लोकसभा सीटों पर रिकॉर्ड जीत दर्ज की थी, जिनमें से 282 सीटें अकेले भारतीय जनता पार्टी की थी। वहीं कांग्रेस के लिए यह चुनाव शर्मनाक प्रदर्शन वाला रहा। कांग्रेस महज 44 सीटों पर सिमट गई।
- 1984 में जहां कांग्रेस ने बहुमत की सरकार बनाई थी, वहीं 2014 में भाजपा ने अपने दम पर सरकार बनाई।
- 2014 के आम चुनाव में जहां मोदी लहर दिखी थी, तो वहीं 2019 लोकसभा चुनाव में मोदी सुनामी का माहौल बना। 2014 में 44 सीटें लाने वाली कांग्रेस कुछ ही सीटों का इजाफा कर सकी और 52 पर ही पहुंच सकी। शर्मनाक बात यह रही कि देश के 17 राज्यों में कांग्रेस का सूपड़ा साफ हो गया।

## चुनावी तीर



टिकट बेचने के आदी लालू प्रसाद आदतन भ्रष्टाचारी हैं और उन्होंने किडनी के बदले अपनी सगी बेटी को टिकट दिया है। आखिर किडनी लेने से पहले लालू प्रसाद ने बेटी को टिकट क्यों नहीं दिया? लालू प्रसाद को अपने बेटे-बेटियों के अलावा पार्टी के कार्यकर्ताओं में काबिलियत क्यों नहीं दिखती है?

**-सम्राट चौधरी,** उपमुख्यमंत्री बिहार



मैं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को चुनौती देता हूं कि वह अपने विरोधियों से राजनीतिक रूप से मुकाबला करें। उन्हें गरीबी, बेरोजगारी और महंगाई जैसे मुद्दों पर जनता के गुस्से का डर है। यही कारण है कि उनकी सरकार विपक्ष को डराने के लिए केंद्रीय एजेंसियों, खासकर ईडी का इस्तेमाल कर रही है।

**डी राजा,** महासचिव भाकपा

---

**राम लहर, विकास व जातीय समीकरण पर टिकी विश्लेषकों की निगाह**

**पहले भी ऊर्जाभूमि की सोशल इंजीनियरिंग फार्मूले पर आगे बढ़ी थी राजनीति**

**जातीय सियासत में उलझे सपा-बसपा को फार्मूले से मिल चुकी है संजीवनी**

# सोशल इंजीनियरिंग तय करेगी सत्ता और भावी सियासत की दिशा

● राजेंद्र कुमार पांडेय, अयोध्या



**अमृत विचार :** अयोध्या की सोशल इंजीनियरिंग सत्ता व भावी सियासत की दिशा तय करेगी। लोकसभा चुनाव को लेकर सोशल इंजीनियरिंग, विकास और जातीय समीकरण पर विश्लेषकों की निगाह टिकी है। ऊर्जाभूमि के सोशल इंजीनियरिंग फार्मूले पर पहले भी राजनीति परवान चढ़ चुकी है। सपा-बसपा को भी यह फार्मूला संजीवनी दे चुका है।

अयोध्या सोशल इंजीनियरिंग की प्रयोगशाला है। समय-समय पर यहां प्रयोग होते रहते है। इनके जरिए सत्ता की सीढ़ी चढ़ने और सियासत को नई दिशा देने के प्रयास होते हैं। नब्बे के दशक में आंदोलन की पृष्ठभूमि इसकी शुरूआत है। विहिप की अगुवाई में संघ परिवार के मंदिर आंदोलन को समर्थन देकर भाजपा ने इसकी शुरूआत की। उत्तर से दक्षिण और पूरब से पश्चिम तक जातीय बंधन टूट गए। राम के नाम जागरण हुआ। भाजपा को सन 1989 के चुनाव में इसका सीधा लाभ मिला। दो से 85 सीटों तक पहुंच गई। इसकी तासीर को देख आंदोलन को आगे बढ़ाया। नब्बे में ढांचा विध्वंस के बाद आक्रोश, संवेदना और आस्था की मिश्रित परिणति वोट के रूप में बदली तो सियासत की तस्वीर भी बदल गई। लगातार देश की सबसे बड़ी पंचायत में चुनाव दर चुनाव भाजपा के आंकडे बढ़ते गए। 91 में 120, 96 में 161, 99 के चुनाव में 182 तक पहुंच भाजपा संसद के दरवाजे पर दस्तक देने लगी, लेकिन यह वह दौर था जब खासतौर से उत्तर प्रदेश में जातीय समीकरणों को तेजी से उभार दिया गया। ऊर्जाभूमि अयोध्या में एक और सोशल इंजीनियरिंग साथ शुरू कर दी गई थी।

सन् 1995 में अयोध्या (तत्कालीन फैजाबाद जिला )से अलग हुए अंबेडकरनगर में बसपा ने नई जातीय सियासत की सोशल इंजीनियरिंग शुरू कर दी। अगड़ों के खिलाफ सन् 1996 के विधानसभा चुनाव में यहां विधानसभा की कई सीटें जीत भाजपा के सोशल इंजीनियरिंग को पलीता लगा दिया। सन् 1998, 99 के चुनाव में स्वयं बसपा प्रमुख मायावती यहां से सांसद बन गई। सन 2004 लोकसभा चुनाव आते-आते यह फार्मूला परवान चढ़ा और बसपा ने इसी फार्मूले से उत्तर प्रदेश से अपने 18 सांसदों को संसद भेज दिया। स्वयं बसपा प्रमुख इसमें शामिल रहीं। भाजपा को प्रदेश से देश तक झटका लगा। उसके सांसदों का आंकड़ा 138 पर सिमट गया। दूसरी ओर दूसरो की बैसाखी के सहारे सत्ता की सीढ़ी चढ़ने वाली सपा ने भी जातीय सियासत को लेकर कदम ताल तेज कर दी। पांच दिसंबर 1989 से 24जनवरी 1991 तक और पांच दिसंबर 1993 से तीन जून 1996 तक मुख्यमंत्री रहे मुलायम सिंह यादव भी इसे हवा देने में पीछे नहीं रहे। आंदोलन का विरोध और सभी जातियों की सियासत की। पश्चिम के साथ पूर्वांचल की सीटों पर बढ़त बनाई। 29 अगस्त 2003 से 11 मई 2007 तक मुख्यमंत्री रहे।

जातीय सियासत के सोशल इंजीनियरिंग की गणित बसपा की समझ में आई तो इस दौरान बसपा सुप्रीमों मायावती ने बहुजन हिताय के स्थान पर सर्वजन हिताय का नारा देकर ब्राह्मणों सहित अगड़ों को जोड़ा और 2007 में सत्तासीन हो गई। यही प्रयोग करके सपा 2012 में सत्ता की सीढ़ी चढ़ी। भाजपा 2009 लोकसभा चुनाव में अपने सबसे खराब प्रदर्शन 116 तक पहुंच गई। विकास और बेहतर भविष्य की उम्मीद, राम मंदिर, गुजरात के सीएम मोदी का करिश्माई नेतृत्व में सियासत ने फिर करवट ली। प्रदेश के 80 में से 73 सीटें भाजपा की झोली में चली गई। अयोध्या विवाद के फैसले की पृष्ठभूमि, राष्ट्रीयता के उफान और विकास पर लड़े गए 2019 चुनाव में भाजपा की बढ़त और बढ़ गई।





अब 2024 लोकसभा चुनाव की मुनादी हो गई है। 80 सीटों वाले प्रदेश पर सभी दलों की निगाह है। चुनाव विश्लेषकों की निगाह सोशल इंजीनियरिंग से उत्पन्न लहर, विकास व जातीय समीकरण के पर टिकी हैं। अचानक सामने आए चुनावी बांड के साथ कांग्रेस उठाए जा रहे दूसरे मुददों की तासीर नाप रहे हैं।

भाजपा ने नब्बे के दशक की तरह एक बार फिर अयोध्या से सोशल इंजीनियंरिंग के फार्मूले को धार दी है। यह राम मंदिर पर फैसले के साथ शुरू हो गई थी। लेकिन 2023 से जनवरी 2024 तक शीर्ष पर रहा। पीएम मोदी ने अपनी अयोध्या यात्रा में इसे शीर्ष पर रखा। श्रीराम के बहाने जातीय समरसता बढ़ाने, उत्तर दक्षिण का भेद पाटने, विकास की संभावना के जरिए सियासत को परवान चढ़ाने को मजबूत सोशल इंजीनियरिंग की कोशिश की है। गौर करें तो साफ दिखेगा। अयोध्या दौरे पर निषाद समुदाय के रवींद्र माझी और मीरा मांझी के घर जाकर चाय पीना, उन्हें प्राण प्रतिष्ठा में आमंत्रित करके एक संदेश देने की कोशिश की। रामायण की रचना करने वाले दलित समुदाय से आने वाले महर्षि वाल्मीकि के नाम पर एयरपोर्ट का नामकरण, निषाद राज के नाम पर अतिथि गृह, माता शबरी के नाम पर भोजनालय कहने और सुनने में भले ही छोटे लगते हों लेकिन इनमें बड़ा सियासी संदेश छिपा है। यह एक स्टैटजी थी। यूपी के चुनाव में अन्य पिछड़ा वर्ग और अनुसूचित जाति की बड़ी भूमिका है। पीएम मोदी स्वयं ओबीसी से आते हैं। वह राम लला की प्राण प्रतिष्ठा में यजमान की भूमिका मे रहे। राम मंदिर के शिलान्यास कार्यक्रम में शामिल रहे कामेश्वर चौपाल को श्री राम मंदिर तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट में रखा गया। श्रीराम मंदिर में पुजारियों के चयन में सभी वर्गों के लोगों का शामिल करने की सोशल इंजीनियरिंग का बड़ा संकेत रहा। महर्षि वाल्मीकि, महर्षि वशिष्ठ, विश्वामित्र, अगस्त्य, निषाद राज, माता शबरी, देवी अहिल्या के मंदिरों के निर्माण के जरिए जातीय समरसता का संदेश देने की कोशिश की गई। दूसरे प्रांतों के श्रद्धालुओं को राम दर्शन के जरिए देश में सोशल इंजीनियरिंग प्रभावी करने की कोशिश की गई। भाजपा के विकास मॉडल, लंबी चली सोशल इंजीनियरिंग, कांग्रेस नेता राहुल गांधी से चुनावी बांड सहित विभिन्न मुद्दों पर सरकार पर हमले, सपा-बसपा की जातीय सियासत अब लोक सभा चुनाव में कसौटी पर है। अयोध्या एपीसोड और राम लला की प्राण प्रतिष्ठा से उपजी श्रद्धा इसकी अंर्तधारा में है। जनता इन पर फैसला करेगी। इसी के आधार पर सत्ता के साथ सिसायत की भावी दिशा तय होगी।

---

# चुनावी चंदे का खेल देख चौंधिया गई जनता की आंखें

**● 88 प्रतिशत सांसद करोड़पति गरीब पाई-पाई को मोहताज**

**● महंगाई बढ़ने का मूल कारण है राजनीतिक दलों का खेल**

● सतीश श्रीवास्तव, लखनऊ



**अमृत विचार :** चुनावी चंदे के खुलासा होते ही आम जनता की आंखें चौंधिया गई हैं। पर्दे के पीछे राजनीतिज्ञों और राजनीतिक दलों का खेल लोकतांत्रिक व्यवस्था की पोल खोल रहा है। राजनीतिक दलों को चंदा देने वाले उद्योगपति किस तरह लाभान्वित हो रहे हैं। यह भी अब सामने आ गया है। नामांकन शुरू होने के साथ ही जो शपथ पत्र दाखिल होगा तो आपको यह भी पता चलेगा कि आपके क्षेत्र के संसद ने पिछले 5 सालों में किस तरह अकूत संपत्ति अर्जित की।

गाड़ियों के लंबे काफिले के साथ चलने वाले सांसदों के पास अकूत संपत्ति है। 88 प्रतिशत सांसद करोड़पति हैं। शायद यही कारण था कि पिछले लोकसभा चुनाव में 3449 करोड़ की वस्तुएं व नकदी जब्त हुई लेकिन राजनीतिज्ञों को कोई फर्क नहीं पड़ा।

चुनाव आयोग ने सांसद के लिए चुनाव के दौरान खर्च की सीमा 90 लाख रुपए तय कर रखी है। लेकिन सभी लोग जानते हैं कि लेकिन इससे कई गुना रकम प्रत्येक लोकसभा क्षेत्र में खर्च की जाती है। वह जमाने गए जब प्रत्याशी साइकिल और मोटरसाइकिल से प्रचार करते थे। एक-एक रुपए चंदा मांग कर चुनाव लड़ते थे। अब नेताओं के साथ लग्जरी गाड़ियों का लंबा काफिला चलता है। प्रत्याशी सत्तारूढ़ दल से है तो पुलिस और अधिकारी भी उनकी चेकिंग और तलाशी से बचते हैं। चुनाव अधिक धनराशि और शराब जैसी प्रलोभन वाली चीजें जब्त करने के निर्देश हैं। अधिकारी डाल-डाल तो प्रत्याशी पात-पात वाली कहावत चरितार्थ करते हुए हर दिन नए सिस्टम ईजाद कर रहे हैं। शराब सीधे बांटने की वजह जिन लोगों को दिया जाना है उन्हें पर्ची थमा दी जाती है जिसका उपयोग कर वे सीधे शराब के ठेके से शराब प्राप्त कर लेते हैं। यह धन-बल के बढ़ते इस्तेमाल का एक और तरीका है। 2014 के लोकसभा चुनाव में मतदाताओं के बीच बांटने के लिए लाई गईं करीब 12 सौ करोड़ रुपये कीमत की वस्तुएं नकदी और शराब जब्त हुई थी।

2019 के चुनाव में 3449 करोड़ की वस्तुएं व नकदी जब्त की गई थी। 2019 के चुनाव में 3449 करोड़ से अधिक कीमत की वस्तुएं व नकदी जब्त हुई थी। यह 2014 के मुकाबले 2248 करोड़ अधिक था। सूत्रों के माने तो जब्त की गई यह राशि चुनावों में चोरी-छुपे खर्च होने वाली राशि का एक छोटा हिस्सा मात्र है। बाकी राशि तो जब्त ही नहीं हो पाती है। आयोग का मानना है कि स्वस्थ और मजबूत लोकतंत्र के लिए जरूरी है कि धनबल की जगह चुनाव में सभी के लिए एक समान अवसर उपलब्ध होना चाहिए। चुनाव में धनबल के इस्तेमाल को रोकने के लिए आयोग ने इस बार भी इलेक्शन एक्सपेंडिचर मॉनीटरिंग सिस्टम तैयार किया है। इसके लिए चुनाव आयोग के निर्देशन में केंद्र और राज्य की एजेंसियां मिलकर काम करती हैं। खुफिया जानकारी भी साझा की जाती है। एसोसिएशन ऑफ डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स की एक रिपोर्ट के मुताबिक नई लोकसभा के कुल 475 सदस्य 'करोड़पति' हैं। भाजपा के 301सांसदों में से 265 करोड़पति हैं। जिनका जिक्र उनके शपथपत्र में ही है।

शिवसेना के सभी 18 विजेताओं के पास एक करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति है। कांग्रेसियों के 51 में से 43 सांसद करोड़पति हैं। द्रमुक के 23 सांसदों में से 22 (96 प्रतिशत), तृणमूल कांग्रेस के 22 में से 20 (91 प्रतिशत) और वाईएसआर कांग्रेस के 22 सांसदों में से 19 (86 प्रतिशत) की संपत्ति एक करोड़ रुपये से अधिक है। यह वह रकम नहीं है। जिन्हें उन्होंने अपने वेतन से पाई-पाई कर जोड़ा है। बल्कि उनकी आमदनी से भी कहीं अधिक है। सांसदों की संपत्ति के जो आंकड़े सामने आ रहे हैं। उससे कहीं अधिक संपत्ति के वे मालिक हैं। बेनामी संपत्तियां होने के संभावनाओं से भी जानकारी इनकार नहीं करते। शायद यही कारण है कि देश में महंगाई दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। आम जनता सरकार के मुफ्त राशन पर किसी तरह दिन कट रही है। गरीब और भी गरीब होता जा रहा है। अमीरों की संपदा बढ़ती जा रही है।

---

# 2019 में लड़े थे दो वरुण गांधी, एक के सिर सजा ताज दूसरे की जमानत जब्त

● वैभव शुक्ला, पीलीभीत

- निर्दलीय चुनावी मैदान में उतरे दूसरे वरुण गांधी को मिले थे 4483 वोट
- कुल 13 प्रत्याशी थे मैदान में 11 उम्मीदवार पांच हजार का आंकड़ा भी नहीं छू पाए
- कांग्रेस-शिवसेना समेत 10 प्रत्याशियों को पिछड़ा था

**अमृत विचार:** लोकसभा चुनाव की तिथियां घोषित हो चुकी हैं। पीलीभीत-बहेड़ी सीट पर पहले चरण में 19 अप्रैल को मतदान होना है। 20 मार्च से नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। इसे लेकर प्रशासनिक स्तर पर चुनावी तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा चुका है। हालांकि अभी बसपा छोड़ किसी अन्य राजनीतिक दल से प्रत्याशी की घोषणा नहीं हुई है। चुनावी सरगर्मियों के बीच बीते चुनावों के रोचक किस्सों की यादें जरूर ताजा हो रही हैं। वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में सबसे रोचक बात ये रही कि दो-दो वरुण गांधी चुनाव मैदान में थे। एक के सिर जीत का ताज सजा और दूसरे की जमानत जब्त हो गई थी।

### 9,973 वोट पाकर तीसरे नंबर पर रहा था नोटा

वर्ष 2019 के चुनाव में भाजपा प्रत्याशी वरुण गांधी ने जीत दर्ज की थी। जबकि सपा के हेमराज वर्मा दूसरे नंबर पर आए थे। अन्य 11 प्रत्याशियों की स्थिति तो दौड़ में ही नहीं रही। ये 11 प्रत्याशी जहां पांच हजार वोट तक नहीं हासिल कर सके थे। वहीं नोटा इन सबसे ऊपर तीसरे नंबर पर जगह बना गया था। इस चुनाव में नोटा पर 9973 वोट पड़ा था। 11 प्रत्याशियों में सर्वाधिक वोट पाने वाले निर्दलीय वरुण गांधी के वोटों से दोगुना से भी अधिक था।

**पीलीभीत**




लोकसभा चुनाव 2019 में पीलीभीत-बहेड़ी सीट पर कुल 13 प्रत्याशी चुनावी मैदान में थे। भाजपा से वरुण गांधी ने 704549 वोट पाकर जीत दर्ज की थी, जबकि सपा-बसपा गठबंधन के प्रत्याशी हेमराज वर्मा 448922 वोट पाकर दूसरे स्थान पर रहे थे। अन्य कोई प्रत्याशी पांच हजार का आंकड़ा भी पार नहीं कर सका था। इस चुनाव में भाजपा के वरुण गांधी के अलावा निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में भी वरुण गांधी नाम का प्रत्याशी मैदान में था। उसको 4483 वोट मिले थे। खास बात ये रही थी कि दूसरे वरुण गांधी के बारे में मतदाताओं को कोई जानकारी तक नहीं थी।

किसी तरह का प्रचार-प्रसार भी नहीं हुआ था। मगर जमानत जब्त वाले अन्य प्रत्याशियों से अधिक वोट हासिल कर लिया। कांग्रेस, शिवसेना समेत अन्य दलों के प्रत्याशियों को भी उससे कम वोट मिले। इस चुनाव में कांग्रेस के सुरेंद्र कुमार गुप्ता को 4442, शिवसेना की अनीता त्रिपाठी को 3974, निर्दलीय मुनेश सिंह को 2129, जाफरी बेगम को 1633, जेडीयू से डा. भरत को 1624, पीएसपीएल (प्रगतिशील समाजवादी पार्टी लोहिया) के मोहम्मद हनीफ को 1276, एसबीडीयू के डा.सीताराम राजपूत को 1098, निर्दलीय कैफ रजा खान को 926, उर्वशी सिंह को 864, एनपी के प्रत्याशी संजय कुमार भारती को 696 वोट मिले थे। भाजपा के वरुण गांधी और सपा के हेमराज वर्मा के अलावा अन्य सभी प्रत्याशियों की जमानत जब्त हुई थी।

---

**मीरा कुमार, राम विलास पासवान और मायावती लड़ चुके हैं यहां से चुनाव, सपा ने सामान्य सीट के बावजूद अनुसूचित जाति का प्रत्याशी उतारा है मैदान में**

# ध्रुवीकरण और जातीय समीकरण तय करेगा बिजनौर का रण

● चुनाव डेस्क

**अमृत विचार।** बिजनौर सीट पर नामांकन प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। नामांकन पत्र दाखिल करने की अंतिम तिथि 27 मार्च है। 28 को नामांकन पत्रों की जांच होगी और 30 मार्च तक नाम वापस लिए जा सकेंगे। इस सीट पर 19 अप्रैल को पहले चरण में वोट डाले जाएंगे। बिजनौर लोकसभा में पांच विधानसभा सीटें बिजनौर, चांदपुर, पुरकाजी, हस्तिनापुर और मीरापुर शामिल हैं। इनमें पुरकाजी और मीरापुर सीट मुजफ्फर नगर तो हस्तिनापुर सीट मेरठ जिले में आती है। पिछले 2019 के चुनाव में बसपा ने सपा के साथ गठबंधन और जाट-मुस्लिम वोटों के गठजोड़ की बदौलत यह सीट भाजपा से झटक ली थी। बसपा के मलूक नागर ने भाजपा प्रत्याशी राजा भारतेंद्र सिंह 69,941 मतों से हरा दिया था। इस बार तीनों दल भाजपा, सपा और बसपा अपने प्रत्याशी घोषित कर चुके हैं और जातीय समीकरणों को देखते हुए मुकाबला एक बार फिर रोमांचक होने की उम्मीद जताई जा रही है।

पश्चिम उत्तर प्रदेश की बिजनौर लोकसभा सीट हाई प्रोफाइल सीटों में गिनी जाती है। यहां से पूर्व केंद्रीय मंत्री स्व. राम विलास पासवान, बसपा सुप्रीमो और यूपी की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती के अलावा पूर्व लोकसभा अध्यक्ष मीरा कुमार चुनाव लड़ चुकी हैं। साल 2014 के चुनाव में फिल्म अभिनेत्री जयाप्रदा ने यहां से राष्ट्रीय लोक दल के टिकट पर चुनाव लड़ा था, लेकिन चौथे नंबर पर रही थीं। इस बार के चुनाव में भाजपा से गठबंधन के चलते यह सीट रालोद के खाते में गई है। रालोद ने मीरापुर के मौजूदा विधायक और पूर्व सांसद संजय चौहान के 28 वर्षीय बेटे चंदन चौहान को प्रत्याशी बनाया है। चंदन गुर्जर बिरादरी से आते हैं। रालोद के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत सिंह ने चंदन को हाल ही में पार्टी की युवा इकाई का राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाया था। उधर, बसपा ने चौधरी विजेंद्र सिंह को उम्मीदवार बनाया है। मेरठ निवासी चौधरी विजेंद्र सिंह ने कुछ दिन पहले ही लोकदल से इस्तीफा दिया था। लेकिन सबसे चौंकाने वाला फैसला सपा ने लिया है। पार्टी ने सामान्य सीट होने के बावजूद अनुसूचित समाज के यशवीर सिंह धोबी को अपना प्रत्याशी घोषित किया है। यशवीर सिंह बगल की नगीना सीट पर सपा से सांसद रह चुके हैं। यशवीर सिंह 2009 में सपा से नगीना सुरक्षित सीट से सांसद बने थे, लेकिन 2014 में वह भाजपा के डॉ. यशवंत सिंह से चुनाव हार गए थे। बिजनौर सीट से 2014 में भाजपा के कुंवर भारतेन्दु सिंह चुनाव जीते थे। उन्होंने सपा के शाहनवाज को दो लाख से अधिक वोटों से हराया था। 2014 में यहां बसपा तीसरे नंबर रालोद चौथे नंबर पर रही थी। बिजनौर लोकसभा का परिसीमन वर्ष 2009 में बदलने के बाद चुनाव में भाजपा और रालोद का गठबंधन हुआ। रालोद के संजय सिंह चौहान ने बसपा के शाहिद को हराकर जीत हासिल की। 2019 में बसपा के मालूक नागर चुनाव जीते। भाजपा के भारतेंद्र सिंह 4,91,104 वोटों के साथ दूसरे और कांग्रेस के नसीमुद्दीन सिद्दीकी 25,833 वोटों के साथ तीसरे स्थान पर रहे थे।

### 1985 में मीरा कुमार, रामविलास और मायावती के बीच हुआ था मुकाबला

बसपा सुप्रीमो मायावती ने अपनी राजनीति की शुरूआत यहीं से चुनाव लड़कर की थी। वर्ष 1985 में इस सीट पर उपचुनाव हुआ था। इसमें कांग्रेस से मीरा कुमार चुनावी मैदान में उतरीं और पहली बार सांसद बनीं। उन्होंने लोकदल प्रत्याशी रामविलास पासवान को हराया। बसपा सुप्रीमो मायावती निर्दलीय प्रत्याशी थीं। वह तीसरे नंबर पर रहीं, लेकिन 66 हजार से ज्यादा वोट पाकर सबको चौंका दिया। इसके बाद 1989 में हुए लोकसभा चुनाव में मायावती को जीत हासिल हुई और वह पहली बार बिजनौर सीट से सांसद बनीं।

**बिजनौर लोकसभा क्षेत्र में विधान सभा सीटों पर कब्जा**

| विधान सभा | विधायक | दल |
|---|---|---|
| पुरकाजी (सु) | अनिल कुमार | रालोद |
| मीरापुर | चंदन चौहान | रालोद |
| बिजनौर (सु) | मौसम चौधरी | भाजपा |
| चांदपुर | स्वामी ओमवेश | सपा |
| हस्तिनापुर (सु) | दिनेश खटीक | भाजपा |

**बिजनौर लोकसभा सीट कब कौन जीता**

| वर्ष | विजेता | दल |
|---|---|---|
| 2019 | मलूक सिंह नागर | बसपा |
| 2014 | भारतेंद्र सिंह | भाजपा |
| 2009 | संजय सिंह चौहान | रालोद |
| 2004 | मुंशीराम सिंह | रालोद |
| 1999 | शीशराम सिंह रवि | भाजपा |

### मुस्लिम-दलित मतदाता 60 फीसदी का वोट निर्णायक

बिजनौर लोकसभा क्षेत्र में लगभग 17 लाख मतदाता हैं। इनमें पुरुष वोटरों की संख्या 8 लाख 77 हजार से ज्यादा तो महिला वोटरों की संख्या 7 लाख 93 हजार से अधिक है। जातिगत समीकरणों के लिहाज से यहां साढ़े पांच लाख के आसपास मुस्लिम मतदाता हैं, जबकि दलित मतदाताओं की संख्या साढ़े चार लाख के करीब हैं। जाट मतदाता दो लाख के आसपास और गुर्जर वोट एक लाख तक गिने जाते हैं। ब्राह्मण मतदाताओं की संख्या 60 हजार मानी जाती है।

**2019 में सपा से गठबंधन के चलते बसपा ने भाजपा से छीन ली थी यह सीट**

**2004 और 2009 के चुनाव में यहां से रालोद फहरा चुका है जीत का परचम**

## एक नजर

### होली के दिन शाम पांच बजे तक नहीं बिकेगी शराब

**अमृत विचार, लखनऊ :** होली के दिन 25 मार्च सोमवार को सुबह से शाम पांच बजे तक अंग्रेजी और देसी शराब, बीयर, माडल शॉप और भांग की दुकानें बंद रहेंगी। शाम से रात 10 बजे तक शराब की बिक्री हो सकेगी। राज्य सरकार द्वारा होली के दिन को ड्राई डे घोषित करने के बाद प्रशासन द्वारा निर्देश भी जारी कर दिये गए हैं। ड्राई डे को लेकर हर जिले में शनिवार को गाइडलाइन जारी कर दी गई है। मालूम हो कि होली के बाद 29 मार्च को भी प्रदेश में ड्राई डे रहने वाला है। इस दिन गुड फ्राइडे है।

### जनता चाहती थी कि सपा और कांग्रेस का गठबंधन हो

**अमृत विचार,लखनऊ :** सपा के अखिलेश यादव ने शनिवार को कहा है कि इंडिया गठबंधन पूरी मजबूती से चुनाव मैदान में है। जनता भी चाहती थी कि सपा और कांग्रेस पार्टी का गठबंधन हो। समाजवादियों की हमेशा कोशिश रही है सभी को साथ लेकर चलने की। गठबंधन बन गया है, लोकसभा चुनाव में भाजपा हारेगी।

# शरियत व्यक्तिगत विषय, संविधान से ऊपर नहीं

## मुख्यमंत्री ने कहा, मदरसों का मॉर्डनाइजेशन कर रही है राज्य सरकार, शिक्षा व्यवस्था में एक रूपता है प्राथमिकता

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि शरियत व्यक्तिगत विषय हो सकता है, मगर संविधान से ऊपर नहीं हो सकता। राज्य सरकार मदरसों का मॉर्डनाइजेशन कर रही है। हमें वैज्ञानिक, इंजीनियर, स्किल मैनपावॅर चाहिए। शिक्षण संस्थानों को उसी अनुरूप बनाना होगा। प्रदेश की शिक्षण व्यवस्था को एकरूपता देना हमारी प्राथमिकता है।

हाईकोर्ट की ओर से मदरसों को असंवैधिनक करार देने के आदेश के बाद मुख्यमंत्री की यह प्रतिक्रिया एक निजी चैनल से बातचीत में शनिवार को सामने आई। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में जो भी परिवर्तन दिखाई देता है उसका श्रेय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और यहां की जनता को दिया जाना चाहिए। 2017 से पहले यहां लोगों के सामने पहचान का संकट था। हर दूसरे दिन दंगा होता था। न बेटी सुरक्षित थी न व्यापारी। सुरक्षा की स्थिति बदतर थी। प्रदेश में विकास का माहौल नहीं था। सरकारों ने अपने परिवार का विकास किया। जातियता के नाम पर प्रदेश को विभाजित किया गया। मगर, आज ये नये भारत का नया उप्र देश की उभरती हुई अर्थव्यवस्था वाला प्रदेश है।

### आजम के कर्मों के कारण मिली सजा

पेपर लीक के मामले पर मुख्यमंत्री ने कहा कि इसमें सख्त कार्रवाई की गई है। जो युवाओं के जीवन के साथ खिलवाड़ करेगा, उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। वहीं, आजम खां के मामले में कहा कि उनके कर्मों के कारण उन्हें न्यायालय से सजा मिली है। भारत की न्यायपालिका स्वतंत्र है।

▶▶ भारत की मूल आत्मा हिन्दू, सम्मान से समझौता नहीं कर सकते: मुख्यमंत्री

**कानून का राज स्थापित करने के लिए हुई बदायूं की कार्रवाईः** मुख्यमंत्री ने बदायूं की घटना को वीभत्स बताते हुए कहा कि बुलडोजर अन्यायियों और अत्याचारियों के साथ साथ इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट के लिए चलता है। बदायूं एनकाउंटर पर कहा कि पुलिस नियमानुसार अपना काम करती है। बेटी और व्यापारी को कोई भी परेशान करेगा तो कानून का राज स्थापित करने के लिए जो भी उपाय है वो किया जाएगा।

### राहुल व प्रियंका में उप्र आने का साहस नहींः योगी

योगी ने सपा-कांग्रेस गठबंधन पर कहा कि ये पहले भी हो चुका है। इन्हें प्रदेश की जनता ने अच्छे ढंग से सबक सिखा दिया था। यही कारण है कि राहुल और प्रियंका उप्र में आने का साहस नहीं दिखा पा रहे। झूठे वादे करके प्रदेश की जनता की आखों में धूल नहीं झोंक सकते।

योगी ने कहा कि कहा कि हिन्दू भारत की मूल आत्मा है। उसका अपमान नहीं किया जा सकता, जिसको गलतफहमी होगी कि इस भावना का अपमान करके राजनीति करेंगे, तो ऐसी राजनीति को ठोकर मारते हैं। देश की सुरक्षा और हिन्दू आस्था के सम्मान पर कोई समझौता नहीं कर सकते। ईश्वर की कृपा और जनता का आशीर्वाद हमारे साथ है।

**भारत के वसुधैव कुटुम्बकम की अवधारणा है सीएएः** मुख्यमंत्री योगी ने सीएए के सवाल पर कहा कि भारत में मुस्लिमों की आबादी आजादी के बाद हिन्दुओं से कई गुना तेजी से बढ़ी है। मगर पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान में हिन्दू आबादी कई गुना घटी है। अगर भारत सरकार यहां जन्मी सभी उपासनाविधियों को मानने वाले शरणार्थियों को सीएए के माध्यम से नागरिकता दे रही है तो इसका स्वागत करना चाहिए था। अगर कोई हिंसा का रास्ता अख्तियार करता है तो उसके साथ सख्ती से निपटा जाना चाहिए। सीएए भारत के वसुधैव कुटुम्बकम की अवधारणा है।

# होली के मौके पर पूरे प्रदेश में होगी निर्बाध बिजली आपूर्ति

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▶▶ पावर कारपोरेशन के अध्यक्ष ने दिए अधिकारियों को निर्देश

**अमृत विचारः** होली के मौके पर प्रदेश के लोगों को निर्बाध बिजली आपूर्ति मिलेगी। पावर कारपोरेशन के अध्यक्ष आशीष कुमार गोयल ने इस सिलसिले में वितरण निगमों के प्रबंध निदेशकों को निर्देश जारी किए हैं।

जारी निर्देश में अध्यक्ष ने विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि इस संदर्भ में पूरी तरह सावधानी बरतें और सबको अनवरत बिजली आपूर्ति उपलब्ध कराने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएं। सभी लोगों को निर्धारित समय सारणी के अनुसार बिजली आपूर्ति उपलब्ध कराई जाए।

बिजली वितरण में लगे अधिकारियों को त्योहार पर निर्बाध बिजली आपूर्ति के लिए कहा गया है। होली के बाद भी प्रदेश में निर्धारित शिड्यूल के अनुरूप बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने को कहा गया है।

कारपोरेशन के अधिकारियों ने बताया कि प्रदेश में ग्रामीण क्षेत्रों में जहां 18 घंटे आपूर्ति निर्धारित की गई है तो वहीं नगर पंचायत मुख्यालयों के लिए 21.30 घंटे, तहसील मुख्यालयों के लिए 21.30 घंटे और जिला मुख्यालयों के लिए 24 घंटे आपूर्ति निर्धारित की गई है। बुंदेलखंड के सभी सात जिलों के ग्रामीण क्षेत्रों में 20 घंटे विद्युत आपूर्ति निर्धारित की गई है। इन सभी क्षेत्रों में निर्धारित शेड्यूल के अनुरूप विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है। हालांकि, त्योहारों के अवसर पर कॉरपोरेशन सभी क्षेत्रों में 24 घंटे बिजली आपूर्ति मुहैया कराने में जुट गया है।

# दोषियों पर कार्रवाई कर नजीर पेश करेगी सरकार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**पेपर लीक मामला**

▶▶ गिरफ्तार हुए आरोपियों की संख्या 400 पार हुई

**अमृत विचारः** सिपाही भर्ती परीक्षा का पेपर लीक करने वाले आरोपियों के खिलाफ ताबड़तोड़ कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। पुलिस उस अंतिम आरोपी को भी गिरफ्तार करेगी, जहां से लीक कांड का शूत्रपात हुआ था। पुलिस मुख्यालय के एक वरिष्ठ अधिकारी के मुताबिक सरकार पेपर लीक कांड के आरोपियों को सजा दिलाकर नजीर पेश करेगी। गिरफ्तारी के बाद भी अन्य कई कार्रवाईयां होंगी, ताकि कोई दोबारा पेपर लीक करने का साहस न कर सके। क्योंकि इस मामले में सरकार की बहुत किरकिरी हुई है। सख्त कार्रवाई के लिए ऊपर से ही आदेश दिए गए हैं। बतादें कि इस मामले में गिरफ्तार हुए आरोपियों की संख्या अब 400 पार हो चुकी है।

मेरठ एसटीएफ ने शुक्रवार को गुरुग्राम स्थित लेजर रिसॉर्ट के मालिक को भी गिरफ्तार कर लिया। आरोप था कि इसी रिसॉर्ट में करीब आठ सौ अभ्यर्थियों को परीक्षा के एक दिन पहले पर्चा पढ़कर सुनाया गया था। एसटीएफ रिसॉर्ट के मालिक सतीश धनकड़ से पूछताछ कर उन लोगों तक भी पहुंचेगी, जहां तक एसटीएफ अभी नहीं पहुंच सकी है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक पेपर लीक कांड में शामिल आरोपियों की संख्या पांच सौ पार भी जा सकती है। क्योंकि इस कांड को लेकर नित नए खुलासे हो रहे हैं।

# डॉ. लोहिया ने कमजोर वर्गों के लिए किया संघर्ष

**अमृत विचार,लखनऊः** सपा के अखिलेश यादव ने कहा कि डॉ. लोहिया ने भेदभाव, गैरबराबरी, गरीबी, बेरोजगारी के खिलाफ लड़ाई लड़ी। पिछड़ों, दलितों, महिलाओं और समाज के कमजोर वर्गो को आगे बढ़ाने के लिए संघर्ष किया। समाजवादी पार्टी, डॉ. लोहिया और डॉ.अम्बेडकर के बताए रास्ते और उनके विचारों पर चल रही है। इन दोनों महापुरुषों के विचारों पर चलकर ही देश में खुशहाली लायी जा सकती है।

लखनऊ के गोमतीनगर स्थित डॉ.राम मनोहर लोहिया पार्क में उन्होंने लोहिया की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए नमन किया। उन्होंने कहा, डॉ. लोहिया ने भेदभाव, गैरबराबरी, गरीबी, बेरोजगारी के खिलाफ लड़ाई लड़ी।

# न्यायिक अधिकारियों को वेतन और एरियर को मिले 50 करोड़

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▶▶ सुप्रीमकोर्ट के निर्देश का सरकार ने किया अनुपालन

**अमृत विचारः** राज्य सरकार ने न्यायिक अधिकारियों के वेतन-भत्तों आदि के एरियर भुगतान के लिए 49 करोड़ 54 लाख 80 हजार रुपये की धनराशि हाइकोर्ट के महानिबंधक भेज दी है। यह बकाया द्वितीय राष्ट्रीय न्यायिक वेतन आयोग की संस्तुतियों को लागू किए जाने के उच्चतम न्यायालय द्वारा पारित आदेश के अनुपालन में भुगतान किया गया है। इससे होली से पहले न्यायिक अधिकारियों को भुगतान सुनिश्चित हो सकेगा।

शासन के न्याय एवं परामर्शदात्री विभाग के प्रमुख सचिव विनोद सिंह रावत की ओर से शुक्रवार को जारी शासनादेश में धनराशि किस मद की और किसे प्राप्त होनी है, इसका पूरा ब्योरा भी दिया है। हाइकोर्ट के महानिबंधक को संबोधित पत्र में कहा गया है कि द्वितीय राष्ट्रीय न्यायिक वेतन आयोग की संस्तुतियों को लागू किए जाने के संबंध में उच्चतम न्यायालय के 4 जनवरी 2024 के आदेश का अनुपालन किए जाने के फलस्वरूप न्यायिक अधिकारियों के वेतन एरियर के भुगतान हेतु अतिरिक्त धनराशि की सरकार ने स्वीकृति दी है। अवमुक्त की जा रही धनराशि 49 करोड़ 54 लाख 80 हजार रुपये है। इस धनराशि से जिला स्तरीय तमाम कोर्ट के अधिकारियों का बकाया वेतन एरियर भुगतान होना है।

# 5 दिन पूर्व जारी की जायेगी मतदाता सूचना पर्ची

राज्य ब्यूरो लखनऊ

▶▶ बीएलओ मतदाता या उसके परिवार के किसी वयस्क सदस्य को देंगे सूचना पर्ची

▶▶ प्रत्येक परिवार को हिन्दी में रंगीन वोटर गाइड भी दी जाएगी

**अमृत विचारः** मतदाताओं को मतदान से 5 दिन पूर्व मतदाता सूचना पर्ची जारी की जायेगी। बीएलओ मतदाता या उनके परिवार के किसी वयस्क सदस्य को सूचना पर्ची देंगे। प्रत्येक परिवार को हिन्दी में रंगीन वोटर गाइड भी दी जाएगी।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि पंजीकृत सभी मतदाताओं को मतदाता सूचना पर्ची जारी की जायेगी। इस मतदाता सूचना पर्ची में भाग संख्या व नाम, क्रम संख्या, पोलिंग स्टेशन का नाम, मतदान की तारीख, क्यूआर कोड आदि का उल्लेख होगा। मतदाता सूचना पर्ची के पीछे के भाग पर पोलिंग स्टेशन का नक्शा, बीएलओ का नाम, बीएलओ का सम्पर्क नम्बर, मतदान करने के लिए आयोग द्वारा निर्धारित वैकल्पिक दस्तावेज का विवरण व अन्य महत्वपूर्ण निर्देश का उल्लेख रहेगा। मतदाता सूचना पर्ची के साथ प्रत्येक परिवार को हिन्दी में रंगीन वोटर गाइड भी दी जाएगी।

उन्होंने बताया कि वोटर गाइड में चित्रों के माध्यम से मतदाताओं को ईवीएम से मतदान करने के जानकारी दी जाएगी। इसके अलावा भारत निर्वाचन आयोग की ओर से मतदाताओं को उपलब्ध कराए गए ऐप सक्षम-ईसीआई, वोटर हेल्पलाइन ऐप, नो योर कैन्डिडेट, सी-विजिल आदि की जानकारी दी गई है। इसके साथ ही पंजीकरण, मतदान, दिव्यांगजनों व वरिष्ठजनों को घर से मतदान और डाक मत पत्र की सुविधा के बारे में बताया गया है।

### 317 स्टैटिक सर्विलांस टीमें लगाई गईं

अमृत विचार : लोकसभा चुनाव के पहले चरण के मतदान के लिए 317 स्टैटिक सर्विलांस टीमें लगाई गईं हैं। आदर्श आचार संहिता के अनुपालन में अब तक सार्वजनिक व निजी स्थानों से कुल 29,65,431 प्रचार-प्रसार सामग्री हटाई गई है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि अब तक सार्वजनिक स्थानों से 18,15,006 व निजी स्थानों से 11,50,425 प्रचार-प्रसार सामग्री हटाई गई। बिना अनुमति के सभा व भाषण करने, मतदाताओं को लुभाने के लिए नकदी बांटने व अन्य मामलों में आठ लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई गई है।



निशात गंज करामत गर्ल्स कॉलेज के समीप सड़क के किनारे एक बुजुर्ग महिला बीमार अवस्था में लेटी है, उसकी हालत देख कर आते-जाते लोग मदद कर देते हैं,इसी क्रम में महिला को पानी पिलाता राहगीर। अमृत विचार

# अब तक बरामद हुई 74 करोड़ की मदिरा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▶▶ चुनाव आयोग की कार्रवाई में आठ पर एफआईआर दर्ज

**अमृत विचारः** प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि आदर्श आचार संहिता के अनुपालन में अब तक सार्वजनिक एवं निजी स्थानों से कुल 29,65,431 प्रचार-प्रसार सामग्री हटाई गई। इसी प्रकार अब तक वाहनों में बीकन लाइट, फ्लैग के दुरुपयोग के 219 मामलों में तथा लाउडस्पीकर एक्ट के उल्लंघन के 550 मामलों में कार्रवाई की गई। बिना अनुमति के सभा व भाषण करने, मतदाताओं को लुभाने के लिए नकदी बांटने एवं अन्य मामलों में 08 एफआईआर दर्ज की गई।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि सघन जॉच के लिए 508 अंतर्राज्यीय चेक पोस्ट तथा 1746 चेक पोस्ट राज्य के भीतर संचालित किए गए हैं। पुलिस विभाग द्वारा 22 मार्च तक 3,21,283 लाइसेंसी शस्त्र जमा कराए गए। इसके अलावा अपराधिक व्यक्तियों के 287 लाइसेंसी शस्त्र जब्त किए गए। 3,501 लाइसेंसी शस्त्र निरस्त कर जमा कराए गए। इसी प्रकार सीआरपीसी के तहत निरोधात्मक कार्यवाही करते हुए 8,15,834 लोगों को पाबंद किया गया। इसके अतिरिक्त पुलिस विभाग द्वारा 1,524 बिना लाइसेंस के अवैध शस्त्र, 1547 कारतूस, 06 किग्रा विस्फोटक व 87 बम बरामद कर सीज किये गये। पुलिस द्वारा अवैध शस्त्र बनाने वाले 257 केन्द्रों पर रेड डाली गई और 44 केन्द्रों को सीज किया गया। उन्होंने बताया कि आबकारी, आयकर, पुलिस एवं नार्कोटिक्स विभाग एवं अन्य एजेंसियों द्वारा 01 मार्च से 22 मार्च तक कुल 7,418.12 लाख रुपये कीमत की मदिरा, ड्रग, बहुमूल्य धातुएं, मुफ्त उपहार व नगदी आदि जब्त किया गया। 22 मार्च को जनपद गाजियाबाद की गाजियाबाद विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में 211 लाख रुपये अनुमानित कीमत की 3210 ग्राम की बहुमूल्य धातु पकड़ी गई एवं 41.64 लाख रुपये नकद जब्त किए गए। जनपद फिरोजाबाद की सिरसागंज विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में 14.50 लाख रुपये नकदी पकड़ी गई। प्रदेश स्तर पर 1904 उड़न दस्ते और जनपदवार प्रवर्तन एजेन्सियों के 732 दल 24 घंटे निगरानी के लिए क्रियाशील है।

# बसपा से गठबंधन की राह पर अपना दल कमेरावादी

राज्य ब्यूरो,लखनऊ

▶▶ पल्लवी पटेल ने कहा असली पीडीए बसपा से गठबंधन के बाद आएगा सामने

▶▶ अपना दल ने घोषित अपनी पुरानी सूची को किया निरस्त, समझौते से तय होंगी सीट

**अमृत विचारः** सपा प्रमुख अखिलेश यादव से मनमुटाव के बाद अपना दल कमेरावादी अब बसपा के साथ नए गठबंधन की राह पर है। इसके जरिए भाजपा के साथ इंडिया गठबंधन को भी चुनौती देने की तैयारी है। पल्लवी पटेल की ओर से संकेत दिया जा रहा है कि बसपा से उनके गठबंधन के बाद वास्तवित पीडीए सामने आएगा, अखिलेश यादव की पार्टी से पिछड़े और मुस्लिम दूर होते दिखेंगे।

इंडिया गठबंधन में मन मुताबिक तीन सीटे न मिलने से नाराज अपना दल कमेरावादी ने शनिवार को पूर्व में घोषित तीन सीटों पर चुनाव लड़ने के फैसले को भी वापस ले लिया है। पार्टी की कृष्णा पटेल द्वारा सूची वापस लेने से कयास हकीकत में बदलने लगे। पार्टी का कहना है कि बसपा में हाई कमान स्तर पर बात चल रही है, एक या दो दिन में निर्णय से जनता का अवगत करा दिया जायेगा।

भाजपा को चुनौती देने के लिए विपक्षी दलों के बने इंडिया गठबंधन में लोकसभा चुनाव प्रक्रिया शुरू होते ही फूट पड़ने लगी है। समझौते के तहत अखिलेश यादव को ही सहयोगी दलों के साथ 63 सीटों पर प्रत्याशी घोषित करने थे। मगर सीट बटवारें को लेकर गठबधंन में फूट पड़ गई, रालोद के बाद अपना दल कमेरावादी ने भी गठबंधन से इतर संभावनाएं तलाशना शुरू कर दिए हैं।

## वर्ग पहेली-19

**बाएं से दाएं**

1. 1. डुगडुगी 2. डंका, नगाड़ा 3. ढोल 4. किसी काम में हाथ डालना या लगाना 5. क्षति या हानि पहुंचाना 6. हिंसा।
4. 1. जनता, जनसमूह 2. समाज में रहने वाले बहुसंख्यक लोग।
6. ठेलने की क्रिया या भाव।
9. 1. पानी या किसी तरल पदार्थ को गिराना, उड़ेलना 2. किसी पिघली हुई धातु को सांचे में ढालकर कोई आकार देना
10. 1. फ़ौज से संबद्ध, लशकर संबंधी 2. सेना या लशकर में कार्यरत 3. जलयान पर काम करने वाले।

**ऊपर से नीचे**

1. 1. ऋण या कर्ज़ चुकाने की क्रिया या भाव 2. पाटने की क्रिया या भाव।
2. 1. भुजबल, शारीरिक बल 2. पराक्रम, वीरता।
3. 1. भौंरे की गुंजन या आवाज़ 2. मंद ध्वनि, भनभनाहट।
5. किसी दल या पार्टी का मुखिया।
7. वह स्थान जहां सशुल्क ठहरने की व्यवस्था होती है
8. 1. पेड़-पौधे आदि में फूल लगना या आना 2. कली का विकसित होना

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | ■ | 2 | ■ | 3 |
| | ■ | ■ | 4 | | | |
| | ■ | 5 | ■ | | ■ | |
| ■ | 6 | | | | ■ | |
| 7 | ■ | | ■ | ■ | 8 | ■ |
| | ■ | | ■ | 9 | | |
| 10 | | | | ■ | | ■ |

### वर्ग पहेली -18 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 अ | मि | ति | ■ | 2 झ | ■ | 3 ओ |
| व | ■ | ■ | 4 ख | ड़ | ख | ड़ |
| न | ■ | 5 वै | ग | न | ■ | चा |
| त | ■ | ■ | वा | ■ | 6 अं | ■ |
| ■ | 7 पि | प | र | मिं | ट | ■ |
| ■ | धा | ■ | ■ | ■ | शं | ■ |
| 8 ऐ | न | ■ | 9 द | प | ट | ना |

## सुडोकू-98

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | | 9 | | | 2 | | | 1 |
| 7 | | | 5 | | 9 | | | |
| 8 | | 5 | | 6 | | | | |
| | | 1 | | | 8 | | 5 | 4 |
| | | | | | | | | |
| 5 | 9 | | | 4 | | 8 | | 7 |
| | | | | 5 | | 2 | | |
| | | | 8 | | 6 | | | 3 |
| 4 | | | | | | 9 | | |

### सुडोकू -97 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 1 | 9 | 7 | 5 | 2 | 6 | 8 | 4 |
| 5 | 4 | 2 | 8 | 6 | 9 | 7 | 1 | 3 |
| 7 | 6 | 8 | 3 | 4 | 1 | 5 | 9 | 2 |
| 1 | 5 | 3 | 6 | 9 | 8 | 2 | 4 | 7 |
| 6 | 9 | 7 | 1 | 2 | 4 | 8 | 3 | 5 |
| 8 | 2 | 4 | 5 | 7 | 3 | 1 | 6 | 9 |
| 4 | 7 | 5 | 9 | 1 | 6 | 3 | 2 | 8 |
| 9 | 3 | 1 | 2 | 8 | 7 | 4 | 5 | 6 |
| 2 | 8 | 6 | 4 | 3 | 5 | 9 | 7 | 1 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 24 मार्च, रविवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-फाल्गुन, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-चतुर्दशी 09 .54 तक तत्पश्चात पूर्णिमा।

### आज का पंचांग




त्योहार/व्रत/दिवस- छोटी होली,होलिका दहन।
दिशाशूल-पश्चिम। ऋतु-वसंत।
चन्द्रबल-मिथुन, सिंह, तुला, वृश्चिक, कुंभ, मीन।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-पूर्वाफाल्गुनी 07 .34 तक तत्पश्चात उत्तराफाल्गुनी।

**मेष** – आज किसी अच्छे और जन-कल्याण के कारण स्वयं पर गर्व की अनुभूति भी होगी। बच्चों की परवरिश पर ध्यान दें। आपका मन अशांत रहेगा। प्रेम संबंधों में विवाद होने की आशंका है। गैस और जलन के कारण आपको समस्या हो सकती है।

**वृष** – आज प्रियजनों के साथ अधिक समय बिताने का प्रयास करें। इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स के अत्यधिक उपयोग के कारण आपकी निद्रा खराब हो सकती है। विरोधी आपके विरुद्ध सक्रिय होने का प्रयास करेंगे।

**मिथुन** – आज आपकी कोई मनोकामना पूर्ण हो सकती है। भाई-बहनों के साथ संबंध मधुर रहेंगे। अपनी रुचि के अनुसार कार्य करने से आपको प्रसन्नता होगी। दोस्त की मदद से महत्वपूर्ण कार्य संपन्न हो सकते हैं। गृहस्थ जीवन सुखमय रहेगा।

**कर्क** – आज लोगों के बीच अपनी छवि को लेकर थोड़े सतर्क रहेंगे। आवश्यक कार्यों को दोपहर से पहले पूर्ण कर लें। आपके द्वारा लिए गए निर्णय गलत हो सकते हैं। पुराने ऋणों के कारण आपको थोड़ी परेशानी हो सकती है।

**सिंह** – आज नई योजनाओं को लेकर काफी उत्साहित रहेंगे। सहकर्मियों के मन में आपके प्रति ईर्ष्या का भाव रहेगा। व्यवसाय में नए संबंध विकसित होने की संभावना बन रही है। विदेश यात्रा में परेशानी झेलनी पड़ सकती है।

**कन्या** – आज संतान के व्यवहार और स्वास्थ्य को लेकर थोड़े परेशान हो सकते हैं। अनावश्यक यात्रा और बाहरी गतिविधियों में ज्यादा समय बर्बाद न करें। किसी आर्थिक योजना में धन निवेश करने से पहले उसके बारे में पूरी तरह से जानकारी ले लें।

**तुला** – आज प्रेमी आपके प्रति समर्पण भाव रखेगा। राजनीतिक लोगों को उच्च पद प्राप्त हो सकता है। शाम के समय आपका मन कुछ खिन्न रहेगा। व्यवसाय में अचानक धन लाभ प्राप्त होने की संभावना है। बच्चों की प्रतिक्रिया और विचारों का सम्मान करें।

**वृश्चिक** – आज अपने मित्रों के साथ कहीं घूमने जा सकते हैं। व्यवसाय में समस्याओं का सामना करना पड़ेगा। संतान को लेकर कुछ परेशान हो सकते हैं। जीवनसाथी को कुछ उपहार दे सकते हैं। विद्यार्थी पढ़ाई के साथ अन्य विधाओं में भी सक्रिय रहेंगे।

**धनु** – आज बिगड़े रिश्तों को सुधारने में सफलता मिलेगी। किसी भी निर्णय को जल्दबाजी में न लें। घर में क्लेश होने की आशंका है। आप धार्मिक और आध्यात्मिक गतिविधियों में भाग लेंगे। पर्यटन क्षेत्र से जुड़े लोगों को लाभ मिल सकता है।

**मकर** – आज मानसिक अशांति और अवसाद जैसी परिस्थितियों का सामना करना पड़ सकता है। सहकर्मी आपसे नाराज हो सकते हैं। साझेदारी वाले काम शुरू करने में जल्दबाजी न करें। कार्यक्षेत्र में आपको जटिल काम सौंपे जाने की संभावना है।

**कुंभ** – आज धन से जुड़े मामलों में उधारी से आपको बचना चाहिए। शाम को आपका किसी से झगड़ा हो सकता है। नया व्यवसाय शुरू करने में सफलता मिल सकती है। आपकी सामाजिक लोकप्रियता में वृद्धि होगी।

**मीन** – आज संपत्ति विवाद उभर के सामने आ सकते हैं। स्वास्थ्य को लेकर काफी सावधान रहेंगे। प्रेम संबंधों में शंका और वहम की जड़े न पड़ने दें। आपका कोई काम लोगों को प्रभावित कर सकता है। दूसरों के भरोसे अपने काम न छोड़ें।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
राम बलराम
दोपहर : 12 .01
हिन्दुस्तान
रात : 08 .18

SONY MAX
तारा वर्सेज बिलाल
दोपहर : 01 .24
एनिमल
रात : 10 .00

SONY PIX
300 (2006)
सुबह : 10 .20
बुलेट ट्रेन
रात : 08 .50

ZEE CINEMA
गदर 2
सुबह : 11 .15
फटा पोस्टर निकला हीरो
रात : 08 .30

colors CINEPLEX
ओम शांति ओम
सुबह : 10 .53
सीता राम
रात : 08 .00

### आज की सुपरहिट फिल्म




जी सिनेमा पर सुबह : 11 .15 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

प्रपोजल के रिजेक्शन पर पप्पू का मजेदार जवाब।
पप्पू (लड़की को प्रपोज करते हुए)- मुझसे प्यार करोगी
लड़की- शक्ल देखी है अपनी, तुझसे प्यार करने से तो बेहतर है मैं सुसाइड कर लूं।
पप्पू- कमबख्त मर जाएगी पर किसी के काम नहीं आएगी।
पप्पू का जवाब सुनकर लड़की सन्न रह गई।

मरीज- डॉक्टर साहब मुझे बीमारी है खाने के बाद भूख नहीं लगती, सोने के बाद नींद नहीं आती। काम करूं तो थक जाता हूं।
डॉक्टर-सारी रात धुप में बैठो ठीक हो जाओगे।

# कोई भी पार्टी धन के बगैर नहीं चल सकती

## गुजरात के कार्यक्रम में नितिन गडकरी बोले-चुनावी बॉण्ड योजना के पीछे की मंशा अच्छी थी

अहमदाबाद, एजेंसी



केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि बिना धन के राजनीतिक दल को चलाना संभव नहीं है और केंद्र ने चुनावी बॉण्ड योजना ''अच्छे इरादे'' से शुरू की थी। क्योंकि इस योजना के पीछे सरकार की मंशा अच्छी थी। वहीं केंद्र सरकार द्वारा 2017 में लाई इस योजना को उच्चतम न्यायालय ने असंवैधानिक बताते हुए रद कर दिया है। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता ने कहा कि यदि उच्चतम न्यायालय इस मामले पर और कोई निर्देश देता है तो सभी राजनीतिक दलों को एक साथ बैठने और इस पर विचार-विमर्श करने की आवश्यकता है। उन्होंने गांधीनगर के समीप गिफ्ट सिटी में एक मीडिया संगठन द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में ये टिप्पणियां कीं।

गडकरी ने चुनावी बॉण्ड के बारे में एक सवाल पर कहा-जब अरुण जेटली केंद्रीय वित्त मंत्री थे तो मैं चुनावी बॉण्ड से जुड़ी बातचीत का हिस्सा था। कोई भी पार्टी संसाधनों और धन के बगैर नहीं चल सकती। कुछ देशों में सरकारें राजनीतिक दलों को चंदा देती है। भारत में ऐसी कोई व्यवस्था नहीं है इसलिए हमने राजनीतिक दलों के वित्त पोषण की इस व्यवस्था को चुना। कहा कि चुनावी बॉण्ड लाने के पीछे का मुख्य उद्देश्य यह था कि राजनीतिक दलों को सीधे चंदा मिले लेकिन दानदाताओं के नामों का खुलासा न किया जाए क्योंकि ''अगर सत्तारूढ़ दल बदलता है तो समस्याएं पैदा होंगी। राजमार्ग मंत्री ने कहा कि जैसे कि किसी मीडिया हाउस को वित्त पोषण के लिए प्रायोजक की आवश्यकता होती है, उसी तरह राजनीतिक दलों को भी धन की जरूरत होती है।

### इंडिया गठबंधन की सरकार बनी तो चुनावी बॉण्ड मामले की जांच के लिए बनेगी एसआईटी: रमेश



कांग्रेस ने शनिवार को दावा किया कि चुनावी बॉण्ड प्रीपेड रिश्वत और पोस्टपेड रिश्वत का मामला है और इसकी उच्चतम न्यायालय की निगरानी में जांच होनी चाहिए। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने यह दावा भी किया कि 'चंदादाताओं का सम्मान, अन्नदाताओं का अपमान' मौजूदा सरकार की नीति है। उन्होंने कहा कि केंद्र में 'इंडिया' गठबंधन की सरकार बनने पर इस मामले की जांच के लिए विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया जाएगा। रमेश ने संवाददाताओं से कहा, ''पिछले महीने से ही भारतीय स्टेट बैंक इसका भरपूर प्रयास कर रहा था कि किसी तरह 'चुनावी बॉण्ड' से संबंधित आंकड़े जारी करने का समय 30 जून, 2024 तक टल जाए यानी आगामी लोकसभा चुनाव के कफी बाद तक। यह संभवत: मोदी सरकार के इशारे पर किया जा रहा था।

### भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने सब-रजिस्ट्रार, कर्मचारी को रिश्वत लेते पकड़ा

**हैदराबाद।** तेलंगाना में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) के अधिकारियों ने एक सब-रजिस्ट्रार और डेटा एंट्री ऑपरेटर (आउटसोर्सिंग) को 19,200 रुपये की रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया। एसीबी सूत्रों ने शनिवार को बताया कि आरोपी अधिकारी महबुबाबाद के उप-रजिस्ट्रार कार्यालय पर उप-रजिस्ट्रार (ए0-1) तसलीरना मोहम्मद और उप-रजिस्ट्रार कार्यालय के डेटा एंट्री ऑपरेटर (आउटसोर्सिंग) (एओ-2) एलेटी वेंकटेश हैं। आरोपी अधिकारियों ने दंथलापल्ली के शिकायतकर्ता गुडागनी हरीश से दंथलापल्ली में शिकायतकर्ता द्वारा खरीदी गई भूमि के पंजीकरण के काम को संसाधित करने के लिए आधिकारिक लाभ देने के लिए 19,200 रुपये की रिश्वत मांगी और स्वीकार की।

### होली आई रे...



भोपाल में शनिवार को छात्राओं ने रंग और गुलाल के साथ होली का त्योहार मनाया। ● एजेंसी

## एक नजर

### आईडी विस्फोट से दो जवान घायल

**दंतेवाड़ा।** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित दंतेवाड़ा जिले में आईडी विस्फोट की चपेट में आने से 'बस्तर फाइटर्स' के दो जवान घायल हो गए हैं। पुलिस अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जिले के किरंदुल थाना क्षेत्र में बम की चपेट में आने से बस्तर फाइटर्स के दो जवान घायल हो गए हैं। उन्होंने बताया कि किरंदुल थाना से बोडेपल्ली, पुरंगेल, कुवेम और पीडिया गांव के लिए दंतेवाड़ा, बीजापुर तथा सुकमा डीआरजी, बस्तर फाइटर्स और केंद्रीय रिवर्ज पुलिस बल के संयुक्त दल को गश्त के लिए रवाना किया गया था। गस्त के दौरान बीती रात आईडी विस्फोट हुआ था।

### मिजोरम में दस किलो मादक पदार्थ जब्त

**आइजोल।** मिजोरम उत्पाद शुल्क और नारकोटिक्स विभाग के अधिकारियों ने शनिवार तड़के मिजोरम-म्यांमार सीमा बुलफेकजॉल और चम्फाई जिले के सेसिह गांवों के बीच एक स्थान से मेथामफेटामाइन की एक लाख गोलियां (10.100 किलोग्राम) जब्त कीं। विभाग के प्रवक्ता पीटर जोहमिंगथांगा ने कहा कि बैराबी शहर के निवासी के लाला (44) और रोलुआपुइया (32) को तस्करी के आरोप में गिरफ्तार किया गया है।

## जहरीली शराब पीने से मरने वालों की संख्या बढ़कर 20 हुई

चंडीगढ़, एजेंसी

- **पंजाब के संगरूर जिले के मामले की जांच के लिए एसआईटी गठित**

पंजाब के संगरूर में संदिग्ध जहरीली शराब पीने से छह और लोगों की मौत के बाद मृतकों की कुल संख्या बढ़कर 20 हो गई है। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी।

इस बीच, भारत निर्वाचन आयोग ने शनिवार को इस मामले पर पंजाब के मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) से तत्काल रिपोर्ट मांगी। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, पंजाब के मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने मुख्य सचिव और डीजीपी को पूरी घटना से आयोग को अवगत कराते हुए तत्काल प्रारंभिक रिपोर्ट और शनिवार को एक विस्तृत रिपोर्ट भेजने के लिए पत्र लिखा था। इससे पहले अधिकारियों ने बताया कि घटना के संबंध में अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (एडीजीपी) रैंक के अधिकारी के नेतृत्व में चार सदस्यीय विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया गया है। वहीं 11 लोगों का पटियाला के राजिंदरा अस्पताल और छह लोगों का संगरूर के सिविल अस्पताल में इलाज किया जा रहा है। संगरूर के सिविल सर्जन कृपाल सिंह ने शनिवार को बताया कि इस घटना में अब तक 20 लोगों की मौत हो चुकी है। अधिकारियों ने बताया कि दिड़बा और सुनाम ब्लॉक के गुजरां, टिब्बी रविदासपुरा और ढंडोली खुर्द गांवों से लोगों की मौत होने की सूचना मिली है। उन्होंने बताया कि पुलिस ने मामले में अब तक छह लोगों को गिरफ्तार किया है। भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 302 (हत्या) और आबकारी अधिनियम के तहत मामला पहले ही दर्ज किया जा चुका है। पुलिस ने शनिवार को कहा कि पूरे मामले में साठगांठ का पता लगाने के सिलसिले में पेशेवर और वैज्ञानिक तरीके से जांच के लिए एक उच्च स्तरीय समिति का गठन किया गया है। एडीजीपी (कानून एवं व्यवस्था) गुरिंदर सिंह ढिल्लों की अध्यक्षता में चार सदस्यीय एसआईटी जांच की निगरानी करेगी। उप महानिरीक्षक (पटियाला रेंज) हरचरण भुल्लर, संगरूर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सरताज चहल और अतिरिक्त आयुक्त (आबकारी) नरेश दुबे एसआईटी का हिस्सा होंगे। पुलिस ने कहा है कि एसआईटी साजिश की तह तक जाएगी। इसमें शामिल पाए गए किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा।

## पूर्व मुख्यमंत्री चौहान और सात अन्य को पेशी से मिली छूट

जबलपुर, एजेंसी

**मानहानि मामला**

यहां की एक विशेष अदालत ने भाजपा) की मध्य प्रदेश इकाई के अध्यक्ष वीडी शर्मा, राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और प्रदेश के पूर्व मंत्री भूपेन्द्र सिंह को आपराधिक मानहानि मामले में सात जून तक व्यक्तिगत रूप से पेश होने से छूट दे दी।

अदालत का यह निर्देश कांग्रेस के राज्यसभा सदस्य और उच्चतम न्यायालय के वरिष्ठ अधिवक्ता विवेक तन्खा द्वारा दायर मानहानि के मुकदमे में भाजपा नेताओं की याचिका पर सुनवाई करने के दौरान आया है।

उत्तरदाताओं के वकील शिव कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि सांसदों और विधायकों से संबंधित मामलों की सुनवाई करने वाली विशेष अदालत के न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी (जेएमएफसी) विश्वेश्वरी मिश्रा ने शुक्रवार को छूट दी है। श्रीवास्तव ने कहा, ''मानहानि के मामलों में, उत्तरदाताओं को व्यक्तिगत रूप से अदालत की सुनवाई में शामिल होना पड़ता है।

## इंडिया गठबंधन फिल्टर कॉफी की तरह है : शत्रुघ्न सिन्हा

**कोलकाता।** तृणमूल कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और सांसद शत्रुघ्न सिन्हा ने विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' (इंडियन नेशनल डेवलेपमेंटल इन्क्लूसिव एलायंस) को ''फिल्टर कॉफी'' बताया है, जो लोकसभा चुनाव के मद्देनजर बढ़त हासिल कर रहा है और उन्होंने कांग्रेस के राजनीति में वापसी करने के पिछले रिकॉर्ड का हवाला देते हुए उसे कमजोर समझने की भूल न करने पर भी जोर दिया। आसनसोल के सांसद ने देशभर में क्रांतिकारी यात्रा के लिए राहुल गांधी की प्रशंसा करते हुए कहा कि चुनाव के नतीजों की घोषणा के बाद तृणमूल सुप्रीमो ममता बनर्जी की भूमिका ''रुख पलटने'' वाली होगी।

### गुजरात से 2 भाजपा उम्मीदवारों ने उम्मीदवारी वापस ली

**अहमदाबाद।** गुजरात की वडोदरा और साबरकांठा सीट से भाजपा (भारतीय जनता पार्टी) के दो उम्मीदवारों ने शनिवार को निजी कारणों का हवाला देते हुए आगामी लोकसभा चुनाव नहीं लड़ने की इच्छा व्यक्ति की। वडोदरा सीट से इस बार भी टिकट पाने वाली मौजूदा सांसद रंजन भट्ट ने घोषणा की कि वह चुनाव नहीं लड़ना चाहतीं। जानकारी के मुताबिक भाजपा के कुछ वर्गों में उनकी उम्मीदवारी को लेकर विरोध हुआ है।

इसके तुरंत बाद, साबरकांठा से पार्टी के उम्मीदवार भीकाजी ठाकोर ने भी चुनाव नहीं लड़ने की इच्छा जताई। भट्ट ने 'एक्स' पर लिखा, "मैं रंजनबेन धनंजय भट्ट निजी कारणों से लोकसभा चुनाव 2024 लड़ने की इच्छुक नहीं हूं।

## दूसरे दिन साइंटिफिक तरीके से जांच जारी

धार, एजेंसी

**धार भोजशाला का सर्वे**

- **घटनास्थल पर भारी पुलिस बल तैनात किया गया**

मध्य प्रदेश के आदिवासी बहुल धार जिले में विवादास्पद भोजशाला/कमाल मौला मस्जिद परिसर का भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) द्वारा किया जा रहा सर्वेक्षण शनिवार को दूसरे दिन भी साइंटिफिक तरीके से जारी रहा। शनिवार सुबह करीब आठ बजे एएसआई की एक टीम विवादित परिसर में पहुंची। एएसआई टीम के साथ पुलिस और स्थानीय प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी भी हैं।

मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय के आदेश के बाद सबसे पहले यह कवायद शुक्रवार को शुरू हुई। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि घटनास्थल पर भारी पुलिस बल तैनात किया गया है। हिंदू पक्ष के वकील आशीष गोयल और गोपाल शर्मा भी भोजशाला परिसर पहुंचे। अदालत में पक्षकारों में से एक, कमाल मौला मस्जिद कल्याण सोसायटी के अध्यक्ष अब्दुल समद ने संवाददाताओं से कहा कि उन्होंने इस प्रक्रिया में भाग नहीं लिया क्योंकि वह स्वस्थ नहीं थे और उन्हें देर से जानकारी मिली। उन्होंने कहा, ''हम उच्च न्यायालय के फैसले का सम्मान करते हैं... अगर संविधान के दायरे में और उच्च न्यायालय के आदेशों का पालन करते हुए सर्वेक्षण कराया जाए तो इसमें कोई दिक्कत नहीं है, लेकिन इसमें नए मुद्दे पैदा हो रहे हैं जैसे 2004 में खंभे रखे गए है।



धार जिले के विवादित परिसर की जांच करती एएसआई की टीम। ● एजेंसी

समद ने कहा-(मुस्लिम) समुदाय ने भी इस पर (खंभों पर) आपत्ति जताई और ज्ञापन भी दिया। विरोध के बावजूद खंभे अंदर ही रहे और उन्हें हटाया नहीं गया। वे उसे सर्वेक्षण में शामिल करना चाहते हैं। बाद में एक मूर्ति स्थापित की गई। इसलिए, हम नये सर्वेक्षण का विरोध कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि अदालत ने यह आदेश तब पारित किया है, जब मुस्लिम समुदाय के सदस्यों द्वारा दायर भोजशाला से जुड़े विभिन्न मामले अभी भी लंबित हैं। उन्होंने कहा कि सोसायटी ने तत्काल सुनवाई के लिए 16 मार्च को कोर्ट के आदेश के खिलाफ उच्चतम न्यायालय का रुख किया, लेकिन शीर्ष अदालत ने कहा कि वह एक अप्रैल को मामले की सुनवाई करेगी।

# कारोबार/कृषि

## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**-शिवालिक 1010 फ्लैग 1115 डीएमओ 890 बोल्ड 1180, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 1010 फ्लैग 1130 बोल्ड 1180 डीएमओ 900।

## कानपुर मंडी

| | |
|---|---|
| **अनाज (प्रति क्वि.)-** | |
| गेहूंदड़ा | 2525-2550 |
| आरआर 21 | 2700-2750 |
| गेहूंफारम | 2800-2850 |
| जौ | 2000-2100 |
| ज्वार | 2600-4000 |
| बाजरा | 2125-2175 |
| मकाई | 2000-2200 |
| **दलहन (प्रति क्वि.)** | |
| लोकल | मिल डिलीवरी |
| चना | 5800-5900 |
| अरहर | 7500-8000 |
| मसूर | 5500-5600 |
| मटर | 3700-4000 |
| उड़दहरा | 10000-10200 |
| उड़दकाला | 6000-8000 |
| मूंग | 8500-8800 |
| **दाल (प्रति क्वि.)** | |
| अरहरफूल | 14500-14700 |
| अरहरस्पेशल1 | 12200-12300 |
| चनादाल | 7100-7200 |
| मटरदाल | 4850-4950 |
| मसूरमलका | 7000-7100 |
| मसूरदाल | 7100-7200 |
| उड़ददाल | 9000-12000 |
| उड़द धोवा | 10500-13000 |
| मूँगदाल | 8800-10300 |
| मूँग धोवा | 9800-11500 |
| **चावल (प्रति क्वि.)** | |
| अरवा | 2000-2300 |
| बासमती नं.1 | 8500-10000 |
| सेला | 2500-3000 |
| बासमती नं.2 | 6500-7500 |
| **आटा-मैदा (प्रति 50 किग्रा.)** | |
| आटा | 1490-1550 |
| मैदा | 1450-1500 |
| सूजी | 1500-1550 |
| **चक्कीआटा (ब्राण्डेड 50 किग्रा.)** | |
| शाहपसंद | 1430-1475 |
| **तिलहन (प्रति क्वि.)** | |
| लाही | 4800-5100 |
| अलसी | 4500-4600 रुपये। |

## वाणिज्य मंत्रालय ने कहा-सरकारी एजेंसियां नियमित रूप से कर रहीं निरीक्षण

# समुद्री भोजन के लिए है एक मजबूत सुरक्षा ढांचा

नई दिल्ली, एजेंसी



भारत के पास अपने 548 किस्म के समुद्री भोजन के लिए एक मजबूत नियामक ढांचा है और यहां मछली प्रसंस्करण क्षेत्र में विश्वस्तरीय इकाइयां स्थापित की गई हैं। वाणिज्य मंत्रालय ने शनिवार को कहा कि विभिन्न सरकारी एजेंसियां नियमित रूप से इनका निरीक्षण करती हैं। यह बयान भारतीय झींगा उद्योग में खाद्य सुरक्षा और खराब श्रम स्थितियों का आरोप लगाने वाली कुछ रिपोर्टों की पृष्ठभूमि में आया है।

मंत्रालय ने कहा कि देश की सभी इकाइयां एमपीईडीए (समुद्री उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण) और एफएसएसएआई (भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण) के साथ पंजीकृत हैं। वे निर्यात निरीक्षण परिषद (ईआईसी) द्वारा अनुमोदित हैं। इसके अतिरिक्त, 46 स्वतंत्र प्रसंस्करण पूर्व इकाइयां प्राधिकरण द्वारा पंजीकृत हैं। बयान में कहा गया कि झींगा हैचरी और जलीय कृषि फार्म उनके संबंधित स्थानों के आधार पर तटीय जलीय कृषि प्राधिकरण (सीएए) और राज्य मत्स्य पालन विभागों के साथ पंजीकृत हैं। एमपीईडीए अमेरिका के समुद्री भोजन आयात निगरानी कार्यक्रम (एसआईएमपी) सहित राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय नियामक प्रावधानों का पालन करने के लिए एक्वाफार्मों का नामांकन भी करता है। बयान के मुताबिक राज्यों के श्रम विभाग नियमित रूप से जलीय कृषि और मछली प्रसंस्करण में शामिल संगठित और असंगठित क्षेत्रों की गतिविधियों की निगरानी करते हैं।

### भारत सरकार ने यूएई की एडनॉक को भारतीय रणनीतिक भंडार से तेल निर्यात की अनुमति दी




सरकार ने अबू धाबी नेशनल ऑयल कंपनी (एडनॉक) को मंगलौर में भूमिगत रणनीतिक भंडार में संग्रहीत कच्चे तेल का निर्यात करने की अनुमति दी है। वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय ने एक आदेश में शनिवार को कहा कि यूएई की फर्म को परिचालन संबंधी लचीलापन देने के लिए यह फैसला किया गया। इस समय सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (आईओसी) के अलावा किसी को कच्चे तेल का निर्यात करने की अनुमति नहीं है। मंत्रालय ने एक आदेश में कहा कि केवल आईओसी के माध्यम से निर्यात की अनुमति की शर्त जारी रहेगी, लेकिन ''एएमआई (एडनॉक मार्केटिंग इंटरनेशनल (इंडिया) आरएससी लिमिटेड इंडिया) को एसटीई शर्तों से छूट दी गई है'' और उन्हें मंगलौर रणनीतिक पेट्रोलियम भंडार से कच्चे तेल का निर्यात करने की अनुमति है। भारत, दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा तेल आयातक और उपभोक्ता है।

### भिवाड़ी को दिल्ली मुंबई एक्सप्रेसवे से जोड़ने का आग्रह

**नई दिल्ली।** रीयल एस्टेट कंपनियों के निकाय क्रेडाई ने राजस्थान सरकार से भिवाड़ी को दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे से जोड़ने का अनुरोध किया है। क्रेडाई ने कहा कि इससे शहर में आर्थिक गतिविधियों और रियल एस्टेट की मांग को बढ़ावा मिलेगा।

क्रेडाई के स्थानीय संगठन 'क्रेडाई एनसीआर भिवाड़ी नीमराणा' ने इस संबंध में राजस्थान सरकार के मुख्य सचिव को पत्र लिखा है। संगठन के अध्यक्ष अनिल गुप्ता ने राज्य सरकार से भिवाड़ी को दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे से जोड़ने पर विचार करने का अनुरोध किया है। उन्होंने भिवाड़ी को दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे से जोड़ने के लिए कुछ संभावित समाधान भी सुझाए, जिसमें भिवाड़ी को सीधे एक्सप्रेसवे से जोड़ने के लिए अलग से सड़क बनाना भी शामिल है।

## विश्व सहकारिता आर्थिक मंच 500 विवि में बनाएगा सहकारी समितियां

नई दिल्ली, एजेंसी

- **डब्ल्यूसीओपीईएफ के संस्थापक दिलीप संघानी बोले**
- **देशभर में सहकारी क्षेत्र पर बहुत अधिक जोर है**



विश्व सहकारिता आर्थिक मंच देश भर के विश्वविद्यालयों में 500 सहकारी समितियां स्थापित करेगा। विश्व सहकारिता आर्थिक मंच (डब्ल्यूसीओपीईएफ), भारतीय राष्ट्रीय सहकारी संघ (एनसीयूआई) और ग्रामीण भारत के गैर सरकारी संगठनों के परिसंघ (सीएनआरआई) के साथ मिलकर देश के विभिन्न विश्वविद्यालयों में 'कैंपस कोऑपरेटिव' की स्थापना करेगा। एक बयान में शनिवार को यह जानकारी दी गई।

मंच ने कहा कि नई पहल के तहत वह दिल्ली स्थित जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) में एक 'कैंपस कोऑपरेटिव' स्थापित करने की योजना बना रहा है। डब्ल्यूसीओपीईएफ के संस्थापक दिलीप संघानी ने कहा कि देशभर में सहकारी क्षेत्र पर बहुत अधिक जोर है, और युवाओं की भागीदारी इस आंदोलन को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण है। संघानी इफको के चेयरमैन और एनसीयूआई के अध्यक्ष भी हैं। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र में प्रतिभाशाली युवाओं को आकर्षित करने और इसे अधिक ऊंचाइयों तक ले जाने के लिए कैंपस कोऑपरेटिव सही कदम साबित हो सकता है।

## सर्राफा

**कानपुर**

| | |
|---|---|
| चॉंदी 999 (प्रति किलो) | 77,500 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 82,500 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 87,500 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 68,750 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 51,200-51,400 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 66,050 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 65,900 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 75,000 |
| चांदी तैयार | 75,100 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 90, 500 |
| **बरेली** | |
| सोना जेवरात पक्के | 65,850 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 64,850 |
| चांदी पक्की | 740 (अनुमानित) |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 66,300 |
| चांदी आभूषण | 75,000। |

## देश के छह प्रमुख शहरों में कार्यालय मांग 35 प्रतिशत बढ़ने की उम्मीद

नई दिल्ली, एजेंसी

- **कोलियर्स ने जनवरी-मार्च के जताई है उम्मीद**
- **चेन्नई में गिरावट आने की संभावना जताई**

रियल एस्टेट सलाहकार कोलियर्स इंडिया के अनुसार देश के छह प्रमुख शहरों में कार्यालय मांग मजबूत बनी हुई है। इन शहरों में जनवरी-मार्च तिमाही में कार्यालय स्थलों की मांग सालाना आधार पर 35 प्रतिशत बढ़ने की उम्मीद है।

कोलियर्स इंडिया ने चालू तिमाही के खत्म होने के नौ दिन पहले जनवरी-मार्च के लिए कार्यस्थल बाजार पर आंकड़े जारी किए। आंकड़ों के अनुसार, 2024 की पहली तिमाही के दौरान छह प्रमुख शहरों - बेंगलुरु, दिल्ली-एनसीआर, मुंबई, चेन्नई, हैदराबाद और पुणे में कुल कार्यालय पट्टे 1.36 करोड़ वर्ग फीट तक बढ़ने का अनुमान है। एक साल पहले इसी अवधि में पट्टे 1.01 करोड़ वर्ग फुट के थे।

रिपोर्ट के मुताबिक हैदराबाद, मुंबई, बेंगलुरु और दिल्ली-एनसीआर में मांग बढ़ने की उम्मीद है, जबकि चेन्नई में गिरावट आ सकती है।

### मारुति सुजुकी ने एमलगो लैब्स में हिस्सेदारी हासिल की

**नई दिल्ली।** मारुति सुजुकी इंडिया ने शनिवार को कहा कि उसने प्रौद्योगिकी स्टार्टअप एमलगो लैब्स में छह प्रतिशत से अधिक हिस्सेदारी हासिल की है। एमलगो लैब्स डेटा आधारित निर्णय लेने में कंपनियों की सहायता करती है। वह डेटा एनालिटिक्स, क्लाउड इंजीनियरिंग, मशीन लर्निंग (एमएल) और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के क्षेत्र में काम करती है। मारुति सुजुकी ने कहा कि यह निवेश मारुति सुजुकी नवाचार कोष के जरिए किया जा रहा है। इस कोष का मकसद उच्च स्तर के तकनीकी नवाचार का प्रदर्शन करने वाले स्टार्टअप में रणनीतिक निवेश करना है।

## अमेजन ने शुल्क संरचनाओं को किया संशोधित

नई दिल्ली, एजेंसी

- **व्यापक आर्थिक कारकों को ध्यान में रखकर किए गए संशोधन**




ई-कॉमर्स कंपनी अमेजन ने शनिवार को कहा कि वह मुद्रास्फीति और ब्याज दरों के साथ ही उद्योग में प्रचलित शुल्क संरचनाओं के अनुरूप अपने विक्रेता शुल्क को संशोधित कर रही है। कंपनी सात अप्रैल से अपने मार्केटप्लेस 'अमेजन डॉट इन' पर विक्रेताओं के लिए अपनी शुल्क संरचना को संशोधित कर रही है। इसमें रेफरल शुल्क, समापन शुल्क और वजन प्रबंधन शुल्क के अलावा अन्य सहायक शुल्क शामिल हैं।

कंपनी ने कहा-ये संशोधन मुद्रास्फीति, ब्याज दरों, परिचालन लागत जैसे विभिन्न व्यापक आर्थिक कारकों को ध्यान में रखकर किए गए हैं। ये उद्योग में प्रचलित शुल्क रुझानों के अनुरूप हैं। कंपनी ने एक बयान में कहा कि परिधान, चादर, कुशन कवर और बर्तन जैसी श्रेणियों में रेफरल शुल्क कम किया जाएगा, जबकि वैज्ञानिक आपूर्ति, चिमनी, लैपटॉप बैग तथा टायर जैसी श्रेणियों में इसे बढ़ाया जाएगा। इसके अलावा 1,000 रुपये से अधिक की औसत बिक्री मूल्य के लिए समापन शुल्क में तीन रुपये की बढ़ोतरी की गई है। परिवहन लागत में मुद्रास्फीति के अनुरूप वजन प्रबंधन शुल्क में दो रुपये की बढ़ोतरी की गई है।

अमेजन इंडिया के एक प्रवक्ता ने कहा-हम मानते हैं कि विक्रेता शुल्क और प्रोत्साहन से एक मजबूत बाजार को बनाए रखने में मदद मिलेगी, जो देश में छोटे और मझोले व्यवसायों को डिजिटल बनाने और उन्हें मजबूत ब्रांडों में विकसित होने में मदद करेगा।

## एक नजर

### बीएसएफ ने सरहद पर ड्रोन और दो किग्रा हेरोइन की बरामद

**जालंधर।** सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) और पंजाब पुलिस की संयुक्त टीम ने सरहद पर नशीले पदार्थों की तस्करी को विफल कर दिया है। बीएसएफ के प्रवक्ता ने शनिवार को बताया कि फाजिल्का जिले के सीमावर्ती क्षेत्र में एक ड्रोन और हेरोइन की मौजूदगी के संबंध में खुफिया सूचना मिली थी। जिसपर संयुक्त टीम कार्रवाई की है। बीएसएफ और एसएसओसी फाजिल्का के सैनिकों ने एक तलाशी अभियान चलाया। ऑपरेशन के दौरान, सैनिकों ने फाजिल्का जिले के नानक नगरी गांव के आसपास से संदिग्ध हेरोइन के दो किलोग्राम और एक ड्रोन को बरामद किया। संयुक्त टीम ने बरामद ड्रोन के बारे में को अधिक जानकारी नहीं दी है, किस देश में बना है।

### अमेरिका से लौटे युवक के पास से 50 लाख मूल्य के अमेरिकी डॉलर जब्त

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शनिवार को अमेरिका से दिल्ली होते हुए वडोदरा हवाई अड्डे पर उतरे युवक के पास से 50 लाख रुपये मूल्य के अमेरिकी डॉलर जब्त किए हैं। केंद्रीय एजेंसी ने गुजरात के वडोदरा में उस व्यक्ति के आवास पर भी तलाशी ली। हालांकि, व्यक्ति की पहचान सार्वजनिक नहीं की गई है। ईडी ने एक बयान में कहा कि उस व्यक्ति ने शुक्रवार को अमेरिका से दिल्ली पहुंचने के बाद वहां इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर सीमा शुल्क अधिकारियों को विदेशी मुद्रा के बारे में जानकारी नहीं दी थी। जब वह व्यक्ति दिल्ली से अन्य उड़ान के जरिए वडोदरा पहुंचा तो उसे रोक लिया गया और उसके बैग से 60 हजार अमेरिकी डॉलर (लगभग 50 लाख रुपये) बरामद किए गए।

### एसडीजी ने एलओसी पर सुरक्षा स्थिति का लिया जायजा

**श्रीनगर।** सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) की पश्चिमी कमान के विशेष महानिदेशक (एसडीजी) योगेश बहादुर खुरानिया ने कश्मीर घाटी की पांच दिवसीय यात्रा के दौरान नियंत्रण रेखा (एलओसी) की सुरक्षा स्थिति और परिचालन तैयारियों की समीक्षा की। बीएसएफ के एक प्रवक्ता ने बताया कि पश्चिमी कमान चंडीगढ़ के एसडीजी ने 18 से 22 मार्च तक कश्मीर घाटी के अग्रिम इलाकों का पांच दिवसीय दौरा किया। उन्होंने कहा कि इस यात्रा का उद्देश्य भारत की सीमाओं की सुरक्षा के लिए बीएसएफ की परिचालन तैयारियों का आकलन करना था।

### चुनौतियों से निपटने को मिलकर काम करें राजनीतिक दल : जरदारी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी ने शनिवार को सभी राजनीतिक दलों से आर्थिक संकट से जूझ रहे देश के समक्ष मौजूद समस्याओं से निपटने के लिए मतभेदों को दरकिनार करने का आग्रह किया। जरदारी परेड ग्राउंड क्षेत्र में आयोजित 84वें पाकिस्तान दिवस समारोह और सेना परेड को संबोधित कर रहे थे। 23 मार्च का दिन 1940 में ऐतिहासिक लाहौर संकल्प को अपनाने का प्रतीक है, जिसने दक्षिण एशिया के मुसलमानों के लिए एक अलग देश के लक्ष्य की प्राप्ति के लिए एक रूपरेखा प्रदान की थी।

# दूसरों को ठीक करने से पहले खुद को ठीक करना होगा : सीजेआई

बेंगलुरु, एजेंसी

- बोले- तनाव प्रबंधन की क्षमता एक न्यायाधीश के जीवन में महत्वपूर्ण, चंद्रचूड़ ने याद किया पुराना किस्सा

कर्नाटक राज्य न्यायिक अधिकारी संघ द्वारा आयोजित 'भविष्यवादी न्यायपालिका के लिए समानता और उत्कृष्टता' शीर्षक से न्यायिक अधिकारियों के 21वें द्विवार्षिक राज्य स्तरीय सम्मेलन के उद्घाटन कार्यक्रम में सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने शिरकत की। अपने संबोधन में उन्होंने असुविधा के कारण सुनवाई के दौरान अपने बैठने की स्थिति को बदलने के बाद ट्रोलिंग का सामना करने की एक हालिया घटना को याद किया।

कार्य-जीवन संतुलन और तनाव प्रबंधन पर बोलते हुए सीजेआई चंद्रचूड़ ने कहा कि तनाव प्रबंधन की क्षमता एक न्यायाधीश के जीवन में महत्वपूर्ण है, खासकर जिला न्यायाधीशों के लिए। न्यायिक अधिकारियों के रूप में वे नियमित रूप से कमजोर वादियों से जुड़े रहते हैं। उन्होंने कहा, अदालतों में आने वाले बहुत से लोग अपने साथ हुए अन्याय को लेकर तनाव में रहते हैं। न्यायाधीश चंद्रचूड़ ने कहा कि कभी-कभी न्यायाधीश के रूप में हमारे साथ व्यवहार में वे सीमा लांघ जाते हैं। भारत के मुख्य न्यायाधीश के रूप में मैंने बहुत से वकीलों और वादियों को देखा है, जब वे अदालत में हमसे बात करते समय सीमा लांघते हैं। कार्यक्रम के दौरान सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश चंद्रचूड़ ने न्यायिक अधिकारियों को सलाह दी। उन्होंने कहा कि आपकी जिम्मेदारी बहुत बड़ी है, जिसके लिए शांत और दयालु दृष्टिकोण की आवश्यकता है। कार्य-जीवन संतुलन बनाए रखना इन कर्तव्यों को प्रभावी ढंग से पूरा करने के लिए अभिन्न अंग है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए न्यायाधीश चंद्रचूड़ ने कहा कि तनाव को प्रबंधित करने और कार्य-जीवन में संतुलन हासिल करने की क्षमता अलग नहीं है, बल्कि न्याय देने के साथ जुड़ी हुई है। दूसरों को ठीक करने से पहले, आपको सीखना चाहिए कि खुद को कैसे ठीक किया जाए। वही न्यायाधीशों के बारे में भी यह सच है।

# एआई के खतरे से निपटेंगे हाई टेक टूल, शक्ति प्लेटफॉर्म लॉन्च

*चुनाव के दौरान आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) की मदद से बनने वाले फेक ऑडियो, वीडियो और फोटो से निपटने के लिए टेक कंपनियों ने रणनीति बनाई है। गूगल और मेटा ने केंद्र सरकार को बताया है कि उन्होंने चुनावों को प्रभावित करने के लिए एआई तकनीक युक्त संभावित खतरों से निपटने के लिए अपनी कमर कस ली है और इसके लिए एडवांस्ड टूल भी बना लिए हैं।*

- कुछ हफ्ते पहले केंद्र सरकार ने गूगल व मेटा को निर्देश दिए थे कि चुनाव के दौरान एआई तकनीक से तैयार ऑडियो, विडियो और डीपफेक विडियो को अपने सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर न आने दें। ताकि इनका गलत इस्तेमाल न हो सके। गूगल ने इसके लिए 'शक्ति' प्लेटफॉर्म बनाया है, वहीं मेटा ने फैक्ट चेकिंग पार्टनर्स के साथ करार किया है।



### मेटा का फैक्ट चेकर्स से करार



मेटा ने 15 भारतीय भाषाओं में 11 स्वतंत्र फैक्ट चेकिंग पार्टनर से करार किया है। कंपनी उन्हें मेटा कंटेंट लायब्रेरी का एक्सेस देगी। जिससे एआई जेनरेटेड कंटेंट से निपटा जा सके। फैक्ट चेकिंग पार्टनर चुनाव के दौरान एआई से जनरेट हुए ऑडियो, विडियो और डीपफेक विडियो व अन्य कंटेंट को चेक करेंगे और फिर उनका रिव्यू कर उन्हें रेटिंग देंगे। एआई से बने फोटो व वीडियो पर मेटा एक खास तरह का मार्कर लगाएगी, जिससे पता चल जाएगा कि वह असली है या नकली ? मेटा चुनाव के लिए कुछ स्पेशल कंट्रोल रूम भी बनाएगी, जो रियल टाइम काम करेंगे। व्हाट्सएप पर एआई से जुड़ी हेल्पलाइन भी शुरू की गई है।

### एआई से बने वीडियो फोटो पर मार्क, कंटेंट की असलियत भी जांच सकेगा गूगल

इंडिया ने एआई तकनीक से तैयार होने वाले फर्जी कंटेंट को रोकने के लिए शक्ति प्लेटफार्म लांच किया है। इसकी मदद से किसी भी कंटेंट का फैक्ट चैक कर उसकी वास्तविकता का पता लगा सकते हैं। इतना ही नहीं कंपनी की एक टीम फर्जी व आपत्तिजनक कंटेंट को हटाने का काम भी करेगी। गूगल अपने प्लेफार्म पर चुनाव से जुड़े सभी विज्ञापनों को सार्वजनिक करेगा, चाहे वह किसी भी फार्म में दिए गए हों। हर विज्ञापन पर उसकी हकीकत बताने वाला टैग होगा, जिससे कि पता चल सके कि वह विज्ञापन है।

# पीओके व गिलगित-बाल्टिस्तान की दुर्दशा उजागर, पाकिस्तानी नीतियां बेअसर

## पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर के लोगों की हालत पर यूएनएचआरसी में उठे सवाल

जिनेवा, एजेंसी

संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद (यूएनएचआरसी) में पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर और गिलगित-बाल्टिस्तान में अल्पसंख्यकों की दुर्दशा को लेकर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान पाकिस्तान सरकार द्वारा अपनाई गई नीतियों की जमकर आलोचनाएं की गई। शुक्रवार को एनईपी-जेकेजीबीएल (राष्ट्रीय समानता पार्टी जम्मू कश्मीर, गिलगित बाल्टिस्तान और लद्दाख) द्वारा आयोजित किया गया था और इसमें कई कार्यकर्ताओं ने भाग लिया था।

यूएनएचआरसी में ग्रीक के पूर्व सांसद बोगडानोस ने अपने संबोधन में कहा कि पश्चिमी देशो के नागरिकों को भी इस मुद्दे पर ध्यान देना चाहिए, भले ही ये क्षेत्र हमारे सीमाओं से दूर क्यों न हो। कार्यक्रम में संबोधन के दौरान उन्होंने पाकिस्तान सरकार द्वारा अल्पसंख्यकों के लिए अपनाई गई नीतियों और क्षेत्र के सैन्यीकरण, समृद्ध क्षेत्रों को शत्रुतापूर्ण स्थानों में बदलने की कड़ी आलोचना की।

उन्होंने कहा कि हमारा देश इस तरह के उत्पीड़न के हमेशा खिलाफ रहा है। पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर और गिलगित-बाल्टिस्तान की दुर्दशा पर चर्चा के दौरान इस क्षेत्र के मूल निवासी त्सेंज त्सेरिंग ने कहा कि यह क्षेत्र समृद्ध होने के बावजूद यहां की आबादी गरीबी में जी रही है, जिनके पास किसी भी तरह की चिकित्सा बुनियादी ढांचे, खाद्य सुरक्षा तक नहीं है। पाकिस्तान की ओर से किसी भी ठोस कदम न उठाए जाने की उन्होंने आलोचना की है। लोकतांत्रिक मंच के एक सदस्य ने निंदा की कि पाकिस्तान में अल्पसंख्यक नरसंहार का शिकार हो रहे हैं और अंतरराष्ट्रीय समुदाय इस स्थिति को नजरअंदाज करता है। यही कारण है कि इस तरह की घटनाएं लगातार बढ़ती रही है।

### अनुच्छेद 370 हटाना ऐतिहासिक कदम, यूएन में बोले अजातशत्रु



**जिनेवा (स्विट्जरलैंड)।** वरिष्ठ भाजपा नेता एमके अजातशत्रु सिंह ने संयुक्त राष्ट्र में जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद 370 को निरस्त करने के भारत सरकार के साहसिक फैसले की सराहना की है। महाराजा हरि सिंह के पोते अजातशत्रु ने 1947 में भारत के साथ जम्मू-कश्मीर के विलय की संधि पर हस्ताक्षर किए थे। यूएन में अपने संबोधन में अजातशत्रु ने पाकिस्तान के कब्जे में रहने वाले लोगों की दुर्दशा के लिए अपनी गहरी चिंता व्यक्त की और उन्हें सुधारने के लिए संयुक्त राष्ट्र के हस्तक्षेप की मांग की है। शुक्रवार को संयुक्त राष्ट्र में अपने संबोधन में उन्होंने कहा, 2019 में संवैधानिक सुधारों के बाद से क्षेत्र में आतंकवादी घटनाओं में उल्लेखनीय गिरावट आई है। 2004 से 2014 तक जम्मू और कश्मीर में कुल 7,217 आतंकवादी घटनाएं हुए। हालांकि, सुधारों के कारण आतंकवादी घटनाओं में 70 प्रतिशत से अधिक की कमी आई है। यह सुधार क्षेत्र में शांति और स्थिरता बहाल करने में सरकार के कार्यों की प्रभावशीलता को रेखांकित करता है। भाजपा नेता ने अपने संबोधन में कहा, सामाजिक-आर्थिक मोर्चे पर जम्मू-कश्मीर में गरीबी का 2005-2006 में 40.45 प्रतिशत से घटकर 2022-2023 में मात्र 2.81 प्रतिशत होना विकास निधि के इष्टतम उपयोग का एक प्रमाण है। हालिया अंतरिम 2024 के बजट में जम्मू-कश्मीर के लिए 14 अरब अमेरिकी डॉलर का पर्याप्त आवंटन किया गया, जो क्षेत्र की समृद्धि के लिए सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

### सरहद पर जवानों के साथ होली खेलेंगे राजनाथ सिंह

**नई दिल्ली।** सियाचिन में इसबार होली का त्योहार बहुत खास होने वाला है। केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह सियाचिन जाएंगे और वहां तैनात सुरक्षा बलों के जवान से मुलाकात करेंगे। राजनाथ उनके साथ रंगो का त्योहार होली भी मनाएंगे। इससे पहले 2019 में रक्षा मंत्री का पदभार संभालने के बाद राजनाथ सिंह ने सियाचिन का दौरा किया था। इस दौरान उन्होंने कई अधिकारियों के साथ ही फील्ड कमांडरों और जवानों से भी मुलाकात की थी। इस दौरान उनके साथ तत्कालीन सेना प्रमुख बिपिन रावत भी मौजूद थे।

### जर्मनी के राजदूत ने केजरीवाल की गिरफ्तारी पर की टिप्पणी, विदेश मंत्रालय ने किया तलब

**नई दिल्ली।** जर्मनी ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी को लेकर बयान दिया है। भारतीय विदेश मंत्रालय द्वारा इस मामले में जर्मन दूतावास के उप प्रमुख जॉर्ज एन्जवीलर को तलब किया गया। भारत ने इसे देश की आंतरिक घटना बताया और जर्मन पक्ष की टिप्पणियों पर कड़ा विरोध दर्ज किया। भारतीय विदेश मंत्रालय की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि आज जर्मन दूतावास के उप प्रमुख जॉर्ज एन्जवीलर को तलब किया गया। उन्हें जर्मनी के विदेश कार्यालय प्रवक्ता की टिप्पणियों पर भारत के कड़े विरोध से अवगत कराया गया। आगे कहा गया है कि जर्मनी द्वारा की गई टिप्पणी को हम भारत की न्यायपालिका की स्वतंत्रता को कमजोर करने के रूप में देखते हैं। विदेश मंत्रालय ने कहा कि भारत एक मजबूत कानून व्यवस्था वाला देश है और इस मामले में भी कानून अपना काम करेगा। जर्मनी ने कहा कि भारत एक लोकतांत्रिक देश है और हम उम्मीद करते हैं कि न्यायपालिका की स्वतंत्रता, बुनियादी लोकतांत्रिक सिद्धांतों से संबंधित मानकों को इस मामले में भी लागू किया जाएगा।

# शुरू से ही हास्यास्पद रहे हैं चीन के दावे

नई दिल्ली, एजेंसी

- जयशंकर बोले- भारत अब बिल्कुल सहन नहीं करेगा, तीन दिवसीय यात्रा पर सिंगापुर पहुंचे विदेश मंत्री



विदेश मंत्री एस जयशंकर ने चीन की ओर से अरुणाचल प्रदेश को लेकर बार-बार किए जा रहे दावे को हस्यास्पद करार देते हुए खारिज कर दिया। साथ ही ड्रैगन को खरी-खरी भी सुना दी। जयशंकर ने कहा कि अरुणाचल प्रदेश भारत का स्वाभाविक हिस्सा है।

इन दिनों जयशंकर तीन दिवसीय सिंगापुर दौरे पर हैं और उन्होंने एक कार्यक्रम में अरुणाचल मुद्दे पर एक सवाल के जवाब में कहा कि यह कोई नया मुद्दा नहीं है। मेरा मतलब है कि चीन ने अपने दावे को दोहराया है और यह नया मुद्दा नहीं है। ये दावे शुरू से ही हास्यास्पद रहे हैं और अभी भी हास्यास्पद ही बने हुए हैं। एस जयशंकर, नेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ सिंगापुर (एनयूएस) के प्रतिष्ठित दक्षिण एशियाई अध्ययन संस्थान (आईएसएएस) में आयोजित एक कार्यक्रम में व्याख्यान देने पहुंचे थे। इसके बाद उन्होंने सवालों के जवाब में चीन को लेकर ये बातें कहीं। उन्होंने कहा, "मुझे लगता है कि हम इस मुद्दे पर बहुत स्पष्ट, बहुत सुसंगत रहे हैं। आप जानते हैं कि यह कुछ ऐसा है, जो होने वाली सीमा चर्चा का हिस्सा होगा।

एक अन्य सवाल के जवाब में जयशंकर ने कहा कि "आज भारत के लिए चुनौती है कि वह दो उभरती शक्तियों के बीच स्थायी संतुलन कैसे बनाए, जो पड़ोसी भी हैं और जिनका एक इतिहास और आबादी है, जो उन्हें बाकी दुनिया से अलग करती है। जिनके पास क्षमताएं भी हैं। यह एक बहुत ही जटिल चुनौती है।

# रूस में हुए आतंकी हमले की साजिश यूक्रेन की नहीं

कीव, एजेंसी

- हमले के बाद यूक्रेन के सैन्य जासूसी एजेंसी के प्रवक्ता ने दी प्रतिक्रिया

रूस की राजधानी मॉस्को के क्रोकस सिटी हॉल कॉन्सर्ट में हुए आतंकी हमले में यूक्रेन ने प्रतिक्रिया दी है। शनिवार को यूक्रेन के एक सैन्य जासूसी एजेंसी के प्रवक्ता ने कहा कि मॉस्कों में शुक्रवार को हुई गोलबारी में यूक्रेन शामिल नहीं है।

वहीं यूक्रेनी लिंक का भी वास्तविकता से कोई लेना-देना नहीं है। रूस की एफएसबी सुरक्षा सेवा ने कहा कि मॉस्कों के पास कॉन्सर्ट हॉल में आतंकी हमले में शामिल सभी चारों आतंकवादियों को यूक्रेन सीमा की ओर जाते वक्त गिरफ्तार किया गया है। ये सभी यूक्रेन के संपर्क में थे। यूक्रेन के रक्षा मंत्रालय के मुख्य खुफिया निदेशालय के एंड्री युसोव ने कहा कि निश्चित रूप से यह रूसी विशेष सेवा एफएसबी का एक और झूठ हैं। इसका वास्तविकता से कोई लेना-देना नहीं है। यूक्रेन इस आतंकी हमले में शामिल नहीं है।

### राष्ट्रीय शोक की घोषणा

मॉस्को की गोलीबारी पर निराशा और दुख का इजहार करते हुए हाल ही में पांचवीं बार राष्ट्रपति चुने गए पुतिन ने देशवासियों से मुखातिब होकर कहा, 'मैं आज आपसे उस खूनी, बर्बर आतंकवादी कृत्य के संबंध में बात कर रहा हूं, जिसमें दर्जनों निर्दोष, शांतिपूर्ण लोग शिकार बने। मैं 24 मार्च को राष्ट्रीय शोक दिवस घोषित करता हूं।

### ट्यूलिप गार्डन के खुले द्वार...



**श्रीनगर :** इंदिरा गांधी मेमोरियल ट्यूलिप गार्डन, जिसे पहले सिराज बाग के नाम से जाना जाता था, इस सप्ताहांत आगंतुकों के स्वागत के लिए खोल दिया गया और रंगों की जीवंत श्रृंखला प्रदर्शित कर रहा है। कश्मीर के श्रीनगर में डल झील और जबरवान पहाड़ियों के बीच स्थित, उद्यान ने शनिवार को जनता के लिए अपने द्वार खोल दिए हैं, फूलों की खेती उद्यान में ट्यूलिप की अधिक किस्में देखने को मिलेंगी। बगीचे में पांच नई ट्यूलिप किस्मों को शामिल किया गया है, जिससे कुल मिलाकर 68 किस्में हो गई हैं।

# 20 साल से फरार गैंगस्टर प्रसाद पुजारी को क्राइम ब्रांच ने चीन से किया प्रत्यर्पित

**मुंबई, एजेंसी।** मुंबई की क्राइम ब्रांच ने मोस्ट वांटेड गैंगस्टर प्रसाद पुजारी को चीन से मुंबई प्रत्यर्पित कर लिया है। पुजारी 20 साल से फरार चल रहा था और उसके खिलाफ इंटरपोल ने रेड कॉर्नर नोटिस तक जारी किया हुआ था।

एक अधिकारी ने बताया कि मुंबई क्राइम ब्रांच के अधिकारी शुक्रवार को गैंगस्टर प्रसाद पुजारी को चीन से मुंबई लाए हैं। 2020 में मुंबई पुलिस की अपराध शाखा ने गैंगस्टर प्रसाद पुजारी की मां इंदिरा विट्ठल पुजारी को जबरन वसूली के एक मामले में गिरफ्तार किया था। गैंगस्टर पुजारी पर मुंबई में हत्या और लोगों को धमकाने के कई आरोप दर्ज हैं। इंटरपोल ने उसके खिलाफ रेड कॉर्नर नोटिस जारी किया था। पुलिस के मुताबिक, 62 वर्ष की इंदिरा और दो अन्य पर मुंबई के एक बिल्डर से 10 लाख रुपये की फिरौती मांगने का आरोप लगा था। गिरफ्तार किए गए दोनों आरोपियों की पहचान सुनील अंगने (56) और सुकेश कुमार (28) के रूप में हुई।

# श्रीलंका को 15 करोड़ की आर्थिक मदद देगा भारत

कोलंबो, एजेंसी

- बुनियादी सुविधाओं पर खर्च होगी धनराशि

भारत ने एक बार फिर से श्रीलंका की मदद के लिए हाथ आगे बढ़ाया है। दरअसल श्रीलंका के बौद्ध शहर अनुराधापुरा में घर और बुनियादी सुविधाओं को तैयार किया जाना है। इस वजह से श्रीलंका ने भारत से अतिरिक्त आर्थिक मदद की मांग की थी। भारत ने भी श्रीलंका की इस मांग को समझा और आर्थिक सहयोग किया।

भारतीय उच्चायोग ने कहा है कि भारत ने श्रीलंका के अनुराधापुरा के विकास के लिए 15 करोड़ रुपये के अतिरिक्त अनुदान पर हस्ताक्षर किए हैं। भारत के उच्चायुक्त संतोष झा ने 21 मार्च को अपने समकक्ष श्रीलंकाई अधिकारियों के साथ पत्रों का आदान-प्रदान किया। आपस में बातचीत के बाद अतिरिक्त अनुदान पर हस्ताक्षर किए गए। 15 करोड़ रुपये की यह धनराशि अनुराधापुरा में घर और बुनियादी सुविधाओं पर खर्च होगी।

भारतीय उच्चायोग का कहना है कि श्रीलंका के आर्थिक परिदृश्य में भारी बदलाव को देखते हुए भारत सरकार ने नौ परियोजनाओं में अतिरिक्त धनराशि डालने का फैसला लिया है। भारत सरकार चाहती है के इन परियोजनाओं को जल्दी से जल्दी से पूरा किया जाए। भारत द्वारा इन नौ परियोजनाओं के लिए 50 प्रतिशत धनराशि दी जा रही है, जबकि 50 प्रतिशत धनराशि श्रीलंका सरकार के खजाने से खर्च होगी।

## विज्ञान

### शिकागो विवि के वैज्ञानिकों ने की हमारे शरीर की रचना और शक्ति देने वाले तत्वों की खोज

# प्रारंभिक तारे हैं कैल्शियम, लोहा व सोडियम का स्रोत

नैनीताल, कार्यालय

**अमृत विचार :** हमारे शरीर की रचना और शक्ति देने वाले तत्व कहां से आए ? आधुनिक खगोल विज्ञान के वैज्ञानिकों के मन मे यह प्रश्न अक्सर आता रहा है। लंबे समय बाद यह उत्तर सामने आया है। ब्रह्मांड की उत्पत्ति के बाद मरने वाले प्रारंभिक तारों से हमारे शरीर मे मौजूद तत्वों का जन्म हुआ है।

यह जानकारी हाल की खोज में सामने आई है। शिकागो विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों ने इस रहस्य का पर्दा उठाया है। शोधकर्ता वैज्ञानिकों के अनुसार सितारों की पहली पीढ़ी ने ब्रह्मांड को बदल दिया। उनके कोर के अंदर सरल हाइड्रोजन और हीलियम के तत्व एक जैसे इंद्रधनुष में विलीन हो गए। जब ये तारे मर गए, तो उनमें विस्फोट हो गया। विस्फोट के बाद तारों के नए तत्वों को ब्रह्मांड में फैला दिया गया। इन तत्वों में हमारी नसों में दौड़ने वाला लोहा, दांतों का कैल्शियम और हमारे विचारों को शक्ति देने वाला सोडियम आदि शामिल थे। ये सभी तत्व लंबे समय से मृत तारे के हृदय में पैदा हुए थे। ब्रह्मांड को नया रंग देने में मृत तारों की विशेष भूमिका रही थी। वैज्ञानिक इसे अनोखी खोज मान रहे हैं। यह सर्वविदित है कि लोहे से हल्के अधिकांश तत्व तारों के कोर में बने होते हैं। भले ही पृथ्वी पर रहते हैं, लेकिन अधिकांश तत्व अंतरिक्ष से ही आए हैं। रासायनिक तत्व के स्रोत अपने आप में बड़ी खोज है। इसकी खोज के लिए वैज्ञानिकों को प्राचीन मृत तारों का अध्ययन करना पड़ा। प्रारंभिक तारों के बाद दूसरी पीढ़ी की तारे अस्तित्व में आने के बाद मूल रूप से अलग आकाशगंगा का निर्माण हुआ। खोजकर्ता वैज्ञानिक अनिरुद्ध चिति कहते हैं कि हमारी आकाशगंगा के अलावा अन्य आकाशगंगाओं में बहुत प्रारंभिक तत्वों के निर्माण की प्रक्रिया एक अनूठी खिड़की प्रदान करता है। यह खोज 20 मार्च को नेचर एस्ट्रोनॉमी में प्रकाशित हुई है।



प्राचीन ब्लैक होल की तस्वीर।

### शुरुआती तारों में छिपे हैं अनेक रहस्य

शुरुआती तारों में बेशुमार रहस्य छिपे हुए हैं। मगर उन तारों की ढूंढ कर पाना आसान नही है। यदि बहुत पुराना तारा ढूंढ सकते हैं, तो निश्चित ही उसकी रासायनिक संरचना प्राप्त कर सकते हैं। जिससे समझ सकते हैं कि ब्रह्मांड में अरबों साल पहले के तारे की रासायनिक संरचना कैसी थी। इस खोज के बाद वैज्ञानिकों का एक वर्ग प्राचीन तारों को तलाश कर खोज को नई दिशा देंगे।

# शटडाउन से बचा अमेरिका, सीनेट ने दी फैसले को मंजूरी

**वाशिंगटन।** अमेरिकी सीनेट ने आंशिक शटडाउन को टालने के लिए 1.2 ट्रिलियन डालर के पैकेज वाले बिल को मंजूरी दे दी है। अब इसे राष्ट्रपति जो बाइडन के पास हस्ताक्षर के लिए भेजा जाएगा। इस दौरान 24 के मुकाबले 74 वोट पड़े।

व्हाइट हाउस ने कहा कि चूंकि संघीय निधि के दायित्वों को दैनिक आधार पर खर्च किया जाता है और ट्रैक किया जाता है, इसलिए एजेंसियां बंद नहीं होंगी और अपना संचालन सामान्य रूप से जारी रख सकती हैं। रिपब्लिकन और डेमोक्रेट्स की ओर से बिल में प्रस्तावित संशोधनों पर तनातनी के बाद शुक्रवार शाम को एक अल्पकालिक सरकारी शटडाउन की संभावनाएं बढ़ गई थीं। आधी रात से ठीक पहले सीनेट के बहुमत नेता चक शूमर ने इसे लेकर सहमति की घोषणा की।

# सोमालिया के 35 समुद्री लुटेरों को लेकर लौटा आईएनएस कोलकाता, मुंबई पुलिस को सौंपा





मुंबई, एजेंसी

अरब सागर और अदन की खाड़ी में भारतीय नौसेना ने बड़ा ऑपरेशन चलाया था। जिसमें नौसेना ने समुद्री डकैती रोधी अभियान के तहत सोमालिया के तट से 35 समुद्री लुटेरों को पकड़ा था। पकड़े गए लुटेरों को लेकर युद्धपोत आईएनएस कोलकाता शनिवार सुबह मुंबई पहुंचा। इसके बाद इन समुद्री लुटेरों को मुंबई पुलिस को सौंप दिया गया।

यह अभ्यास चल रहे ऑपरेशन संकल्प के हिस्से के रूप में किया गया था, जिसमें भारतीय नौसेना के जहाजों को क्षेत्र से गुजरने वाले नाविकों और व्यापार सुरक्षा के लिए अरब सागर और अदन की खाड़ी में तैनात किया गया है। नौसेना ने सीमा शुल्क और अप्रवासन की औपचारिकताओं के बाद 35 सोमालियाई समुद्री लुटेरों को मुंबई पुलिस को सौंप दिया गया। 16 मार्च को एक एंटी पाइरेट्स ऑपरेशन के बाद भारतीय नौसेना के आईएनएस कोलकाता ने समुद्री लुटेरों को पकड़ाथा।

### अरब सागर में 10 युद्धपोत तैनातः एडमिरल आर हरि

भारतीय नौसेना के अदन की खाड़ी, अरब सागर और लाल सागर में चल रहे 100 दिन के अभियान पर एडमिरल आर हरि कुमार ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की। उन्होंने कहा कि इन क्षेत्रों में अव्यवस्था का लाभ उठाने के लिए लुटेरे फिर से सक्रिय हो गए हैं। वह लूटपाट को उद्योग की तरह देख रहे हैं। इसे रोकने के लिए सख्त से सख्त कार्रवाई करेंगे। उन्होंने कहा कि नौसेना ने ऑपरेशन संकल्प और अन्य अभियान चलाकर 110 लोगों की जान बचाई है, जिसमें 45 भारतीय और 65 अंतर्राष्ट्रीय नागरिक शामिल हैं। इतना ही नहीं उसने 13 हमले की घटनाओं का भी जवाब दिया है। उन्होंने कहा- अरब सागर में एंटी-पायरेसी और एंटी-ड्रोन ऑपरेशन के लिए पी-8आई निगरानी विमान, सी गार्जियन ड्रोन और बड़ी संख्या में कर्मियों के साथ 10 युद्धपोतों को तैनात किया है।